सिद्धान्तकौमुदी–

अर्थप्रकाशिका

अर्थात्

(सिद्धान्तकौमुदी गत उदाहरणों के अर्थ एवं विशिष्ट शब्दों का परिचय)

लेखक–

आचार्य राधारमण पाण्डेय

उप-प्रधानाचार्य (अवकाश प्राप्त)

क्वीन्स कालेज, वाराणसी

मोतीलाल बनारसीदास

दिल्ली : वाराणसी : पटना

देश का नामकरण

प्रत्येक द्वीप, वर्ष, वन, पर्वत, नदी, नद, नगर तथा स्थानों के नामकरण का कुछ न कुछ आधार अवश्य होता है। किसी वस्तु की अभिव्यक्ति के पश्चात् ही उसका नामकरण होता है क्योंकि उस वस्तु को अभिव्यक्त करने के लिए कोई संज्ञा अवश्य होनी चाहिये। ऐसा भी होता है कि विद्वान् किसी किसी नाम का काल्पनिक हेतु कल्पित भी कर लेते हैं। उदाहरणार्थ कनखल को ही लीजिये। उत्तराखण्ड का यह एक प्रसिद्ध तीर्थ है। स्कन्द पुराणके गंगा-माहात्म्य खण्ड में लिखा है—खलः को नाम मुक्ति वै भजते तत्र मज्जनात्। अतः कनखलं तीर्थं नाम्ना चक्रुर्मुनीश्वराः। अन्य विद्वान् कथासरित्सागर ३।४ के आधार पर इसको कनकखल (सुवर्ण का खलिहान) का अपभ्रंश मानते हैं। परन्तु यह सब कल्पना ही है क्योंकि अग्निपुराण १०९।१७ में कणखल शब्द का उल्लेख हैं। कण=अन्न का खलिहान। इससे निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि वह उत्तम तथा प्रचुर अन्न का विस्तृत स्थान रहा होगा। अतः उसका यह नामकरण हुआ।

वर्धमान ने गणरत्नमहोदधि में वाराणसी की व्युत्पत्ति में लिखा है कि वराणसो देशः, तत्र भवा नगरी वाराणसी। अर्थात् वराणस जनपद में स्थित होने के कारण नगरी का नाम वाराणसी पड़ा। इसी प्रकार हिमाधिक्य के कारण हिमालय नाम पड़ा। कलिन्द पर्वत से निकलने के कारण यमुना का नाम कालिन्दी हुआ। दरद जनपद में बहने के कारण सिन्धु का एक नाम दारदी भी है। इस प्रकार प्रत्येक वस्तु के नाम पर विचार करने से यही निष्कर्ष निकलता है कि सभी नामकरण का कुछ न कुछ आधार अवश्य होता है। अब यह विचारणीय है कि हिन्दुस्तान का प्राचीनतम नाम क्या है तथा वह नामकरण क्यों हुआ।

हिन्दुस्तान का प्रागैतिहासिक काल का एक नाम अजनाभवर्ष श्रीमद्भागवत में मिलता है—अजनाभं नामैतद्वर्षं भारतमिति यत आरभ्य व्यपदिशन्ति। श्रीमद्भागवत ६-७-३। परन्तु यह नाम इस पुस्तक के अतिरिक्त अन्य किसी प्राचीन साहित्य में नहीं मिलता। कुछ विद्वानों की धारणा है कि यही नाम प्राचीनतम है। इसका दूसरा प्राचीन नाम भारतवर्ष है। प्रायः समस्त भारतीय वाङ्मय में यह नाम उपलब्ध है। इस नामकरण के तीन दृष्टिकोण कहे जाते हैं—

(१) ऋग्वेद में अग्नि का एक पर्याय भारत मिलता है—तस्मा अग्निर्भारतः शर्म संयत् ऋ० ४-२५-४। अग्निर्वै भरतः सर्वदेवेभ्यो हव्यं भरति—कौषीतकी ३।२। एष (अग्निः) हि देवेभ्यो हव्यं भरति तस्माद् भरतोऽग्निरित्याहुः। शतपथ १।४।२।२। महाभारत में भी अग्नि का पर्याय भरत मिलता है—भरत्येव प्रजाः सर्वास्ततो भरत उच्यते—महाभारत वनपर्व २११-१। अर्थात् अग्नि का नाम भरत है क्योंकि वह समस्त प्रजा का पालन-पोषण करता है। अग्नि के साथ ही प्रजा का भी क्षेत्र विस्तृत होता गया अर्थात् जहाँ जहाँ आर्यजन यज्ञादि करते तथा बसते गये उस समस्त प्रदेश का नाम भारतवर्ष पड़ गया।

(२) सृष्टि के आदि मानव मनु का नाम भी भरत मिलता है क्योंकि उन्होंने सब प्रजाओं को उत्पन्न करके उनका पालन-पोषण भी किया—प्रजानां भरणाच्चैव मनुर्भरत उच्यते। निरुक्तवचनैश्चैव वर्षं तद् भारतं स्मृतम्—मत्स्य पुराण-११४-५। मनु ने इस देश में मानव को जन्म देकर उनके वंश का अभिवर्द्धन किया अतः इस देश का नामकरण भी उन्हीं के आधार पर भारतवर्ष हुआ।

ऋग्वेद काल में आर्यों की एक प्रतापी शाखा का भी नाम भरत था। व्यास तथा सतलज नदियों को पार कर वे जन जिस देश में बसे, वह देश भारत कहलाया—यदं भवा भरताः संतरेयुर्गव्यन् ग्राम इषित इन्द्रजूतः—ऋग्वेद ३-३३-११। स्थूल रूप से यह कहा जा सकता है कि उस समय केवल कुरु जनपद प्रदेश का नाम भारत रहा होगा।

(३) दुष्यन्त के पुत्र शाकुन्तलेय भरत महाप्रतापी चक्रवर्ती राजा हुए हैं—ऐतरेय ८।२३ तथा शतपथ १३।५।४।११ के अनुसार उन्होंने यमुना तट पर अठहत्तर तथा गंगा तट पर पचपन यज्ञ किये थे। शतपथ ब्राह्मण में तो यहाँ तक लिखा है कि उन्होंने समस्त भूमण्डल को जीत कर एक हजार से भी अधिक यज्ञ के घोड़ों को इन्द्र को अर्पित किया—शकुन्तला नाऽपित्यप्सरा भरतं दधे परः सहस्रानिन्द्रायाश्वान्मेध्यान् य आहरद्विजित्य पृथिवीं सर्वामिति—शतपथ १३।५।४।१३। अतः उनके नाम पर देश का नाम भारतवर्ष पड़ा।

बौद्ध साहित्य में इसका नाम जम्बूद्वीप भी मिलता है। पुराणों में इसी को कुमारीद्वीप भी कहते हैं। परन्तु ये नाम अधिक प्रचलित न हो सके।

वर्तमान काल में समस्त विश्व में इस देश का प्रचलित नाम हिन्दुस्तान अथवा इण्डिया है। कुछ लोगों की धारणा है कि यह नाम विदेशियों द्वारा रक्खा गया है परन्तु यह उनका भ्रम है। यह नाम भी भारतीय ही है। ऋग्वेद में महान् नद सिन्धु का नाम आया है। सिन्धु के इस पार का पञ्चनद अथवा वाहीक जनपद भारतीय सीमा के अन्तर्गत था ही, उसके उस पार का भी प्रदेश, जहाँ तक का जल सिमटकर सिन्धु में आता है और जिसमें कुभा (काबुल), सुवास्तु (स्वात), गौरी (पंजकोरा), गोमती (गोमल), क्रमु (कुर्रम) आदि नदियाँ हैं—सिन्धव अथवा सप्त-सिन्धव कहलाता था। आर्य जन इस नाम से पूर्णतया परिचित थे।

सीमा—प्रत्येक देश की सीमा समय-समय पर बदलती रहती है। प्राचीन काल में हमारा देश बड़ा विस्तृत था अर्थात् समस्त पूर्वी अफगानिस्तान, कपिश, हिन्दूकुश का प्रदेश या काफिरिस्तान, कम्बोज, गल्चाभाषी प्रदेश आदि भारत के अन्तर्गत थे। भारत की सीमा का उल्लेख अनेक पुराणों में मिलता है—उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमवद्दक्षिणं च यत्। वर्षं तद् भारतं नाम यत्रेयं भारती प्रजा। वायु पुराण ४५।७५। उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्। वर्षं तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः॥ विष्णु पुराण २।३।१। आयतो ह्याकुमारीक्यादागङ्गाप्रभवाच्चवै। वायु पुराण ४५।८१। आयतस्तु कुमारीतो गंगायाः प्रभवावधिः। मत्स्य पुराण ११४।१०। भारतमहासागर के उत्तर तथा गंगा के उद्गम के दक्षिण के देश का नाम भारतवर्ष है। गंगा के सबसे ऊपरी स्रोत जाह्नवी का उद्गम जंस्कर शृंखला में है। भारत महासागर के पूर्वी भाग का प्राचीन नाम महोदधि (बंगाल की खाड़ी) था—प्राप तालीवनश्याममुपकण्ठं महोदधेः—रघुवंश ४–३४, तथा पश्चिमी भाग का नाम रत्नाकर (अरबसागर) था—रत्नाकरं वीक्ष्य मिथः स जायां रामाभिधानो हरिरित्युवाच। रघुवंश १३।१।

विभाग—प्राचीन काल में भारतवर्ष के मुख्य दो भाग थे, प्राच्य तथा उदीच्य। अमरसिंह ने लिखा है—देशोऽयं भारतं वर्षम् शरावत्यास्तु योऽवधेः। देशः प्राग्दक्षिणः प्राच्य उदीच्यः पश्चिमोत्तरः। इसकी विभाजक नदी का नाम शरावती था। शरावती के विषय में विद्वानों में बड़ा मतभेद है। विल्फोर्ड ने वाणगंगा को, जो रुहेलखण्ड के बदायूँ जिले से होकर बहती है, शरावती माना है। उन्होंने वाण तथा शर के अर्थ को ध्यान में रखकर ऐसा निश्चय कर लिया होगा। आर० एल० मित्र के ललितविस्तर के अनुसार अवध के फैजाबाद के समीपस्थ सरयू नदी का प्राचीन नाम शरावती प्रतीत होता है। नन्दलाल दे श्रावस्ती का विकृत रूप शरावती मानते हैं। उनका अनुमान है कि इस नदी के तट पर स्थित होने के कारण नगरी का नाम श्रावस्ती पड़ गया। आजकल श्रावस्ती को सहेत-महेत कहते हैं। अब श्रावस्ती नदी को राप्ती कहते हैं। कुछ विद्वान् पंजाब की राबी नदी को शरावती मानते हैं परन्तु उपर्युक्त स्थापनाओं में से कोई भी समुचित नहीं जान पड़ती क्योंकि पाणिनि की अष्टाध्यायी के अनेक सूत्रों तथा उनके भाष्य में अनेक प्राच्य तथा उदीच्य स्थानों का उल्लेख है। उनमें से अनेक स्थानों का निर्णय हो चुका है। यदि इनमें से किसी भी नदी को शरावती मान लिया जाय तो उनकी संगति नहीं बैठती। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल का मत है कि शरावती का दूसरा नाम शरदण्डा हो सकता है। दोनों में अर्थसाम्य तथा प्रथम के दो अक्षरों की समानता है। वाल्मीकि रामायण में वर्णन है कि जब अयोध्या का दूत भरत को उनके मामा के यहाँ से बुलाने के लिए केकय की राजधानी गिरिव्रज (शाहपुर) गया था तो उसको शरदण्डा नदी पार करनी पड़ी थी। अतः शरदण्डा दृषद्वती

श्री

अपना उद्देश्य

एक जनश्रुति है कि किसी वैयाकरण और नैयायिक में विद्या-विवाद हो रहा था। नैयायिक ने अपशब्द का प्रयोग कर दिया। वैयाकरण ने आपत्ति की। इस पर नैयायिक ने कहा "अस्माकूनां नैयायिकानाम् अर्थेरि तात्पर्यम् नतु शब्दरि"।

इसी प्रकार की एक दूसरी जनश्रुति है कि महावैयाकरण महर्षि पाणिनि किसी जंगली मार्ग, से एकाकी यात्रा कर रहे थे। मध्य में एक व्यक्ति ने उनसे कहा "महाशय, इस मार्ग में व्याघ्र रहता है आप इधर से न जाइये।" यह सुनकर महर्षि ने सोचा कि "विशेषेण आसमन्तात् जिघ्रतीति व्याघ्रः; अर्थात् जो अच्छी तरह चारों ओर सूँघे वह व्याघ्र है। व्याघ्र से क्या हानि है जो मैं इधर से न जाऊँ" और उसी मार्ग से चलते गये। मार्ग में व्याघ्र मिला और उनको मार डाला। इस जनश्रुति का पोषक एक श्लोक पञ्चतन्त्र में उपलब्ध है—सिंहो व्याकरणस्य कर्तुरहरत् प्राणान् प्रियान् पाणिनेः...... ॥ इस जनश्रुति का तात्पर्य यह नहीं है कि महर्षि को व्याघ्र शब्द का अर्थ ज्ञात नहीं था। उनको तो संस्कृत वाङ्मय के प्रत्येक शब्द का यथार्थ ज्ञान था। इस जनश्रुति के उद्धरण का अभिप्राय केवल यह है कि परवर्ती वैयाकरण केवल रूपसाधनिका पर विशेष ध्यान देते थे, किसी शब्द में अनुस्वार, विसर्ग, ह्रस्व, दीर्घ, णत्व, तालव्य शकार तथा मूर्धन्य षकार किस प्रकार हो गया केवल इसकी छानबीन अच्छी तरह करने लगे, शब्दों के अर्थ पर विशेष ध्यान देना छूट गया। इसका परिणाम यह हुआ कि भाष्यान्त व्याकरण पढ़ा हुआ विद्वान् श्रीमद्भागवत आदि क्लिष्ट ग्रन्थों का अर्थ नहीं कर सकता था। हमारे गुरुजन ने भी इसी प्रकार हमको पढ़ाया। कोई भी सुबुद्ध वैयाकरण किसी शब्द की सिद्धि किस धातु तथा प्रत्यय से हुई, ठीक ठीक बतला देगा, परन्तु प्रत्येक शब्द का अर्थ नहीं बतला सकता।

एक बार ब्रह्मीभूत आचार्य केशव प्रसाद मिश्र ने मुझसे कहा कि हम लोग सिद्धान्तकौमुदी पढ़ जाते हैं, सभी शब्दों की सिद्धि कर लेते हैं परन्तु उन सबका अर्थ-ज्ञान नहीं कर पाते। तुम सिद्धान्तकौमुदी के सूत्रों के उदाहरणों के अर्थ लिखो। उन्होंने दो चार उदाहरणों के अर्थ पर प्रकाश भी डाला। मुझको यह कार्य महत्त्वपूर्ण तथा आवश्यक जान पड़ा। मैंने इसका श्रीगणेश भी कर दिया। परन्तु खेद है कि थोड़े ही दिनों के बाद आचार्य जी चल बसे और मैं उनके निर्देशन से वञ्चित रह गया। मैं कुछ हतोत्साह हो गया। कार्य में शैथिल्य ही नहीं अवरोध हो गया। कुछ दिनों बाद उनकी आज्ञा का पालन करना कर्तव्य समझकर येन केन प्रकारेण इसको करने लगा और चिर काल के बाद अब सम्पन्न हो सका।

इसके लिखने का लक्ष्य केवल यह है कि वैयाकरण शब्दसिद्धि मात्र पर ध्यान न देकर उनके अर्थों पर भी ध्यान दिया करें। यदि वे लोग अर्थ-ज्ञान के लिये थोड़ा सा भी सचेष्ट रहेंगे तो वे अत्यधिक लाभान्वित हो सकेंगे। कौमुदी के बहुत उदाहरण सुपरिचित हैं उनके अर्थ लिखने की कोई आवश्यकता न थी, फिर भी उनका छोड़ना समुचित न जान पड़ा, इसलिए राम, कृष्ण, हरि, नर वानर आदि का भी अर्थ लिख दिया गया। कौमुदी में संस्कृत वाङ्मय वेद, उपनिषद्, पुराण, इतिहास, काव्य आदि से तथा भूगोल, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, शिक्षा, राजनीति, धर्म तथा दर्शन आदि से शब्द लिये गये हैं। इनमें कुछ शब्द तो ऐसे हैं जो अभी तक कहीं मिल ही न सके।

यदि किसी कोश में मिले भी तो कोशकार ने अर्थ लिखने के स्थान पर वहाँ लिख दिया है कि पाणिनि के अमुक सूत्र का उदाहरण।

पाणिनि ने अनेकों बन, नदी, पर्वत, ग्राम नगर आदि के नामों की सिद्धि के लिए नियम बनाये हैं। इनकी पहचान असम्भव नहीं तो कठिन तो है ही। इनमें से अनेक ग्राम तथा नगर नष्ट-भ्रष्ट हो गये हैं। जो बचे भी है उनमें से अधिकांश के नामों में इतना परिवर्तन हो गया कि उनका पहचानना असंभव न भी हो तो दुष्कर अवश्य है। फिर भी जिनकी पहचान विद्वानों ने अब तक की है उनका विवरण अलग से दिया गया है। कारण उनका केवल आधुनिक नाम लिख देने से काम न चलता। उदाहरणों के सामने उनका नाम लिख दिया गया है। इसी प्रकार पाणिनि काल में प्रचलित मुद्राएँ तथा परिमाण भी अलग से लिखे गये हैं। उदाहरणों के जो अर्थ लिखे गये है वे किसी न किसी आधार पर लिखे गये हैं केवल अनुमान से नहीं। हाँ कहीं कहीं अनुमान का आश्रय भी बाध्य होकर लेना पड़ा है।

उदाहरणार्थ-अयस्कुशा शब्द का अधिकांश कोशों में संग्रह ही नहीं है। सर मानियर विलियम ने इसका अर्थ लिखा है "एक रस्सी, जिसमें लोहा लगा हो" सम्भवतः उनका तात्पर्य उस रस्सी से है जिसमें लोहे के तार भी बटे हों। परन्तु यह अर्थ जँचता नहीं क्यों कि पुरातन काल में ऐसे सूक्ष्म तार अधिक मात्रा में मिलते ही न होंगे जो रस्सी में बटे जायँ, अतः यह अर्थ समुचित नहीं जान पड़ता।

सिद्धान्तकौमुदी के स्त्रीप्रत्यय प्रकरण में जानपद ४-१-४२ सूत्र का उदाहरण कुशी तथा कुशा दिया गया है। काशिकाकार तथा कौमुदीकार दोनों ने लोहे के छड़ के अर्थ में कुशी तथा काष्ठदण्ड के अर्थ में कुशा उदाहरण दिये हैं। तत्त्वबोधिनीकार ने लिखा है—"छन्दोगाः स्तोत्रीया गणनार्थानौदुम्बरान् शङ्कून् कुशा इति व्यवहरन्ति" इससे प्रतीत होता है कि कुशा काष्ठदण्ड के लिए प्रयुक्त होता था। कौमुदीकारने अयस्कुशा का विग्रह "अयः सहिता कुशा अयस्कुशा" लिखा है। इसका अर्थ हुआ कि अयस्कुशा ऐसी लकड़ी के खण्डको कहते थे जिसमें लोहा लगा हो। किसी लकड़ी में लोहा लगा देने मात्र से उसको अयस्कुशा नहीं कहेंगे। लोहा तो अनेक प्रकार की लकड़ियों में लगा होता हैं जैसे बल्लम, फावड़ा, कुल्हाड़ी, हँसिया आदि इन सबके भिन्न भिन्न नाम भी प्रचलित्त हैं।

हल में एक वह भाग होता है जिसमें फाल लगा रहता है उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग में उसको कृषक चौभी कहते हैं। मेरा अनुमान है कि उसी के लिए यह शब्द प्रचलित रहा होगा। चौभी हल का मुख्य भाग है उसके लिए कोई शब्द मिला भी नहीं है। यह केवल मेरा अनुमान है साधिकार में नहीं कहता कि अयस्कुशा चौभी को ही कहते है। इसी प्रकार कुछ शब्दों का आनुमानिक अर्थ भी लिखा गया है।

इस पुस्तक को लिखने के लिए कुछ मेरे मित्रों की सम्मति थी कि यह संस्कृत में ही लिखा जाय, परन्तु मुझको यह समुचित नहीं जान पड़ा। पहला कारण तो यह कि संस्कृत में लिखने से केवल संस्कृतज्ञ ही लाभ उठा सकते थे अब राष्ट्रभाषा जानने वाले भी समानरूप से लाभ उठा सकते हैं। दूसरा तथा प्रधान कारण यह था कि संस्कृत में लिखने से मघवा का अर्थ बिडौजा हो जाता जिससे उद्देश्य की पूर्त्ति न हो पाती। उदाहरणार्थ भस्त्रफला रसभरी मकोय को कहते हैं। इसका पर्याय कठिनता से मिल पाता। तथा इसी प्रकार अनेक बनस्पति वाचक शब्द जो इसमें आये हैं उनका अर्थ यदि संस्कृत में ही लिखा जाता तो कोई लाभ न हो पाता। और भी अनेक प्रकार के शब्द हैं जिनके अर्थ राष्ट्रभाषा में लिख देने से अधिक स्पष्ट हो गये हैं।

शब्दानुक्रमणी प्रस्तुत करने में श्री शम्भुनाथ राय एम० ए० तथा श्री कृष्णकुमार पाण्डेय बी० एस सी० ने बड़ी सहायता की है। अतः उनके प्रति आभार प्रकट करना मैं अपना कर्तव्य समझता हूँ।

स्वर तथा वैदिक प्रकरण के कुछ उदाहरणों का अर्थ ठीक ठीक नहीं ज्ञात हो सका। केवल उनका उल्लेख

दिया गया है। वैदिक उदाहरणों का अर्थ सायण भाष्य के आधार पर लिखा गया है क्योंकि आज कल अनेक व्युत्पन्न तथा प्रतिभाशाली विद्वान् अपनी अपनी बुद्धि के अनुसार वैदिक मन्त्रों का भिन्न भिन्न अर्थ करते है। उनमें से किस का अनुसरण किया जाय। इस असमञ्जस के कारण प्राचीनतम भाष्यकार का ही अनुसरण करना पड़ा। उदाहरणों के अर्थ लिखने में जिन पुस्तकों की सहायता ली गयी है उनका उल्लेख प्रारम्भ में कर दिया गया है तथा उनके विद्वान् लेखकों का आभार भी हृदय से स्वीकार करता हूँ। यदि वे पुस्तकें प्रकाशित न होती तो इस कार्य के सम्पन्न होने में और भी अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता।

इस कार्य की सम्पन्नता के लिए मैं भारत के परम प्रसिद्ध कला मर्मज्ञ तथा पुरातत्त्वकोविद राय श्री कृष्ण दास जी का चिरऋणी रहूँगा, जिन्होंने केवल मुझको प्रोत्साहित ही नहीं किया प्रत्युत सतत व्यस्त रहते हुए भी इसके अधिकांश के देखने का कष्ट भी किया। अपने परम सुहृद् पं० अनन्तशास्त्री फड़के का भी मैं आभारी हूँ जिन्होंने इसको आदि से अन्त तक देखा तथा अनेक सुझाव दिये। इस कार्य में और भी अनेक सज्जनों का सहयोग मुझको प्राप्त हुआ उन सबका नाम न लिख कर मैं उनके प्रति हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूँ। यदि इस कार्य से छात्रों का लेश मात्र भी लाभ हुआ तो मैं अपना श्रम सार्थक समझूँगा।

राधारमण पाण्डेय

विषयानुक्रमणी

विषय	पृष्ठ	विषय	पृष्ठ
देशों का नामकरण	१	ठञधिकारे कालाधिकार प्रकरम्	[illegible]
मुद्राओं का परिचय	६१	ठञधिकार प्रक०, भावकर्मार्थ प्रक०	१
परिमाण वाचक शब्दों का परिचय	६१	पाञ्चमिक प्रकरणम्	१
आयाम वाचक " "	६२	मत्वर्थीय "	१०
संज्ञा प्रकरणम्	१	प्राग्दशीय "	१०
अच्सन्धि प्रकरणम्	१	प्रागिवीय "	१०
हल्सन्धि प्रकरणम्	४	स्वार्थिक "	११
विसर्ग सन्धि प्रक०	५	द्विरुक्त "	११५
स्वादि सन्धि प्रक०	६	तिङन्ते भ्वादि "	११७
अजन्त पुंल्लिङ्ग प्रक०	९	अदादि "	१२८
अजन्त स्त्रीलिङ्ग प्रक०	१०	जुहोत्यादि-दिवादि प्रकरणम्	१२९
अजन्त नपुंसक लिङ्ग प्रक०	११	स्वादि "	१३१
हलन्त पुंल्लिङ्ग प्रक०	११	तुदादि "	१३२
हलन्त स्त्रीलिंग प्रक०	१४	रुधादि "	१३४
हलन्त नपुंसक लिङ्ग प्रक०	१४	तनादि, क्र्यादि "	१३५
अव्यय प्रक०	१५	चुरादि "	१३६
स्त्री प्रत्यय प्रक०	१७	णिच् "	१४१
कारक प्रकरणम्	२३	सन्नन्त प्रक्रिया "	१४३
अव्ययीभाव समास प्रकरणम्	३१	यङन्त "	१४५
तत्पुरुष " "	३२	यङ्लुगन्त प्रक०, नामधातु प्रकरणम्	१४६
बहुव्रीहि " "	४१	कण्ड्वादि प्रकरणम्	१४९
द्वन्द्व " "	४६	प्रत्ययमाला "	१५०
एकशेष " "	४८	आत्मनेपद "	१५१
सर्वसमास शेष "	४९	परस्मैपद "	१५५
समासान्त "	४९	भावकर्मतिङ् "	१५६
अलुक्समास "	५१	कर्मकर्तृतिङ् "	१५७
समासाश्रय विधि "	५३	लकारार्थ "	१५८
तद्धित साधारण "	६०	कृदन्त (कृत्यप्रक्रिया) प्रकरणम्	१६१
अपत्याधिकार "	६०	कृत्प्रक्रिया प्रकरणम्	१६५
रक्ताद्यर्थक "	६७	उत्तर कृदन्त "	१८१
चातु... "	७१	वैदिक "	१९२
[illegible] "	७३	स्वर "	२११-२३२
...व्यतीय "	८२	शब्दानुक्रमणी	१-१०६
...धिकार "	८५	शुद्धिपत्रम्	१०७
...तीय "	८८		
...धिकार "	८९		
...य "	९१		

नदी है जिसको आजकल चितांग कहते हैं। यही प्राचीन शरावती है। शरावती को पुनीत नदी भी होना चाहिये। क्षीरस्वामी ने लिखा है—प्रागुदञ्चौ विभजते हंसः क्षीरोदके यथा। विदुषां शब्दसिद्धयर्थं सा नः पातु शरावती। अतः चितांग नदी के पूर्व तथा दक्षिण का भाग प्राच्य तथा पश्चिमोत्तर भाग उदीच्य कहा जाता था।

ब्रह्मावर्त्त—प्राच्य तथा उदीच्य भारत के और भी अनेक अवान्तर भाग थे। सरस्वती तथा दृषद्वती नदियों के मध्यवर्ती प्रदेश को ब्रह्मावर्त्त कहते थे—सरस्वती दृषद्वत्योर्देवनद्योर्यदन्तरम्। तं देवनिर्मितं देशं ब्रह्मावर्त्तं प्रचक्षते। मनु २।१७।

आर्यावर्त्त—भारत के एक विस्तृत भाग का नाम आर्यावर्त्त था। ऊपर कहा जा चुका है कि देश की सीमा में परिवर्तन हुआ करता है तदनुसार इसकी सीमा भी परिवर्तित होती रही है—आसमुद्रात्तु वै पूर्वादासमुद्रात्तु पश्चिमात्। तयोरवान्तरं गिर्योरार्यावर्त्तं विदुर्बुधाः। मनु २।२२। पूर्व सागर से पश्चिम सागर तक तथा हिमालय से विन्ध्य तक के भाग को आर्यावर्त्त कहते थे। महाभाष्यकार पतञ्जलि की आर्यावर्त्त की सीमा इससे भिन्न है। उन्होंने लिखा है—प्रागादर्शात् प्रत्यक्कालकवनाद्दक्षिणेन हिमवन्तमुत्तरेण पारियात्रमार्यावर्त्तः। अर्थात् आदर्श (सरस्वती के लुप्त होने का प्रदेश राजस्थान के रेगिस्तान में स्थित सिरसा के आगे का विनशन) से पूर्व कालक वन (संथाल परगना) से पश्चिम, हिमालय के दक्षिण तथा पारियात्र (भूपाल से पश्चिम विन्ध्य पर्वतके पश्चिमी भाग से लेकर राजपूताने के अड़ावला पहाड़ तक का सिलसिला) से त्तर तक का प्रदेश आर्यावर्त्त है। हेमचन्द्र ने इसी का ाम उत्तर भारत, आर्य भूमि, जिनचक्रि की जन्मभूमि, ण्यभूमि तथा आचारवेदी लिखा है। आर्यावर्तो जन्मभूमि जिनचक्र्यर्द्धचक्रिणाम्। पुण्यभूराचारवेदी मध्ये विन्ध्यहिमालयोः॥

मध्यभारत—प्रयाग के पश्चिम, विनशन के पूर्व तथा हिमालय और विन्ध्य के मध्य भाग को मध्यभारत अथवा ध्य देश कहते थे। आगे चलकर, मगध भी इसी में म्मिलित हो गया था।

अन्तर्वेदी—गंगा तथा यमुना के मध्यवर्ती भाग को अन्तर्वेदी कहते थे। इसका एक पर्याय समस्थली भी था—गंगायमुनयोर्मध्यमन्तर्वेदिः समस्थली।

हिमालय—जम्बूद्वीप के भारतादि वर्षों के विभाजक सात वर्षपर्वत हैं। हिमवान् हेमकूटश्च निषधो मेरुरेव च। चैत्रः कर्पी च शृंगी च सप्तैते वर्षपर्वताः॥ हारावली। हिमवान् अर्थात् हिमालय हमारे भारत का वर्षपर्वत है। सिन्धु तथा ब्रह्मपुत्र नदियाँ हिमालय के उत्तर के समीपवर्ती स्थानों से निकलकर सिन्ध पश्चिम की ओर तथा ब्रह्मपुत्र पूर्व की ओर चलकर हिमालय की उत्तरी सीमा बनाती हैं। इस प्रकार बहुत दूर जाकर दोनों दक्खिन की ओर मुड़ जाती हैं। वे ही स्थान हिमालय की पश्चिमी तथा पूर्वी सीमाएँ हैं। हिमालय की चौड़ाई १५० मील से २०० मील तक है। भूगोलवेत्ताओं ने इस चौड़ाई को तीन भागों में विभक्त किया है। १—बाहरी शृंखला अथवा बाह्य हिमालय या उपगिरि। २—भीतरी शृंखला अथवा लघुहिमालय या बहिर्गिरि। ३—गर्भशृंखला अथवा बृहत् हिमालय या अन्तर्गिरि।

बाहरी शृंखला—प्राचीन काल में इसको बाह्य हिमालय या उपगिरि कहते थे। सिन्ध तथा गंगा के मैदान का उत्तरी किनारा समुद्र की सतह से १००० से ५००० फीट तक ऊँचा तथा २५ से ५० मील तक चौड़ा है। इस भाग में छोटी-छोटी पहाड़ियाँ हैं। इस उपत्यका में हरिद्वार से देहरादून तक की पहाड़ियाँ, व्यास तथा सतलज के बीच सोलासिंगी शृंखला, व्याससे राप्ती तक की सुप्रसिद्ध शिवालिक शृंखलाएँ (मैनाक), राप्ती घाटी की डुंडवा शृंखला तथा नेपाल तराई की चूड़िया चौकी शृंखलाएँ हैं। इन शृंखलाओं के नीचे दक्खिन की ओर के मैदान को भाभर, तराई अथवा दून (संस्कृत द्रोणी) कहते हैं।

भीतरी शृंखला—प्राचीन जन इसको लघुहिमालय अथवा बहिर्गिरि कहते थे। यह शृंखला बाहरी शृंखला के उत्तर प्रारम्भ हो जाती है। इन दोनों शृंखलाओं की सन्धि स्पष्टतया दृष्टिगोचर होती है। इसमें काश्मीर की पीरपंजाल शृंखला, काँगड़ा-कुल्लू-कन्नौर की धौलाधार शृंखला, जौनसार तथा गढ़वाल की नागा टिब्बा शृंखला तथा नेपाल

की महाभारत शृंखलाएँ हैं। इसकी चौड़ाई ५० से ७० मील तक है। हजारा, काश्मीर, चम्बा, काँगड़ा, शिमला, गढ़वाल, कुमाऊँ, नेपाल, सिक्किम आदि प्रसिद्ध नगर इसी में हैं। ये नगर चार पाँच हजार फीट से लेकर आठ नौ हजार फीट तक की ऊँचाई पर स्थित हैं।

गर्भ शृंखला—प्राचीनकाल में इसको वृहत् हिमालय अथवा अन्तर्गिरि कहते थे। भीतरी शृंखला के उत्तर यह शृंखला प्रारम्भ होती है। इस पर सदा हिमपात होता रहता है। इसमें नंगा पर्वत, बन्दर पूँछ, केदारनाथ, नन्दादेवी, धौलागिरि, गोसाइं थान, गौरीशंकर, कांचनजंघा आदि शिखर हैं। इस शृंखला से चेनाव, यमुना, तीस्ता आदि नदियाँ निकलती हैं। सतलज, गंगा, घाघरा, गंड़की कोसी आदि इस शृंखला के और उत्तर से इसको काटकर दक्षिण की ओर नीचे उतरती हैं। इसके शिखरों पर बस्तियाँ नहीं हैं। इसकी ऊँचाई नौ दस हजार फीट से लेकर बारह तेरह हजार फीट तक है। गंगा के सबसे ऊपरी स्रोत जाह्नवी का उद्‌गम जंस्कर शृंखला में है। वही शृंखला भारतवर्ष की उत्तरी सीमा है।

भूगोल के आधुनिक विद्वानों ने गर्भ शृंखला अथवा वृहत् हिमालय को चार भागों में विभक्त किया है। पंजाव हिमालय, कुमायूँ हिमालय, नेपाल हिमालय तथा आसाम हिमालय।

पंजाव हिमालय—यह गर्भ शृंखला का बिलकुल पश्चिमी भाग है। यह सिन्धु नदी से सतलज नदी तक लगभग ३५० मील फैला हुआ है। इस शृंखला का उच्चतम शिखर नंगा पर्वत है। यह २६००० फीट ऊंचा है। यह शिखर अपने नाम को पूर्णतया सार्थक किये हुए है। इस शृंखला के मध्य में नुमकुम नाम का एक विशाल शिखर लगभग २३४१ फीट ऊँचा है। मुख्य शृंखला नुमकुम से दक्षिण की ओर नीची होती गयी है। उत्तरी ढाल पर नंगा शिखर तथा स्थान स्थान पर झीलें हैं। यह भाग घने जंगलों से ढका हुआ है। इस भाग को तोड़कर कोई नदी दक्षिण की ओर नहीं जा सकती है। परन्तु सौभाग्य से इस भाग में अनेक दर्रे हैं। उनमें जोजि ला ११५७८ फीट सबसे मुख्य है। एक मार्ग इसी दर्रे से लद्दाख को काश्मीर की घाटी से जोड़ता है। पंजाव हिमालय के पूर्वार्द्ध भाग में धान के खेत तथा चट्टानें अधिक हैं तथा पश्चिमार्द्ध में नंगा पर्वत के आस पास केवल वर्फ से ढकी चट्टानों का आधिक्य है।

कुमायूँ हिमालय—यह सतलज से काली नदी तक फैला हुआ है। इस भाग का उच्चतम शिखर नन्दा देवी २५६४५ फीट ऊँचा है। २०००० फीट से उँचे अन्य अनेक शिखर हैं। उदाहरणार्थ त्रिशूल २३३६० फीट, नन्दकोट २२५१० फीट। दूनगिरि २३१८४ फीट, बद्रीनाथ २३१९० फीट, केदारनाथ २२७२० फीट तथा बन्दर पूँछ २०७२० फीट ऊँचे हैं। कुमायूँ हिमालय के उत्तर से गंगा के स्रोत जाह्नवी तथा अलकनन्दा ने उसको तोड़कर हिमालय की गर्भ शृंखला के पार अपना मार्ग बनाया है। हिमालय के इस भाग में बहुत बड़ी बड़ी हिमानी (Glaciers) पायी जाती हैं। उनमें केदारनाथ गंगोत्री तथा सरस्वती की हिमानियाँ मुख्य हैं।

नेपाल हिमालय—यह कुमायूँ हिमालय की सीमा से लेकर तीस्ता नदी तक फैला हुआ है। इस भाग में गौरीशंकर २९००० फीट, कांचन जंघा २८१४६ फीट, मकबू २७७९०, धौला गिरि २६७९५ तथा गोसाईं थान २६२९१ फीट ऊँचे शिखर हैं। कुमायूँ हिमालय की तरह इस भाग को भी अनेक नदियों ने पार किया हैं। उन सभी नदियों का उद्‌गम इन शिखरों के उत्तर की ओर ही है। कर्नली, काली गंडक, बूढ़ी गण्डक, त्रिशूली गण्डक तथा अरुणा कोसी नाम की नदियाँ मुख्य शृंखला को काट कर दक्षिण की ओर बहती हैं तथा भारत और तिब्बत के मध्य यातायात के लिए मार्ग बनाती हैं।

आसाम हिमालय—इस भाग का पर्यवेक्षण भारत के प्राचीन भूगोल के विद्वानों ने नहीं किया था। यह भाग तीस्ता नदी से लेकर भारत की पूर्वी सीमा तक फैला हुआ है। इस भाग में केवल नमचा बढ़वा नामक २५४४५ फीट ऊँचा एक ऐसा शिखर है जिसकी समानता नेपाल हिमालय के शिखरों से की जा सकती है। इसी शिखर के दक्षिणी मोड़ के समीप ब्रह्मपुत्र हिमालय से नीचे उतर कर मैदान में आती है।

हिमालय से निकलने वाली नदियाँ—हिमालय भारत की अनेक प्रसिद्ध तथा बड़ी नदियों का जन्मदाता भी है। ऋग्वेद के अनुसार निम्नलिखित नदियाँ इससे निकलती हैं—गंगा, यमुना, शुतुद्रु (सतलज),

परुष्णी (रावी), सरस्वती, असिक्नी (चेनाव), वितस्ता (व्यास), मरुद्वृधा (सिन्ध) सुषोमा, त्रिष्टामा, रसा, सुसर्तु, श्वेत्या, कुभा (काबुल), मेहत्नु, क्रमु (कुर्रम) तथा गोमती (गौरी)। वाराह तथा पद्म पुराणों में भी कुछ परिवर्तन के साथ प्रायः इन्हीं नदियों का उल्लेख मिलता है।

सिन्धु—यह नदी हिमालय में १०३८०० वर्ग मील तक फैली है। इसकी सहायक नदियाँ भी ५१५१० वर्ग मील हैं। यह नदी दक्षिणी तिब्बत में सिंगीकतल नाम के शिखर से निकलती है। इसके उद्गम के समीपवर्ती जन वहाँ इसको सिंगीकम्पा कहते हैं। वहाँ से निकल कर यह लद्दाख श्रृंखला के समानान्तर उत्तर-पश्चिम की ओर वहती है। इसमें अनेक बड़ी-बड़ी हिमानियों का भी जल आता है। दिव्यगंगा की सात धाराओं में इसकी गणना की जाती है। इन सात धाराओं अथवा नदियों के भिन्न-भिन्न नाम महाभारत तथा मत्स्य पुराण में मिलते हैं। दिव्य गंगा को त्रिपथगा भी कहते हैं। मत्स्यपुराण में नलिनी, ह्लादिनी तथा पावनी पूर्ववाहिनी, सीता, यारकन्द, वंक्षु तथा सिन्धु पश्चिमवाहिनी और सातवीं भागीरथी दक्षिणवाहिनी कही गयी हैं। महाभारत में कुछ परिवर्तन के साथ उनके नाम नलिनी, पावनी, सरस्वती, जम्बू, सीता, गंगा तथा सिन्धु उल्लिखित हैं। उसमें इन सभी का उद्गम बिन्दुसर लिखा है जो कि कैलाश, मैनाक तथा हिरण्यश्रृंग नामक हिमालय के तीन शिखरों के मध्य में स्थित है।

इन सातों नदियों में सिन्धु प्रसिद्ध सिन्ध (Indus) नदी है। गंगा के विष्णुपदी, जाह्नवी, मन्दाकिनी, भागीरथी आदि अनेक नाम हैं। सरस्वती पूर्वी पंजाब की प्रसिद्ध नदी है। सीता को कुछ लोग जैक्सर्तेस, कुछ लोग सीरदरिया तथा कुछ लोग यारकन्द कहते हैं परन्तु अधिक प्रसिद्ध यारकन्द ही मालूम पड़ता है क्योंकि इसी के तट पर यारकन्द बसा हुआ है। आधुनिक आक्सस नदी का प्राचीन नाम वंक्षु है। यह मेरु पर्वत से निकलती है। नलिनी अथवा वस्वोकसा का आधुनिक नाम पद्मा है। नन्दलाल दे कुरुक्षेत्र के घग्घर (दृषद्वती) को पावनी मानते हैं परन्तु यह समुचित नहीं जान पड़ता।

मत्स्यपुराण के अनुसार ये सातों नदियाँ उस प्रदेश से होकर बहती हैं जहाँ अधिकांश म्लेच्छ जन रहते हैं। हिमालय पर्वत के निचले भाग में स्थित शैलोद पर्वत से शैलोदका नदी निकलती है। शैलोद पर्वत कैलाश के पश्चिम स्थित है। शैलोदा नदी सीता (चाइकन्द) तथा वंक्षु (आक्सस) के मध्य बहती है। वंक्षु नदी जिस प्रदेश से होकर बहती है उसमें चिनमरु, कालक, चुलक, तुषार, बर्बर, कार, पह्लव, पारद (पार्दिअन) और शक (सीदियन) जन रहते हैं। सिन्ध वरद, कुटज गान्धार, औरस (औरग) तथा सौवीर जनों के प्रदेश में होकर बहती है। गंगा नदी यक्ष, गन्धर्व, किन्नर, विद्याधर, कलाप, ग्रामक, किम्पुरुष, किरात पुलिन्द, कुरु पञ्चाल, कौशिक, मत्स्य, मागध, अङ्ग, वंग, ब्रह्मोत्तर तथा ताम्रलिप्त जनों के निवास स्थान से होकर बहती हैं। ह्लादिनी (ब्रह्मपुत्र) से सिक्त प्रदेश में आपकनिपाद, धीवर, ऋषीक, किरात, स्वर्णभूमिक (भोटिया) जन रहते हैं। पावनी की पहिचान अभी तक नहीं हो सकी है। सम्भवतः यह भारत के पूर्व तथा चीन के पश्चिम बहने वाली कोई नदी होगी।

सिन्ध की सहायक नदियों में मुख्य इरावती (रावी) है। इसका उद्गम कपिष्ठल (कैथल) है। असिक्नी (चेनाव) तथा विपाशा (व्यास) नदियाँ केकय जनपद में बहती हैं। शुतुद्रु (सतलज) तथा कुभा (काबुल) नदियाँ पुष्कलावती (चारसड्ढा) से निकल कर सिन्ध में मिली हैं। सुवास्तु (स्वात) तथा गौरी (पंजकोरा) भी सिन्धु में ही मिली हैं।

वैदिक साहित्य में चौदह नदियों की चर्चा है उनमें त्रिष्टामा, रसा, सुसर्तु तथा श्वेत्या आदि कुभा के ऊपर की सिन्ध की सहायक नदियाँ हैं। सीलमावती तथा ऊर्णावती भी सिन्ध की सहायक हैं। ये दोनों उस प्रदेश की नदियाँ हैं जो ऊन तथा बहुमूल्य पत्थर के लिये प्रसिद्ध था। ऋग्वेद की आपगा जिसका पर्याय ओघवती है सरस्वती की एक छोटी सहायक नदी है। वहाँ के जन उसको इन्दुमती कहते हैं। यह थानेश्वर के ऊपर सरस्वती तथा दृषद्वती के मध्य में बहती थी।

सिन्ध उत्तर भारत की सबसे प्रसिद्ध नदी है। गंगा को छोड़ कर बड़ाई में कोई नदी इसकी समानता नहीं कर

सकती। ऋग्वेद में इसका बड़ा ही मनोहर वर्णन मिलता हैं। इसकी वहने की शक्ति अतुलनीय कही गयी है।

जम्बुदीवपण्णत्ति नामक एक जैन ग्रन्थ में गंगा, रोहिता—लौहित्य (ब्रह्मपुत्र), सिन्ध तथा हरिकान्त नदियों का उद्गम दो पद्महृदों से लिखा है। इनमें एक ह्रद भीतरी शृंखला तथा दूसरा गर्भ शृंखला में हैं। जैनियों का पद्म-ह्रद महाभारत का बिन्दु सर पाली साहित्य का अनोतत्त तथा संस्कृत साहित्य का मानसरोवर है। महाभारत में गंगा का उद्गम मानसरोवर लिखा है। सिन्ध की प्रधान धारा का सम्बन्ध पश्चिमी मानसरोवर से है ही। शुतुद्रु का उद्गम भी वहीं है।

सिन्ध नदी प्रारम्भ में दो नदियों की सम्मिलित धारा के रूप में चलती है। एक धारा कैलाश के उत्तर-पश्चिम से निकल कर उत्तर-पश्चिम की ओर तथा दूसरी कैलाश के उत्तर-पूर्व में स्थित एक झील से निकल कर उत्तर-पश्चिम की ओर बहती है। दूसरी धारा कुछ दूर चल कर दक्षिण पश्चिम की ओर बहने लगती है। जहाँ दोनों धाराओं का संगम हुआ है वहाँ से वहुत दूर तक उत्तर पश्चिम की ओर वहकर काराकोरम शृंखला के नीचे वह दक्षिण की ओर मुड़ जाती है। यही मोड़ हिमालय की पश्चिमी सीमा हैं। फिर वहाँ से सिन्ध सर्पाकार होकर दक्षिण पश्चिमी मार्ग का अनुसरण करती हुई अरब सागर में गिरती हैं। उसने अपने मुहाने पर कराची के समीप दो प्रसिद्ध डेल्टा (delta) बनाये हैं। आर्य जन सबसे बड़े को प्रसिअन तथा दूसरे को पतल (प्रस्थल) कहते थे।

वितस्ता (झेलम)—इस नदी का उद्गम पीर पंजाल शृंखला है। वहाँ से निकल कर यह पूँछ के नीचे वक्राकार मार्ग से पश्चिम को ओर बहकर दक्षिण की ओर मुड़ जाती है। फिर कुछ पश्चिम तथा दक्षिण को जाकर झेलम नगर के पूर्व तथा मीरपुर के पश्चिम होती हुई अंग तथा भ्रंग मगिअन के मध्य में चेनाब से मिल जाती हैं।

चन्द्रभागा—इस नदी का आधुनिक नाम चेनाव है। यह नदी दो धाराओं के मिलने से बनी है। वारलाच दर्रे (१६०००) के दक्षिण-पश्चिमी भाग से चन्द्रा तथा उसी दर्रे के उत्तर-पश्चिमी भाग से भागा नाम की धाराएँ निकलती हैं। समुद्र से ७५०० की ऊँचाई पर स्थित टण्डी नामक स्थान पर दोनों धाराएँ परस्पर मिल जाती हैं। यह नदी गर्भ शृंखला के १८० मील के प्रदेश को सींचती है। इस में अनेक हिमानियों का जल आता है। इसका एक वैदिक नाम असिक्नी भी है।

इरावती—वैदिक साहित्य में इसको परुष्णी कहते हैं। इसका आधुनिक नाम रावी हैं। यह बंगटल के चट्टानी प्रदेश से निकल कर पीर पंजाल के दक्षिणी ढालों तथा धौला धार के उत्तरी ढालों को सींचती हुई काश्मीर में चम्बा के दक्षिण पश्चिम की ओर बह कर लाहौर के आगे अहमदपुर तथा सराय सिन्ध के मध्य में झेलम में गिर जाती है।

विपाशा—आजकल इसको व्यास कहते हैं। यह रावी के उद्गम के पास हीरोत्तंग में पीर पंजाल शृंखला से निकली है। इसमें भी अनेक हिमानियों का जल आता है। यह चम्बा से दक्षिण-पश्चिम की ओर वह कर कपूरथला के दक्षिण-पश्चिम कोण पर सतलज से मिल जाती है।

शुतुद्रु—इसका आधुनिक नाम सतलज है। यह हिमालय के उत्तर से आने वाली नदी है। इसका उद्गम मानसरोवर के पश्चिमी भाग में है। यह वहाँ से पश्चिम की ओर वह कर कामता तथा शिमला की पहाड़ियों पर कुछ दक्षिण-पश्चिम की ओर मुड़कर वक्राकार होती हुई ऊपर से पश्चिम चलकर कपूरथला के दक्षिण-पश्चिम कोण पर व्यास से मिल जाती है। यहाँ से इसका नाम लुप्त हो जाता है तथा व्यास के ही नाम से फीरोजपुर तथा बहावलपुर के आगे चलकर चेनाब से मिली है। इसके आगे अलीपुर तथा ऊँच के मध्य में तीनों धाराएँ मिलकर बहती हैं। कुछ आगे चलकर सिन्ध में मिल जाती हैं। मानसरोवर में कामता पर्वत तक सतलज में तीन सहायक नदियाँ मिली हैं। १—कुभा (काबुल), २—क्रमु (कुर्रम) ३—गोमती (गोमल)।

कुभा—सिन्धु की पश्चिमी सहायक नदियों में कुभा नाम की वैदिक नदी सबसे मुख्य हैं। आजकल इसको काबुल नदी कहते हैं। संस्कृत साहित्य के आधार पर कुछ विद्वान् इसको भारत की पश्चिमी सीमा मानते हैं। इसी नदी को एरिअन कोफस तथा प्लिनी कोफेन कहते थे। पुराणों की कुहू नदी भी यही है। टालेमी ने इसका नाम कोआ लिखा है। यह भी हिमालय से निकल कर

(हाटक) के कुछ ऊपर सिन्धु से मिली है। इसकी दो सहायक नदियाँ सुवास्तु (स्वात) तथा गौरी (पंजकोरा) प्राग में इसमें मिली हैं।

क्रमु—इसका आधुनिक नाम कुर्रम नदी है। वन्नू के समीप इसकी एक सहायक नदी तची इसमें मिली है। इसाखेद के दक्षिण क्रमु सिन्ध से मिली हैं।

गोमती—आजकल यह गोमल नाम से प्रसिद्ध है। यह डेरा इस्माइलखाँ तथा चन्दवान के मध्य में पश्चिम से पूर्व की ओर वहती है और कुछ दूर जाकर सिन्ध में मिल जाती है।

सरस्वती—सरस्वती तथा दृषद्वती नाम की उत्तरापथ की दोनों नदियाँ ऐतिहासिक हैं। सरस्वती का उद्गम शिमला के ऊपर हिमालय श्रृंखला में है। इसके उद्गम स्थान को प्लक्षप्रास्रवण कहते हैं। वहाँसे निकल कर यह दक्षिण की ओर शिमला तथा सिरमूर राज्य में होकर वहती है। पटियाला के आगे चल कर सिरस से कुछ दूर राजस्थान के मरुस्थल के उत्तरी भाग में लुप्त हो जाती हैं। मनु ने उस स्थान का नाम विनशन लिखा है। उसी को अदर्श अथवा आदर्श भी कहते हैं। सिद्धान्तशिरोमणि के गोलाध्याय के भुवनकोश में इसको कहीं दृश्य कहीं अदृश्य नदी लिखा है—दृश्यादृश्या च भवति तत्र तत्र सरस्वती। सर्वप्रथम यह चलौर ग्राम के समीप बालू में लुप्त हुई है तथा भवानीपुर में फिर प्रकट हो जाती है। आगे जा कर बालछापर में फिर लुप्त हो गयी है और वड़ाखेरा में फिर प्रकट हो जाती हैं। पृथूदक (पेहोआ) के समीप उर्नई में इसमें मार्कण्डा नदी मिलती हैं। आगे चलकर दृषद्वती (घग्घर या घर्घर) इसमें मिली हैं। इस नदी ने तीन तीर्थस्थानों का निर्माण किया है—चमसोद्भेद, शिरोद्भेद तथा नादोद्भेद। ऋग्वेद में लिखा है कि यह नदी बड़ी वेगवती है तथा यह समुद्र में मिली है। सम्भव है वैदिक काल में जब कि राजस्थान में समुद्र था, यह समुद्र में गिरती रही हो।

दृषद्वती—यमुना नदी के समीप बहने वाली इस नदी का उद्गम सिरमूर की पहाड़ियाँ हैं। श्री जयचन्द विद्यालंकार इसको घग्घर कहते हैं। रैप्सन इसको चौतंग या चितांग अथवा चित्रान्त कहते हैं। गजेटिअर में इसका नाम रची लिखा है। श्रीमद्भागवत के आधार पर भी इसका नाम रक्षी प्रतीत होता है क्योंकि श्रीकृष्ण ने द्वारका से हस्तिनापुर जाते समय दृषद्वती को पार कर सरस्वती को पार किया था। यह सिरमूर से पश्चिम की ओर चल कर अम्वाला तथा शाहावाद जिलों से होकर बहती है। यह पृथूदक (पेहावा) के समीप सरस्वती से मिली है।

गङ्गा—गंगा का उद्गम महाभारत में विन्दुसर, जम्बूदीवपण्णत्ति में पद्मह्लद पालि ग्रन्थों में अनोत्तत्त तथा अन्य संस्कृत ग्रन्थों में मान्सरोवर लिखा है। कनखल के ऊपर इस नदी के अनेक नाम हैं। हिमालय पर्वत पर इसकी भिन्न भिन्न धाराओं के नाम गंगा, अलकनन्दा, भागीरथी, मन्दाकिनी तथा जाह्नवी हैं। ये सभी नाम संस्कृत साहित्य में इसके पर्याय मान लिये गये। बदरीनाथ शिखर के समीप अलका नाम के हिमानी प्रदेश से अलकनन्दा नाम की धारा निकली है। मूल धारा यही मालूम पड़ती है। अन्य सभी धाराएँ इसमें मिलती गयी हैं। इस मूलधारा में कहीं कहीं कोई अन्य धारा मिली हैं वहाँ सर्वत्र एक प्रयाग भी प्रतिष्ठित होता गया है। केदारनाथ शिखर से निकलने वाली मन्दाकिनी नाम की धारा रुद्रप्रयाग के समीप अलकनन्दा में मिली हैं वहाँ देवप्रयाग हैं। भागीरथी का उद्गम गोमुखी नाम की हिमानी है। गंगोत्तरी पहुँचने पर उत्तर से आने वाली जाह्नवी उसमें मिलती है। जाह्नवी का उद्गम स्थान स्कीदिअन (Skithian mt.) पर्वत है उसके उत्तर तिब्बत (त्रिविष्टप) हैं। बहुधा यह लोकोक्ति सुनी जाती है कि जहाँ तक जाह्नवी वहाँ तक भारतवर्ष। इस प्रकार मन्दाकिनी, भागीरथी तथा जाह्नवी की सम्मिलित धाराओं से मिली हुई अलकनन्दा देवप्रयाग के ऊपर गंगा कही जाती हैं तथा हृषीकेश के नीचे जनता में इसी नाम से प्रसिद्ध हैं।

यह हरिद्वार के समीप पर्वत को छोड़कर मैदान में आती है। हरिद्वार से बुलन्दशहर तक यह दक्षिणाभिमुख, बुलन्दशहर से प्रयाग तक दक्षिण-पूर्व की ओर बहती है। प्रयाग से राजमहल तक पूर्व की ओर बह कर बंगाल में गंगासागर के समीप समुद्र में मिल जाती है। इसके तट पर भारत के अनेक प्रसिद्ध नगर तथा तीर्थस्थान हैं। यह संसार की सर्वश्रेष्ठ पुनीत तथा स्वास्थ्यवर्द्धक जल वाली नदी कही जाती है।

यमुना—यह बन्दर पूँछ की ढालों से निकलती है। इसके उद्गम स्थान पर यमुनोत्री का प्रसिद्ध मन्दिर है। इससे

अधिकृत हिमालय प्रदेश का क्षेत्रफल ४५०० वर्गमील है। यह गंगा की सबसे बड़ी पश्चिमी सहायक नदी है। गंगा तथा सिन्ध के समान ही इसका भी वैदिक नाम आज तक प्रचलित है। सेवालिक श्रृंखला तथा गढ़वाल श्रृंखला को काट कर यह उत्तर भारत के मैदानों में प्रवेश कर गंगा के समानान्तर दक्षिण की ओर बहती है तथा प्रयाग पहुँच कर गंगा में मिल जाती है। देहरादून जिले में पश्चिम से आकर इसमें दो नदियाँ मिली हैं उनमें एक का नाम उत्तरी टोंस है। आगरा तथा प्रयाग के मध्य में दाहिनी ओर से इसमें चार सहायक नदियाँ मिली हैं। जिनके नाम क्रमशः चर्मण्वती (चम्बल), काली सिन्ध (सन्ध्या), वेत्रवती (वेतवा) तथा शुक्तिमती (केन) हैं।

रामगंगा—इक्षुमती—इसका उद्गम अल्मोड़ा के कुमायूँ उत्तर श्रृंखला है। बरेली के नीचे इसमें एक छोटी नदी मिली है यह फर्रुखाबाद तथा हरदोई के मध्य में गंगा से मिल जाती है। कुछ लोग इसको बाहुदा तथा इक्षुमती ईखन) भी कहते हैं। अयोध्याकाण्ड ६८ अ० में इसकी चर्चा मिलती है।

गोमती—यह गंगा की एक सहायक नदी है। पीली-भीत के समीप हिमालय से निकल कर बनारस . वाराणसी) तथा गाजीपुर (गाधिपुर) के मध्य में यह गंगा में मिली है। इसकी सहायक नदी सई है। सई का प्राचीन नाम स्पन्दिका मिलता है। कनिंघम के अनुसार गोमती की सहायक नदी धूतपापा यही है क्योंकि आजकल धूतपापा नाम का एक तीर्थ फैजावाद के समीप इसी नदी के तट पर स्थित है।

सरयू—इसका उद्गम मानसरोवर है। इसकी मुख्य धारा को घाघरा कहते हैं। यह एक ऐतिहासिक नदी है। अयोध्या का प्राचीन नगर इसी के तट पर स्थित है। यह छपरा जिले में गंगा से मिली है। वहराइच जिले के उत्तर-पश्चिम कोने पर एक सहायक नदी इसमें मिली है। वहीं से इसका नाम सरयू हो जाता है। इसके दाहिने तट पर स्थित वहरामघाट में एक अन्य सहायक नदी (चौकी) इसमें मिली है। वहराइच जिले से निकलने वाली पाँच अन्य नदियाँ इसमें गोंडा जिले में मिलती है। गोरखपुर जिले में बरहलगंज के समीप कुर्न्ना नदी इसमें मिली है। सारन जिले की पश्चिमी सीमा पर छोटी गण्डक भी इसमें मिलती है।

अचिरवती—सरयू की सहायक नदियों में सबसे बड़ी नदी अचिरवती हिमालय श्रृंखला से निकल कर गोंडा, वहराइच तथा बस्ती जिलों से होकर गोरखपुर जिले में बरहज के पश्चिम सरयू में मिलती है। आजकल इसको राप्ती कहते हैं। इसी के तट पर श्रावस्ती (आधुनिक सहेत महेत) स्थित थी। इसका एक नाम इरावती भी था। इसीको अजिरवती भी कहते थे। इत्सिग के अनुसार अजिरवती का अर्थ अजगर वाली नदी (अजिर-अजगर) होता है। कपिल जी नदी में सोने की मछली के रूप में उत्पन्न हुये थे। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल का मत है कि इसी नदी का एक नाम सदानीरा भी है क्योंकि महाभारत के अनुसार गण्डक तथा सरयू के मध्य में सदानीरा नदी थी अतः राप्ती का ही एक नाम सदानीरा भी था।

रोहिणी—यह एक छोटी नदी थी जो शाक्य तथा कोलिय राज्यों को विभक्त करती थी। कनिंघम ने आधु-निक रोवई अथवा रोहवैनी को रोहिणी माना है। यह गोरखपुर में राप्ती से मिली है।

गण्डक—गंगा की दूसरी सहायक नदी गण्डकी अथवा गण्डक है। इसका उद्गम दक्षिणी तिब्बत की पहाड़ियाँ हैं। नेपाल में बाईं ओर से चार तथा दाहिनी ओर से दो सहायक नदियाँ इसमें मिलती हैं। बाँयीं ओर से इसमें मिलने वाली नदियाँ बुढ़िया गण्डक, मादी, सेनी तथा काली हैं। नेपाल में अपनी सहायक नदियों के कारण इसका आकार मानचित्र में बारहसींगे के सींग के समान दिखाई देता है। गोरखपुर तथा चम्पारन जिले के मध्य में यह भारत में प्रवेश करती है। वहाँ से आगे चल कर यह सारन तथा मुजफ्फर-पुर जिलों की प्राकृतिक सीमा का काम करती है। इसकी प्रधान धारा भारत तथा मुजफ्फरपुर के मध्य में गंगा से मिलती है। इसकी एक छोटी धारा बसाढ़ में इससे अलग होकर चम्पारन जिले में अरगज के समीप निकलने वाली एक नदी से मिलकर मुँगेर जिले में सोनरिया घाट के समीप गंगा से मिलती है।

ब्रह्मपुत्र—ब्रह्मपुत्र तथा सूरमा असम की दो मुख्य नदियाँ हैं। ब्रह्मपुत्र का उद्गम मानसरोवर का पूर्वी

भाग हैं। समचा जाकर यह दक्षिण की ओर मुड़ जाती है। फिर सदिया जिले की उत्तर-पूर्वी सीमा से होकर असम की घाटी में घुसती है। सदिया से दक्षिण-पश्चिम की ओर गैरो पर्वत के ऊपर तक बहती है, फिर दक्षिण की ओर मुड़कर गोआलुन्दो घाट के ऊपर गंगा में मिल जाती है। तिव्वती प्रदेश में इसका नाम सुनपा है। पूर्वी वंगाल में इसको यमुना कहते हैं। मानसरोवर से दो सौ मील चलने पर इसमें एक सहायक नदी मिली है। यह ज्यों-ज्यों पूर्व की ओर जाती है इसमें अनेक सहायक नदियाँ मिलती जाती हैं। इसकी सबसे वड़ी सहायक नदी लोहित अथवा लौहित्य है। इसी के कारण इसका एक नाम लौहित्य भी मिलता है। लौहित्य सदिया जिले में ब्रह्मपुत्र से मिली है।

सुलेमान—प्राचीन भूगोल-शास्त्री इस पर्वत को अञ्जन गिरि कहते थे। पाणिनि ने (त्रिककुत् पर्वते ५।४।१४७ में) इसका उल्लेख किया है। अथर्ववेद में भी तीन चोटियोंवाले इस पर्वत का उल्लेख मिलता है। कीथ ने इसकी पहिचान त्रिकोट से की है जो उत्तरी पंजाब तथा काश्मीर के मध्य की कोई चोटी थी। अथर्ववेद में लिखा है कि यहाँ एक प्रकार का सुरमा (त्रैककुद अञ्जन) उत्पन्न होता था। अतः लोगों का अनुमान है कि सुलेमान का ही प्राचीन नाम त्रिककुत् था जो कि आज भी उत्तम प्रकार के सुरमे का उत्पत्ति-स्थान है। सुलेमान के समानान्तर शीनगर की पर्वत-शृंखला है जो कि ओब नदी के पूर्व है और इन दोनों शृंखलाओं के पीछे टोबा तथा काकड़ की शृंखलाएँ हैं। पर्वतों की यही तीनों शृंखलाएँ त्रिककुत् कहलाती थीं। यहाँ उत्तम श्रेणी का अञ्जन प्राप्त होता था। महाभारत में लिखा है कि बाहीक (पंजाव) की गौरवर्ण की स्त्रियाँ मैनसिल के समान चमकीले कोणवाले नेत्रों में त्रैककुद अंजन लगाती थीं (कर्णपर्व ४४।१८)। आजकल भी सुलेमानी सुरमा पंजाव तथा सिन्ध के दूर-दूर के प्रदेशों में जाता है। सिन्ध में इसी अञ्जन को सौवीराजन भी कहते थे। इस पर्वत का सबसे ऊँचा शिखर तख्त-ए-सुलेमान (सालोमन का सिंहासन) ११२९५ फीट ऊँचा है। इसी शृंखला में भारत से बलूचिस्तान जाने के लिए अनेक संकुचित मार्ग हैं।

भारतवर्ष में हिमालय शृंखला के अतिरिक्त सात अन्य पर्वतों की मुख्य शृंखलाएँ हैं। इनको कुलपर्वत कहते हैं। "महेन्द्रो मलयः सह्यः शुक्तिमान् ऋक्षपर्वतः। विन्ध्यश्च पारियात्रश्च सप्तैते कुलपर्वताः" ॥ मत्स्य पु० ९५। महेन्द्र, मलय, सह्य, शुक्तिमान्, ऋक्षवान्, विन्ध्य तथा पारियात्र ये सात कुलपर्वत हैं।

महेन्द्र—जेनरल कनिंघम ने अपने भारत के प्राचीन भूगोल में महेन्द्र मलै को महेन्द्र पर्वत निश्चित किया है। यह शृंखला गंजाम को महानदी की घाटी से पृथक् करती है। इस शृंखला में समस्त पूर्वी घाट सम्मिलित हैं। पूर्वी घाट महानदी तथा गोदावरी नदी के मध्य में स्थित है। कालिदास ने रघुवंश ४।३८-४३ में कलिङ्ग के राजा को महेन्द्रनाथ लिखा है—"उत्कलादर्शितपथः कलिङ्गाभिमुखो ययौ। श्रियं महेन्द्रनाथस्य जहार न तु मेदिनीम्" ॥ मल्लिनाथ ने इसकी टीका में "महेन्द्रनाथस्य" की व्याख्या "कलिङ्गस्य" की है। कलिङ्ग जनपद गंजाम के आस-पास तक ही सीमित न था प्रत्युत गोदावरी तक विस्तृत था। कथासरित्सागर १९।९२ में गोदावरी नदी के तट पर राजा माहेन्द्रि की राजधानी की स्थिति का स्पष्ट उल्लेख है। इस पर्वत से निम्नलिखित नदियों के निकलने का उल्लेख भिन्न-भिन्न पुराणों में मिलता है—१ त्रिभागा या त्रिसामा विष्णु-पुराण, २ ऋषिकुल्या, इक्षुदा मार्कण्डेय पुराण। ३ त्रिदिवा मा० पु०। ४ लाङ्गूलिनी। ५ मूली मा० पु०, ६ शरवा। ७ विमला मत्स्यपुराण। आधुनिक भूगोल से इन नदियों का ठीक-ठीक परिचय प्राप्त करना कठिन है, फिर भी विद्वानों ने इनमें से कुछ का निर्णय करने का प्रयत्न किया है।

त्रिभागा—त्रिभागा तथा ऋषिकुल्या एक ही नदी का नाम जान पड़ता है। यह गंजाम जिले की बिलकुल उत्तरी नदी है। यह गंजाम नगर के आगे खाड़ी में गिरती है। इसी के तट पर गंजाम नगर स्थित है। आजकल इसको ऋषिकुलिया कहते हैं।

लांगूलिनी—यह कालाहाँडी के पर्वत से निकलकर दक्षिण की ओर वहकर गंजाम के नीचे चन्द्रपुर में बंगाल की खाड़ी में गिरती है। इसका वर्तमान नाम लाँगुलिया है।

इक्षुदा—इक्षुदा वह नदी हो सकती है जिसके तट पर आधुनिक इच्छापुर नगर स्थित है।

अन्य नदियों के विषय में कुछ नहीं कहा जा सकता, या तो वे अब नष्ट हो गयीं या अब छोटे-मोटे नालों के रूप में रह गयी हैं और उनका नाम भी लोग भूल गये।

मलय—यह पाण्डय देश का मुख्य पर्वत है। वीरचरित में इसके ढाल की चर्चा मिलती है। यह शृङ्खला कावेरी नदी से घिरी हुई है। रघुवंश ५-३ में इसका उल्लेख है—"कावेरीवलयितमेखलस्य सानावेकस्मिन्मलयगिरेर्दिव: पतामि" ॥ वाल रामायण में लिखा है कि इस पर्वत पर इलायची, मिर्च, चन्दन तथा सोपारी के वृक्ष प्रचुरता से पाये जाते हैं। दक्षिण भारत में ये सभी वृक्ष आजकल भी उपलब्ध हैं। अत: यह निर्विवाद कहा जा सकता है कि घाटों का दक्षिणी भाग, जो कि मैसूर के दक्षिण से लेकर ट्रावंकोर की पूर्वी सीमा वनाता है, वही मलय शृंखला (Cordamasm Hills = इलायची की पहाड़ियाँ) है। कालिदास ने रघुवंश ४।५१ में मलय तथा दर्दुर को दक्षिण भारत के स्तनों के समान कहा है। मार्कण्डेय पुराण में भी मलय तथा दर्दुर का साथ-साथ उल्लेख मिलता है—"महेन्द्र-मलयाद्री च दर्दुरे च वसन्ति ये"। मा०पु० ५८-२१। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि दर्दुर दक्षिणी घाट का वह भाग है जो मैसूर की दक्षिण-पूर्वी सीमा वनाता है। इस शृंखला में चार नदियों का उल्लेख मिलता है—१. कृतमाला, २. ताम्रपर्णी, ३. पुष्पजा, ४. उत्पलावली।

ताम्रपर्णी—इनमें ताम्रपर्णी प्रसिद्ध नदी है। यह प्राचीन पाण्डय जनपद में होकर वहती है। राजशेखर ने इसका विशद वर्णन किया है। इसका आधुनिक नाम तम्बरवरी है। यह पश्चिमी घाट के ढाल से निकलकर तिन्नेवली जिले से होती हुई पूनकली नाम के एक छोटे नगर के समीप मेनर की खाड़ी में गिरती है। शेष नदियों का निश्चय करना कठिन है। आधुनिक मानचित्र में मलय शृंखला से निकलकर आठ नदियाँ पूर्व की ओर तथा ग्यारह पश्चिम की ओर वहती हैं। इन नदियों का नाम प्राचीन काल की किसी भी नदी के नाम से नहीं मिलते। इसशृंखला से निकलनेवाली कुछ अन्य नदियों के नाम पद्म पुराण के भूमिखंड में अवश्य हैं जिनमें चित्रा अथवा चित्रलोपा आधुनिक चिन्दिन्थूरा हो सकती है। कुछ विद्वान् वैगा अथवा वैपई को प्राचीन कृतमाला कहते हैं।

द्रविड़ भाषा में मलय का शब्दार्थ पर्वत है। पार्जिटर ने नीलगिरि से लेकर कुमारी अन्तरीप तक के पश्चिमी घाट को मलय माना है। इस पर्वत के एक शिखर पर अगस्त्य ऋषि का आश्रम है। मलय शृंखला का दूसरा नाम श्रीखण्डाद्रि अथवा चन्दनाद्रि भी है। पार्जिटर की धारणा है कि आधुनिक नीलगिरि का ही प्राचीन नाम दर्दुर है।

सह्य—यह अपरान्त अथवा पश्चिम भारत का मुख्य पर्वत है। कालिदास ने इसको पृथ्वी का नितम्ब कहा है—"नितम्ब इव मेदिन्या:"—रघुवंश। यह पश्चिमी घाट का उत्तरी भाग है। पुराणों में वर्णित इससे निकलनेवाली नदियों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि यह शृंखला ताप्ती से लेकर नीलगिरि तक चली गयी है। इससे मिला हुआ एक छोटा सा पर्वत विदूर है जो कि गुजरात में है। विदूर पर्वत पर वैदूर्य (नीलम) मिलता है। पाणिनि ने अष्टाध्यायी के ४।३।८४ सूत्र में वैदूर्य मणि का उत्पत्ति-स्थान विदूर का स्पष्ट उल्लेख किया है। पार्जिटर ने विदूर की पहिचान सतपुड़ा से की है। पतञ्जलि के मत से वैदूर्य की कानें वालवाय पर्वत में थीं। विदूर के वैकटिक (रत्नतराश) वहाँ से लाकर उन्हें सुचारु वनाते थे अत: उनको वैदूर्य कहने लगे। वहुत सम्भव है कि दक्षिण का वीदर प्राचीन विदूर हो।

'महाभारत' से ज्ञात होता है कि सह्य शृंखला में दक्षिणी विन्ध्य तथा सतपुड़ा शृंखला का कुछ भाग सम्मिलित है। त्रिकूट पर्वत भी सह्य का एक भाग है। इसीसे वहाँ के निवासी त्रिकूटक कहलाते थे। ऋष्यमूक तथा गोमन्त भी सह्य के ही भाग हैं। पार्जिटर का मत है कि अहमदनगर से नीलदुर्ग तथा कल्याणी तक विस्तृत शृंखला ऋष्यमूक है। ऋष्यमूक पर्वत तुंगभद्रा नदी के तट पर स्थित अनगन्दी से आठ मील की दूरी पर स्थित है। पम्पा नदी इसी पर्वत से निकलकर पश्चिम की ओर बहकर तुंगभद्रा नदी में मिली है। हनुमान् तथा सुग्रीव इसी पर्वत पर सर्वप्रथम रामचन्द्र से मिले थे। ऋष्यमूक पर्वत जिला बिलारी में पड़ता है। पार्जिटर के अनुसार नासिक के

दक्षिण-पूर्व का पर्वत गोमन्त है। राय चौधरी के मत से गोमन्त के उत्तर वनवासी था, अतः गोमन्त को मैसूर राज्य में होना चाहिये।

भारतीय जन आजकल सह्य पर्वत को सियद्री कहते हैं। इस शृंखला से निम्नलिखित नदियाँ निकलती हैं— गोदावरी, भीमरथा, कृष्णा अथवा कृष्णवेणा, वञ्जुला या मञ्जुला, तुङ्गभद्रा, सुप्रयोगा, वाह्या तथा कावेरी।

गोदावरी—सह्य से निकलनेवाली नदियों में गोदावरी बड़ी प्रसिद्ध नदी है। आजकल लोग इसको गोदा भी कहते हैं। यह पश्चिमी घाट के पूर्वी भाग से नासिक के समीप निकली है तथा राजमहेन्द्री के नीचे अनेक शाखाओं में विभक्त हो जाती है। वहाँ उसको सप्तगोदावरी कहते हैं। इस स्थान पर शिवजी का एक प्राचीन विशाल मन्दिर है। यह गोदावरी जिले में बंगाल की खाड़ी में गिरती है। इसने अपने मोहाने पर एक विशाल डेल्टा बना दिया है। मद्रास तथा हैदराबाद से होकर बहने में इसमें बायीं ओर से दस तथा दाहिनी ओर से ग्यारह सहायक नदियाँ मिलती हैं।

भीमरथा—आजकल लोग इसको भीमा कहते हैं। यह पूना जिले से निकलकर हैंदराबाद के रायचूर जिले के उत्तर गुण्डलूर के समीप कृष्णा में मिली है।

कृष्णा—दक्षिण भारत की यह प्रसिद्ध नदी पुराणों की कृष्णवेणा, जातकों की कण्हपेण्णा तथा खारवेल के अभिलेख की कण्हपेमं गा है। यह पश्चिमी घाट के महाबलेश्वर से निकलकर दक्षिण पठार से होती हुई पूर्व की ओर बहकर पूर्वी घाट को तोड़कर बंगाल की खाड़ी में गिरती है। यह मद्रास प्रेसिडेन्सी, हैदराबाद राज्य तथा बम्बई प्रेसिडेन्सी से होकर बहती है। आलमपुर के उत्तर जगयपेट के नीचे के एक स्थान तक यह हैदराबाद राज्य की प्राकृतिक सीमा का कार्य करती है इसमें बायीं ओर से पन्द्रह तथा दाहिनी ओर से चार सहायक नदियाँ मिलती हैं जिनमें भीमा, तुङ्गभद्रा, पलेर तथा मुनेर प्रसिद्ध नदियाँ हैं। महाभारत के वनपर्व का देवह्रद इसी के जल से निर्मित हुआ है। यह हैदराबाद के पूर्व-दक्षिण के एक प्रसिद्ध तथा विशाल जिला देवरकोंड में है।

वञ्जुला अथवा मञ्जुला—भीष्मपर्व में इस नदी का उल्लेख मिलता है। आजकल इसको मंजिरा कहते हैं। यह बालाघाट से निकलकर हैदराबाद में कन्दलवाडी के पूर्व गोदावरी में मिलती है। इसमें बायीं ओर से तीन तथा दाहिनी ओर से पाँच नदियाँ मिलती हैं। उनमें तीर्णा तथा करञ्जा उल्लेखनीय है। हरिवंश पुराण में उल्लिखित खट्वाङ्गी इसी का नाम मालूम पड़ता है।

तुङ्गभद्रा—कृष्णा की निचली सहायक नदियों में यह सबसे मुख्य नदी है। मैसूर की पश्चिमी सीमा पर पश्चिमी घाट से निकलनेवाली तुङ्गवेला तथा भद्रा नाम की दो नदियाँ मिलकर इस नाम को धारण कर लेती हैं। यह मद्रास प्रेसिडेन्सी के कर्नूल जिले में नन्दिकोटपुर के उत्तर आलमपुर के कुछ आगे कृष्णा में गिरती है। आजकल इसको तुम्बरदा कहते हैं। इसमें बायीं ओर से सात तथा दाहिनी ओर से छहनदियाँ मिली हैं जिनमें बरदा, हगरी तथा हिन्दरी प्रसिद्ध हैं।

सुप्रयोगा—सम्भवतः हिगरी नदी यही है जो कि मैसूर के दक्षिण-पश्चिम से निकलकर बेल्लरी जिले में तुङ्गभद्रा से मिली है। इसका एक नाम वेदवती भी है। महाभारत के भीष्म पर्व में तथा अन्य पुराणों में भी इसकी चर्चा मिलती है। वाह्या नदी की पहिचान नहीं हो सकी हैं।

कावेरी—दक्षिणी भारत की एक दूसरी प्रसिद्ध कावेरी कुर्ग के पश्चिमी घाट से निकलकर दक्षिण की ओर बहकर मैसूर होती हुई मद्रास प्रेसिडेन्सी तञ्जोर जिले में बंगाल की खाड़ी में गिरती है। यह [illegible] मोहाने पर एक विस्तृत डेल्टा बनाती है। इसमें [illegible] से दस तथा दाहिनी ओर से आठ नदियाँ मिली हैं जिनमें भवानी तथा अमरावती प्रसिद्ध हैं। प्राचीन काल में कावेरी मोतीके लिए प्रसिद्ध थी।

शुक्तिमान्—इस पर्वत की पहिचान में बड़ा मतभेद है। महाभारत के सभा पर्व में लिखा है कि भीम ने हिमालय के ढाल के समीप के दलदल के प्रदेश को अल्प काल में अपने अधीन कर लिया, फिर अन्य देशों को,

जिनमें भल्लात तथा शुक्तिमान् पर्वत भी थे जीता—सभापर्व ३०-४,६। यदि यह वर्णन सत्य है तो शुक्तिमान् को हिमालय तथा काशी के मध्य में होना चाहिये। परन्तु उपर्युक्त प्रसङ्ग में शुक्तिमान् का उल्लेख प्रमादवश किया गया जान पड़ता है जैसे अर्जुन के उत्तर दिग्विजय में सुह्य चोल, तथा प्राग्ज्योतिषकी चर्चा अथवा नकुल के पश्चिम दिग्विजय में उत्सव संकेतों की चर्चा भ्रामक है। मर्यादा पर्वत तथा कुल-पर्वत भिन्न-भिन्न हैं, अतः हिमालय की कोई श्रृंखला शुक्तिमान् नहीं हो सकती।

जेनरल कनिंघम ने शुक्तिमती (केन) नदी का जन्मदाता छतीसगढ़ तथा बस्तर के मध्य में स्थित पर्वतश्रृंखला को शुक्तिमान् माना है। बेगलर हजारीबाग जिले के उत्तर में स्थित पर्वत को शुक्तिमान् मानते हैं। पार्जिटर गैरो, खासी तथा त्रिपुरा की पहाड़ियों को शुक्तिमान् मानते हैं। सी. वी. वैद्य पश्चिम भारत में इसका निर्णय करते हैं, उनकी धारणा है कि काठियावाड़ की श्रृंखला शुक्तिमान् है। डा० रमेशचन्द्र मजूमदार सुलेमान श्रृंखला को शुक्तिमान् कहते हैं। राय चौधरी मध्यप्रदेश के रायगढ़ जिले में सक्ति से लेकर मानभूम की डाल्मा पहाड़ी तक विस्तृत श्रृंखला को शुक्तिमान् समझते हैं। परन्तु केन नदी का सम्बन्ध शुक्तिमान् से नहीं हो सकता, क्योंकि मार्कण्डेयपुराण में शुक्तिमती का जन्मदाता विन्ध्य पर्वत लिखा है। शुक्तिमान् से निकलनेवाली नदियों में शुक्तिमती का नाम किसी भी पुराण में नहीं मिलता। वा० पु० में लिखा है कि "ऋषिका सुकुमारी च मन्दगा मन्दवाहिनी। कृपा पलाशिनी चैव शुक्तिमत्प्रभवाः स्मृताः॥" मा० पु० में लिखा है—"ऋषिकुल्या कुमारी च मन्दगा मन्दवाहिनी। कृपा पलाशिनी"। मत्स्य पुराण में ऋषिका तथा पलाशिनी के स्थान पर काशिका तथा पाशिनी नाम मिलते हैं। मजूमदार की धारणा है कि कृपा (कुभा) काबुल नदी, पाशिनी (पञ्जशीर), कुमारी (कुनार), मन्दगा मन्दवाहिनी (हेलमन्द) तथा ऋषिकुल्या (इसिकला) हैं। उनका मत है कि शुक्तिमान् हिन्दूकुश से दक्षिण भारत के पश्चिमी सीमान्त की समूची श्रृंखला का नाम है।

परन्तु उनकी धारणा भ्रान्त है; क्योंकि कुलपर्वतों का परिगणन दक्षिणावर्त क्रम से ही किया गया जान पड़ता है। महेन्द्र पर्वत दक्षिण भारत के उत्तरी छोर पर है, वहाँ से पूर्वी तट के साथ दक्षिण चलते हैं तब नालमलइ से एलामलइ तक की श्रृंखला मलय है। फिर पश्चिमी तट के साथ उत्तर घूमकर सह्य पर आते हैं। अब इसी के आगे शुक्तिमान् की स्थिति होनी चाहिये, अतः अनुमान किया जाता है कि हैदराबाद के गोलकुण्डावाले पठार का नाम शुक्तिमान् रहा होगा, क्योंकि वह पठार पूर्वी घाट (महेन्द्र-मलय) तथा पश्चिमी घाट (सह्य) के मध्य में स्थित होता हुआ भी दोनों से पृथक् है। ऋक्ष पर्वत सह्याद्रि के उत्तरी छोर से पश्चिम से पूरब की ओर भारत के आर-पार चला गया है। उसके पूरबी छोर से उत्तर घूमकर विन्ध्य तथा विन्ध्य के आगे पारियात्र हैं। इस पठार की सबसे प्रसिद्ध नदी मूसी का प्राचीन नाम मूषिका अथवा ऋषिका हो सकता है। मन्दगा आधुनिक मनेर, मन्दवाहिनी मुनेर तथा पलाशिनी अथवा पाशिनी पालेर नदियाँ हैं। अतः सह्याद्रि के उत्तरी किनारे से पूर्व की ओर बढ़ती हुई वाहियाँ शुक्तिमान् हो सकती हैं। इस श्रृंखला में खान देशकी पहाड़ियाँ, अजन्ता तथा भीतर घुसा हुआ हैदराबाद-गोलकुंडा पठार सम्मिलित हैं।

ऋक्ष—हरिवंश पुराण में लिखा है कि माहिष्मती नगरी (जबलपुर के पास आधुनिक भेड़ाघाट) ऋक्ष तथा विन्ध्य पर्वत के मध्य में नर्मदा नदी के तट पर स्थित थी। ऋक्ष पर्वत की उत्तरी श्रृंखला विन्ध्य है जो नर्मदा घाटी को घेरे हुए है अतः ऋक्ष पर्वत विन्ध्य की दक्षिणी श्रृंखला अथवा सतपुड़ा पहाड़ हो सकता है। विष्णु पुराण में इससे निकलनेवाली नदियाँ तापी, पयोष्णी, निर्विन्ध्या तथा दशार्णा उल्लिखित हैं। तापी ताप्ती है। इसी को तापनी भी कहते थे। इसका एक नाम तपनात्मजा भी मिलता है। पयोष्णी सम्भवतः ताप्ती की सहायक पूर्णा हो सकती है, परन्तु बी. सी. लाह का मत है कि पूर्णा सह्याद्रि से निकलकर हैदराबाद के नन्देर जिले की ठीक पश्चिमी सीमा पर गोदावरी से मिली है। अस्तु, महाभारत के वनपर्व में दोनों नदियों, तापी तथा पयोष्णी का मान

साथ-साथ आया है। दूसरे स्थल पर उत्तर-यात्रा के वर्णन में यह नदी नर्मदा के दक्षिण विदर्भ (बरार) में स्थित कही गई है। प्राचीन काल में पयोष्णी भारत की पवित्रतम नदी समझी जाती थी। "एकतः सरितः सर्वा गङ्गाद्याः सलिलोच्चयाः। पयोष्णी चैकतः पुण्या तीर्थेभ्यो हि मता मम" ॥ महाभारत ३।८८-८९। निर्विन्ध्या नामक नदी की चर्चा कालिदास ने मेघदूत में की है। यह विदिशा (भेलसा) तथा उज्जयिनी के मध्य में अर्थात् दशार्णा तथा शिप्रा के मध्य में स्थित है। आजकल इसको काली सिन्ध कहते हैं। यह चर्मण्वती (चम्बल) की सहायक नदी है। दशार्णा का आधुनिक नाम धसान है यह वेत्रवती (बेतवा) की सहायक है।

डा० वासुदेवशरण का मत है कि ब्राह्मणी तथा वैतरणी (उड़ीसा) नदियों का उद्‌गम भी इसी पर्वत में है अतः छोटा नागपुर की पहाड़ियों का राँची तक विस्तृत सिलसिला भी ऋक्ष के ही अन्तर्गत है।

विन्ध्य—यह पर्वत आज भी अपने इसी नाम से प्रसिद्ध है। यह नर्मदा की घाटी के उत्तर की ओर है। आधुनिक भूगोल के विद्वान् इसको उत्तर भारत की दक्षिणी सीमा मानते हैं। यह पर्वत पश्चिम में गुजरात से लेकर पूर्व में बिहार तक लगभग सात सौ मील लम्बा है। इसके भिन्न-भिन्न भागों के भिन्न-भिन्न स्थानीय नाम पड़ते गये हैं। उदाहरणार्थ, कैमूर, भरनेर आदि। इस पर्वत की ऊँचाई १५०० फीट से लेकर २००० फीट तक है। इसका एकाध शिखर ५००० फीट ऊँचा है। विद्वानों की धारणा है कि यह पर्वत अरावली के तलछट से बना है। विन्ध्य तथा सतपुड़ा की शृंखलाएँ नर्मदा के उद्‌गम के समीप अमरकण्टक में परस्पर मिल गई हैं।

मार्कण्डेय पुराण में ऋक्ष से निकलनेवाली नदियों के नाम शोण, महानद, नर्मदा, सुरथा, अद्रिजा, मन्दाकिनी, दशार्णा, चित्रकूटा, चित्रोत्पला, तमसा, करमोदा, पिशाचिका, पिप्पली, श्रोणी, विपाशा, वञ्जुला, सुमेरुजा, शुक्तिमती, शकुली तथा त्रिदिवा हैं। वाराह पुराण में महानद के स्थान पर ज्योतिरथा का उल्लेख है। उसमें अद्रिजा का नाम नहीं है। ब्रह्माण्ड तथा वायु पुराणों में भी इन नदियों का उद्‌गम ऋक्ष में ही लिखा है। इसके विपरीत विष्णु पुराण तथा ब्रह्म पुराण उपर्युक्त नदियों का उद्‌गम विन्ध्य में मानते हैं। मा० पु० के अनुसार विन्ध्य से निकलनेवाली नदियाँ सिप्रा, पयोष्णी, निर्विन्ध्या, तापी, निषधावती, वेण्वा, वैतरणी, सिनिवाली, कुमुद्वती, करतोया, महागौरी, दुर्गा और अन्तःशिरा हैं।

वाराहपुराण की सूची में अन्तःशिरा के स्थान पर अन्त्यागिरा, करतोया के स्थान पर तोया तथा वेण्वा के स्थान पर वेण्या का उल्लेख है। इसमें मणिजाल, शुमा, शीघ्रोदा तथा पाला नाम की चार अधिक नदियों का उल्लेख है। मार्कण्डेय पुराण में इनसे मिलती-जुलती तीन नदियों का उल्लेख नहीं है। मा० पु० की कुछ नदियों का उल्लेख वाराह पुराण में नहीं है। इससे यह स्पष्ट है कि मा० पु०, वाराह पुराण तथा अन्य पुराणों में विन्ध्य से निकलनेवाली जिन नदियों का उल्लेख है उनका उद्‌गम विष्णु तथा ब्रह्म पुराणों में ऋक्ष में लिखा गया है। दशार्णा नदी के उद्‌गम के वर्णन में टालेमी मार्कण्डेय तथा उससे मिलते-जुलते पुराणों से सहमत प्रतीत होता है। परन्तु जब वह नर्मदा को विन्ध्य से निकलनेवाली नदी लिखता है तो यह मालूम पड़ता है कि वह उनसे पूर्णतया सहमत नहीं था। उसके इस भ्रम का कारण यह प्रतीत होता है कि उसने रेवा को विन्ध्य से तथा नर्मदा को ऋक्ष से निकलनेवाली मान लिया है। भागवत तथा वामन पुराणों में ये दोनों नदियाँ भिन्न-भिन्न मानी गई हैं, परन्तु स्कन्द पुराण के रेवा खण्ड में दोनों को एक ही नदी माना गया है। तथ्य तो यह है कि नर्मदा नदी का प्रधान स्रोत ऋक्ष से निकलकर विन्ध्य से निकलनेवाली तथा उत्तर-पश्चिम की ओर बहनेवाली रेवा के स्रोत से मिला है। यहाँ से दोनों का मार्ग एक ही हो गया है। मा० पु० की परम्परा के अनुसार ऋक्ष से नर्मदा के सम्बन्ध के विषय में हम ऋक्ष तथा पारियात्र को मध्यभारत तथा पश्चिमी भारत में विन्ध्य के ही दो ऊपरी शृंग समझते हैं अर्थात् ऋक्ष पूर्वी तथा पारियात्र पश्चिमी शृंग हैं। मध्यभारत में ऋक्ष तथा विन्ध्य से निकलनेवाली नदियाँ या तो गङ्गा, यमुना तथा सोन की सहायक हैं या चम्बल, ताप्ती या नर्मदा की।

परन्तु अभी तक इनमें से अनेक नदियों की पहिचान नहीं हो सकी।

शोण—इसको आजकल सोन कहते हैं। यह गंगा की निचली सहायक नदियों में सबसे बड़ी नदी है। प्राचीन काल में इसको शोण तथा हिरण्यवाह कहते थे। यह जबलपुर के आगे अमरकण्टक के समीप मेकल श्रृंखला से निकल कर उत्तर-पश्चिम की ओर बघेलखण्ड, मिर्जापुर तथा शाहाबाद जिलों में होकर बहती हुई पटना के पास गङ्गा से मिली है। मगध (दक्षिणी बिहार) में राजगृह (राजगिरि) के नीचे इसका नाम सुमागधा या सुमागधी भी था। बघेलखण्ड में इसमें दो बायीं ओर से तथा तीन दाहिनी ओर से सहायक नदियाँ मिली हैं तथा मिर्जापुर में एक बायीं ओर से और तीन दाहिनी ओर से। इसमें पलामू में एक तथा शाहाबाद में भी एक नदी मिली है। बघेलखण्ड की नदियों में जोहिला, मिर्जापुर की नदी रेंड तथा कन्हर प्रसिद्ध हैं। पलामू की नदी का नाम कोयल है। महाभारत के वनपर्व में वर्णित सोन की सहायक यतिरथा नदी की पहिचान अभी तक नहीं हो सकी है।

नर्मदा—मध्य भारत तथा पश्चिम भारत की प्रसिद्ध नदी नर्मदा मेकल श्रृंखला से निकल कर कुछ दक्षिण-पश्चिम की ओर बहती हुई भोपाल तथा मध्यप्रदेश की प्राकृतिक सीमा का कार्य करती है। यह इन्दौर होती हुई बम्बई के रेवा काँठे के आगे चलकर भड़ोच के समीप समुद्र में गिरती है। जब यह नदी दो बड़ी-बड़ी पर्वत-श्रृंखलाओं (विन्ध्य तथा सतपुड़ा) के मध्य से बहती है तब इन श्रृंखलाओं से निकलनेवाली अनेक छोटी-छोटी नदियाँ इसमें मिलती हैं। इन्दौर में घुसने के पूर्व बायीं ओर से तेरह तथा दाहिनी ओर से तीन नदियाँ इसमें मिली हैं। इसके आगे इसमें कोई नदी नहीं मिली। भारतीय साहित्य में इसके अनेक पर्याय मिलते हैं जैसे रेवा, सोमोद्भवा, मेकलसुता आदि। अन्तिम नाम इसके उद्गम की ओर संकेत करता है। मेकल श्रृंखला ऋक्ष के एक भाग का ही नाम है। विन्ध्य से मिली हुई अमरकण्टक की पहाड़ी रेवा का उद्गम है। मौडला के कुछ ऊपर रेवा नर्मदा में मिल गई है। उसके आगे दोनों का नाम नर्मदा हो जाता है। महाभारत के अनुसार नर्मदा अवन्ति राज्य की दक्षिणी सीमा का काम करती थी।

पारियात्र—पारियात्र अथवा पारिपात्र निषादों का मुख्य पर्वत है। बौधायन धर्मसूत्र १-१-२५ तथा पतञ्जलि के महाभाष्य ६-३-१०९ के अनुसार यह पर्वत आर्यावर्त की दक्षिणी सीमा है। स्कन्द पुराण कुमारी खण्ड के अनुसार यह मध्यभारत की दक्षिणी सीमा है। पार्जिटर ने भोपाल के पश्चिम विन्ध्य श्रृंखला के एक भाग को पारियात्र निर्णीत किया है। शाकटायन व्याकरण सूत्र २।२।७५ में लिखा है कि 'उत्तरो विन्ध्यात्पारियात्रः।' पार्जिटर ने भोपाल से पश्चिम विन्ध्य श्रृंखला के पश्चिमी भाग से लेकर राजपूताने के अड़ावला पर्वत तक की श्रृंखला को पारियात्र निश्चित किया है। पार्वती तथा पर्णाशा (बनास) से लेकर वेत्रवती (बेतवा) तक की कुल नदियों का उद्गम जिस भाग से हुआ है उसको पारियात्र कहते हैं।

चर्मण्वती—आधुनिक चम्बल का प्राचीन नाम चर्मण्वती था। यह अड़ावला श्रृंखला से निकलकर पूर्वी राजस्थान में से उत्तर-पूर्व की ओर बहती हुई आगरा के नीचे यमुना से मिली है। इसमें अनेक छोटी-मोटी नदियाँ मिली हैं जिनमें काली सिन्ध तथा वेरच उल्लेखनीय हैं। वेरच धुन्ध नदी में मिली है। धुन्ध के संगम के आगे दोनों सम्मिलित नदियों का नाम पर्णाशा हो जाता है। आजकल इसे बनास कहते हैं।

ऋक्ष, विन्ध्य तथा पारियात्र से सम्बद्ध अनेक छोटी-छोटी श्रृंखलाएँ हैं जैसे ऊर्ज्जयन्त, रैवतक, अर्बुद, कोलाहल, चित्रकूट, अमरकण्टक, वैभ्राज तथा वात्सवन आदि।

ऊर्ज्जयन्त—गुजरात में जूनागढ़ के समीप स्थित आधुनिक गिरनार का प्राचीन नाम ऊर्ज्जयन्त था। गिरनार की दूसरी ओर की श्रृंखला का नाम रैवतक है। राजस्थान के सिरोही राज्य में अड़ावला श्रृंखला का आबू पर्वत अर्बुद है। इसी पर वसिष्ठ का आश्रम था। बुन्देलखण्ड की एक छोटी पहाड़ी का नाम कोलाहल था। बाँदा जिले में चित्रकूट पर्वत है। मेकल श्रृंखला के एक भाग का नाम अमरकण्टक है। यह नागपुर जिले के गोंडवाने में स्थित है। इसी पर्वत से सोन तथा नर्मदा नदियाँ निकली हैं। अमर-

कण्टक का ही एक नाम सोम पर्वत तथा दूसरा सुरथाद्रि भी था। विहार में राजगृह के समीप का वैभार पर्वत प्राचीन वैभ्राज है।

उपर्युक्त पर्वतों के अतिरिक्त कुछ प्रसिद्ध पर्वतों के नाम पाणिनि की अष्टाध्यायी में आये हैं जिनमें से कुछ का निर्णय हो चुका है, जैसे—किंशुलकागिरि, शाल्वकागिरि, अञ्जनागिरि, भञ्जनागिरि,, लोहितागिरि, कुक्कुटागिरि, उदक पर्वतइत्यादि।

किंशुलकागिरि—भारत के उत्तर-पश्चिम किनारे अफ़गानिस्तान से बलूचिस्तान तक उत्तर-दक्षिण लम्बी पर्वतों की जो दीवार है उसी की बड़ी-बड़ी चोटियों के ये नाम जान पड़ते हैं। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल की धारणा है कि सिन्ध-बलूचिस्तान की सीमा पर उत्तर-दक्षिण विस्तृत हाला नामक पर्वत ही प्राचीन काल का शाल्वकागिरि है। उसके पश्चिम बलूचिस्तान की मकरान श्रृंखला सम्भवतः किंशुलकागिरि है। उस प्रदेश को आजकल भी हिंगुलाज देश तथा वहाँ की एक नदी को हिंगुला कहते हैं। हिंगुला किंशुलका का विकृत रूप जान पड़ता है। इस देश का प्राचीन नाम पारद भी था। यूनानी लेखकों ने इसे पारदीनी लिखा है, जो कि पाणिनि के पार्दायन तथा पार्दायनी से सम्बद्ध जान पड़ता है। मध्यकालीन साहित्य में पारद के अर्थ में हिंगुल शब्द का प्रयोग भी मिलता है। सम्भवतः लाल हिंगुल के उत्पत्ति-स्थान होने के कारण यह स्थान किंशुलक कहलाने लगा। किंशुक तथा किंशुलक एक ही शब्द के दो रूप हैं। हिंगुला देवी भी लाल रंग की मानी जाती हैं।

अञ्जनागिरि—सुलेमान पर्वत श्रृंखला का प्राचीन नाम अञ्जनागिरि था—यह ऊपर कहा जा चुका है।

लोहितागिरि—अफ़गानिस्तान में दो अन्य ऊँचे-ऊँचे पहाड़ हैं। एक मध्य अफ़गानिस्तान में काबुल के दक्षिण-पश्चिम कोह बाबा का पहाड़ और दूसरा उसके आगे उत्तर-पूर्व की ओर हिन्दूकुश पहाड़। इनमें हिन्दूकुश का प्राचीन नाम लोहितागिरि था। अर्जुन के दिग्विजय के प्रसङ्ग में काश्मीरविजय के पश्चात् लोहित जीतने का उल्लेख है। लोहितागिरि का ही दूसरा नाम रोहितगिरि था। पा० सू० ४।३।९१ की व्याख्या में काशिकाकारने रोहितगिरि की पर्वतीय आयुधजीवी जातियों की चर्चा की है। यह लड़ाकू जाति थी। इस प्रकार लोहितगिरि हिन्दूकुश हो सकता है। आजकल भी वहाँ के जन लड़ाकू स्वभाव के ही होते हैं। समस्त अफ़गानिस्तान का भी प्राचीन नाम रोह कहा जाता है और वहाँ के निवासी रोहेला अथवा रुहेला कहलाते थे।

भञ्जनागिरि—सुलेमान (अञ्जनागिरि तथा हिन्दूकुश (लोहितागिरि) के मध्य में स्थित कोह बावा पहाड़ अफ़गानिस्तान का केन्द्रीय जल-विभाजक है। यहीं से बिखरकर जलधाराएँ अफ़गानिस्तान की चारों दिशाओं में जाती हैं, अतः इस पर्वत का प्राचीन नाम भञ्जनागिरि हो सकता है; क्योंकि यह जलधाराओं को तोड़कर चारों ओर प्रवाहित होने के लिए बाध्य करता है।

कुक्कुटागिरि—यह पर्वत भी सम्भवतः इसी प्रदेश का कोई पर्वत हो सकता है। एक श्रृंखला कोह बाबा से पश्चिम की ओर हेरात तथा हरिरूद (सरयू) नदी के समानान्तर गयी है। वह कुछ नीची है। इस कारण ईरानी जन उसको उपरिश्येन (उपरिश्येन—बाज पक्षी के बैठने का अड्डा) कहते थे। यूनानियों ने उसका नाम परोयमिस लिखा है। यह बाह्लीक (बल्ख) के दक्षिण की पर्वतमाला है। इसी का भारतीय नाम कुक्कुटागिरि प्रतीत होता है।

उदक पर्वत—इस पर्वत का निर्णय अभी तक नहीं हो सका है।

सिन्धु—सिन्धु जनपद प्राचीन काल में सिन्ध नदी के पूर्वी किनारे की तरफ फैला हुआ अर्थात् सिन्धसागर दोआब समझा जाता था। यह जनपद सिन्ध तथा झेलम नदियों के मध्य में स्थित है। पाणिनि ने सिन्धु शब्द से सिन्धुक (सिन्ध का निवासी), सैन्धव (जिसके पूर्वज सिन्ध जनपद में रहे हों, नमक, घोड़ा) सक्तुसिन्धु (जिनको सत्तू प्रिय हो) तथा पानसिन्धु (जिनको पेय पदार्थ प्रिय हों) आदि बने हुए शब्दों का उल्लेख किया है, जिनके आधार पर यह कहा जा सकता है कि सिन्धु जनपद प्राचीन काल में दो भागों में विभक्त था, एक का नाम था सक्तुसिन्धु तथा दूसरे का पानसिन्धु।

सक्तुसिन्धु सम्भवतः उत्तरी सिन्ध के लिए प्रयुक्त होता था। डेरा इस्माईल खाँ की ओर आजकल भी वहाँ के

निवासियों का प्रिय भोजन सत्तू है, वह सौगात में भी भेजा जाता है।

पानसिन्धु दक्षिणी सिन्ध का नाम हो सकता है; क्यों कि वहाँ के निवासी पानप्रिय होते थे। महाभारत द्रोण पर्व ७६।१८ में जयद्रथ को क्षीरान्नभोजो कहा गया है। जयद्रथ सौवीर (आधुनिक सिन्ध) के उत्तरी भाग का तथा उसके ऊपर दक्षिणी सिन्ध का राजा था। वहाँ के जन का प्रधान भोजन क्षीर था। पा० सू० ८।४।६ का उदाहरण है 'क्षीरपाणा उशीनराः।' उशीनर जनों में क्षीरपान का पर्याप्त प्रचार था। चेनाव के पश्चिम सिन्ध तथा पूरब उशीनर जनपद (आधुनिक झंगमघिआना) थे। आजकल भी मान्टेगुमरी से लैयादेराजात तक का प्रदेश उत्तम जाति की गायों के लिए प्रसिद्ध है। चरक, चिकित्सास्थान ३०।११७ से भी यहाँ की क्षीरपान-प्रथा की पुष्टि होती है।

सौवीर—आधुनिक सिन्ध प्रान्त अथवा सिन्ध नदी के निचले काँठे का प्राचीन नाम सौवीर था। इस जनपद की राजधानी रोरुव (रौरुक) वर्तमान रोड़ी थी। यहाँ बसनेवाले जन सौवीर कहलाते थे। महाभारत के आदि पर्व से ज्ञात होता है कि सौवीर गन्धर्वों की एक उप-जाति के जन थे। इस देश में अनेक प्रकार की उत्तम वस्तुएँ पायी जाती थीं, जैसे सौवीरा। अमरसिंह ने अपने कोश में इसका एक पर्याय काञ्जी लिखा है। यह एक प्रकार का पेय पदार्थ है, परन्तु भावमिश्र भावप्रकाश, सन्धानवर्ग द्वितीय भाग में लिखते हैं कि 'सौवीरन्तु यवैरामैः पक्वैर्वा निस्तुषैः कृतम्। गोधूमैरपि सौवीरमाचार्याः केचिदूचिरे।' अमर सिंह ने २।९।१००३३ गन्धक से बनाये गये सुरमे को (सौवीर) लिखा है। अञ्जन बनाने के काम में आनेवाले सीसे को भी (सौवीर) कहते हैं। वर्तमान काल में डेरा इस्माईल खाँ में सुरमे का निर्माण प्रचुर मात्रा में होता है। आगे चलकर उन्होंने ही लिखा है कि 'सौवीरं वदरं घोण्टा कोलं कुबलफेनिले' २।४।३६। अर्थात् उन्नाव को भी सौवीर कहते हैं। महाभारत में सिन्धु तथा सौवीर की चर्चा साथ-साथ की गई है। इससे यह प्रतीत होता है कि ये दोनों जनपद आस-पास ही थे। पाणिनि ने कुछ सौवीर गोत्रों का उल्लेख भी (४।१।१५०) में किया है जिनसे फाण्टाहृतायनि, मैमृतायनि आदि शब्द बनाये हैं। आजकल भी सिन्धी जन के नामों के अन्त में जो आनी देखा जाता है उसका मूल प्रत्यय पाणिनि का आयनि प्रत्यय ही प्रतीत होता है, जैसे वस्वानी, असरानी, कृपलानी आदि। इससे भी सौवीर के निर्णय की पुष्टि होती है। एक गोत्र का नाम भागवित्ति था जिनकी पहिचान बुगतियों से की जाती है। ये लोग आजकल सिन्ध के उत्तरी भाग में पाये जाते हैं।

अपकर—पाणिनि सूत्र ४।३।३२ के अनुसार अपकर एक जनपद का नाम जान पड़ता है। यह सिन्धु के समीप ही रहा होगा; क्योंकि उक्त सूत्र में दोनों का प्रयोग एक साथ किया गया है। वहाँ का निवासी अपकरक तथा वहाँ उत्पन्न होनेवाला पदार्थ अपकरक कहलाता था। सम्भवतः जिला मियाँवाली के भक्खर का प्राचीन नाम अपकर रहा हो, क्योंकि इसकी स्थिति की एक विशेषता है। यहीं सिन्ध नदी को पार कर गोमती (आधुनिक गोमल) के किनारे गोमल दर्रे से होकर गजनी मार्ग जाता था। महमूद गजनवी इसी मार्ग से भारत आता-जाता था।

पारस्कर—पाणिनि सूत्र ६।१।१५७ में एक प्रदेश-विशेषबोधक (पारस्कर) शब्द का प्रयोग मिलता है। शब्द-साम्य से यह सिन्ध जनपद के पूर्वी एक जिला थरपारकर का प्राचीन नाम जान पड़ता है। सिन्धी भाषा में 'थर' शब्द मरुस्थल का वाचक है। कच्छ के इरिण (रन्न) प्रदेश के उत्तर का समस्त भाग पारस्कर में सम्मिलित प्रतीत होता है।

शर्करा—वर्तमान रोड़ी के उस पार सिन्ध नदी के दाहिने किनारे का प्रसिद्ध स्थान सक्खर प्राचीन काल का शर्करा है। पाणिनि ने ४।२।८३ सूत्र से शर्करा, शर्कर, शर्करिक, शार्करिक, शार्कर तथा शार्करीय रूपों को बनाया है।

दात्तामित्री—सौवीर जनपद में काशिकाकारने दात्तामित्री नाम की एक नगरी का उल्लेख किया है। एक यूनानी राजा डिमिट्रिअस था। उसने भारत पर शासन किया था। उसको भारतीय जन दत्तामित्र कहते थे। प्राकृत में इसका नाम दिमित्र अथवा दिमित था। उससे बसाई गई नगरी का नाम दात्रामित्री रहा होगा, परन्तु उसकी स्थिति का निर्णय अभी तक नहीं हो

सका है। नासिक गुफा के लेखों में दात्तामित्री नगरी के निवासी दानदाता का उल्लेख दातामितीयक नाम से हुआ है।

ब्राह्मणक—अष्टाध्यायी ५।२।७१ के आधार पर ब्राह्मणक एक देश का नाम प्रतीत होता है। यूनानी लेखकों ने इसका नाम ब्राखमनोई लिखा है। यह सिन्ध प्रदेश के मध्य में मीरपुरखास से लगभग पचीस मील उत्तर वर्तमान ब्राह्मणावाद हो सकता है। राजशेखर की काव्यमीमांसा में प्रयुक्त ब्राह्मणवह भी इसी का नाम है। अरब भूगोल लेखक अबूरिहाँ ने इसका नाम बमनहवाँ (ब्राह्मणवह का ही विकृत रूप) लिखा है।

शौद्रायण—ब्राह्मणक जनपद से मिला हुआ शूद्रों का भी एक जनपद था। पाणिनि के ऐषुकारिगण में शौद्रायण का उल्लेख मिलता है। इस गण के सभी नाम निवासिजन के ही नाम पर रखे गये हैं। पतञ्जलि ने अब्राह्मणक तथा अवृषलक देशों का उल्लेख किया है। सम्भवतः अब्राह्मणक संज्ञा शौद्रायण की तथा अवृषलक ब्राह्मणक जनपद की रही हो। ब्राह्मणक जनों के समान शौद्रायण जनों ने भी सिकन्दर से युद्ध किया था। यूनानी लेखकों ने शौद्रायण जनों को सोडराई लिखा है। डायडोरस ने सोडराइयों को सिन्ध नदी के पूर्वी तट के प्रदेश में तथा मस्सनइयों को पश्चिम तट के प्रदेश में रहनेवाले लिखा है। टालेमी ने मस्सनई का शुद्ध रूप मुसरनई दिया है जो कि पाणिनि का मसुर अथवा मसूरकर्ण है। मिठनकोट से नीचे सिन्ध नदी के पश्चिम मुजरक का जिला प्राचीन मसूरकर्ण प्रदेश था।

मुचकर्ण—यूनानी लेखकों के अनुसार सिकन्दर ने शौद्रायण तथा मसूरकर्णों से सन्धि करने के पश्चात् सिंध देश के मुसकर्ण नामक प्रदेश में प्रवेश किया था; जो कि उस समय भारत का सबसे समृद्धिशाली प्रदेश कहा जाता था। पाणिनि का मुचकर्ण यही हो सकता है। ये लोग उपरले सौवीर जनपद में शौद्रायण के दक्षिण रहते थे। कनिंघम के अनुसार इनकी राजधानी अलोर (आधुनिक रोहक) नगर थी।

वर्णु—अष्टाध्यायी ४।२।१०३ में वर्णु शब्द का उल्लेख है। उपरिलिखित सूत्र की व्याख्या में काशिकाकार ने 'वर्णु' शब्द को देशवाचक तथा नदवाचक लिखा है—"वर्णुर्नाम नदस्तत्समीपो देशो वर्णुः"। इस व्याख्या से मालूम पड़ता है कि कुर्रम राज्य के अन्तर्गत कुर्रम कहलानेवाली नदी ही प्राचीन काल में बन्नू की घाटी में प्रवेश करने पर वर्णु कहलाती थी। वर्णु नदी का समीपस्थ प्रदेश पा० सू० ४।२।७७ के अनुसार वार्णव कहलाता था। आधुनिक बन्नू का प्राचीन नाम वर्णु था। बन्नू घाटी में कुर्रम नदी (वैदिक क्रमु) तथा गम्बिल अथवा तोची नदियाँ बहती हैं। ये दोनों सम्मिलित होकर सिन्ध में मिली हैं। यद्यपि आधुनिक बन्नू (एडवर्डसबाद) सन् १८४८ ई० में बसाया गया तथापि बन्नू घाटी—जिसके कारण नगर का नाम बन्नू पड़ा—का नाम प्राचीन ग्रंथों में उपलब्ध होता ही है।

उद्भाण्ड—अटक के उत्तर कुछ मील की दूरी पर ओहिन्द नाम का नगर है। इसी का प्राचीन नाम उदभाण्ड था। यह काबुल नदी (कुभा) के तट पर स्थित है। प्राचीन काल में यह व्यापार का बड़ा भारी केन्द्र था। प्राचीन काल में पूर्व भारत से गान्धार जनपद तक जानेवाला मार्ग उत्तर पथ कहलाता था, सम्भवतः उसी के स्थान पर आजकल शाही सड़क (Grand trunk Road) बनायी गयी है। पा० सू० ५।१।७७ में उत्तर पथ का उल्लेख है। यह उत्तरपथ यूनानी लेखकों को भी ज्ञात था। उदभाण्ड इसी मार्ग पर स्थित था। सिन्ध नदी को पार करके बाहर जानेवाली व्यापारिक वस्तुएँ उदभाण्ड में एकत्र होती थीं और वहाँ से व्यापार के लिए इधर-उधर जाती थीं। पाणिनि का जन्म-स्थान सलातुर (लहुर) उदभाण्ड से केवल चार मील की दूरी पर कुभा-सिन्धु (काबुल-सिन्ध) के सङ्गम के कोण में स्थित है। उदभाण्ड से साठ मील पूर्व गन्धार की पूर्वी राजधानी तक्षशिला थी तथा उसकी पश्चिमी राजधानी पुष्कलावती (चारसड्ढा) साठ ही मील पश्चिम की ओर थी।

वाहीक—वाहीक एक विशिष्ट जाति के जन थे। इनका निवासस्थान भी वाहीक कहलाता था। वाहीक जन सिन्ध तथा सतलज के मध्यवर्ती प्रदेशमें रहते थे। कर्ण पर्व (महाभारत) में उल्लेख है कि वाहीक जन पवित्र भारत के बाहर पञ्जाब की पांच नदियों तथा

सिन्ध से सिक्त प्रदेश में निवास करते थे। इससे यह भी विदित होता है कि पंजाब की पाँच नदियों शुतुद्रु (सतलज), विपाशा (व्यास), इरावती (रावी), चन्द्रभागा (चनाव) तथा वितस्ता (झेलम) में सिन्ध की गणना नहीं की जाती थी। "वहिष्कृता हिमवता गङ्गया च बहिष्कृता। सरस्वत्या यमुनया कुरुक्षेत्रेण चापि ये॥ पञ्चानां सिन्धुषष्ठानां नदीनां येऽन्तरे स्थिताः। तान् धर्मवाह्यानशुचीन् वाहीकानपि वर्जयेत्॥ पञ्चनद्यो वहन्त्येता यत्र पीलुवनान्युत। शुतद्रुश्च विपाशा च तृतीयैरावती तथा। चन्द्रभागा वितस्ता च सिन्धुषष्ठा बहिर्गिरेः। आरट्टा नाम ते देशा नष्टधर्मा न तान् व्रजेत्। पञ्चनद्यो वहन्त्येता यत्र निःसृत्य पर्वतात्। आरट्टा नाम बाहीका न तेष्वार्यो द्वचहं वसेत्॥" उपर्युक्त नदियों के पाँचों सम्मिलित स्रोत सिन्ध में मिलने से पहिले पञ्चनद कहलाता है जैसा कि पा० सू० ५।४।७५ से भी स्पष्ट होता है।

वाहीक जनपद की सीमा का ठीक-ठीक निर्णय करना असम्भव है। व्याकरण साहित्य में अनेक वाहीक ग्रामों के नाम आये हैं। उनमें से कुछ का निर्णय हो चुका है परन्तु अभी अनेक ग्रामों का निश्चय करना शेष है। इतना तो निश्चय ही है कि वाहीक जनपद में मद्र, केकय तथा शिवि अथवा उशीनर अवश्य सम्मिलित थे। उशीनर प्राचीन काल के भारत की एक विशिष्ट जाति के जन थे। शिवि नाम के एक प्रसिद्ध राजा के नाम पर उस जाति के जन शिवि भी कहलाने लगे। जनपद के कारण उशीनर तो कहलाते ही थे। पा० सू० ४।२। ११८ के आधार पर ज्ञात होता है, कि उशीनर वाहीक जनपद में सम्मिलित था। पाणिनि ने उशीनरों के लिए एक विशेष सूत्र २।४।२० लिखा है जिससे ज्ञात होता है कि ये लोग पर्याप्त प्रसिद्ध तथा प्रभावशाली जन थे। ऊपर उद्धृत सूत्रों पर वामन की व्याख्या से यह ज्ञात होता है कि वाहीक जनपद में निम्नलिखित प्रदेश भी सम्मिलित थे—सुशमि, अह्वर, अह्वजाल तथा सुदर्शन। परन्तु इनमें से अभी किसी की पहिचान न हो सकी। केवल अह्वर को कुछ विद्वान् पुराणमीर मानते हैं जैसा कि जनरल कनिंघम ने लिखा है कि उनको वहाँ पर कुछ भग्नावेशष प्राप्त हुए थे। यूनानी लेखकों के आधार पर यह तो निश्चय है कि शिवि जन झेलम-चनाव दोआव में रहते थे। महाभारत में उल्लेख है कि सौवीर शिवियों से भिन्न जन थे। वामन ने पा० सू० ८।४।९ की व्याख्या में लिखा है कि उशीनर दूध पीनेवाले तथा वाहीक सौवीर पीनेवाले होते हैं। पा० सू० २।४।२० से ज्ञात होता है कि सौवीर एक पेय पदार्थ होता है। उशीनर देश मोटे सूती कपड़ों के लिए प्रसिद्ध था।

पाणिनि ने उशीनर जनपद के ऐसे स्थानों का उल्लेख किया है जिनके अन्त में कन्था शब्द जुड़ा रहता था, जैसे—सौशमिकन्थ, चिह्णकन्थ, आह्वरकन्थ आदि। कन्था शब्द का शक भाषा में नगर अर्थ होता है। महाभारत में उशीनर जनपद के एक राजा का नाम शिवि लिखा है—वनपर्व १९४।२। शिवियों की राजधानी शिविपुर थी जो कि आधुनिक शेरकोट (झंग जिले की एक तहसील) है। शेरकोट में प्रचुर मात्रा में अवशेष पाये गये हैं। कावेरी नदी के तट पर रहनेवाले शिवि इनसे भिन्न थे।

पाणिनि ने वाहीक जनपद के ग्राम तथा नगरों में कोई भेद नहीं किया है। दोनों को पर्याय के रूप लिखा में है। इसका कारण यह प्रतीत होता है कि वाहीक जनपद के ग्राम भी नगर के समान ही समृद्धिशाली थे। यूनानी लेखकों ने लिखा है कि वाहीक जनपद में लगभग पाँच सौ समृद्धिशाली नगर थे।

संकल—पाणिनि सूत्र ४।२।७५ में नगरवाचक संकल शब्द का उल्लेख मिलता है। सम्भवतः झंग जिले के संगलवाला टीबा का प्राचीन नाम संकल रहा हो। यह कठ क्षत्रियों का निवासस्थान था।

कत्रि—पा०सू०४।२।९५ में 'कत्रि' शब्द प्रयुक्त हुआ है। अनुमान किया जाता है कि अल्मोड़ा जिले का 'कत्यूर' प्राचीन काल का कत्रि रहा होगा।

फलकपुर—पा०सू०४।२।१०१ में इसकी चर्चा है। जालन्धर जिले का वर्तमान फिल्लौर प्राचीन काल का फलकपुर हो सकता है।

मार्देयपुर—उपरिलिखित पा०सू० में ही इसकी भी चर्चा है। बिजनौर जिले का आधुनिक मडावर प्राचीन काल का मार्देयपुर प्रतीत होता है; क्योंकि यह स्थान अति प्राचीन जान पड़ता है।

चक्रवाल—पा०सू०४।२।८० में इसका नाम आया है। सम्भवतः यह जिला झेलम का वर्तमान चकवाल है।

संडु-खंडु—पा०सू०४।२।७७ में इनका उल्लेख है। सिल्वांलेवी इनको अटक के समीप आधुनिक उंड तथा खुंड मानते हैं—(जर्नल एशियाटिक सोसायटी १९१५ पृ० ७३)

पर्शु—वराहमिहिर ने बृहत्संहिता १४।१८ में इस देश को भारत के नैर्ऋत्य कोण में स्थित लिखा है। उसी में ८०।२ यहाँ के मोतियों की खान का भी वर्णन है। यहाँ के मोती श्वेतवर्ण, गुरु तथा महागुणकारी होते हैं। वराहमिहिर के वर्णन के आधार पर इस देश को सागर के तट पर स्थित होना चाहिये। पं० गिरीशचन्द्र का अनुमान है कि यह बसरा का ही प्राचीन नाम है, क्योंकि यह भारत के नैर्ऋत्य कोण में सागर के तट पर स्थित है तथा यहाँ उत्तम प्रकार के मोती भी पाये जाते हैं।

पाणिनि ने ५।३।११७ में इस शब्द का उल्लेख किया है। इस देश में रहनेवाली जाति पर्शव तथा एक व्यक्ति पार्शव कहा जाता था। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल लुडविग तथा वेवर के आधार पर पर्शु को फारस मानते हैं। ऋग्वेद ८।६।४६ में भी पर्शु का उल्लेख मिलता है। कीथ भी पारस को ही पर्शु मानते हैं। शब्दसाम्य से भी फारस ही प्राचीन पर्शु जान पड़ता है।

मद्र—मद्र जनपद का निर्णय पूर्णतया हो चुका है। मद्र जन रावी-झेलम दोआब में रहते थे। उक्त दोआब को मद्र जनपद कहते थे। यह जनपद बाहीक का उत्तरी भाग था। इस जनपद की राजधानी शाकल (स्यालकोट) थी जो कि आपगा (अय्यक) नदी के तट पर स्थित थी। यह छोटी नदी जम्मू की पहाड़ियों से निकलकर स्यालकोट होती हुई चेनाब से मिलती है। पतञ्जलि ने शाकल की गणना बाहीक ग्रामों में की है। महाभारत काल में इस देश का राजा शल्य था। मत्स्यपुराण के अनुसार सत्यवान् के पिता अश्वपति ने भी इस जनपद पर शासन किया था। कुछ विद्वानों की धारणा है कि मद्रदेश भी बाहीक नाम से पुकारा जाता था। सम्भव है कि मद्र जनपद बाहीक का भाग होने के कारण उस नाम से भी सम्बोधित होता रहा हो। हेमचन्द्र के अभिधानचिन्तामणि के अनुसार इस जनपद का एक नाम टक्क भी था—'बाहीकाष्टक्कनामानो बाह्लीका बाह्लिकाह्वयाः।'' ४।२५। जेनरल कनिंघम ने लिखा है कि टक्क नाम के जन अब भी रावी के समीपवर्ती पर्वतों पर मिलते हैं। उनका मुख्य व्यवसाय कृषि है।

पा०सू० ४।२।१०८ से विदित होता है कि पाणिनि काल में यह जनपद दो भागों में विभक्त था—पूर्वमद्र तथा अपरमद्र। रावी तथा झेलम नदियों के मध्य में चेनाब नदी बहती है। चेनाब तथा रावी के मध्य का भाग (स्यालकोट तथा गुजरांवाला) पूर्वमद्र एवं चेनाब तथा झेलम के मध्य का भाग अपरमद्र कहलाता था। कथासरित्सागर में लिखा है—''शाकलं नाम मद्रेषु बभूव नगरं पुरा। चन्द्रप्रभाख्यस्तत्रासीद्राजाङ्गारप्रभात्मजः॥'' ४४।१७। उसी के आगे लिखा है ''संगमं चन्द्रभागाया इरावत्याश्च यत्र ते। स्थिताः सूर्यप्रभस्यार्थे राजानो मित्रबान्धवाः।''४६।२। अर्थात् शाकल (स्यालकोट) चन्द्रभागा (चेनाब) तथा इरावती (रावी) के संगम के समीप स्थित था।

श्युआन चुआंग के समय (सातवीं शताब्दी) शाकल के अवशेष पाये जाते थे। पा०सू०४।३।१२८ पर वामन की व्याख्या से विदित होता है कि शाकल नाम का एक महान् गणितज्ञ वहाँ रहता था। पा०सू०४।२।११७ की व्याख्या में वामन ने शाकल के बाद मन्थु नाम के एक अन्य नगर का उल्लेख किया है जो कि सम्भवतः आधुनिक मुण्ड हो सकता है।

मद्र जनपद में जर्तिक नाम के जन भी रहते थे। सम्भवतः ये जन जाटों के पूर्वपुरुष हो सकते हैं। वर्तमान काल में पंजाब के अधिकतर भागों में जाट पाये जाते हैं। जर्तिक जन मद्र शासकों की प्रजा थे। कुछ विद्वानों ने जर्तिक तथा आरट्ट को मद्र का पर्याय माना है, परन्तु इसका समर्थक कोई पुष्ट प्रमाण अभी तक उपलब्ध नहीं हुआ। आरट्ट देश घोड़ों के लिए प्रसिद्ध था—'आरट्टजश्चटुलनिष्ठुरपातमुच्चैश्चित्रञ्चकार पदमर्द्धपुलायितेन।' ''माघ ५।१०। पञ्जाब के पूर्वोत्तर प्रदेश में आज भी उत्तम जाति के घोड़े पाये जाते हैं। रावलपिंडी में गुजरात के जन आज भी अपने जिले को हैरट अथवा ऐरट कहते हैं। यह आरट्ट का विकृत रूप मालूम पड़ता है। राजतरङ्गिणी ५।१५० में उल्लेख है कि टक्क देश गुर्जरराज (गुजरात का राजा) के अधीन था। पुराणों में टक्क का उल्लेख नहीं मिलता।

वैदिककालीन भारत में मद्रजनों का उच्च स्थान था। प्राचीन ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि उत्तर भारत के ऋषि वेदाध्ययन के लिए मद्र जनपद जाया करते थे। वृहदारण्यक ३।७।१ में उद्दालक आरुणि ने याज्ञवल्क्य से कहा है कि मैं यज्ञाध्ययन के लिए मद्र जनपद में पतञ्जल कापेय्य के घर रहता था। ऐतरेय ब्राह्मण ८।१४।३ में मद्र के एक भागविशेष का नाम उत्तरमद्र भी मिलता है। वह हिमालय के आगे उत्तर कुरु के समीप था।

गन्धार—पा० ने अष्टाध्यायी ४।१ ६९ में इस जनपद का नाम गान्धारि लिखा है। यहाँ के राजा तथा राजकुमार गान्धार कहे जाते थे, परन्तु उन्हीं के गणपाठ में इसका नाम गन्धार मिलता है। यूनानी लेखकों ने इस जनपद को गन्दराइ तथा गन्धराइति लिखा है। वह गान्धारि शब्द के अधिक निकट जान पड़ता है। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल का अनुमान है प्राचीन काल में किसी व्यक्तिविशेष का नाम गान्धारि था उसी के आधार पर उसके जनपद का नाम भी गान्धारि हो गया। यह जनपद काबुल नदी की घाटी से तक्षशिला तक विस्तृत था। इस जनपद की दो राजधानियाँ थी। पश्चिमी गन्धार की राजधानी पुष्कलावती थी। वह सुवास्तु (स्वात) तथा कुभा (काबुल) नदियों के सङ्गम पर स्थित थी उसका आधुनिक नाम चारसड्डा है। मार्कण्डेय पुराण ५७।३९ में "पुष्कलाः" नाम के एक जनपदविशेष का उल्लेख भी मिलता है। बहुत सम्भव है गन्धार के एक अङ्ग को पुष्कल भी कहते हों, अत एव उस भाग की राजधानी का नाम पुष्कलावती पड़ गया। इस जनपद की पूर्वी राजधानी तक्षशिला थी।

उड्डियान—सुवास्तु तथा गौरी (पञ्जकोरा) नदियों के मध्य में एक छोटे से जनपद का नाम उड्डियान था। वह भी गन्धार का ही एक भाग था। वहाँ के बने हुए कम्बल (पाण्डुकम्बल) अधिक प्रसिद्ध थे। इस कम्बल से प्राचीन काल में रथ सजाये जाते थे। यह लाल रंग का होता था और विशेषतया इससे सैनिक रथ मढे जाते थे। वेस्सन्तरजातक ६।५०० में उल्लेख हैं कि ये पाण्डु कम्बल गान्धार जनपद (उड्डियान) से आते थे। जातकों में तो यहाँ तक लिखा है कि पाण्डु कम्बल राजसिंहासन पर तथा राजगजेन्द्र पर बिछाये जाते थे। वर्तमान काल में भी स्वात घाटी में उत्तम श्रेणी के कम्बल बनते हैं।

कम्बोज—यह एक प्राचीनतम जनपद हैं। हरिवंश पुराण १३, ७६३, ६४; ७७५।८३ में लिखा है कि राजा सगर ने यवनों के वेष-भूषा के अनुसार उनके सिरों को मुड़वा कर उनका अपमान किया था—'अर्द्धंशकानां शिरसो मुण्डयित्वा व्यसर्जयत्।· यवनानां शिरः सर्वं काम्बोजानां तथैव च॥ पारदा मुक्तकेशाश्च पल्लवाः श्मश्रु-धारणैः॥ निःस्वाध्यायावषट्काराः कृतास्तेन महात्मना॥ महाभारत तथा जातककथाओं तथा कौटिल्य के अर्थशास्त्र में कम्बोज के घोड़ों की बड़ी प्रशंसा मिलती है अतः जान पड़ता है कि वहाँ उत्तम जाति के घोड़े प्रचुर मात्रा में पाये जाते थे।

आयुर्वेद के ग्रन्थों में माषपर्णी (बन उड़द) का एक पर्याय काम्बोजी मिलता है—"हयपुच्छी तु काम्बोजी माषपर्णी महासहा" अमर० २।४।१६८। कालिदास ने—"काम्बोजाः समरे सोढुं तस्य वीर्यमनीश्वराः। गजालानपरिक्लिष्टैरक्षोटैः सार्द्धमानताः॥" रघुवंश ४।६९। ज्ञात होता है कि कम्बोज में अखरोट प्रचुरता से पाये जाते थे। डा० राक्सवर्ग का कहना है कि भारत के ठीक उत्तर तथा पूर्वोत्तर प्रदेश में अखरोट साधरणतया पाया जाता है। महाभारत सभापर्व २७।२२,२३ में लिखा है कि अर्जुन ने बल्ख-विजय के पश्चात् काम्बोजों के साथ दरद जनों को पराजित किया था। दरद जन वर्तमान हुंजा तथा गिलगित प्रदेश के निवासी थे। हिन्दूकुश पहाड़ ने बल्ख से इस प्रदेश को पृथक् कर दिया है, अतः यह कहा जा सकता है कि काम्बोज हिन्दूकुश के समीपवर्ती प्रदेश के निवासी थे। एल्फिन्स्टन का कहना है कि इस प्रदेश के निवासी काफिर लोग अब भी अपने को कमोह कहते हैं।

लैसन ने कम्बोज को काश्कर के दक्षिण तथा आधुनिक काफिरिस्तान के पूर्व माना है। रायस डेविड के अनुसार यह जनपद भारत के ठीक पश्चिमोत्तर प्रदेश में स्थित था। कम्बोज की राजधानी द्वारका (सौराष्ट्र की द्वारका नहीं) थी। यह मध्य एशिया के पठारों से उतरकर वंक्षु नदी (आक्सस) को पार कर भारत में प्रवेश करने का द्वार था,

अतः उसका नाम द्वारका पड़ा। आजकल उसको 'दर्वाज' कहते हैं।

पाणिनि के आधार पर कहा जा सकता है कि यह एक राज जनपद था। पं० जयचन्द्र विद्यालंकार पुष्ट प्रमाणों के आधार पर हिन्दूकुश के उत्तर-पूर्व बदख्शाँ से पामीर तक विस्तृत प्रदेश को कम्बोज मानते हैं। उनका कहना है कि आजकल भी वंक्षु के ऊपर के प्रदेश में तथा पामीर की गल्चा भाषा में जाने के अर्थ में शव् धातु का प्रयोग प्रचुरता से पाया जाता है, जो कि 'शवतिर्गतिकर्मा कम्बोजेष्वेव भाष्यते' से ठीक सङ्गत होता है। महाभारत में कम्बोज तथा वाह्लीक का उल्लेख एक साथ मिलता है, अतः मालूम पड़ता है कि ये दोनों जनपद पड़ोसी थे। डा० मोतीचन्द ने भी इसी स्थापना का समर्थन किया है। उनका कहना है कि कम्बोज का ईरान से भी सम्बन्ध अवश्य था। कश्मीर के राजा मुक्तापीड ललितादित्य अवन्ति को जीतकर उत्तर की ओर गये—राजतर० ४।१६३। वहाँ काम्बोजों को पराजित कर उनके घोड़ों को छीना। तुखार के जन अपने घोड़ों को छोड़कर भाग गये। इनके वाद भौट्टों तथा दरदों का उल्लेख है। वल्विस्तान, वोलन तथा दरदिस्तान की स्थिति निश्चित हो जाने के कारण कम्बोज अब काफिरिस्तान, बल्ख, बदख्शाँ तथा पामीर में ही हो सकता है। बौद्ध साहित्य से भी इसी की पुष्टि होती है। पेतवत्थु की टीका परमत्थदीपिनी में कम्बोज के साथ द्वारका का नाम भी आया है। जैसा कि पहिले कहा जा चुका है कि यह काठियावाड़ की द्वारका से भिन्न द्वारका है। मध्यकालीन अरब के भूगोल लेखक इद्रिसी के वर्णन से भी कम्बोज की स्थिति पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। वह बदख्शाँ के सौन्दर्य, उर्वरा भूमि, घोड़े, खच्चर, रंगविरंगे बहुमूल्य पत्थर, कस्तूरी आदि का वर्णन कर चुकने पर कहता है कि बदख्शाँ कनोज की सीमा पर है। इसमें सन्देह नहीं कि इद्रिसी का अभिप्राय आधुनिक कन्नौज से नहीं था प्रत्युत कम्बोज से था। 'कनोज' कम्बोज का ही विकृत रूप है। यह भी स्पष्ट ही है कि उसके समय कम्बोज की सीमा संकुचित हो गई थी; क्योंकि उसने बदख्शाँ का उल्लेख पृथक् राज्य के रूप में किया है।

प्राचीन काल में कम्बोज तथा परमकम्बोज जनपद उस समस्त भूभाग में विस्तृत था जिसमें बरवी, शिघ्नी, सरीकोली, जेबकी, संग्लची अथवा इश्काश्मी, मुञ्जानी, युद्घा और याघ्नोबी आदि गल्चा भाषा की शाखायें मुख्यतः पामीर, वंक्षु के ऊपरी भाग तथा पश्चिम में बदख्शाँ तक बोली जाती हैं।

रघुवंश ४।७० से ज्ञात होता है कि कम्बोज की उपज में रत्न मुख्य थे। मार्कोपोलो नामक यात्री ने बदख्शाँ के नीलम तथा लाल रत्नों की प्रशंसा की है। कप्तान वुड ने वंक्षु के उद्गम की यात्रा में वंक्षु नदी के दाहिने तट पर घरन जिले में इश्काश्म से बीस मील की दूरी पर लाल रत्न की खानों को सुना था तथा कोक्चा नाम की घाटी में नीलम की खानों को स्वयं देखा भी था। बदख्शाँ की चाँदी की खानें भी प्रसिद्ध थीं।

आजकल पञ्जाब में कम्बोह नामक कृषक जाति के कुछ जन पाये जाते हैं। समझ में नहीं आता कि कम्बोजों से उनका कैसा सम्बन्ध था। उनमें अनेक अनुश्रुतियाँ प्रचलित हैं। कुछ लोग अपने को कश्मीर से आया हुआ मानते हैं। कुछ लोग गढ़ गजनी को अपना मूल निवासस्थान मानते हैं। उनका कहना है कि महाभारत के युद्ध में उनके पूर्वज कौरवों की सहायता के लिये आये थे। उनका नेता सोदक्ष था, वह अपने अधिकांश सहचरों के साथ युद्ध में मारा गया। शेष जन नाभा में बस गये। कुछ लोगों की धारणा है कि कम्बोह शब्द ईरानी 'कइ' तथा 'अम्बोह' से बना हुआ समस्तपद है। अतः ये जन ईरान के 'कइ' वंश के हैं। परन्तु यह विचारणीय है कि अधिकांश अनुश्रुतियों से यह मालूम पड़ता है कि इनका मूल निवास सिन्ध के पार था तथा इनका सम्बन्ध ईरानियों से अवश्य है, अतः ये जन पामीर के प्राचीन कम्बोज ही हैं। महाभारत उद्योगपर्व में लिखा भी है कि 'सुदक्षिणश्च काम्बोजो यवनैश्च शकैस्तथा।१८।२१। सुदक्षिण का ही विकृत रूप सोदक्ष जान पड़ता है। उसके मारे जाने पर उसके अनुयायी पञ्जाब में ही रह गये होंगे।

कम्बोज घोड़ों तथा खच्चरों के लिये ही प्रसिद्ध न था; प्रत्युत बकरों, चूहों तथा कुत्तों के ऊन से बने दुशालों के लिए भी प्रसिद्ध था। महाभारत के उपायन पर्व में वर्णन है—"और्णान् वैलान् वार्षदंशान् जातरूपपरिष्कृतान्। प्रावाराजिनमुख्यांश्च काम्बोजः प्रददौ बहून्। अश्वांस्तित्तिरकल्माषांस्त्रिशतं शुकनासिकान्। उष्ट्रवामीस्त्रिशतं च

पुष्टान् पीलुशमीङ्गुदैः ।" सभापर्व ५१-३-४। 'बैल' शब्द केवल विशिष्ट जाति के चूहों का ही वाचक नहीं, प्रत्युत बिलों में रहनेवाले अन्य जानवरों का भी वाचक है। वृषदंश साधारणतया बिल्ली का पर्याय माना जाता है; परन्तु यह कुत्ते का भी पर्याय हो सकता है, क्योंकि इसका खण्डार्थ बैलों को काटनेवाला भी है।

द्व्यक्ष—डा० मोतीचन्द के अनुसार बदख्शाँ का प्राचीन नाम द्व्यक्ष था। इसी का फारसी रूप बदख्शां है क्योंकि दोनों का अर्थ 'दो आँखवाला' होता है। महाभारत में द्व्यक्ष, त्र्यक्ष तथा ललाटाक्ष इन तीन जनपदों के नाम साथ-साथ आये हैं।

त्र्यक्ष—मार्कण्डेयपुराण में त्र्यक्ष के लिये त्रिनेत्र शब्द का प्रयोग किया गया है। सम्भवतः यह ऊपरी चित्राल का प्राचीन नाम हो; क्योंकि विड्डल्फ इसको 'तुरिखो' कहते हैं जो कि त्र्यक्ष का ही विकृत रूप जान पड़ता है।

ललाटाक्ष—इसके विषय में कुछ भी ज्ञात नहीं है। डा० मोतीचन्द का अनुमान है कि यह लद्दाख का प्राचीन नाम हो सकता है।

वरणावती—पा० सू० ४।२।८२ के उदाहरणों में वरणा नाम की एक नगरी का उल्लेख मिलता है। काशिकाकारने पा० सू० ४।२।८५ की व्याख्या में वरणावती नाम की नदी का उल्लेख किया है। इसी का नाम वीरणावती भी था। अथर्ववेद ४।१।७ की वरणावती यही है। यूनानी लेखकों ने 'ओरनोस' नाम के एक दुर्ग का उल्लेख किया है। आर्लस्टाइन ने उसको वरणा ही निश्चित किया है। यह स्थान पर्वतों से घिरा हुआ है। यह आश्वकायनों की राजधानी थी। यहीं सिकन्दर तथा आश्वकायनों में घमासान युद्ध हुआ था। इसी स्थान के समीप वरणावती हो सकती है।

सुवास्तु—इस नदी का नाम वैदिक काल से मिलता आ रहा है। आजकल इसको स्वात कहते हैं। इसमें पश्चिम की ओर गौरी (पञ्जकोरा) नाम की एक नदी मिलती है। इन्हीं नदियों के बीच उड्डियान नाम का जनपद था। यह जनपद गन्धार का ही भाग था। सुवास्तु तथा गौरी नदियों के मध्य में आश्वकायन जाति के वीर जन रहते थे। इनकी राजधानी मशकावती (मस्सग) थी।

मशकावती—मशकावती नदी का भी नाम है। प्राचीन काल में स्वात के निचले भाग को स्थानीय जन मशकावती भी कहते थे। उसके तट पर स्थित होने के कारण नगरी का नाम भी मशकावती पड़ गया। पतञ्जलि ने पा० सू० ४।२।७१ के भाष्य में मशकावती का उल्लेख नदी के रूप में किया है।

पुष्कल—सुवास्तु तथा क्रुभा के सङ्गम का समीपवर्ती देश पुष्कल नाम से भी प्रसिद्ध था। इसकी राजधानी पुष्कलावती (चारसद्दा) थी। पुष्कलावती नाम की एक नदी भी है। पा० सू० ४।२।८५; ६।१।२१९ तथा ६।३।११९ में काशिकाकारने पुष्कलावती का उल्लेख नदी के रूप में किया है। मशकावती की भाँति स्वात नदी के ही निचले भाग को स्थानीय जन प्राचीन काल में पुष्कलावती कहते थे। यूनानी लेखकों ने लिखा है कि इस प्रदेश में अस्तेनेनोई नाम के एक लड़ाकू जाति के जन रहते थे। सम्भवतः ये जन पाणिनि के हास्तिनायन ही थे।

अम्बष्ठ—टालेमी के अनुसार यह देश अम्बुतल जाति के लोगों का निवासस्थान था। ये लोग टाकी के पूर्ववर्ती प्रदेश में रहते थे, जो कि वर्तमान लाहौर का जिला हो सकता है। मत्स्यपुराण में अम्बष्ठा, वृषला तथा सौवीर, मद्र का साथ-साथ उल्लेख मिलता है—'सुव्रतस्य तथाम्बष्ठा कुशस्य वृषला पुरी' ४८।२०। अमरकोश में अम्बष्ठ को यूथिका (जुही), पाठा, चुक्र (चुक्, अम्लवेत) का पर्याय लिखा है। लाहौर जिले में उक्त वस्तुएँ प्रचुरता से उपलब्ध होती हैं। पा०सू०४।१।१७०,१७१ तथा ८।३।९७ की व्याख्या में वामन ने अनेक बार अम्बष्ठ का उल्लेख किया है। महाभारत के अनुसार अम्बष्ठ जन कौरवों के पक्ष से महाभारत युद्ध में लड़े थे। इनकी गणना औदीच्यों में की गयी है। यूनानी लेखकों ने 'संबस्तइ' या 'अम्बस्तनोई' इन्हीं के लिये लिखा है। ये जन चेनाब नदी के निचले भाग में रहते थे। टाकी तथा लाहौर के मध्य में अम्बा कापा नामक गाँव आज भी वर्तमान है। बहुत सम्भव है यह प्राचीन काल में अम्बष्ठों का मुख्य नगर रहा हो।

बार्हस्पत्य अर्थशास्त्र पृ०२१ (F.w.Thomas)

में सिन्ध के संगम के पास अम्बष्ठ देश की चर्चा है। अम्बष्ठसुत्त में अम्बष्ठ ब्राह्मण कहे गये हैं। इसके विपरीत स्मृतियों में इनको ब्राह्मण तथा वैश्य से उत्पन्न संकर जाति का कहा गया है। जातकों के अनुसार ये कृषि करते थे। मालूम पड़ता है कि इस जाति के जन प्रथमतः लड़ाकू स्वभाव के थे, उनमें से कुछ लोगों ने पौरोहित्य, कृषि तथा चिकित्सा आदि को अपना व्यवसाय बना लिया। मनुस्मृति १०।४७ में इनकी चिकित्सा के व्यवसाय की चर्चा मिलती है—'अम्बष्ठानां चिकित्सितम्।'

पौर—मत्स्यपुराण में सौवीर, केकय तथा मद्रों के साथ पौर जनों की चर्चा की गयी है; परन्तु उनके स्थान का उल्लेख नहीं किया गया है। सिकन्दर के इतिहासलेखकों ने दो पौरों की चर्चा की है। उनमें से एक पौर झेलम के समीपवर्ती प्रदेश में रहते थे जो सम्भवतः संस्कृत साहित्य के पौरव ही थे। दूसरे चेनाव के बाहर रहते थे जो पौरों के शासक थे। इस आधार पर यह कहा जा सकता है कि पौर जन आरट्ट तथा अम्बष्ठ के मध्यवर्ती प्रदेश में रहते थे।

सुदास—वाल्मीकि रामायण में इस जनपद का नाम आया है। यह जनपद वाहीक सेपृथक् था, क्योंकि रामायण ही में लिखा है कि जो दूत भरत को उनके मामा के यहाँ से लेकर लौटे तो वे सुदास जनपद के उत्तर से वाहीक जनपद के मध्य से आये। भरत को केकय से लौटने में उतने ही दिन लगे थे जितने दिनों में दूत वहाँ पहुँचे थे। भरत की यात्रा में उन स्थानों की चर्चा नहीं की गयी है जिनकी चर्चा दूतों के जाने में की गयी थी। सम्भवतः नवीनता के ध्यान से ऐसा किया गया।

भरत ने सर्वप्रथम पञ्जाव की चार बड़ी नदियों—ह्लादिनी—शोर मचानेवाली झेलम, दूरपारा—चौड़े पाटवाली चेनाव, तिर्यक्स्रोता—टेढ़ी-मेढ़ी बहनेवाली रावी तथा शुतुद्रु—सतलज को पार किया। तत्पश्चात् यमुना को पार कर अहिस्थल (रामनगर) के समीप हिरण्यवती नदी को पार कर तोरण के दक्षिण वारणस्थल पहुँचे। तोरण तथा वारणस्थल का निर्णय नहीं हो सका है। हिरण्यवती सम्भवतः रामगंगा हो सकती है जिसकी सहायक नदी कोसी 'कुमारसम्भव' में वर्णित महाकोसी है (कु०स० ६।३३)।

वारणस्थल से चलकर भरत वरूथ तथा उज्जिहान गये। अभी तक इनका भी परिचय नहीं प्राप्त हो सका है। उज्जिहान के आगे उन्होंने उत्तर से आनेवाली नदी को पार किया। वह नदी गुर्रा हो सकती है। इसके बाद उन्होंने कुछ और अपरिचित स्थानों से होते हुए अयोध्या के पश्चिम गोमती को पार किया। अयोध्या पहुँचने के पहिले वे कलिङ्ग नगर भी गये थे। प्लिनी ने गङ्गातट पर स्थित एक कलिङ्ग नगर की चर्चा की है। सम्भव है यह नगर कलिङ्ग शासित होने के कारण उक्त नाम से सम्बोधित होता रहा हो, परन्तु वह कहाँ था—अभी तक ज्ञात नहीं हो सका।

सुदास जनपद कहाँ था? इस विषय में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह मद्र जनपद के उत्तर रहा होगा। इसको सिन्ध नदी के पूर्व ही कहीं होना चाहिये। मालूम पड़ता है कि इसी का दूसरा नाम शौद्रायण था जिसका उल्लेख ऊपर किया जा चुका है। यूनानी लेखकों ने इसी जनपद को सोडरोई लिखा है। इस जनपद के निवासियों ने भी सिकन्दर से युद्ध किया था।

केकय—यूनानी लेखकों ने कहीं भी इसकी चर्चा नहीं की है। उन्होंने एक जाति कैथेयी का उल्लेख अवश्य किया है जो कि चेनाव के पूर्व के निवासी थे। उनका रहन-सहन तथा वेश-भूषा सौवीरों की-सी थी। स्ट्रैबो ने लिखा है कि इस जाति के जन बड़े सुंदर होते थे। वाल्मीकि रामायण से भी ज्ञात होता है कि राजा दशरथ कैकेयी का अत्यधिक समादर इसी कारण करते थे कि वह सभी रानियों में अत्यधिक रूपवती थी। वर्तमान कत्त्यवर के कत्ति जन लम्बे, हृष्ट-पुष्ट तथा गौर वर्ण के होते हैं। ये लोग सिन्धु तट से निर्वासित होकर यहाँ आये थे। इससे प्रतीत होता है कि ये ही जन संस्कृत साहित्य के केकय हैं। महाभारत में भी सैन्धवों के साथ-साथ केकयों का उल्लेख कहीं नहीं मिलता। विष्णुपुराण ४–१४–१० में लिखा है कि श्रीकृष्ण की एक बूआ केकयराज से व्याही थीं।

पं० भगवद्दत्त की धारणा है कि प्राचीन वर्णु (बन्नू) केकय जनपद का एक भाग था, क्योंकि बन्नू के पास भरत

तथा कक्की नाम के दो ग्राम अब भी वर्तमान हैं। उन्हीं के पास अक्करा नाम का एक दूसरा भी ग्राम है। मालूम पड़ता है कि भरत के मामा ने इन ग्रामों को भरत को भेंट में दिया था। इसके विपरीत डा० वासुदेवशरण ने लिखा है कि केकय जनपद वर्तमान झेलम, शाहपुर तथा गुजरात प्रदेश का प्राचीन नाम था, जिसमें सैन्धव पर्वत (खिउड़ा की नमक की पहाड़ी) है। केकय जनपद एक राज जनपद था। वहाँ के निवासी कैकेय कहलाते थे। पाणिनि के भर्गादिगण में केकय का नाम आया है। डा० अग्रवाल के मत का समर्थन वाल्मीकि रामायण से होता है। जब भरत को बुलाने के लिए अयोध्या से दूत केकय की राजधानी गिरिव्रज गये थे तो उनकी यात्रा के वर्णन में सबसे बड़ी तथा प्रसिद्धतम नदी सिन्ध के विषय में एक शब्द भी नहीं कहा गया, अतः यह निर्विवाद है कि गिरिव्रज सिन्ध नदी के पूर्व तथा झेलम के पश्चिम ही था।

गिरिव्रज—यह केकय जनपद की राजधानी का नाम था। गिरिव्रज का शब्दार्थ होता है पर्वत-समूह। अतः नमक की पहाड़ियों के मध्य में ही कहीं इसको ढूँढ़ना चाहिये। नमक की पहाड़ी झेलम से सिन्ध तक विस्तृत है। यदि भारत के मानचित्र में नमक की पहाड़ी की समतल भूमि में स्थित वर्तमान जलालपुर से एक सीधी रेखा सरयू तट पर स्थित अयोध्या तक खींच दी जाय तो वाल्मीकि रामायण में वर्णित दूत-यात्रा में आये हुए स्थान ठीक-ठीक उसी रेखा पर पड़ेंगे। जलालपुर के समीप एक प्राचीन किला है। आजकल लोग उसको गिरिझक कहते हैं। इसका भी अर्थ पर्वतसमूह ही है। कहा जाता है कि इसको भरत ने बनवाया था। सम्भवतः यही प्राचीन गिरिव्रज है, यहां प्राचीन मुद्राएँ प्रचुरता से पायी गयी हैं। जेनरल कनिंघम के अनुसार इसी गिरिझक को प्राचीन गिरिव्रज कह सकते हैं।

सौभूत—पाणिनि सूत्र ४।२।७५ में सौभूत नाम के एक स्थान की चर्चा है। यूनानी लेखकों ने सोफाइट नाम के एक स्थान को चर्चा की है। सम्भव है इसी का प्राचीन नाम सौभूत रहा हो। यह स्थान भयंकर कुत्तों के लिए विख्यात था। इससे मालूम पड़ता है कि यह स्थान केकय जनपद में ही खिउड़ा के आस-पास कहीं रहा होगा। वाल्मीकि रामायण से ज्ञात होता है कि यहाँ भयंकर दांत-वाले विशालकाय कुत्ते होते थे। वे केकयराज के भवन में पाले जाते थे। इसी कारण पाणिनि ने उन कुत्तों का पर्याय कौलेयक लिखा है।

कश्मीर—आधुनिक पञ्जाब के उत्तर कश्मीर प्रदेश स्थित है। इसकी चर्चा रामायण में कहीं नहीं मिलती। कुरुक्षेत्र के महायुद्ध में भी यहाँ के किसी राजा के भाग लेने की चर्चा नहीं की गयी। महाभारत में इस देश की चर्चा से असभ्य जाति की ओर संकेत अवश्य किया गया है। इससे जान पड़ता है कि यह प्रदेश प्राचीन काल में आर्यों से शासित न था प्रत्युत यहाँ असभ्य जन रहा करते थे। उनका सभ्य जगत् से सम्बन्ध नहीं के समान था। हरिवंशपुराण में वर्णन है कि कश्मीर के राजा गोनर्द ने मथुरा पर आक्रमण करने के समय जरासन्ध की सहायता की थी—'कश्मीर-राजो गोनर्दो दरदाधिपतिर्नृप।'—हरिवंश ४९७१, परन्तु यह उल्लेख नहीं किया गया कि वह म्लेच्छ अथवा आर्य था। मुद्राराक्षस में पारसीक, सिन्धु मलय तथा कुलूत (कुलू) राजाओं के साथ कश्मीर के राजा पुष्कराक्ष को भी म्लेच्छ कहा गया है—'तस्य म्लेच्छराजस्य बलस्य-मध्यात् प्रधानतमाः पञ्च राजानः परया भक्त्या राक्षसमनु-वर्तन्ते, तथा हि—कौलूतश्चित्रवर्मा मलयनरपतिः सिंहनादो नृसिंहः। काश्मीरः पुष्कराक्षः क्षतरिपुमहिमा सैन्धवः सिन्धुषेणः। मेधाक्षः पञ्चमोऽस्मिन् पृथुतुरगबलः पारसीका-धिराजः।''—मुद्राराक्षस १-२।

त्रिकाण्डशेष में कश्मीर का एक पर्याय कीर भी मिलता है। ''अथ कश्मीरे कीराः स्युः शास्त्रशिल्पिनः'' भूमिवर्ग ८। जेनरल कनिंघम ने इसकी पुष्टि में लिखा है कि 'कश्मीरी जन कीर तथा म्लेच्छ भी कहे जाते हैं। हेमचन्द्र ने कश्मीरियों का एक पर्याय माधुमत भी दिया है—'काश्मीरास्तु माधुमताः' ४।२४। माधुमत शब्द मधुमती (सिन्ध) से बना हुआ है। इस प्रदेश का विस्तार भिन्न-भिन्न समय में चाहे जितना भी रहा हो परन्तु प्राचीन काल में हिमालय तथा पीर पञ्जाल की पहाड़ी का मध्यवर्ती भाग कश्मीर जनपद में अवश्य सम्मिलित था।

कश्मीर जनपद वितस्ता (व्यास) से सिक्त है। वामन ने पा० सूत्र १।४।३१ की व्याख्या में ठीक ही लिखा है कि ''कश्मीरेभ्यो वितस्ता प्रभवति।'' कश्मीर केशर के

विख्यात है इसीलिये केशर को कश्मीरजन्मा अथवा कश्मीरज कहते हैं। "कुचकश्मीरजचिह्नमच्युतोरः।" माघ २०।१६। भावमिश्रने तीन प्रकार की केशरों की चर्चा करते हुये कश्मीर के केशर को सर्वोत्तम लिखा है—"कश्मीरदेशजे क्षेत्रे कुङ्कुमं यद्भवेद्धि तत्। सूक्ष्मकेशरमारक्तं पद्मगन्धि तदुत्तमम्। वाह्लीकदेशसञ्जातं कुङ्कुमं पाण्डुरं मतम्। केतकीगन्धयुक्तं तन् मध्यमं सूक्ष्मकेशरम्। कुङ्कुमं पारसीके यन्मधुगन्धि तदीरितम्। ईषत्पाण्डुरवर्णं तदधमं सूक्ष्म-केशरम्" ॥ भाव प्र०भा० १। अमरकोश में कमल की जड़ के लिये एक पर्याय कश्मीर लिखा है—"मूले पुष्करकाश्मीर-पद्मपत्राणि पौष्करे" अमर–२–४।१४५ हेमचन्द्र ने श्रीपर्णी (खँभारी) का एक पर्याय काश्मीरी लिखा है। अतः उपर्युक्त वस्तुएँ कश्मीर में प्रचुरता से पायी जाती हैं।

जेनरल कनिंघम ने कश्मीर के एक प्राचीन तथा प्रधान नगर का वर्णन भी नगरी के नाम से किया है जिसको सम्राट् अशोक ने बसाया था तथा वह कश्मीर की वर्तमान राजधानी श्रीनगर के समीप ही स्थित थी। वर्तमान श्रीनगर को कश्मीर के एक राजा प्रवरसेन ने बसाया था। राजतरङ्गिणी में तीन अन्य नगर हुस्कपुर, जुस्कपुर तथा कनिष्कपुर का भी उल्लेख मिलता है। बारामूला के दो मील दक्षिण-पूर्व स्थित वर्तमान उस्कर का प्राचीन नाम हुस्कपुर, श्रीनगर से चार मील उत्तर आधुनिक तक्रू प्राचीन जुस्कपुर तथा श्रीनगर से दस मील दक्षिण वर्तमान कर्णपुर का प्राचीन नाम कनिष्कपुर हो सकता है। श्रीनगर से दक्षिण-पूर्व सत्रह मील दूर वितस्ता के दक्षिण तट पर स्थित अवन्ति वर्मा का बसाया हुआ अवन्तिपुर है, राजतरङ्गिणी ५-४४ में इसका भी उल्लेख है।

श्रीनगर से दक्षिण-पूर्व ही आठ मील की दूरी पर वितस्ता के ही तट पर स्थित वर्तमान पामपुर का प्राचीन नाम पद्मपुर था। वेलूर घाटी के पश्चिम वितस्ता के दोनों तटों पर बसा हुआ सोपुर का प्राचीन नाम शूरपुर था। राजतरङ्गिणी में कश्मीर के और भी अनेक स्थानों का नाम मिलता है। बारामूला का प्राचीन नाम वराहमूल था। वेलूर घाटी के दक्षिण राबी तट पर स्थित चम्बा को प्राचीन काल में 'चम्पा' कहते थे। चेनाब की सहायक नदी तोही के तट पर प्राचीन राजपुर था, जिसको आजकल राजौरी कहते हैं। बारामूला के दक्षिण आधुनिक मानचित्र का पूँछ प्राचीन काल का पर्णोत्स हो सकता है। राजतरंगिणी में कश्मीर के निवासियों को खश कहा गया है। उसी में आगे चलकर खशों को विल्ववन का निवासी भी लिखा है—"खशकान् विल्ववनजान् मध्येकृत्य नृपान्तिकम्।" इससे ज्ञात होता है कि खशजन कश्मीर के दक्षिण के वनों तथा पर्वतों पर रहते थे तथा वहाँ विल्व के वृक्षों की अधिकता थी। महापद्मसर सम्भवतः वेलूर झील का प्राचीन नाम हो।

जेनरल कनिंघम ने लिखा है कि कश्मीर प्राचीन काल में क्रम राज्य तथा मडव राज्य नाम के दो बड़े जिलों में विभक्त था जो स्थानीय बोलचाल की भाषा में कमराज तथा मिराज कहे जाते थे। रा० त० के आधार पर कहा जा सकता है कि फलपुर तथा परिहासपुर (वितस्ता तथा सिन्ध के सङ्गम पर स्थित) तथा वूलर झील के पश्चिम का सोपुर कमराज में थे अन्य नगर मिराज में, दोनों राज्यों की विभाजक रेखा वितस्ता थी।

द्रुमती—कश्मीर में द्रुमती नाम की एक नदी की चर्चा मिलती है। महाभाष्यकार पतञ्जलि को यह नदी ज्ञात थी, सम्भवतः वह वर्तमान द्रास नदी हो सकती है।

देविका—पा० सू० ७।३।१ में देविका नदी का नाम आया है। उक्त सूत्र की व्याख्या में भाष्यकार ने उदाहरण दिया है-'देविकाकूलाः शालयः' अर्थात् देविका नदी के तट पर उत्पन्न होनेवाला धान। वर्तमान समय में भी इस नदी के तट पर उत्तम श्रेणी का धान उत्पन्न होता है। विष्णुधर्मोत्तर पुराण खण्ड १।१६७।१८ में लिखा है कि 'उमा देवीति मद्रेषु देविका या सरिद्वरा', इससे ज्ञात होता है कि यह नदी मद्र देश में भी बहती थी। वामन पुराण अध्याय ८४ से ज्ञात होता है कि जम्मू की पहाड़ी से निकल कर स्यालकोट, शेखूपुरा जिलों में होती हुई राबी में मिलनेवाली देग नदी का ही प्राचीन नाम देविका था क्योंकि अब भी यह नदी प्रतिवर्ष वर्षा ऋतु में अपने दोनों तटों पर उपजाऊ मिट्टी प्रचुर मात्रा में छोड़ देती है, इस कारण उस मिट्टी में उत्तम श्रेणी के धान पैदा होते हैं। आजकल भी पञ्जाब में स्यालकोट के चावल की पर्याप्ति प्रतिष्ठा है, वे ही देविकाकूल चावल हैं।

मिद्य—पा० सू० ३–१–११५ में मिद्य नाम के एक नद का उल्लेख है। यह जम्मू से निकलनेवाली बई नदी का ही प्राचीन नाम हो सकता है। गुरुदासपुर जिले में रावी से मिलती है। कालिदास के रघुवंश ११–८ से ज्ञात होता है कि मिद्य तथा उद्धय नाम की दोनों नदियाँ ग्रीष्म काल में सूख जाती हैं परन्तु वर्षा ऋतु में इनका वेग बड़ा प्रबल होता है। 'मिनत्तिकूलम् मिद्यो नदः। उज्झत्युदकम् उद्धयो नदः।' उपर्युक्त सूत्र की व्याख्या से भी यही मालूम पड़ता है।

उद्धय—वर्तमान उमा नदी का ही प्राचीन नाम उद्धय था। यह नदी जम्मू के जसरोत जिले से होकर पंजाब के गुरदासपुर जिले में रावी से मिली है। काशिका के उद्धयेरावति तथा मिद्येरावति उदाहरणों से यह स्पष्ट हो जाता है कि ये दोनों नदियाँ राबी की सहायक हैं। जिस प्रकार गंगाशोणम् तथा गंगा-यमुने आदि उदाहरणों से प्रधान तथा सहायक नदियों के नामों को मिलाकर समास किया गया है उसी प्रकार इन दोनों को भी मिलाकर समस्त पद बनाया गया है।

दरद—कश्मीर के उत्तर-पश्चिम अर्थात् गिलगिट-हुंगा प्रदेश प्राचीन काल में दरद जनपद के नाम से प्रसिद्ध था। वर्तमानकाल में भी गिलगिट की घाटी में दरद जन पाये जाते हैं। महाभारत वन पर्व १७७–१२ में चीनियों तथा तुखारों (तातारों) के साथ हिमालय के उत्तर भी इनकी स्थिति का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। वामन ने पा० सू० ४।२।८३ की व्याख्या में सिन्ध नदी का उद्गम दरद जनपद में लिखा है—"दरदात् प्रभवति दारदी सिन्धुः।" उपर्युक्त व्याख्या से यह ज्ञात होता है कि किसी समय दरदजन कश्मीर के राजा के अधिकार में स्थित ललाटाक्ष (लद्दाख) तक फैले हुये थे।

सर्वप्रथम लिट्नर ने दरदों के निवासस्थान का नाम दरदिस्तान रक्खा था। उन्होंने दरदिस्तान में हिन्दूकुश तथा काघन के मध्यवर्ती समस्त प्रदेश को उसमें सम्मिलित किया है। उन्होंने दरदों में केवल शिनकी के पर्वतीय भाग में रहनेवाली जाति को ही नहीं सम्मिलित किया प्रत्युत चिलसिस, अस्तोरिम्रस, हुञ्ज के जनों को तथा चित्राली और काफिरों को भी उनमें सम्मिलित किया है। प्राचीन संस्कृत साहित्य में दरद जनपद संकुचित था क्योंकि उसमें चित्रालियों, काफिरों तथा हुञ्जों के देशों का पृथक्-पृथक् उल्लेख मिलता है। 'दरद' शब्द का प्रयोग केवल दरद भाषाभाषी अर्थात् शीन भाषा-भाषियों गिरगिट, गुरेज, चिलस तथा सिन्ध और स्वात के कोहिस्तान के ही लिये किया गया है। विडल्फ के अनुसार (दरदिस्तान की भाषायें तथा जातियाँ। द्वितीय भाग पृष्ठ ४५–४८) 'दरद' शब्द का फारसी रूप 'दूएद' (बलिपशु) है। जिस प्रकार दह्यु (लुटेरा) शब्द से दहिस्तान देश तथा 'दहेइ' जाति का नामकरण हो गया। चित्राल प्रदेश में 'दरद' शब्द पूर्णतया अप्रचलित है।

महाभारत द्रोणपर्व दरदों को पर्वतीय तथा कश्मीर और कम्बोज का पड़ोसी कहता है। मनु १०।४३, ४४ के अनुसार धार्मिक कृत्यों को त्याग देने से दरदों ने अपने क्षत्रियत्व को नष्ट कर दिया। इनकी गणना पारदों के समान म्लेच्छों में की गयी है। वर्तमानकाल में भी दरदों तथा कम्बोजों में कुछ समान प्रथायें प्रचलित हैं। विडल्फ ने उनकी एक विलक्षण प्रथा का उल्लेख भी किया है। इस प्रथा का नाम 'कोवह' (गोवध) है। किसी के घर किसी सम्मानित अतिथि के आने पर यह प्रथा सम्पन्न की जाती है। अतिथि के आने पर उसको अतिथिशाला में ले जाकर उसके सामने एक बैल खड़ा कर दिया जाता है। अतिथि अपनी तलवार निकालकर एक ही प्रहार में उस बैल की गर्दन काट देने का प्रयत्न करता है। यदि अतिथि स्वयं ऐसा करना न चाहे तो वह अपने किसी अनुयायी को उस प्रथा को सम्पन्न करने के लिये नियुक्त कर देता है। अन्त में वह शव उसके अनुचरों में वितरित कर दिया जाता है। वर्तमानकाल में भी यह प्रथा शिघ्नान, बदख्शाँ, वरवान, चित्राल, यासिन, गिलगिट हुंज तथा नगर में प्रचलित पायी जाती है। अतः उक्त प्रदेश का ही प्राचीन नाम दरद जनपद होना सङ्गत प्रतीत होता है।

सलातुर—महावैयाकरण पाणिनि का जन्म स्थान सलातुर था, इसी कारण इनको सालातुरीय कहते हैं। सलातुर पेशावर के पश्चिमोत्तर सिन्ध तथा कुभा के संगम के कोण में स्थित ओहिन्द से चार मील पश्चिम स्थित है। आज-कल इसको लहुर कहते हैं। यहाँ एक कुँआ वर्तमान

है। जिसको तत्स्थानीयजन पाणिनि-कूप कहते हैं। आर्य तथा अनार्य सभी स्थानीयजन अपने अपने छोटे बच्चों को उस कूप का जल इस दृष्टि से पिलाते हैं कि उनकी बुद्धि पाणिनि के समान प्रखर हो जाय। इस प्रचलित परम्परा से यह निश्चित किया जाता है कि इसी स्थान का प्राचीन नाम सलातुर था। भारत के पश्चिमोत्तर सीमा-प्रदेश में जन्म होने के कारण उनकी प्रधान कृति अष्टाध्यायी में उसके आस-पास के देश, नगर, ग्राम, वन, नदी पर्वत अदि के नाम प्रचुरता से मिलते हैं।

कूचवार—पा० सू० ४।३।६४ में वर्मती, कूचवार तथा तूदी का नाम आया है। वर्मती आधुनिक बीमरान का प्राचीन नाम हो सकता है। कूचवार चीनी तुर्किस्तान में उत्तरी तारिम अपत्यका का प्राचीन नाम प्रतीत होता है क्योंकि आज-कल उसको कूचा कहते हैं। चीनी भाषा में उसी को कूची कहते हैं। यह प्राचीन राज्य था। चीन से पश्चिम जानेवाले रेशम के मार्ग पर यह एक प्रसिद्ध व्यापार-केन्द्र था। चीन के व्यापारी तुरफान से कूचा होकर काश्गर जाते थे और वहाँ से कम्बोह (पामीर) बाह्लीक होते हुये भारत पहुँच जाते थे।

कापिशी—अष्टाध्यायी ४।२।६६ सूत्र में प्रयुक्त कापिशी अपने हरे अंगूरों के लिये प्रख्यात थी—कापिशायनी द्राक्षा। यहाँ एक विशेष प्रकार की सुरा बनती थी जो भारत में भी आती थी उसको 'कापिशायन' कहते थे। कापिशायनं मधु। कापिशी नगरी में प्राप्त वहाँ के सिक्कों पर हाथी का चित्र बना हुआ है जो ऐरावत (इन्द्र का वाहन) प्रतीत होता है। श्युआन चुआँग ने इसका नाम कियापेशी लिखा है जो कि काबुल नदी के उत्तर आधुनिक ओपिआन मानी जाती है। रामकृष्ण गोपाल भण्डारकर के अनुसार अफगानिस्तान का उत्तरी भाग कपिशा नाम से प्रसिद्ध था। प्रो० लैसन के अनुसार गुर्वद नदी की तलहटी में कपिशा थी। किसी समय यह गन्धार जनपद की राजधानी थी। उनका कहना है कि आजकल भी अफगानिस्तान के उत्तरी भाग में अंगूर प्रचुरता से पाया जाता है अतः प्राचीन कपिशा वहीं थी। डा० वासुदेवशरण की धारणा है कि कापिशी कापिशायन प्रान्त की राजधानी थी। काबुल से उत्तरपूर्व हिन्दूकुश के दक्षिण आधुनिक बेग्राम प्राचीन कापिशी है। इस स्थान पर एक प्रस्तर अभिलेख प्राप्त हुआ है जिसमें कापिशी का उल्लेख है, अतः बेग्राम का ही प्राचीन नाम कापिशी हो सकता है।

उरसा—पा० सू० ४।२।८३ की वामन की व्याख्या में तथा महाभारत सभापर्व २७।१६ में उरसा की चर्चा मिलती है। जेनरल कनिंघम तथा श्युआन् चुआँग ने इसको कश्मीर तथा तक्षशिला के मध्य में मुजफ्फराबाद के पश्चिम स्थित माना है। आजकल उसको 'रुश' कहते हैं। राजतरङ्गिणी के आधार पर इस प्रदेश को सिन्ध नदी से कुछ दूर कश्मीर की सीमा पर स्थित होना चाहिये। डा० वासुदेव शरण का मत है सिन्ध तथा कृष्णगङ्गा—झेलम के मध्य का प्रदेश जो कि पश्चिमी गन्धार तथा अभिसार (वर्तमान पूँछ रजौरी) के मध्य में है वही प्राचीन उरसा है। आजकल उसको 'हजारा' कहते हैं। अष्टाध्यायी ४।२।१२४ की की व्याख्या में वामन ने अभिसारी को अभिसारक लिखा है।

अभिसार—राजतरङ्गिणी के अनुसार इस देश में दार्व जन रहते थे। "शूरं दार्वाभिसारेशं शर्वर्यां नरवाहनम्" रा० त० ५।२०८। दार्व का नाम महाभारत में भी आया है "ततस्त्रिगर्त्ताः कौन्तेयं दार्वाः कोकनदास्तथा। क्षत्रिया बहवो राजन्नुपावर्तन्त सर्वशः॥" २७।१८। अभिसार देश को अपेक्षाकृत उष्ण प्रदेश भी होना चाहिये; क्योंकि कश्मीर के राजा शीत काल में निवास करने के लिये अभिसार जाया करते थे—"शीते दार्वाभिसारादौ षण्मासान् पार्थिवोऽवसत्।" रा० त०। १–१८०। जेनरल कनिंघम के मानचित्र में यह स्थान तक्षशिला तथा उरसा के मध्य में स्थित दिखाया गया है। बहुत सम्भव है आजकल के डूँगर का प्राचीन नाम दार्व रहा हो।

कच्छ—अष्टाध्यायी ४।२।१३३ में कच्छ जनपद का उल्लेख है। यह जनपद सिन्ध के ठीक दक्षिण है। पाणिनि ने कच्छ के निवासियों को काच्छक, उनके हँसने तथा बोलने के ढंग को भी काच्छक तथा उनके सिर के बालों को काच्छिका लिखा है। कच्छी बोली में वाक्य के अन्तिम भाग को कुछ शीघ्रता से बोलते हैं, अतः उनकी बोली में विशेषता होने के कारण उसके लिये काच्छक का प्रयोग किया जाता था। कच्छ जनपद के लोहाने क्षत्रिय प्रसिद्ध हैं। पाणिनि ने नडादिगण में नाडायन, चारायण के समान

लौहायन शब्द सिद्ध किया है। यह अनुमान किया जाता है कि लोहाने का ही प्राचीन नाम लौहायन है। लोहाने क्षत्रिय आजकल भी अपने सिर के बालों को विलक्षण ढंग से बनवाते हैं। यही कारण है कि उनके बालों के लिये भी एक विशेष नाम रखना पड़ा। काशिकाकारने इसी सूत्र के प्रत्युदाहरण में कच्छी बैलों को काच्छक कहा है। यहाँ के बैलों का सींग पतला होता है। ये बैल आकार में तो छोटे होते हैं, परन्तु बड़े चंचल होते हैं; अतः उनका भी विशेष नाम रखना पड़ा।

पाणिनि ने एक दूसरे सूत्र ४।२।१२६ में कच्छान्त देश-वाची शब्दों का उल्लेख किया है। जैसे—दारु-कच्छ, पिप्पली-कच्छ आदि। दारु कच्छ से काठियावाड का सागरतटवर्ती प्रदेश और पिप्पली कच्छ से रेवा काँठे का सूरत से वड़ोदा तक का किनारा, जिसमें पिपला राज्य है, अभिप्रेत है। उसी समुद्र तट पर भृगुकच्छ है जिसको आजकल भड़ोंच कहते हैं। खँभात की खाड़ी के ऊपर साबरमती नदी (श्वभ्रमती) की धारा समुद्र में गिरती है। उसकी दाहिनी ओर का समुद्र तट दारुकच्छ तथा बाईं ओर का पिप्पली-कच्छ कहलाता था।

उपर्युक्त सूत्र में ही अग्नि उत्तरपदवाले भी कुछ शब्द आये हैं जैसे काण्डाग्नि तथा विभुजाग्नि। विभुजाग्नि कच्छ प्रदेश का भुज हो सकता है तथा काण्डाग्नि कण्डाला बन्दरगाह के उत्तर-पूर्व तपता हुआ रेगिस्तान। ये दोनों स्थान कच्छ के छोटे बड़े रेगिस्तान प्रतीत होते हैं।

बाह्लीक—महाभारत सभापर्व ५१-२६ में चीन के साथ वाह्लीक का नाम आया है। यह जनपद ऊनी तथा रेशमी कपड़ों के लिये विख्यात था। सम्भवतः यह आधुनिक बल्ख का प्राचीन नाम है। भावप्रकाश में कश्मीरी केशर के वर्णन के प्रसङ्ग में वाह्लीक की केशर का भी वर्णन किया गया है। वाह्लीक हींग के वृक्ष का भी एक पर्याय है—"सहस्रवेधिजतुकं वाह्लीकं हिङ्गु रामठम्" अमर २-९-४०। राक्स वर्ग का कहना है कि यह वृक्ष फारस में प्रचुरता से पाया जाता है, अतः यह अनुमान किया जाता है कि फारस के एक भाग का नाम रामठ भी था। वहाँ खोरासान वृक्ष भी बहुत पाये जाते हैं। महाभारत में हूणों के साथ रामठों की भी चर्चा की गयी है। हमारे यहाँ के साहित्य में वाह्लीक जाति के घोड़ों का वर्णन अनेक स्थलों पर मिलता है—"तद्देशास्तु सैन्धवाः वनायुजाः पारसीकाः काम्बोजा बाह्लीकादयः।" हेमचन्द्र ४-३००।१।

महाभारत में शल्य को वाह्लीकपुङ्गव कहा गया है। सम्भवतः वह वाह्लीक का राजा था। वाह्लीकों का दरदों के साथ सम्बन्ध भी मिलता है। पार्जिटर के अनुसार दो वाह्लीक जातियाँ थीं। एक पञ्जाब के मैदानों में मद्र जनपद के पड़ोस अर्थात् चेनाब तथा सतलज के मध्य में थी और दूसरी चेनाब तथा व्यास के मध्य में हिमालय के निचली ढाल पर। आगे चल कर यही नाम विकृत होकर वाहीक हो गया, क्योंकि वे लोग सरस्वती, कुरुक्षेत्र तथा मध्यदेश के स्थानों के बाहर होने के कारण वाहीक कहलाने लगे। क्योंकि ब्राह्मण लोग मध्यदेश के बाहर के लोगों को अपवित्र मानते थे। वास्तव में वाह्लीक का प्रतिनिधित्व उत्तरी अफगानिस्तान का बल्ख ही करता है।

हाटक—महाभारत में मानसरोवर की स्थिति हाटक देश में उल्लिखित है। "सरोमानं समा साद्य हाटकानभितः प्रभुः। गन्धर्वरक्षितं देशमजयत् पाण्डुनन्दनः।" सभापर्व २८।५। इस देश में किम्पुरुष अथवा किन्नर तथा अन्य अर्द्ध दिव्य व्यक्तियों का निवास स्थान पुराणों में वर्णित है सभापर्व २८।४। हाटक देश अपने चितकबरे घोड़ों के लिये विख्यात था—"तत्र तित्तिरकल्माषान् मण्डूकाख्यान् हयोत्तमान्। लेभे स करमत्यन्तं गन्धर्वनगरात्तदा" सभापर्व २८-६। महाभारत के तङ्गण जन भी यहीं रहते थे—"मेरुमन्दरयोर्मध्ये शैलोदामभितो नदीम्। ये वै कीचकवेणूनां छाया रम्यामुपासते। खशा एकाशनाह्यर्हाः प्रदरा दीर्घवेणवः। पारदाश्च कुलिन्दाश्च तङ्गणाः परतङ्गणाः॥" सभापर्व ५२-२।३ वाराही संहिता में दरदों तथा अभिसारों के साथ तङ्गणों का भी उल्लेख मिलता है—"अभिसार दरद तङ्गण कुलूत सैरिन्धु वनराष्ट्राः।" १४।२९। हाटक देश के उत्तर हरिवर्ष अथवा उत्तरकुरु की स्थिति का वर्णन है। उत्तरकुरु जन चीन के तातारी हो सकते हैं।

शैलोदा—मेरु तथा मन्दर पर्वत के मध्य में बहने वाली एक नदी का नाम शैलोदा है। इसके तट पर अनेक जाति के जनों के रहने का उल्लेख मिलता है। मत्स्य पुराण के अनुसार शैलोदा अथवा शैलोदका नदी अरुणाचल से

निकलती है, अरुणाचल कैलाश पर्वत के पश्चिम है। यह नदी पश्चिमी सागर में गिरती है। मार्कण्डेय पुराण में इसका नाम सीतोदा लिखा है। अभी तक मेरु तथा मन्दर की स्थिति का ठीक-ठीक निर्णय नहीं हो सका है। पार्जिटर ने शैलोदा को पश्चिमी तिब्बत में स्थापित किया है। डा० मोतीचन्द की धारणा है कि यारकन्द नदी ही, जिसको जरफशान भी कहते हैं और चीनी जन जिसको सीन्तो कहते हैं, शैलोदा है। तथा कारकोरम शृंखला का प्राचीन नाम मेरु तथा कुत्लुन् शृंखला का प्राचीन नाम मन्दर है।

शक—शक जन (यूनानी सेकई) सीदिजन जाति के सोसक हो सकते हैं। विष्णु पुराण में लिखा है कि ये लोग आधा सिर बनवाते थे—"यवनान् मुण्डितशिरसः, अर्धमुण्डान् शकान् प्रलम्बकेशान् पारदान्, पह्लवांश्च श्मश्रुधरान्" वि० पु० ४।३।२१। महाभारत में लिखा है कि शक जन काम्बोज राजकुमार के साथ सुयोधन के पक्ष से युद्ध करने के लिये कुरुक्षेत्र में गये थे। द्रोणपर्व में लिखा है कि शक जन काले कलूटे, दुश्चरित्र, स्त्रैण तथा कलहप्रिय होते हैं—"काकवर्णाः दुराचाराः स्त्रीलोलाः कलहप्रियाः।" द्रोणपर्व ९३ ४२।

हूण—हूण जन मङ्गोलिया के रहने वाले हूँग तू हैं। इन्हीं हूणों ने ईसा पूर्व १७६ में ता-यू० ची को अपने देश से निकाल दिया था। ये अपने रहने के लिये स्थायी घरों को नहीं बनाते थे। ये जन चीन तथा रोमन अधिकृत प्रदेशों के लिये महान् उत्पात स्वरूप थे। रघुवंश से ज्ञात होता है कि उन्होंने एक बार ऊपरी सिन्ध के तटों पर अपना अधिकार कर लिया था। बाणभट्ट के हर्ष चरित से मालूम होता है कि भारत पर इनके आक्रमण की आशंका सदा बनी रहती थी।

पह्लव—दाढ़ी रखनेवाले पह्लव सम्भवतः लम्बे बाल वाले पारद ही थे इन्हीं को प्राचीन काल में परोप मिसदई भी कहते थे। हिन्दू कुश के उत्तरी ढाल पर Gedrosia में ये लोग रहते थे। किसी समय इनका सम्बन्ध ईरान से था। कालयवन के मथुरा पर आक्रमण करने के समय पह्लवों ने उसकी सहायता की थी—'शकास्तु खारा दरदाः पारदास्तङ्गणाः खशाः। पह्लवाः शतशश्चान्ये म्लेच्छा हैमवतास्तथा। स वै परिवृतो राजा दस्युभिः शलभैरिव। नानावेशायुधैर्भीमैर्मथुरामभ्यवर्तत। गजवाजिखरोष्ट्राणामयुतैरर्बुदैरपि। पृथिवीं कम्पयामास सैन्येन महता वृतः॥" हरिवंश ६६४१-३॥

कालयवन—इनके विषय में बड़ा मतभेद है। किसी का मत है कि ये कालयवन यूनानी थे। महाभारत में कम्बोज राजकुमार के साथ सुयोधन के पक्ष से लड़ने के लिये केवल पश्चिम के ही यवन नहीं गये, प्रत्युत पूर्व के भी यवन गये थे। पूर्व के यवन कामरूप के राजा के साथ राजसूय यज्ञ में भी गये थे—"प्राग्ज्योतिपाधिपः शूरो म्लेच्छानामधिपो बली। यवनैः सहितो राजा भगदत्तो महारथः।" सभापर्व ३१।७१।७२ उसी प्रसङ्ग में दक्षिण के यवनों की भी चर्चा है। दक्षिण के यवनों को सहदेव ने परास्त किया था, पाण्ड्यां द्रविणांश्चैव सहितांश्चौड्रकेरलैः। आन्ध्रांस्तालवनांश्चैव कलिङ्गानुष्ट्रकर्णिकान्॥ अटवीं च पुरीम् रम्यां यवनानां पुरं तथा। दूतैरेव वशे चक्रे करञ्चैनानदापयत्॥" सभापर्व ५१।१४ कालिदास ने प्राचीन पारसियों के लिये भी यवन शब्द का प्रयोग किया है—"पारसीकांस्ततो जेतुं प्रतस्थे स्थलवर्त्मना॥ इन्द्रियाख्यानिव रिपूंस्तत्त्वज्ञानेन संयमी॥ यवनीमुखपद्मानां सेहे मधुमदं न सः। बालातपमिवाब्जानामकालजलदोदयः॥" रघुवंश ४।६०।६१।

कालिदास के कुछ शतक परवर्ती दण्डी ने अरब के नाविकों के लिये भी यवन शब्द का प्रयोग किया है। "प्रत्युषस्यदृश्यत किमपि वहित्रम्। अमुत्रासनयवनाः" दशकुमार ६। उपर्युक्त उद्धरणों से विदित होता है कि यवन शब्द केवल यूनानियों के लिये ही सीमित न था। उणादि सूत्र २।७४ में यवन शब्द की सिद्धि 'यु' धातु (जिसका अर्थ मिलना अथवा अलग होना होता है) से की गयी है। उसके अनुसार 'यवन' शब्द का शब्दार्थ मिश्रित हुआ। हमारे साहित्य में 'म्लेच्छ' शब्द सीमावर्ती सभी असभ्य अथवा अर्धसभ्य जाति वालों के लिये प्रयुक्त किया जाता था। किरात पुलिन्द, शबर आदि सभी असभ्य थे—"भेदाः किरातशबरपुलिन्दा म्लेच्छजातयः" अमर २-१०।२०। अतः यवन शब्द भी समस्त म्लेच्छों का साधारण पर्याय के रूप में प्रयुक्त किया जाने लगा था। परन्तु वे लोग भी आर्यों से प्रभावित होकर उनकी समानता करने के लिये शस्त्र-शास्त्र में प्रवीणता प्राप्त करने का प्रयत्न करने लगे और अन्ततो गत्वा कुछ समय के बाद सभ्य होने लगे। उनसे ज्ञान प्राप्त

करने में फिर आर्यों को कोई आपत्ति न थी। डा० कन ने गर्गसंहिता में एक विलक्षण श्लोक का उल्लेख किया हैं। म्लेच्छा हि यवनास्तेषु सम्यक् शास्त्रमिदं स्थितम्। ऋषिवत्तेऽपि पूज्यन्ते किं पुनर्दैवविद्द्विजाः।" गर्ग संहिता की प्रस्तावना पृ० ३५।

मालूम पड़ता है कि पूर्वी यवनों के राजा कालयवन ने मथुरा पर आक्रमण करने के समय जरासन्ध की सहायता की थी।

हारहूर—वाराही संहिता में हारहूर नाम के एक प्रदेश का उल्लेख है जो कि उत्तरभारत में था। इस देश की अंगूरी लता को हारहूरा कहते थे—"द्राक्षा तु गोस्तनी। मृद्वीका हारहूरा च"—हेमचन्द्र ४।२२१।२२२। अंगूर की लतायें काबुल के एक भाग में प्रचुरता से उत्पन्न होती हैं अतः हारहूर को वहीं होना चाहिये। महाभारत में हारहूर देश में सिंहपुर नाम के एक नगर की भी चर्चा है जिसको अर्जुन ने अभिसार तथा उरसा विजय के पश्चात् तथा वाह्लीक जाने के पूर्व जीता था—"ततः सिंहपुरं रम्यं चित्रायुधसुरक्षितम्। प्राधमद् बलमास्थाय पाकशासनिराहवे॥" सभापर्व २०-२७। उपर्युक्त उद्धरण से मालूम पड़ता है कि सिंहपुर हारहूर की राजधानी का नाम था। महाभारत के आधार पर हारहूर की स्थिति उरसा (हजारा) के उत्तर अथवा पश्चिमोत्तर होनी चाहिये। श्युआन् चुआंग का वर्णन इसके विपरीत है, उन्होंने लिखा है कि सिंहपुर तक्षशिला से दक्षिण-पूर्व ११७ मील पर स्थित था। परन्तु उनका दिशा तथा दूरी का उल्लेख बहुधा भ्रामक सिद्ध हो चुका है, अतः उनकी धारणा मान्य नहीं। उनके वर्णन से यह निश्चय है कि सिंहपुर नामक नगर अवश्य था।

अंगूर भारतीय फल नहीं है इसका यहाँ आयात बहुत प्राचीन नहीं है। प्राचीन काल में अफगान व्यापारी इसको काबुल से छोटे छोटे वक्सों में लाकर भारत में बेचते थे। जब भारत का खोतन के साथ व्यापारिक तथा सांस्कृतिक सम्बन्ध स्थापित हुआ तब खोतन से हिमालय के दक्षिण मुनक्के का तथा अंगूर का आयात प्रचुरता से होने लगा। वर्तमान काल में भी भारत में अंगूर की उपज नहीं के बराबर है। अब भी खोतन के अंगूर, विशेषतया केरिया के समीप स्थित बोगजलंगर के, पर्याप्त प्रसिद्ध हैं। ग्रेनर्ड के अनुसार 'तुर्फन' के अंगूर समस्त संसार में सर्वोत्तम होते हैं। महाभारत में हारहूरों की गणना पश्चिमी जाति में की गयी है तथा रामठों के साथ इनका नाम आया है। रामठ हींग का पर्याय है। रामठ उत्पन्न होने के कारण वह देश भी रामठ कहलाने लगा। हींग विशेषतया दक्षिण फारस, बलूचिस्तान अफगानिस्तान तथा दक्षिण में चेनाब घाटी तक उत्पन्न होती है, अतः रामठ देश को इन्हीं में कहीं होना चाहिये। डा० मोतीचन्द की धारणा है कि रामठ देश कलात राज्य का खरान जिला हो सकता है। यहाँ हींग भी उत्पन्न होती है और प्राचीन एरिया (हेरात), आर्कोशिया (कन्धार) से मिला हुआ भी है, अतः हेसत ही का प्राचीन नाम हारहूर हो सकता है। यहाँ उत्तम श्रेणी का अंगूर भी उत्पन्न होता है। यहाँ के फलों के बगीचे दसवीं शताब्दी तक प्रसिद्ध थे।

त्रिगर्त्त—कुछ विद्वानों का अनुमान है कि जालन्धर दोआब का ही प्राचीन नाम त्रिगर्त्त था। हेमचन्द्र जालन्धर को त्रिगर्त्त कहते हैं—"जालन्धरास्त्रिगर्त्ताः स्युः" ४।२४। इसी आधार पर जालन्धर दोआब को त्रिगर्त्त मान लिया गया। जालन्धर देश तथा जन दोनों का वाचक हो सकता है। जालन्धर का प्रयोग इसी अर्थ का बोध कराने के लिये किया भी गया है। कुरुक्षेत्र में राजा सुशर्मा (त्रिगर्त्त का राजा) था क्रेपतन के पश्चात् त्रिगर्त्तन जन भागकर जालन्धर के दोआब में जाकर बसे थे। बहुत सम्भव है उनके वहाँ बस जाने के कारण जालन्धर भी त्रिगर्त्त कहा जाने लगा हो।

अनेक स्थलों पर यह उल्लेख मिलता है कि त्रिगर्त्त सूखा प्रदेश था। पा० सू० १-४-८८ की व्याख्या में वामन ने उदाहरण दिया है—'अपत्रिगर्त्तेभ्यो वृष्टो देवः' अर्थात् त्रिगर्त्त को छोड़कर वर्षा हुई। दशकुमारचरित के षष्ठ उल्लास की एक कथा में लिखा है कि एक समय त्रिगर्त्त में बारह वर्ष तक अवर्षण हो गया। वहाँ के समस्त जलाशय सूख गये—"अस्ति त्रिगर्त्तो नाम जनपदस्तत्र नववर्षद्वादश वर्षाणि दशशताक्षः। क्षीणस्रोतसः स्रवन्त्यः, पङ्कशेषाणि पल्वलानि।" उपर्युक्त उद्धरणों से मालूम पड़ता है कि जालन्धर दोआब त्रिगर्त्त नहीं हो सकता, क्योंकि उक्त दोआब सतलज तथा व्यास नदियों से सिक्त है।

सम्भव है त्रिगर्त्त सतलज के पूर्व का मरु प्रदेश हो, क्योंकि महाभारत में लिखा है कि त्रिगर्त्त जन मत्स्य तथा साल्व के राजाओं से सदा सताये जाते थे—"अथ राजा त्रिगर्त्तानां सुशर्मा रथयूथपः। प्राप्तकालमिदं वाक्यमुवाच त्वरितो वली ॥ असकृन्निकृतः पूर्वं मत्स्यसाल्वेयकैः प्रभो। सूतेन चैव मत्स्यस्य कीचकेन पुनःपुनः ॥" विराटपर्व ३०।१,२। इससे यह प्रकट होता है कि त्रिगर्त्त मत्स्य तथा साल्व जनपदों की सीमा पर था।

विलफोर्ड ने लुधियाना से लगभग पचीस मील पश्चिम सतलज के बायें तट पर स्थित वर्तमान तेहोरा को त्रिगर्त्त की राजधानी निश्चित किया है। पाणिनि ने ५–३–११६ में त्रिगर्त्त जनपद में आयुधजीवी संघों का उल्लेख किया है उनके अनुसार रावी, व्यास तथा सतलज नदी-दूनों के बीच का पर्वतीय काँगड़ा प्रदेश, जिसमें उत्तर की ओर लुधियाना और पटियाला तथा दक्षिण की ओर मरु प्रदेश का कुछ भाग सम्मिलित था, त्रिगर्त्तषष्ठ कहलाता था। इसी का प्राचीन नाम जालन्धरायण भी था, जिसका उल्लेख राजन्यादिगण ४।२।५३ में हुआ है। आज भी त्रिगर्त्त काँगड़ा का प्रदेश जालन्धर कहा जाता है।

रोणी—पाणिनि ने ४।२।७८ में रोणी नाम के एक स्थान का उल्लेख किया है। यह जिला हिसार का आधुनिक रोड़ी का प्राचीन नाम जान पड़ता है। यह शैरीषक (आधुनिक सिरसा) के पास है। किसी का मत है कि बीकानेर से सत्तर मील पर आधुनिक रोणी का प्राचीन नाम रोणी हो सकता है। केवल अक्षरों की समानता को देखकर ही विद्वानों ने यह अनुमान किया है कोई पुष्ट प्रमाण नहीं मिल सका।

ऐषुकारिभक्त—पाणिनि ने ४।२।५४ में ऐषुकारिभक्त नाम के एक नगर का उल्लेख किया है। उत्तराध्ययन सूत्र में लिखा है कि कुरु जनपद में इषुकार नाम का एक समृद्धिशाली मनोहर तथा विशाल नगर था १४–१। मालूम पड़ता है कि आधुनिक हिसार का प्राचीन नाम ऐषुकारि रहा होगा।

नड्वल—पाणिनि ने ४।२।८८ में नड्वल नाम के एक नगर की चर्चा की है। यह मारवाड़ का नडौल नगर हो सकता है।

तौषायण—पाणिनि के ४।२।८० में इसका पाठ है। सम्भवतः यह हिसार जिले की फतेहाबाद तहसील में स्थित आधुनिक दोहावे का प्राचीन नाम हो सकता है। यह स्थान बहुत प्राचीन मालूम पड़ता है यहाँ बहुत से अवशेष भी पाये जाते हैं।

सरालक—पाणिनि सू० ४।३।९३ में इसका उल्लेख है जिला लुधियाने का आधुनिक 'सहराला' प्राचीन सरालक प्रतीत होता है। सहरालिये वैश्य अपने पूर्व पुरुषों का निवास स्थान सहराला मानते हैं।

प्रस्थल—महाभारत से ज्ञात होता है कि त्रिगर्त्त का राजा प्रस्थलाधिप भी कहलाता था—"सुशर्मा च नरव्याघ्रस्त्रिगर्त्तः प्रस्थलाधिपः।" विराट् पर्व १७–१९। शल्य पर्व के सत्ताईसवें अध्याय से भी यही विदित होता है। नन्दलाल डे ने वरुआ के कोष के आधार पर पटियाला को ही प्रस्थल का विकृत रूप मान उसी को प्राचीन प्रस्थल निश्चित किया है। परन्तु यह समुचित नहीं जान पड़ता, क्योंकि पटियाला बहुत प्राचीन नगर नहीं है। यह आला नाम के किसी साधु की पत्ति (दान या भाग) होने के कारण पटियाला कहा जाने लगा। वस्तुतः पर्वत के समीप की समतल भूमि को प्रस्थल कहते हैं अतः मालूम पड़ता है कि समस्त त्रिगर्त्त का नाम किसी समय प्रस्थल भी था।

कालकूट—महाभारत सभापर्व के अनुसार कालकूट अथवा कलकूट कुलिन्द प्रदेश में था। जब अर्जुन भीम और कृष्ण जरासन्ध को परास्त करने के लिये गुप्तरूप से निकले थे तो यद्यपि उनको कुरु जनपद से पूर्व की ओर जाना चाहिये था तथापि अपने जाने की वास्तविक दिशा को छिपाने के उद्देश्य से वे लोग पहिले कुरुजंगल (वर्तमान रोहतक-हिसार) की ओर गये। वहाँ से उत्तर की ओर कुरुक्षेत्र में पद्मसर की तरफ मुड़े। कुरुक्षेत्र से ११२ मील तथा कौल ग्राम से दो मील पश्चिम आज भी पद्मसर नामक सरोवर एक प्रसिद्ध तीर्थ है। उसके बाद कालकूट जनपद पार करके तराई के सटे हुये मार्ग से सरयू तथा गण्डक को पार करते हुये मिथिला पहुँचे। वहाँ से नीचे गंगा पार करके एकदम गोरथ गिरि और राजगृह जा पहुँचे। इस मार्ग में कालकूट ठीक टोंस तथा यमुना के प्रदेश (देहरादून कालसी) में पड़ता है। वह यमुना की

ऊपरी धारा का यामुन प्रदेश था। अथर्व वेद में हिमालय पर उत्पन्न होने वाले यामुन अञ्जन का उल्लेख मिलता है। अञ्जन के कारण यामुन पर्वत का नाम कालकूट होना उचित भी जान पड़ता है। मालूम पड़ता है कि शिमला शृंखला के कालका का प्राचीन नाम कालकूट रहा होगा और वही विकृत होकर कालका हो गया।

भारद्वाज—पाणिनि सूत्र ४।२।१४५ की व्याख्या में काशिकाकार ने भारद्वाज शब्द को देशवाचक माना है न कि गोत्रवाचक। पाणिनि ने भारद्वाजों की शाखा को आत्रेय कहा है। मार्कण्डेय पुराण की जनपदसूची में आत्रेय तथा भारद्वाज साथ-साथ उल्लिखित हैं। पार्जिटर का कहना है कि गढ़वाल प्रदेश को प्राचीन काल में भारद्वाज कहते थे।

सैरन्ध्र—पटियाला के उत्तर २३ मील पर स्थित वर्तमान सरहिन्द सम्भवतः वाराही संहिता का १४–२९ सिरन्ध्र अथवा सैरन्ध्र है। महाभारत में लिखा है कि द्रोपदी विराट की सभा में सैरन्ध्री नाम धारण कर दासी के रूप में रहती थी—'नास्मि देवी न गन्धर्वी न यक्षी न च राक्षसी। सैरन्ध्री तु भुजिष्यास्मि सत्यमेतद् ब्रवीमि ते॥'' विराट पर्व ९–१७। सैरन्ध्री का शब्दार्थ सिरन्ध्र देशवासिनी भी होता है। पाण्डव लोग सिरन्ध्र के समीप होकर ही विराट् नगर गये भी थे। अतः यह निश्चित सा जान पड़ता है कि सरहिन्द ही प्राचीन सैरन्ध्र है।

कुलूत—जालन्धर के पूर्वोत्तर सतलज के दक्षिण तट पर कुलूत राज्य स्थित था। महाभारत सभापर्व के सत्ताईसवें अध्याय में उत्तर भारत के वर्णन में उलूक नाम के एक देश की चर्चा है सम्भवतः कुलूत ही के लिये उलूक का प्रयोग किया गया है। श्युआन् चुआंग ने भी सातवीं शताब्दी की अपनी यात्रा के विवरण में 'क्युलूतो' नाम के एक देश का उल्लेख किया है। मुद्राराक्षस में लिखा है (१–५) कि जब मलयकेतु ने मगधराज चन्द्रगुप्त पर आक्रमण किया था तब उसका सहायक कुलूत का राजा भी था। मालूम पड़ता है कि आधुनिक कुल्लू का ही प्राचीन नाम कुलूत था। कुलूत देश के उत्तर चन्द्रभागा की दून का प्रदेश 'चम्पा' आधुनिक (चम्बा) कहा जाता था।

कुरुक्षेत्र—वास्तव में कुरुजनपद, कुरु, कुरुक्षेत्र तथा कुरु जाङ्गल नाम के तीन अवान्तर भागों में विभक्त था। गङ्गा तथा यमुना का मध्यवर्ती प्रदेश प्रधान कुरुराष्ट्र था। उसकी राजधानी हस्तिनापुर थी। हरियाना तथा हाँसी, हिसार का प्रदेश कुरुजांगल नाम से प्रसिद्ध था। उसके उत्तर की ओर कुरुक्षेत्र था। कुरुक्षेत्र में स्थाण्वीश्वर (थानेश्वर) कैथल (कपिष्ठल) तथा कनभि मुख्य नगर थे। ये तीन प्रदेश एक दूसरे से मिले हुए थे। कुरुक्षेत्र सरस्वती के दक्षिण से दृषद्वती के उत्तर तक विस्तृत था—''दक्षिणेन सरस्वत्या दृषद्वत्युत्तरेण च। ये वसन्ति कुरुक्षेत्रे ते वसन्ति त्रिविष्टपे॥'' महाभारत वन पर्व ८३।८४। कुरुक्षेत्र का एक भाग समन्तपञ्चक भी कहलाता था—''तरुन्तकारुन्तकयोर्यदन्तरम् रामह्रदानाञ्च मचक्रुकस्य। एतत् कुरुक्षेत्रसमन्तपञ्चकं पितामहस्योत्तरवेदिरुच्यते।'' शल्यपर्व ७–९। समन्तपञ्चक का शब्दार्थ पाँच सरोवरों का समीपवर्ती प्रदेश होता है। ये सरोवर कुरुक्षेत्र में परशुराम द्वार मारे गये क्षत्रियों के रक्त से बने थे और परम पवित्र माने जाते थे—''ततो रामह्रदान् गच्छेत् तीर्थसेवी समाहितः। तत्र रामेण राजेन्द्र तरसा दीप्ततेजसा। क्षत्रमुत्साद्य वीरेण ह्रदाः पंच निवेशिताः॥'' वन पर्व ८३–२७।

भारत की अनेक प्राचीन घटनाओं से कुरुक्षेत्र का सम्बन्ध बड़ा घनिष्ठ था। प्रागैतिहासिक काल की अनेक घटनायें वहाँ घटी थीं। पुराणों में लिखा है कि आदित्य तीर्थ अथवा सूर्यतीर्थ में तप करने के पश्चात् सूर्य को ग्रहों का आधिपत्य प्राप्त हुआ था। विष्णु ने मधु कैटभ नामक दैत्यों का वध भी वहीं किया था। शल्य पर्व ४८–१७ २२। सूर्यतीर्थ सम्भवतः थानेश्वर के दक्षिण पूर्व कुछ मील पर स्थित है। ब्रह्मयोनि नाम के स्थान पर ब्रह्मा ने सृष्टि का श्रीगणेश किया था तथा उसी स्थान पर विश्वामित्र को ब्रह्मत्व की प्राप्ति हुई थी शल्यपर्व ३९–३५, ३७। शल्यपर्व में बलभद्र की यात्रा के वर्णन से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि ब्रह्मयोनि पृथूदक के समीपवर्ती था।

पृथूदक—पृथूदक थानेश्वर के पश्चिम चौदह मील पर स्थित आधुनिक पेहोवा माना जाता है। परन्तु वर्तमान पेहोवा सरस्वती के तट पर स्थित है और महाभारत के अनुसार उसको बायें तट पर स्थित होना चाहिये—सरस्व-

त्युत्तरे तीरे यस्त्यजेदात्मनस्तनुम्। पृथूदके जप्यपरो नैनं श्वो मरणं तपेत् ।।" शल्यपर्व ४४–३३, ३४।

पृथूदक स्थान का बड़ा महत्त्व माना जाता है। यहीं सरस्वती में स्नान करने से राजा वेन का कुष्ठरोग निवृत्त हुआ था। जब वेन के पुत्र पृथु का जन्म हुआ तो प्रजा को बड़ा हर्ष हुआ। वेन के मरने पर पृथु ने विधिपूर्वक अपने पिता की अन्त्येष्टि क्रिया की। क्रिया की समाप्ति के पश्चात् पृथु बारह दिन तक वहीं सरस्वती के तट पर बैठ कर प्रत्येक यात्री को जल देते रहे। इस कारण उस नगर का नाम पृथूदक पड़ गया।

स्थाण्वीश्वर—कुरुक्षेत्र के स्थाणु तीर्थ में स्थाणु (शिव) ने सरस्वती की आराधना की थी तथा वहीं उनके पुत्र स्कन्द ने तारकासुर से युद्ध करने के लिये देवसेनानी निर्वाचित हुये थे -- शल्यपर्व ४२–४७। इसका आधुनिक नाम थानेश्वर है। इसके आस-पास का समस्त प्रदेश महाभारत के युद्ध के अनेक दृश्यों से सम्बद्ध है। चक्रतीर्थ वह स्थान है जहाँ श्रीकृष्ण ने अजेय भीष्म पितामह को मारने के लिये अपना प्रणभङ्ग कर रथचक्र को उठा लिया था भीष्म पर्व १०६। चक्रव्यूह नामक स्थान पर द्रोणाचार्य ने कौरव सेना की चक्रव्यूह की रचना की थी—द्रोण पर्व ३४। यहीं अभिमन्यु मारा गया था—द्रोण पर्व ४८। इसी कारण उस स्थान को आजकल 'अभिन' भी कहते हैं।

शर्यणावत—ऋग्वेद १–८४–१४ में उल्लेख है कि इन्द्र ने शर्यणावत में प्राप्त दधीचि की अस्थि से वृत्र का वध किया था। कुछ विद्वानों की धारणा है कि शर्यणावत शब्द शर्यणा से बना हुआ है। शर्यणा एक प्रदेशविशेष का नाम है—और शर्यणावत एक सरोवर है। यह कुरुक्षेत्र में है। "शर्यणा नाम देशः तेषामदूरभवं सरः शर्यणावत्। शर्यणावच्च वै नाम कुरुक्षेत्रस्य जघनार्धे सरः स्पन्दते—ऋग्वेद १।८४।१३।२ सायण भाष्य। अतः यह अनुमान किया जाता है कि रामह्रद का ही एक नाम शर्यणावत् भी था तथा वहाँ के निवासी शर्यणावत कहे जाते थे। महाभारत में लिखा है—"ततो गच्छेत धर्मज्ञदधीचस्य महात्मनः। तीर्थं पुण्यतमं राजन् पावनं लोकविश्रुतम्। यत्र सारस्वतो जातः सोऽङ्गिरास्तपसो निधिः।।" वन पर्व ८३–१८६।१८७। इसी को सरस्वती तीर्थ भी कहते थे। अङ्गिरा ऋषि का जन्म स्थान भी यही है। सोमतीर्थ की यात्रा के पश्चात् बलभद्र भी वहाँ गये थे। तारकासुर यहीं मारा गया था—शल्य पर्व ४३–४६–८।

महाभारत आदि पर्व २०८–७ में लिखा है कि सुन्द तथा उपसुन्द नाम के दो असुर कुरुक्षेत्र में किसी समय शासक रह चुके थे। नमुचि नामक राक्षस का भी सम्बन्ध कुरुक्षेत्र से था। ऋग्वेद १–५३ में भी इस ओर संकेत मिलता है। महाभारत के वर्णन से ज्ञात होता है कि कुरुक्षेत्र के मुख्य चार प्रधान द्वार थे जिनके रक्षक मङ्कण, मचक्रु, तरुन्त तथा अरुन्त नाम के चार यक्ष थे—वन पर्व ८३–९–१५।५२।२००। प्रथम द्वार का नाम सप्त सारस्वत अथवा सात नदियों का सङ्गम था —"सप्त सारस्वतं तीर्थं ततो गच्छेन्नराधिप। यत्र मङ्कणकः सिद्धो महर्षिर्लोकविश्रुतः" वन पर्व ८३–११६। गदा पर्व में इन सातों नदियों का नाम भी दिया गया है। परन्तु प्रयाग की त्रिवेणी के समान कुछ नदियाँ अदृश्य भी हैं। वहीं दो अन्य संगमों की चर्चा की गई है; परन्तु वर्तमान मानचित्रों में उनका कहीं पता नहीं चलता। पश्चिमी में कौशिकी तथा दृषद्वती का तथा थानेश्वर के नीचे सरस्वती तथा अरुणा का संगम हुआ है।

कपिष्ठल—कौशिकी तथा दृषद्वती नदियों के सङ्गम के समीप व्यास स्थली नामक तीर्थ है, आजकल उसका नाम 'वस्थली' हो गया है। कर्नाल जिले में सरस्वती तथा दृषद्वती के सङ्गम के समीप कपिष्ठल नाम का तीर्थ है जिसको आधुनिक समय में कैथल कहते हैं—"कपिष्ठलस्य केदारं समासाद्य सुदुर्लभम्। अन्तर्धानमवाप्नोति तपसा दग्धकिल्विषः।।" वन पर्व ८३–७४।

स्रुघ्न—यह स्थान थानेश्वर के दक्षिण-पश्चिम लगभग पचास मील पर स्थित है। पाणिनि के समय यह नगर बड़ा ही प्रसिद्ध था, क्योंकि उनके सूत्र ४।३।७४, ४।३।९० तथा ४।३।९५ की व्याख्या में काशिकाकार ने स्रुघ्न से आने वाले दूत तथा मार्ग के लिये तथा स्रुघ्न की दिशा में जाने वाले मार्ग के लिये भी स्रौघ्न शब्द का उदाहरण दिया है।

परीणत्—कुरुक्षेत्र के दक्षिण रोहतक जिला है। प्राचीन काल में यह यौधेय गण की राजधानी था। इसी का प्राचीन नाम रोहितक अथवा रोहीतक था। महाभारत सभापर्व

३२-२-६ में उल्लेख है कि इन्द्रप्रस्थ के पश्चिम का यह प्रथम स्थान है जिसको नकुल ने पश्चिम दिग्विजय की यात्रा में सबसे पहिले जीता था। आधुनिक मानचित्र में भी यह इन्द्र प्रस्थ के ठीक पश्चिम है। थार्टन ने लिखा है कि यह दिल्ली से पश्चिमोत्तर बयालीस मील पर है। राजतरङ्गिणी में भी इस स्थान की चर्चा मिलती है—"रोहीत-देशजातानां निवेशाय द्विजन्मनाम्। महागुणो लोणमठं प्रणाज्येष्ठं चकार सः॥" राज० तर० ४।१२। महाभारत काल में यह वन्य प्रदेश था। राजतरङ्गिणी में भी इसके एक भाग को रोहितक जंगल लिखा है—"तथा रोहितकारण्यं मरु-भूमिश्च केवला।" ३।१६। रोहितक वृक्षों की अधिकता के कारण इस प्रदेश का रोहितक नाम पड़ना प्रतीत होता है। डा० राक्सवर्ग ने लिखा है कि यह वृक्ष बहुत बड़ा तथा काँटेदार होता है और बहुत दिनों में बढ़ता है। उत्तर प्रदेश में भी यह वृक्ष यत्र तत्र पाया जाता है यहाँ इसको रेवा अथवा जंगली बबूल कहते हैं। इसका लैटिन नाम Andersonia Rohitak है। इस प्रदेश के निवासी मत्त मयूरक भी कहे जाते थे। परन्तु इस नामकरण का कारण ज्ञात नहीं है। सम्भवतः वे लोग आधुनिक मेयरजनों के (जो कि मेयरवारा-मेवाड़ और मारवाड़ के मध्य में पाये जाते हैं) पूर्व पुरुष रहे होंगे।

सिरीश—रोहितक के आगे सिरीश प्रदेश है। पाणिनि ने कुमुदादिगण ४।२।८० में सिरीश का उल्लेख किया है। सम्भवतः सिरीश वृक्ष (सिरस) की प्रचुरता के कारण उस प्रदेश का यह नाम पड़ा हो। इस जनपद का राजा सैरीशक कहा जाता था। सम्भवतः यह जनपद हाँसी तथा भाटनेर के मध्य में स्थित आधुनिक सिरसा के समीप स्थित रहा होगा।

इन्द्रप्रस्थ—इन्द्रप्रस्थ को युधिष्ठिर ने बसाया था। इसको हरिप्रस्थ, शक्रप्रस्थ आदि अनेक नामों से पुकारते थे। यह प्राचीन काल में बड़ा प्रसिद्ध नगर था—"हरिर्हरिप्रस्थमथ प्रतस्थे।" शिशुपालवध–३।१ "उवास नगरे रम्ये शक्रप्रस्थे महामना।" आदि पर्व १–२१६–६३। यह नगर खाण्डवप्रस्थ वन के मध्य में था। यह यमुना के बायें तट पर था, क्योंकि सौराष्ट्र से राजसूय यज्ञ में युधिष्ठिर से मिलने के लिए इन्द्रप्रस्थ जाते समय श्रीकृष्ण को यमुना पार करना पड़ा था—"यमुनामतीतवानथ शुश्रुवानमुम्" शिशु० १३–१। नई दिल्ली इन्द्रप्रस्थ के स्थान पर बसी हुई है। वहाँ प्राप्त हुये अवशेषों से उसके इन्द्रप्रस्थ के स्थान पर होने में कोई सन्देह नहीं, अन्तर केवल इतना है कि वर्तमान दिल्ली यमुना के दाहिने तट पर है और इन्द्रप्रस्थ बायें तट पर था। बहुत सम्भव है यमुना ने अपना प्राचीन मार्ग छोड़ दिया हो।

व्रज—श्री कृष्ण का बाल्यकाल मथुरा से कुछ दूरी पर स्थित नन्द के गोकुल में व्यतीत हुआ था, इस प्रदेश को व्रज कहते हैं। इस प्रदेश का दूसरा नाम शूरसेन भी था। इसकी गणना सोलह महाजनपदों में थी। यह जनपद कुरु के दक्षिण तथा चेदि के पश्चिमोत्तर यमुना के तटपर स्थित था। व्रज की राजधानी मथुरा थी। श्रीकृष्ण ने मथुरा के समीप ही वृन्दावन में यमुना में रहने वाले कालिय सर्प का दमन किया था। मथुरा से लगभग पन्द्रह मील पश्चिम गोवर्द्धन पर्वत है।

मथुरा—रामचन्द्र के छोटे भाई शत्रुघ्न ने मथुरा को बसाया था—वन पर्व १–१२। ३–४। शूरसेन जनपद की राजधानी यहीं थी। श्री कृष्ण ने यहीं कंस का वध किया था। मथुरा यमुना नदी के दाहिने तट पर अर्ध चन्द्राकार बसी हुई है। कालयवन के आक्रमण के पश्चात् श्रीकृष्ण ने मथुरा को त्याग दिया। परन्तु उस पर उनका अधिकार बना ही रहा। क्योंकि उसके आक्रमण के बहुत पीछे सुभद्रा के विवाह के अवसर पर अर्जुन को दहेज में दस हजार उत्तम गायें दी गयी थीं—"प्रददौ कृष्णस्तस्मै गवामयुतमेव च। श्रीमान् माथुरदेश्यानां दोग्ध्रीणां पुण्यवर्चसाम्॥" आदि पर्व २१६–४६। श्युआन चुआंग की भारत यात्रा के समय भी मथुरा अत्यन्त समृद्ध नगरी थी। भारतीय इतिहास वेत्ताओं को सन् १०१७ में महमूद गजनी की निर्दय लूट भली-भाँति विदित ही है।

पाञ्चाल (प्रत्यग्रथ)—गङ्गा तथा राम गङ्गा के मध्य में पांचाल जनपद था। इसको प्रत्यग्रथ भी कहते थे। महाभारत में प्रत्यग्रथ नाम नहीं मिलता और पाणिनि के साहित्य में पांचाल। परन्तु कोशों में दोनों नाम मिलते हैं—"प्रत्यग्रथा-स्त्वहिच्छत्रा साल्वास्तु कार कुक्षियाः" हेमचन्द्र। इस जनपद में रथस्था अथवा रथस्या (रामगंगा) नाम की नदी बहती

है। यह जनपद उत्तर पांचाल तथा दक्षिण पांचाल नाम के दो भागों में विभक्त था। उत्तर पांचाल की राजधानी का नाम अहिच्छत्रा, अहिक्षेत्र अथवा अहिस्थल था। द्रुपद के समय उत्तर पांचाल चम्बल के तट से लेकर उत्तर की ओर गंगा द्वार तक विस्तृत था। इस भाग को द्रोणाचार्य ने द्रुपद से ले लिया था—"अहिच्छत्रं च विषयं द्रोणः समभिपद्यत" महाभारत आदि पर्व १३७–७०। रामायण की अहिस्थली भी यही है। रामायण अयोध्याकाण्ड में उल्लेख है कि भरत ने केकय जनपद से लौटने के समय अहिस्थली में रामगंगा को पार किया था। रामगंगा का एक नाम हिरण्यवती भी था।

श्युआन् चुआँग ने वहाँ एक नागह्रद का होना लिखा है। यहाँ राजा आदि का बनवाया हुआ एक किला है जिसको आदिकोट कहते हैं। यह किला गांघन नदी तथा रामगंगा के मध्य में है। इतिहास के अधिकांश विद्वानों ने बरेली के समीपवर्ती रामनगर को अहिच्छत्र माना है। परन्तु इस स्थापना में कुछ आपत्तियाँ उपस्थित की जा सकती हैं। जेनरल कनिंघम तथा श्युआन् चुआँग आदि ने अहिच्छत्र में एक किले का होना अवश्य लिखा है और रामनगर के पास कोई किला नहीं है। रामनगर को अहिच्छत्र मानने में सबसे बड़ी आपत्ति यह है कि महाभारत में अहिच्छत्रा का जो वर्णन मिलता है वह इस स्थापना के विरुद्ध है। आदि पर्व तथा दम्भ पर्व १२१–१२८ के अनुसार द्रोण के पिता भरद्वाज तथा द्रुपद के पिता पृषत् की मित्रता थी, अतः द्रुपद भरद्वाज के आश्रम में नित्य आया जाया करते थे तथा द्रोण के साथ खेलते और पढ़ते थे। पृषत् के मरने पर द्रुपद पांचाल का राजा हुआ। जब द्रोण परशुराम से धनुर्वेद का अध्ययन करके आये तब द्रुपद से मिले और कहा कि हम आप के बालमित्र हैं मेरा नाम द्रोण है। इस पर द्रुपद ने उनका अपमान किया। उन्होंने कहा कि मूर्ख! कहीं दरिद्र तथा सम्पन्न व्यक्तियों में मित्रता हो सकती है। इस पर रुष्ट होकर द्रोण उनके राज्य से निकल कर हस्तिनापुर पहुँचे और कौरव तथा पाण्डवों को धनुर्विद्या की शिक्षा देने लगे। उन्होंने गुरुदक्षिणा में अर्जुन द्वारा द्रुपद को पराजित कर उनका आधा राज्य अर्थात् उत्तर पांचाल ले लिया। दक्षिण पांचाल उनको छोड़ दिया। तब द्रुपद से कहा कि अब तो मैं आप का मित्र हो सकता हूँ न, क्योंकि अब हम दोनों बराबर हैं। द्रुपद बड़ा लज्जित हुआ।

उत्तर पाञ्चाल की राजधानी अहिच्छत्र में द्रोण के नाम पर एक वृहत् सरोवर बना, जिसका नाम द्रोण सागर पड़ा। रामनगर के आस-पास इस प्रकार का कोई सरोवर नहीं है।

महाभारत, उद्योगपर्व से ज्ञात होता है कि महाभारत युद्ध की तैयारी होने के समय दुर्योधन के मित्र राजाओं को सेनायें अहिच्छत्रा में ठहरायी गयी थीं, क्योंकि इतनी सेनाओं को हस्तिनापुर में कैसे ठहराया जा सकता था। दुर्योधन के मित्र राजा लोग प्रतिदिन उसकी सभा में उपस्थित हुआ करते थे। हस्तिनापुर से रामनगर लगभग सौ मील की दूरी पर है अतः इतनी दूर की यात्रा प्रतिदिन असम्भव है। श्युआन् चुआँग ने लिखा है कि अहिच्छत्रा अति सुरक्षित स्थान है, क्योंकि यह पहाड़ों से घिरा हुआ है। रामनगर के आस-पास कोई पहाड़ नहीं है। अतः अहिच्छत्रा की स्थिति कहीं अन्यत्र होनी चाहिये। नैनीताल जिले में काशीपुर नाम का एक स्थान है। वह अहिच्छत्र हो सकता है क्योंकि वह हस्तिनापुर से दस बारह कोस की दूरी पर है, पर्वतों के समीप है। वहाँ प्राचीन दुर्ग के अवशेष भी प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं अतः काशीपुर को अहिच्छत्र होने के अनेक पुष्ट प्रमाण मिलते हैं।

पद्मपुराण में अहिच्छत्र में एक देवी के स्थान का वर्णन मिलता है। रामनगर में देवी का कोई मन्दिर नहीं है। काशीपुर में किले के पूर्व लगभग एक मील पर देवी का एक मन्दिर भी है। काशीपुर के उत्तर पर्वतशृंखला का प्रारम्भ हो जाता है। वहाँ तीन वृहत् सरोवर हैं। उनमें से एक का नाम द्रोण सागर है। वह किले के प्राकार से सटा हुआ है। स्थानीय जनों का कहना है द्रोण का आश्रम वहीं था। दूसरे सरोवर का नाम गिरिताल है। यह दो मील लम्बा तथा एक मील चौड़ा है। तीसरे को खोखरे का ताल कहते हैं। यह भी पर्याप्त लम्बा चौड़ा है। अतः काशीपुर को अहिच्छत्र मानने में कोई भी आपत्ति नहीं मालूम पड़ती।

काम्पिल्य – दक्षिण पाञ्चाल की राजधानी का नाम काम्पिल्य था। यह बदायूँ तथा फर्रुखाबाद के मध्य में गङ्गा के तट पर स्थित आधुनिक काँपिल अथवा कपिलो माना जाता

है। दक्षिण पाञ्चाल के दूसरे प्रसिद्ध नगर का नाम माकन्दी था, परन्तु अभी तक इसका निश्चय नहीं हो सका। वह भी फर्रुखाबाद के समीप ही कहीं रहा होगा। कथा सरित्सागर में उसकी चर्चा मिलती है। "अस्ति माकन्दी नाम नगरी जाह्नवी तटे।" किसी समय दक्षिण पाञ्चाल में कान्यकुब्ज जनपद भी सम्मिलित था।

आसन्दीवत्—कान्यकुब्ज का प्राचीन नाम आसन्दीवत् था। पाणिनि के ८।२।१२ तथा ४।२।८६ सूत्रों में इसका उल्लेख है। यह परीक्षित के पुत्र जनमेजय की राजधानी थी। जन्मेजय ने अपना राजसूय यज्ञ यहीं किया था। आसन्दीवत् का शब्दार्थ 'राजसिंहासन का स्थान' होता है। इसी के ठीक स्थान पर आजकल कन्नौज बसा हुआ है। काशिकाकार वामन ने इसको भी अहिस्थल का पर्याय माना है।

रथस्था—पाणिनि ने पारस्करादिगण ६।१।१५७ में रथस्था नदी का उल्लेख किया है इसी का नाम रथस्था भी है। पतञ्चलि ने इसका नाम रथस्या लिखा है। जैमिनीय ब्राह्मण की भूमिका में डा० कलान ने भी इसका नाम रथस्था ही स्वीकृत किया है। महाभारत के आदिपर्व १७२। २० में सरस्वती तथा गण्डकी के मध्य में रथस्था नाम की पवित्र नदी का उल्लेख है। ऋक् प्रातिशाख्य ४।७।५ में भी रथस्या नदी का नाम आया है, इससे ज्ञात होता है कि एक ही नदी का रथस्या, रथस्पा या रथस्या नाम है। इम्पीरियल गजेटिअर उत्तर प्रदेश से ज्ञात होता है कि पाञ्चाल जनपद की रामगंगा नदी, जिसका एक नाम रथवाहिनी भी है, का ही प्राचीन नाम रथस्था था। आजकल भी रामगंगा के ऊपरी भाग को स्थानीय जन रुहुत कहते हैं। यूनानी लेखकों ने लिखा है कि गंगा से ११९ मील पूर्व 'रहदफा' नाम की एक नदी है। रुहुत तथा रहदफा ये दोनों ही रथस्था के ही विकृत रूप जान पड़ते हैं। ऊपर लिखा जा चुका है कि पाञ्चाल का एक नाम प्रत्यग्रथ भी था तथा वहीं रथस्था नदी भी बहती है। दोनों का अर्थ भी समान है—जहाँ रथ स्थिर हो जाय। अथवा पीछे मुड़ जाय'।

यद्यपि यूनानी लेखकों के अनुसार 'रहदफ' एक नगर ज्ञात होता है। जो कि सीमा प्रान्त से पाटलिपुत्र नाम वाले उत्तरपथ, राजमार्ग (G. T. R.) पर स्थित एक पड़ाव था; तथापि झेलम तथा व्यास, सतलज तथा यमुना के मध्य के पड़ावों के वर्णन से यह नदी का ही नाम मालूम पड़ता है। यह गंगा तथा सरयू के मध्य में बड़ी नदी भी है। गंगा तट पर स्थित हस्तिनापुर से रामगंगातट पर स्थित बरेली की दूरी तथा बरेली से कन्नौज की दूरी बराबर है, कन्नौज के पास रामगंगा गंगा से मिली है। राजमार्ग के पड़ावों के लिये दूरी समान होनी भी चाहिये अतः 'रहदफ' नदी का नाम प्रतीत होता है।

प्रकण्व—पाणिनि के अनुसार प्रकण्व भारत की पश्चिमी सीमा पर स्थित था। पाणिनि सू० ६।१।१५३ में 'प्रस्कण्व' एक ऋषि के नाम के लिये आया है। उस सूत्र के प्रत्युदाहरण के लिये 'प्रकण्व' देश के लिये प्रयुक्त हुआ है। हिरोदोतस ने 'परिकनिओई' नाम की एक जाति का उल्लेख किया है। स्टेनकोनों ने फरगना के जनों को परिकनिओई निश्चित किया है। इससे ज्ञात होता है कि फरगना का प्राचीन नाम प्रकण्व था।

गब्दिका—पाणिनि ने सिन्ध्वादिगण ४।३।९३ में गब्दिका का उल्लेख किया है। महाभाष्यकार गब्दिका को आर्यावर्त्त के बाहर मानते हैं। सम्भव है धौलाधार से ऊपर चंवा राज्य में गद्दियों का गद्देरन प्रदेश प्राचीन गब्दिका हो।

पटच्चर—पा० के पलद्यादिगण ४।२।११ में पटच्चर का उल्लेख मिलता है। इस समय जहाँ पाटोदी है बहुत सम्भव है सरस्वती के दक्षिण पाटोदी के आस पास का समस्त प्रदेश पटच्चर नाम से प्रसिद्ध रहा हो। यह आभीरों का निवास स्थान था।

वर्मती—पा० सू० ४।३।९४ में वर्मती का नाम आया है। सम्भव है यह बीमरान का प्राचीन नाम हो। यह स्थान बहुत प्राचीन मालूम पड़ता है तथा यहाँ खरोष्ठी के कुछ लेख भी प्राप्त हुये हैं।

साङ्काश्य—पा० सू० ४।२।८० से 'साङ्काश्य' एक स्थान का नाम प्रतीत होता है। रामायण में भी साङ्काश्य का उल्लेख मिलता है। किसी समय इस पर मिथिला के राजा जनक के भाई कुशध्वज का अधिकार था। प्रो० एच० एच० विल्सन ने अपने विष्णुपुराण में काशी को साङ्काश्य माना है परन्तु यह उनका भ्रम है क्योंकि काशी के लिये इस नाम का प्रयोग कहीं भी नहीं मिलता। श्युआन् चुआँग ने

कान्यकुब्ज जाते समय इस स्थान को देखा था। उसने इसका नाम 'सेंगकियासे' लिखा है। आजकल इसको 'संकसिग्रा' कहते हैं। यह फर्रुखाबाद जिले में इक्षुमती (ईखन) नदी के तट पर स्थित है। महाभारत काल में यह दक्षिण पाञ्चाल का एक भाग था।

कौशाम्बी—कुरुक्षेत्र के युद्ध में द्रुपद तथा उनके पुत्रों के मारे जाने पर दक्षिण पाञ्चाल कुरु जनपद में विलीन हुआ जान पड़ता है। क्योंकि अश्वमेध पर्व में दक्षिण पाञ्चाल की पृथक् सत्ता का उल्लेख नहीं मिलता। कुछ दिनों के बाद जब कुरु जनपद की राजधानी हस्तिनापुर गंगा में डूब गयी, तब पाण्डवों ने प्रयाग के पश्चिम लगभग तीस मील पर स्थित कौशाम्बी को अपनी राजधानी बनाया। उसको नव कौशाम्बी कहने लगे। आजकल उसका नाम कोसम है। जेनरल कनिंघम को कोसम में पत्थर का एक खम्भा मिला था जिस पर कौशाम्बी लिखा था। कथासरित्-सागर में कौशाम्बी की चर्चा मिलती है। वत्स जनपद की यह राजधानी थी। वत्सराज उदयन भी यहीं रहते थे। इसका एक नाम वत्सपत्तन भी था—"कौशाम्बी वत्सपत्तनम्" हेमचन्द्र ४।४१। महाभारत में अनेक स्थलों पर इसकी चर्चा मिलती है। पाणिनि ने भी ४।२।९७ में नद्यादिगण में इसका उल्लेख किया है।

प्रतिष्ठान—यह प्राचीन काल में राजा पुरूरवा की राजधानी था। यह प्रयाग से पूर्व गंगा के बायें तट पर स्थित था। हरिवंश पुराण में इसकी स्थिति का स्पष्ट उल्लेख किया गया है १४११।१२। विक्रमोर्वशीय नाटक से भी इसकी स्थिति पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। उसमें लिखा है कि प्रतिष्ठान नगरी का प्रतिबिम्ब सङ्गम के समीप गंगा के पुनीत जल में पड़ता रहता है। अतः आधुनिक झूँसी को प्रतिष्ठान मानना समुचित जान पड़ता है। यह गंगा के तट पर प्रयाग के पूर्व स्थित है तथा अतिप्राचीन भी जान पड़ता है।

अश्मक—उपरिलिखित प्रतिष्ठान के अतिरिक्त प्राचीन काल में एक और भी प्रतिष्ठान था। वह अश्मक जनपद की राजधानी था। अश्मक जनपद गोदावरी के दक्षिण सह्याद्रि पर्वत शृंखला (पश्चिमी घाट का उत्तरी भाग) तक विस्तृत था। आजकल उसको पैठन कहते हैं। पाणिनि ने ४।१।१७३ में अवन्ति तथा अश्मक को साथ-साथ लिखा है। उनके आधार पर यह कहा जा सकता है कि यह एक राज जनपद था।

अश्मक जनपद के सम्बन्ध में पुराणों में एक कथा मिलती है। लिखा है कि राजा कल्माषपाद की पत्नी मदयन्ती को वसिष्ठ के आशीर्वाद से पति के समागम के बिना ही गर्भ रह गया। सात वर्ष तक प्रसव नहीं हुआ। उसने किसी नुकीले पत्थर से गर्भाशय को विदीर्ण कर दिया। जो बच्चा पैदा हुआ उसका नाम अश्मक पड़ा। उसके वंशज भी अश्मक कहलाये तथा जनपद का नाम भी अश्मक पड़ गया।

अजाद—यह नाम कहीं नहीं मिलता। केवल पा० सू० ४।१।१७१ की व्याख्या से ज्ञात होता है कि यह एक जन-पद था। मालूम पड़ता है कि बकरियों के चरागाह की अधिकता के कारण उस जनपद का यह नाम रख दिया गया। सम्भव है यह चम्बल तथा यमुना मध्यवर्ती इटावा जिले का प्रदेश हो, क्योंकि आजकल भी यहाँ बकरियों के चरने के लिये पर्याप्त चरागाह हैं तथा वहाँ बकरियाँ भी उत्तम जाति की पाई जाती हैं उनको यमुना पारी कहते हैं।

वारणावत—महाभारत में वर्णित गंगा दोआब के छोटे-छोटे स्थानों में वारण अथवा वारणावत उल्लेखनीय है। यहीं लाक्षागृह का निर्माण कराकर कौरवों ने पाण्डवों को जला देने का षड्यन्त्र किया था। यह स्थान गंगा तट पर स्थित था; क्योंकि पाण्डवों ने वारणावत से निकलकर गंगा को पार किया था। वह हस्तिनापुर के दक्षिण पूर्व स्थित था आदि पर्व १४८।१९।२१। उपर्युक्त वर्णन से ज्ञात होता है कि इलाहाबाद जिले का बरावें—जो कि फतेहगढ़ से उत्तर पश्चिम की ओर आठ मील पर है प्राचीन वारणावत है। यह प्राचीन स्थान मालूम पड़ता है। वहाँ एक छोटे से राजा भी रहते हैं।

हरिद्वार—इसका एक नाम मायापुरी भी है। यह सिवालिक शृंखला की दक्षिणी तलहटी में गंगा तट पर स्थित है। संस्कृत साहित्य का गंगाद्वार यही है। गंगा नदी यहीं पर्वत को छोड़कर समतल भूमि में उतरी है। इसके समीप कनखल नाम का एक कस्बा है। प्राचीन काल में हरिद्वार के समीपवर्ती पर्वतों का नाम कनखल था; क्योंकि

महाभारत वन पर्व १३५-५ में कनखल का प्रयोग बहुवचन में मिलता है—"एते कनखला राजन् ऋषीणां दयिता नगाः।" इसके समीप ही कपिल तीर्थ था, जिसको आजकल भी कपिल स्थान कहते हैं।

बिल्वक—पाणिनि सू ६।४।१५३ से यह एक जनपद प्रतीत होता है। यह कोई छोटा जनपद रहा होगा; क्योंकि साहित्य में कहीं इसका नाम नहीं मिलता। हरिद्वार से थोड़ी दूर पर लगभग एक मील पश्चिमोत्तर पहाड़ी के नीचे एक तीर्थ आजकल प्रसिद्ध है। यहाँ नीम के वृक्ष के नीचे बिल्वकेश्वर नामक शिवलिङ्ग है। स्थानीय जनों का कहना है कि उस प्रदेश में पहिले बिल्व का वन था। सम्भव है उसके पार्श्ववर्ती प्रदेश का नाम बिल्वक रहा हो।

किरात—हरिद्वार के आगे पूर्वी गढ़वाल में सुबाहु का राज्य था। उस राज्य में किरात, तङ्गण तथा पुलिन्द जाति के जन रहते थे। महाभारत में किरातों की पर्याप्त चर्चा मिलती है। सभापर्व में लिखा है कि भीमसेन ने विदेह राज्य में स्थित होकर सात किरात राजाओं को परास्त किया था। प्राचीन विदेह जनपद में दरभङ्गा जिला तथा पूर्वी नेपाल का कुछ भाग सम्मिलित था—सभापर्व ३०।१५। महाभारत में ही अन्यत्र उल्लेख है कि किरात बड़े भयङ्कर धनुर्धर होते थे, वे चमड़ा पहिनते तथा फल मूल और मांस पर जीवन-निर्वाह करते थे सभापर्व ५२।२। अमरकोश में चिरायता का एक पर्याय 'किराततिक्त' २।४।११३ (किरात जनपद का कडुआ पौधा) लिखा है यह पौधा शिमला से लेकर पूर्वी नेपाल के मोरंग जिले तक प्रचुरता से पाया जाता है यू० सी० दत्त मेटेरिया मेडिका पृ० २००। राज निघण्टु में चिरायते का एक पर्याय नैपाल (नेपाल में उत्पन्न होने वाला) लिखा है।

उपरिलिखित उद्धरणों से ज्ञात होता है कि किरात जन हिमालय की ढालों पर गढवाल से लेकर समुद्रतटवर्ती 'वारिश' की सीमा तक के विस्तृत प्रदेश में रहते थे। वारिश आधुनिक वङ्गाल (पूर्वी) में बाकरगंज जिले का बारी साल सब डिविजन हो सकता है। यह पूर्वी वङ्गाल में दक्षिण-पूर्वी कोण में स्थित है। इस प्रदेश में अनेक नदियाँ हैं। किरातों का एक पर्याय लौहित्य भी मिलता है। इससे ज्ञात होता है कि ये लोग ब्रह्मपुत्र के तट पर भी रहते थे। अतः यह कहा जा सकता है कि किरात जन हिमालय पर रहने वाली पर्वतीय जाति के जन थे। सम्भवतः आजकल के भोटिया किरातों के ही वंशज कहे जा सकते हैं। भोटिया केवल भूटान में ही नहीं रहते, प्रत्युत नेपाल तथा कुमायूँ के कुछ भागों में भी पाये जाते हैं। भोटिया को प्राचीन किरात के वंशज मानने में महाभारत का भी प्रामाण्य मिल रहा है। महाभारत में लिखा है कि किरात गौरवर्ण के होते थे। राजसूय यज्ञ में किरातों ने युधिष्ठिर को जो उपहार दिये थे उनमें गौरवर्ण की किराताङ्गनायें भी थी। सभापर्व ५२।११।

पुलिन्द—यह शब्द पुल् धातु (महत्व प्राप्त करना) से उणादि सूत्र ४।८५ से सिद्ध किया जाता है। उज्ज्वलदत्त ने पुलिन्दों को शबर माना है। परन्तु यह समुचित नहीं जान पड़ता, क्योंकि शबर जाति अति प्राचीन काल से उड़ीसा में रहने वाली मानी जाती है। पुलिन्दों से उनका कोई सम्बन्ध नहीं जान पड़ता। जेनरल कनिंघम ने लिखा है कि शबर जन ग्वालियर तथा नरवर के दक्षिण तथा दक्षिणी राजपूताने में अधिकतर पाये जाते हैं। कथासरित्सागर में विन्ध्य के समीप एक शबर सामन्त का वर्णन मिलता है—"पृष्टवान् प्रियावृत्तिमत्यार्त्तः श्रीदत्तः शबराधिपम् १०-१३४। सातवें शतक के बाणभट्ट ने भी हर्ष चरित में लिखा है कि हर्षवर्धन ने विन्ध्य वन में शबर की सहायता से अपनी बहिन राज्यश्री को प्राप्त किया था। पुलिन्द शब्द का प्रयोग भिल्लों के लिये भी किया जाता था। इनको लाब्धक (लालची) भी कहते थे—"आनाययच्च सविभुर्भिल्लराजं पुलिन्दकम्। मित्रं बलैर्गुप्तदिशं प्रावृट्कालमिवाम्बुदैः॥" कथासरित्सागर १९-५६। 'तत्र वत्सेशमित्रस्य विन्ध्यप्राग्भारवासिनः। गृहं पुलिन्दकाख्यस्य पुलिन्दाधिपतेरमात्॥" कथास० सागर १३।४५। उक्त विवरण से ज्ञात होता है कि पुलिन्द जन विन्ध्यवन के रहने वाले कोल भिल्ल ही हैं।

तङ्गण—तङ्गणों के दो स्थानों का पता चलता है। महाभारत में उल्लेख है कि ये मध्य हिमालय में सुबाहु के राज्य में किरातों के साथ रहते थे, वहीं यह भी लिखा है कि इनके साथ जागुड, रामठ, स्त्री राज्य तथा मुण्ड जन भी रहते थे। टालेमी ने इनको गंगा के ऊपरी भाग में

पूर्वी तट पर स्थित माना है। इनका प्रदेश सम्भवतः रामगंगा नदी से ऊपरी सरयू नदी तक विस्तृत था। तङ्गण जन मध्य एशिया के काशगर में भी रहते थे। ये जन तब लोगों को ज्ञात हुए जब इनके विद्रोह को चीन सरकार ने दबाया। मालूम पड़ता है ये ही प्राचीन तङ्गणों के वंशज हैं। पर तङ्गण भी इनके सम्बन्धी थे तथा पास-पास रहते थे।

पोदन्य—महाभारत में लिखा है कि राजा अश्मक ने पोदन्य बसाया था। "अश्मको नाम राजर्षिः पोदन्यं यो न्यवेशयत्॥" आदि पर्व १७५–४७। काम्पिल्य तथा अहिच्छत्र के ठीक मध्य में स्थित वर्तमान बदायूँ प्राचीन काल का पोदन्य जान पड़ता है। इसको अयोध्या के राजा अश्मक ने बसाया था। बदायूँ के पूर्वोत्तर माँदापुर नाम का एक गाँव है जो कि महाभारत का मोदापुर हो सकता है—"मोदापुरं वामदेवं सुदामानं सुसंकुलम्।" सभापर्व २७।११।

गोपालकच्छ—महाभारत में भीम के पूर्वी देशों के विजय के प्रसङ्ग में मल्लभूमि के साथ ही गोपाल कच्छ के जीतने की चर्चा की गयी है—"ततो गोपालकच्छञ्च सोत्तरानपि कोसलान्। मल्लानामधिपञ्चैव पार्थिवाञ्चाजयत्प्रभुः॥" २।३०।३। गोपालकच्छ सम्भवतः मल्ल भूमि तथा उत्तर कोसल का मध्यवर्ती प्रदेश था अर्थात् रुहेलखण्ड के पूर्वोत्तर-प्रदेश का नाम गोपालकच्छ था। कनिंघम ने इसी प्रदेश में 'किन्पिश्वाङ्ना' की स्थिति बतलायी है जो कि गोपाल कच्छ ही हो सकता है; क्योंकि किन्पिश्वाङ्ना का अर्थ भी गोपालों का स्थान ही होता है।

उत्तर कोसल—यह सोलह महाजनपदों में से एक जनपद का नाम है। उत्तर में सदानीरा (राप्ती) नदी से लेकर दक्षिण में स्यन्दिका (सई) नदी तक का प्रदेश जिसके बीच से सरयू नदी लम्बे बल बहती है कोसल जनपद के नाम से प्रसिद्ध था। यदि हम पूर्व में गोरखपुर जिले के बरहज बाजार से (जहाँ सरयू-राप्ती संगम है) चलें और आजमगढ़ जिले के मऊनाथभंजन होते वाराणसी के निकट गंगा गोमती संगम तक चले आयें, वहाँ से दाहिने मुड़कर गोमती के साथ-साथ पश्चिमाभिमुख चलते-चलते गोमती सई संगम तक पहुँचे और तब सई के साथ साथ पश्चिमोत्तर चलकर हरदोई के आगे उसके (सई) निकास तक चले जायें तब हिमालय की तराई-तराई गोलागोकर्णनाथ, चन्दन चौकी, नेपालगंज आदि देते दक्षिण पूर्वाभिमुख बढ़ते राप्ती को पकड़ कर उसके साथ-साथ फिर बरहज बाजार तक पहुँच जायें तो कोसल जनपद की पूरी परिक्रमा हो जायगी।

नैमिषारण्य—अयोध्या के पश्चिम गोमती नदी है। इसका एक नाम वासिष्ठी भी था—'वासिष्ठी गोमती तुल्ये" हेमचन्द्र ४ १५१। प्रसिद्ध नैमिषारण्य तीर्थ इसी के तट पर था। नैमिषारण्य में ही प्रख्यात पौराणिक सूत रहते थे। यह शूद्र होने पर भी ब्राह्मणों के भी सम्मानास्पद प्रवक्ता थे। पुराणों में कथा है कि श्रीकृष्ण के भाई बलभद्र ने इनका वध कर दिया था, क्योंकि सूत ने ब्राह्मणों के समान बलभद्र का सत्कार नहीं किया था।

मत्स्य पुराण में लिखा है कि नैमिषारण्य गोमती तथा गङ्गा के संगम पर था—"तीर्थं तु नैमिषं नाम सर्वतीर्थफलप्रदम्। गंगोद्भेदस्तु गोमत्यां यत्रोद्भूतः सनातनः। तथा यज्ञवराहस्तु देवदेवस्य शूलभृत्। यत्र तत् काञ्चनद्वारमष्टादशभुजोः हरः॥ नेमिस्तु हरिचक्रस्य शीर्णा यत्रा भवत्पुरा। तदेतन्नैमिषारण्यं सर्वतीर्थनिषेवितम्। देवदेवस्य तत्रापि श्रीवराहस्यदर्शनम्॥" मत्स्य २२–१२–५ महाभारत २।८७–६।७॥ परन्तु यह वर्णन समुचित नहीं जान पड़ता, क्योंकि गोमती वाराणसी जिले में गंगा से मिलती है न कि नैमिषारण्य में। सम्भव है वहाँ गोमती में कोई दूसरी नदी मिली हो। सीतापुर जिले का नीमसार प्राचीन नैमिषारण्य माना जाता है।

कनिंघम ने लिखा है कि सुल्तानपुर के दक्षिण-पूर्व लगभग अठारह मील पर धवपापपुर नाम का एक तीर्थ है। यह भी गोमती नदी के तट पर स्थित है। प्राचीनकाल में इसी को कुसुम्भवनपुर भी कहते थे। महाभारत का रामतीर्थ सम्भवतः यही है—"रामतीर्थे नरः स्नात्वा गोमत्यां कुरुनन्दन। अश्वमेधमवाप्नोति पुनाति च कुलं नरः॥" ३–८४। अयोध्या से प्रयाग जाने वाले मार्ग पर यह तीर्थ पड़ता है।

कुशावती—श्री रामचन्द्र के जीवन काल में ही लव तथा कुश दो भिन्न भिन्न प्रदेशों में राज्य करने लगे थे। दक्षिण कोसल कुश के अधिकार में था। उसकी राजधानी विन्ध्य के दर्रे में स्थित कुशावती थी। उत्तर कोसल के शासक लव थे, उन्होंने श्रावस्ती को अपनी राजधानी बनायी।

"कोसलेषु कुशं वीरमुत्तरेषु तथा लवम्। अभिषिच्य महात्मानावुभौरामः कुशीलवौ॥ कुशस्य नगरी रम्या विन्ध्यपर्वतरोधसि। कुशावतीतिनाम्ना सा कृतारामेण धीमता॥ श्रावस्तीति पुरी रम्या श्राविता च लवस्य ह॥" बा०रा० १०७-१७ तथा १०८-४।५। परन्तु कालिदास ने रघुवंश १५-९७ में लव की राजधानी का नाम श्रावस्ती के स्थान पर शरावती लिखा है। सम्भव है उसका एक नाम यह भी रहा हो।

मत्स्यपुराण में लिखा है कि श्रावस्ती गण्डदेश में थी—"निर्मिता येन श्रावस्ती गण्डदेशे द्विजोत्तमाः।" सम्भवतः आजकल गोंडा जिस प्रदेश में है उसका प्राचीन नाम गण्डदेश रहा हो, तथा उसके अन्तर्गत श्रावस्ती भी रही हो। महाभारत में भी भीम के विजय के वर्णन में पाञ्चाल के पश्चात् गण्डदेश के विजय का उल्लेख मिलता है—"पाञ्चालान् विविधोपायैः सान्त्वयामास पाण्डवः। ततः स गण्डकान् वीरो विदेहान् भरतर्षभः॥" ११-२९-४ इसमें विदेह पाठ अशुद्ध प्रतीत होता है; क्योंकि विदेह विजय की चर्चा अन्यत्र की गयी है। उक्त उद्धरणों से यह तो निश्चय है कि अयोध्या के उत्तर का प्रदेश जिसमें गोंडा तथा बहराइच जिले हैं उत्तर कोसल में सम्मिलित था।

अयोध्या के उत्तर गोरखपुर जिले में स्थित आधुनिक सहेत महेत को प्राचीन श्रावस्ती माना जाता है। जेनरल कनिंघम ने लिखा है कि उनको सहेत महेत में बुद्ध की एक विशाल मूर्ति मिली थी, जिस पर श्रावस्ती खुदा हुआ था। पुराणों में लिखा है कि राजा श्रावस्त (रामचन्द्र के पूर्व पुरुष) ने उसे बसाया था। "तस्य श्रावस्तः। यः श्रावस्ती पुरीं निवेशयामास॥" ४।२।१२। इसका दूसरा नाम धर्मपुरी या धर्मपत्तन भी था—"श्रावस्ती धर्मपत्तनम्" त्रिकाण्डशेष, भूमि वर्ग।

इस प्रदेश में होकर इरावती नदी बहती है आजकल इसको राप्ती कहते हैं। इस नदी के अनेक प्राचीन नाम पाये जाते हैं। इसका एक नाम सदानीरा भी था। जेनरल कनिंघम ने बुद्ध की जन्मभूमि कपिलवस्तु को इसी नदी के पश्चिम मानता है। कपिलवास्तु का आधुनिक नाम भुइला है। कारलायल ने लिखा है कि यह स्थान बस्ती जिले में है। बौद्ध साहित्य में लिखा है कि इस स्थान पर प्राचीनकाल में कपिल नाम के एक ऋषि रहते थे उन्हीं के नाम पर इसका नाम कपिलवास्तु पड़ गया। कपिलवास्तु के समीप ही लुंबिनी वन में बुद्ध का जन्म हुआ था। उनकी मृत्यु कुशी नगर में हुई थी। कुशी नगर गोरखपुर से पैंतीस मील पर स्थित कसया नाम के ग्राम का प्राचीन नाम माना जाता है।

नेपाल—नेपाल नाम बहुत प्राचीन नहीं जान पड़ता। महाभारत की केवल एक प्रति में एक ही बार इसका नाम आया है—"नेपालविषये येन राजानस्तानदाययत्" वनपर्व २५४-७। भारतीय परम्परोक्त आधार पर प्रतीत होता है कि प्राचीनकाल में यह एक विस्तृत घाटी थी। क्रमशः लोग उसमें बसने लगे। उसके आकार को देखकर थार्टन की यह धारणा थी। महाभारत के एक श्लोक से भी यही ज्ञात होता है कि पहिले इस प्रदेश में जल ही जल था। इस प्रदेश के भिन्न भिन्न भागों के भिन्न भिन्न नाम पाये जाते हैं। अमरसिंह के समय यह नाम पूर्णतया प्रचलित हो गया था; क्योंकि उन्होंने लाल हरताल (मनः शिला—मैनसिर) का एक पर्याय नैपाली लिखा—"मनः शिला मनोगुप्ता....नैपाली कुनटी गोला" २-९-१०८ वर्तमान काल की अपेक्षा प्राचीन काल में इसकी सीमा संकुचित थी। इस समय काठमाँडू के समीप का ललितपत्तन नाम का नगर प्राचीन नेपाल की राजधानी था।

वाराणसी—प्राचीन काल में वाराणसी काशी जनपद की राजधानी थी। वरणा तथा असी नाम की नदियों के मध्य में स्थित होने के कारण नगरी का नाम वाराणसी पड़ गया। किसी समय इस जनपद का नाम वराणस भी था; क्योंकि वर्धमान ने गणरत्नमहोदधि में लिखा है कि "वराणसो नाम देशस्तत्र भवा नगरी वाराणसी," अर्थात् वराणस जनपद की राजधानी। उसी का विकृत रूप बनारस हो गया। बनारस नामकरण का एक दूसरा कारण यह कहा जाता है कि इस जनपद के एक राजा का नाम वन्नार था, उसी नाम के आधार पर इसका नाम बनारस पड़ गया। वाराणसी संस्कृत वाङ्मय, विशेषतया व्याकरण तथा आयुर्वेद का पीठ समझी जाती है। यहाँ बड़े-बड़े आचार्य हो चुके हैं। महाभाष्यकार पतञ्जलि यहाँ रहते थे। यहाँ के राजा दिवोदास धन्वन्तरि के अवतार माने

जाते हैं—हरिवंश १५४४। चरक ने इन्हीं से आयुर्वेद शास्त्र की शिक्षा प्राप्त की थी।

इस जनपद का विस्तार समय-समय पर बदलता रहा है। यहाँ के राजाओं की चर्चा संस्कृत वाङ्मय में प्रचुरता से मिलती है। कहा जाता है कि वाराणसी दो बार नष्ट भ्रष्ट कर दी गयी थी। एक बार दिवोदास के समय राक्षसों ने इसको नष्ट कर दिया। वे राक्षस सम्भवतः किसी प्राचीन जाति के जन रहे होंगे। दूसरी बार पौण्ड्रक वासुदेव के मित्र होने के कारण यहाँ के राजा को परास्त कर श्री कृष्ण ने उसकी राजधानी वाराणसी को ध्वस्त कर दिया था। हरिवंश २९। विष्णु पुराण १।३४। यह नगरी आर्यों का पवित्र तीर्थ मानी जाती है। शास्त्रों में लिखा है कि प्रलय होने पर भी वाराणसी नष्ट नहीं होती। यहीं से अन्य तीर्थों की दूरी का निर्णय करके उनका पुनर्निमाण किया जाता है।

वत्स—यह जनपद प्रयाग के पश्चिम स्थित था। प्राचीन काल में राजा दिवोदास का पौत्र यहाँ का राजा बनाया गया। वह छोटा सा बच्चा ही था, अतः उसकी अवस्था के कारण इस जनपद का नाम वत्स पड़ गया। श्युआन् चुआँग के अनुसार इस जनपद का क्षेत्रफल ६००० मील अर्थात् लगभग १००० वर्गमील था। इसकी राजधानी कौशाम्बी थी। आजकल वह कोसम नाम से प्रसिद्ध है। कोसम प्रयाग से लगभग तीस मील पश्चिम यमुना तट पर स्थित है। वा० रामायण में भी कौशाम्बी की चर्चा है। महाभारत में लिखा है कि जब हस्तिनापुर को गङ्गा ने बहा दिया तब पाण्डवों के वंशज (शतानीक) इस जनपद में आकर रहने लगे तथा कौशाम्बी को ही अपनी राजधानी बनाकर उसका नाम नव कौशाम्बी रख दिया। उदयन यहीं का राजा था। जिसकी कथा कथासरित्सागर में विस्तार पूर्वक वर्णित है। तथा भास ने उसी के आधार दो नाटकों को (प्रतिज्ञायौगन्धरायण, स्वप्नवासवदत्त) लिखा है।

मगध—यह सोलह महाजनपदों में एक प्रधान जनपद था। समय-समय पर यहाँ के राजाओं का आधिपत्य समस्त भारत में रह चुका है। आधुनिक गङ्गा के दक्षिण भाग का बिहार प्राचीनकाल में मगध कहलाता था तथा गङ्गा के उत्तर का बिहार विदेह। इसी जनपद के प्राचीन नाम कीकट तथा प्रमगन्द भी थे। इस जनपद में आदिवासी जन रहते थे। इस समय भी छोटा नागपुर तथा झारखण्ड जिलों में संथाल नाम के आदिवासी पाये जाते हैं। मगध एकराज जनपद था। इस पर बृहद्रथवंश, शिशुनागवंश तथा नन्दवंश के राजाओं ने शासन किया था। बाद में मौर्यों ने शासन किया। इन राजाओं ने समय-समय पर कम्बोज तथा कपिशा से लेकर वङ्ग, कलिङ्ग पर्यन्त प्रदेशों को अपने साम्राज्य के अन्तर्गत कर लिया था। इसी जनपद में बौद्ध धर्म का पूर्ण विकास हुआ था।

गिरिव्रज—इस जनपद की राजधानी गिरिव्रज (पर्वत-समूह) थी। आजकल उसको राजगृह कहते हैं। रामायण बालकाण्ड तथा महाभारत में इसका उल्लेख मिलता है। महाभारत में लिखा है कि श्रीकृष्ण, अर्जुन तथा भीम गङ्गा तथा सोन नदियों को पार कर पूर्व की ओर चलकर गोरथ नामक पर्वत पर पहुँचे। वहाँ से उनको विपुल, वराह, वृषभ, ऋषिगिरि तथा चैत्यक नाम की पाँच पहाड़ियाँ दिखाई पड़ीं। गिरिव्रज उन पहाड़ियों से घिरा हुआ था। उन पहाड़ियों को लाँघ कर वे लोग जरासन्ध के निवास स्थान गिरिव्रज पहुँच गये। वह पहाड़ियों के मध्य में स्थित था। सोन पटना के पास गङ्गा से मिली है, अतः यह स्पष्ट है कि उन लोगों को पश्चिम से राजगृह जाने में गङ्गा तथा सोन दोनों को पार करना ही पड़ा होगा।

जेनरल कनिंघम ने अपनी भारत की प्राचीन भूगोल नाम की पुस्तक में एक मानचित्र दिया है। जिसमें उन्होंने विपुलगिरि, रत्नगिरि, उदयगिरि, सोनगिरि तथा वैभार-गिरि को दिखलाया है। विपुलगिरि उत्तर की ओर है। उसके पूर्वोत्तर रत्नगिरि है। उसके आगे शैलगिरि, रत्नगिरि पालि-साहित्य का पाण्डवगिरि माना जाता है। मालूम पड़ता है कि इससे पाण्डवों का सम्बन्ध रहा होगा। सैल-गिरि सम्भवतः गोरथगिरि है। महाभारत का चैत्यकगिरि रत्नगिरि हो सकता है। ऋषिगिरि पालि-साहित्य का इसिगिलि है। दक्षिणपूर्व की ओर उदयगिरि है। वराह का रूपान्तर व्याहारगिरि मालूम पड़ता है। सम्भवतः यही वैभार गिरि है। इस प्रदेश में पञ्चन नाम की नदी बहती है, इसका दूसरा नाम मागधी नदी है।

कुसुमपुर—मगध जनपद की दूसरी राजधानी का नाम कुसुमपुर, पाटलिपुत्र (पटना) था। जिसको अजात-

शत्रु के पुत्र उदयाश्व ने बसाया था। यूनानी लेखकों तथा संस्कृत साहित्य से ज्ञात होता है कि प्राचीनकाल में यह पूर्वी भारत का सबसे समृद्ध नगर तथा विद्याकेन्द्र था। राजशेखर ने लिखा है कि यहाँ भारतविख्यात पाणिनि, कालिदास आदि विद्वानों की परीक्षा हुई थी—"श्रूयते च पाटलिपुत्रे शास्त्रकारपरीक्षा।" अत्रोपवर्षवर्षाविह पाणिनि-पिङ्गलाविह व्याडिः। वररुचिपतञ्जली इह परीक्षिता ख्यातिमाजग्मुः।" काव्यमीमांसा अध्याय ११।

पुरगावण—पा० सू० ८।४।४-५ में पुरगावण का नाम आया है। वर्धमान ने गणरत्नमहोदधि में लिखा है कि पाटलिपुत्र में पुरगा नाम की एक यक्षी रहती थी। सम्भव है उसी के नाम पर पाटलिपुत्र के पाश्ववर्ती वन का नाम पुरगावण पड़ गया हो।

गया—मगध जनपद के एक बड़े नगर का नाम गया था, इसकी चर्चा भारतीय साहित्य के अनेक ग्रन्थों में मिलती है। यह फल्गुनदी के पश्चिम तट पर बसा हुआ है। फल्गु का एक नाम महानदी भी है। यह बड़ी पवित्र नदी मानी जाती है। यह नीलगाम (निरंजनी) तथा मोहिनी नाम की दो बड़ी नदियों से मिल कर बनी है। इस नगर के समीप बोध गया नाम का उपनगर है। यहीं एक पीपल के वृक्ष के नीचे कठिन तप के पश्चात् बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था।

नालन्दा—मगध में बिहार नाम का एक कस्बा है। उसके समीप एक सूनसान पहाड़ी है उस पर कुछ अवशेष पड़े हुये हैं। कनिंघम की धारणा है कि यह अवलोकितेश्वर के अवशेष हैं। इस पहाड़ी के समीप ही भारतविख्यात नालन्दा विश्वविद्यालय था। ह्युआन च्युआँगने यहाँ कई वर्षों तक संस्कृत का अध्ययन किया था। पुरातत्त्ववेत्ता लोग वर्तमान बड़ागाँव को प्राचीन नालन्दा मानते हैं। यह राजगृह से सात मील उत्तर की ओर है।

वररुचि के प्राकृत प्रकाश के बारहवें अध्याय में लिखा है कि मगध के नाम पर मागधी भाषा का प्रादुर्भाव हुआ था। विश्वनाथ के अनुसार मागधी मगध के राजकीय अन्तः-पुर के परिचारकों की भाषा थी। राजशेखर ने विश्वनाथ के मत की पुष्टि की है—"श्रूयते हि मगधेषु शिशुनागो नाम राजा तेन दुरुच्चारानष्टौ वर्णानपास्य स्वान्तःपुर एकः प्रवर्तितो नियमः टकारादयश्चत्वारो मूर्द्धन्यास्तृतीयवर्ज-मूष्माणस्त्रयः क्षकारश्चेति"—का० मी० कविचर्या। अर्थात् शिशुनाग ने अपने अन्तःपुर में ट, ठ, ड, ढ, श, ष, ह तथा क्ष वर्णों का उच्चारण करना रोक दिया था। इससे यह भी प्रतीत होता है कि भाटों के लिये मागध शब्द का प्रयोग भी इसी जनपद के आधार पर प्रचलित हुआ है।

मागधी नाम का एक पौधा भी होता है। इसको पीपर कहते हैं—"मागधी पिप्पली मता।" अमर २।९६। जूही का पर्याय भी मागधी है—'मागधी गणिका" यूथिका-अमर २।७१। यह जनपद प्राचीनकाल में व्यापार का भी बड़ा केन्द्र था। यहाँ के व्यापारियों की चर्चा संस्कृत साहित्य में प्रचुरता से मिलती है। प्राचीनकाल में मागध परिमाण समस्त भारत में सर्वश्रेष्ठ समझा जाता था—"कालिङ्गा-न्मागधं श्रेष्ठम्॥ सम्भव है पीपर यहाँ की मुख्य व्यापारिक वस्तु रही हो, तथा जूही यहाँ का प्रिय पुष्प रहा हो, अतः मगध के नाम के आधार पर उनका भी नाम मागधी पड़ गया हो।

कारूष—इसका दूसरा रूप कारूश भी मिलता है। गोमती के सङ्गम से लेकर सोन के सङ्गम तक के गङ्गा के दक्षिण तट पर स्थित प्रदेश में प्राचीनकाल में मलद अथवा मलज तथा कारूष जन रहते थे। कारूष जन बृहद्-गुह भी कहे जाते थे—"कारूषास्तु बृहद्गुहाः" हेमचन्द्र ४.२५ रामायण के अनुसार कर्मनाशा तथा सोन का मध्यवर्ती प्रदेश कारूष कहलाता था। ब्रह्माण्डपुराण के अनुसार वेदगर्भपुरी (बक्सर) कारूष देश में स्थित थी। मिथिला जाने के समय श्री रामचन्द्र सरयूसंगम पर गङ्गा को पार कर कारूष देश में गये थे। मथुरा पर आक्रमण के समय कारूषों के राजा ने जरासन्ध का साहाय्य किया था। रामायण से यह भी ज्ञात होता है कि वामन भगवान् का आश्रम कारूष देश में था। विश्वामित्र का आश्रम यहीं था। पार्जिटर के अनुसार कैमूर शृंखला कारूष देश में है। बाद में चल कर कारूष जनपद मगध जनपद में विलीन हुआ जान पड़ता है।

इसके अतिरिक्त एक दूसरे जनपद का नाम भी कारूष था। महाभारत के अनुसार दन्तवक्त्र का राज्य, जिसको अधिराज भी कहते थे—मत्स्य तथा भोज जनपदों के मध्य

में था। पुराणों में इस जनपद को विन्ध्य श्रृंखला के पीछे बतलाया गया है। पार्जिटर का कहना है कि कारूष जनपद काशी तथा वत्स जनपदों के दक्षिण था। कारूष के पश्चिम चेदि तथा पूर्व में मगध था। उपर्युक्त उद्धरणों से ज्ञात होता है कि किसी समय कारूष जनपद गंगा के दक्षिण आधुनिक रीवाँ राज्य तक विस्तृत था। आजकल भी दक्षिणी विहार तथा रीवाँ पास ही पास हैं।

शिखावल—पा० सू० ४।२।८९ से यह नगर का नाम ज्ञात होता है, परन्तु दूसरे साहित्य में यह नाम अप्रचलित सा है। सम्भव है यह रीवाँ राज्य में सोन के बायें तट पर स्थित आधुनिक सोहावल का प्राचीन नाम रहा हो। सोहावल रीवाँ राज्य में छोटी सी रियासत थी, वहाँ का राजा रीवाँ का करद राजा होता था। छोटी रियासत होने पर भी यह प्राचीन स्थान प्रतीत होता है।

वैशाली—मगध के उत्तर वैशाली नाम का गणतन्त्र राज्य था। बुद्ध के समय इसकी राजधानी का नाम वैशाली था। इसको विशाल नाम के एक राजा ने बसाया था—रामायण १-४८-१४। यहाँ प्राप्त अवशेषों को राजा विशाल के महल का अवशेष कहते हैं। रामायण में वर्णन है कि मिथिला में जनकपुर पहुंचने के पूर्व श्रीराम गङ्गा पार कर इस नगर में एक रात रहे थे। कनिंघम तथा श्युआन् चुआंग के आधार पर आधुनिक बसाढ़ का ही प्राचीन नाम वैशाली प्रतीत होता है।

वृजि—वैशाली के आस-पास का प्रदेश सम्भवतः वृजि कहलाता था। पा० सू० ४।२।१३१ की व्याख्या में वामन ने वृजि शब्द से वहाँ के रहनेवाले जन के लिये वृजिक (वृजिषु जातः) शब्द को सिद्ध किया है। बील ने बुद्ध चरित में लिखा है कि वजोर देश में वैशाली नाम का एक समृद्ध नगर है। वजोर वृजि का विकृत रूप प्रतीत होता है क्योंकि वजोर नाम के देश का उल्लेख अन्यत्र नहीं उपलब्ध है। सभापर्व में लिखा है कि भीम ने विदेह जनपद जाने के पूर्व शर्मकों तथा वर्मकों को जीता था। ये जन वृजि देशों में रहते थे। शर्मन् तथा वर्मन् के लिये शर्मकों तथा वर्मकों का प्रयोग प्रतीत होता है। वर्तमानकाल में वर्मन् जन बंगाल के कुछ भागों में पाये जाते हैं। शर्मन का निर्णय अभी तक नहीं हो सका है। सम्भवतः इससे यह सूचित होता है। कि वहाँ मिले-जुले ब्राह्मण क्षत्रियों का बसाव था।

वृजि जनपद पूर्व में बागमती या भोगमती नदी से लेकर पश्चिम में गण्डकी नदी तक विस्तृत था। दूसरे शब्दों में इस प्रदेश में मुजफ्फरपुर तथा छपरा का कुछ भाग सम्मिलित था। इसकी राजधानी वैशाली ही थी। किसी समय यहाँ विदेह लिच्छवियों का राज्य था। वर्तमानकाल में कुछ तिरहुत निवासी तथा कुछ नेपाली जन वज्जी तथा वजिया कहे जाते हैं। बहुत सम्भव है इनके पूर्वज प्राचीनकाल के वृजि जन हों।

मल्ल—वृजि जनपद के ठीक पश्चिम तथा कोसल जनपद के पूर्व मल्ल नाम का जनपद था। सम्भवतः आधुनिक गोरखपुर का प्रदेश प्राचीनकाल में मल्ल जनपद रहा हो। पावा तथा कुसीनगर (कसया) इस जनपद के प्रसिद्ध नगर थे। आजकल भी इस जनपद में मल्ल जाति के जन पाये जाते हैं।

विदेह—वैसाली के पूर्वोत्तर विदेह जनपद था। इसकी राजधानी मिथिला (जनकपुर) थी। किसी-किसी कोश में विदेह तथा मिथिला को पर्याय के रूप में भी लिखा है। परन्तु यह समुचित नहीं जान पड़ता। "जनो विदेहेषु मिथिलामभिप्रविश्यैव"—दशकुमार ३। राज्य का नाम विदेह जान पड़ता है। राजा जनक के समय भी विदेह जनपद की राजधानी मिथिला ही थी। जानकी का जन्म सीतामढ़ी में हुआ था—रामायण ३-४। मोतिहारी से बारह मील पूर्व सीता कुण्ड है। विवाह के समय सीता ने इसी कुण्ड में स्नान किया था। प्राचीनकाल में इस जनपद में कुछ भाग नेपाल का तथा कुछ वृजि का भी सम्मिलित था। वर्तमान काल में इस जनपद को स्थानीय जन मिथिला ही कहते हैं। प्राचीनकाल में यहाँ के व्यापारी समस्त भारत में प्रसिद्ध थे। अमरकोश में व्यापारी का एक पर्याय वैदेहक भी लिखा है—"वैदेहकः सार्थवाहो नैगमो वणिजो वणिक्" अमर २।९।७८।

तीरभुक्ति—इसका शब्दार्थ तट के समीप की अधिकृत भूमि होता है। इस प्रदेश में गण्डक का तटवर्त्ती प्रदेश सम्मिलित था। किसी समय यहाँ कोई बड़ा प्रतापी राजा हो चुका है जिसके नाम पर इस प्रदेश में एक संवत्

प्रचलित है इसी से उसका महत्त्व प्रकट होता है। त्रिकाण्ड-शेष के अनुसार तीरभुक्ति विदेह का पर्याय प्रतीत होता है—"तीरभुक्तिस्तु लिच्छविः" त्रिकाण्डशेष भूमिवर्ग ८। परन्तु अन्यत्र कहीं भी यह विदेह के पर्याय के रूप में नहीं प्रयुक्त हुआ है। आजकल मैथिल जन अपने देश को मिथिला तथा तिरहुत दोनों नाम से पुकारते हैं, तिरहुत तीरभुक्ति का ही विकृत रूप है। कुछ विद्वानों की धारणा है कि तिरहुत का दक्षिणी भाग विदेह में सम्मिलित नहीं था। बहुत सम्भव है यह प्रदेश किसी समय विदेह राजाओं के अधिकार में रहा हो इसी कारण पुरुषोत्तम ने दोनों को एक ही राज्य माना हो। जेनरल कनिंघम ने लिखा है कि तिब्बत तथा लद्दाख (ललाटाच) के राजा अपनी उत्पत्ति लिच्छविवंश से मानते हैं। नेपाल के नेवर जन भी अपना उद्गम निच्छवि (लिच्छवि) वंश से ही कहते हैं।

अङ्ग—सोलह महाजनपदों में अङ्ग नाम का एक जनपद था। दरभङ्गा के पूर्व भागलपुर के उत्तर से तथा पूर्णियाँ के पश्चिम कौशिकी (कोसी) नदी बहती है तथा पूर्णियाँ जिले में ही मानहारि के दक्षिण-पूर्व गंगा में मिली है। प्राचीनकाल में यह पूर्नियाँ नगर के बिलकुल समीप बहती थी। परन्तु आजकल पश्चिम की ओर हटती जा रही है। चार नदियों की सम्मिलित धारा का नाम कौशिकी है। प्रायः सभी नदियों का उद्गम तिब्बत ही है। महाभारत में इसके तट पर कौशिकी कच्छ (कौशिकी के तट का प्रदेश) का होना लिखा है। कौशिकी कच्छ पर राजा विराट का अधिकार था। परन्तु यह विराट महाभारत काल का विराट नहीं प्रतीत होता। सम्भव है इस नाम का कोई दूसरा राजा हुआ हो। कौशिकी के तट पर ही ऋष्यश्रृंग का आश्रम था। कहा जाता है कि चम्पा के राजा लोमपाद प्राकृतिक उपद्रवों की शान्ति के लिये ऋष्यश्रृंग को अपने राज्य में ले गया था। इनका आश्रम आज भी यहाँ विद्यमान है, परन्तु कौशिकी से पर्याप्त दूरी पर है। सम्भव है नदी वहाँ से क्रमशः हटती गयी है।

उपर्युक्त कौशिकी कच्छ के दक्षिण गङ्गा के बायें तट पर अङ्ग जनपद स्थित था। इसकी राजधानी का नाम चम्पा था। इसके अनेक नाम मिलते हैं—अंगपुरी, लोमदापुरी, कर्णपुरी, मालिनी आदि—"चम्पा तु मालिनी, लोमपाद कर्णयोः पूः"—हेमचन्द्र ४।४२। आजकल चम्पा के स्थान पर भागलपुर स्थित है। श्युआन् चुआँग ने लिखा है कि चम्पा गङ्गा तट पर चट्टान वाले द्वीप से चौबीस मील पश्चिम स्थित थी। जेनरल कनिंघम ने सिद्ध किया है कि पाथर घारा के सामने वाली पहाड़ी ही चट्टान वाला द्वीप है। यह भागलपुर से लगभग चौबीस मील की दूरी पर स्थित है। यहाँ चम्पापुर तथा चम्पानगर नाम का गाँव अब भी विद्यमान है। संस्कृत साहित्य के अनुसार चम्पापुरी मिथिला के पूर्व गङ्गा के तट पर स्थित थी। सम्भव है चम्पा नाम के फूल की अधिकता के कारण इसका नाम चम्पा पड़ा हो।

महाभारत में कौशिकी नदी के समीप एक चम्पक वन की चर्चा मिलती है—"कौशिकीं तत्र गच्छेत महापापप्रणाशिनीम्। ततो गच्छेत राजेन्द्र चम्पकारण्यमुत्तमम्—महाभारत ३।८४।१३२।१३३। रघुवंश में अंग जनपद में हाथियों की चर्चा मिलती है। परन्तु आजकल वहाँ हाथी बिलकुल नहीं पाये जाते। सम्भव है प्राचीनकाल में पाये जाते रहे हों।

मोदागिरि—भागलपुर तथा पटना के मध्य में मुँगेर नाम का एक नगर है। इसी जिले में सीताकुण्ड तथा ऋषिकुण्ड नाम के दो तप्त झरने हैं। सीताकुण्ड मुँगेर से पाँच मील तथा ऋषिकुण्ड मुँगेर से ग्यारह मील पूर्व है। इस प्रदेश की चर्चा संस्कृत साहित्य में नहीं मिलती। सम्भव है यह प्रदेश अङ्ग तथा मगध के अधिकार में रहा हो। इस कारण इसका पृथक् उल्लेख नहीं हुआ। ईसवीय सन् १७८० में मुँगेर में एक ताम्रपत्र मिला था। प्रिंसप तथा अन्य विद्वानों ने उसे पढ़ा था। उससे ज्ञात होता है कि मुँगेर किसी समय पाटलिपुत्र के राजा देवपाल के अधिकार में था। वहीं एक दूसरा भी ताम्रपत्र मिला था, उसमें मुद्गगिरि लिखा था। डा० बचनन हैमिल्टन ने उसे पढ़ा था। उसका शुद्ध रूप मोदागिरि समझा गया। केवल महाभारत के सभापर्व में मोदागिरि की चर्चा है। उसमें उसकी स्थिति पूर्व भारत के उपर्युक्त दोनों जिलों के मध्य में बतलायी गयी है। जिस समय श्युआन् चुआँग ने उसको देखा था उस समय वहाँ की पहाड़ी से ज्वालामुखी का

धूआँ प्रचुर मात्रा में निकल रहा था। उसने लिखा है कि उस धूएँ से सूर्य तथा चन्द्रमा का प्रकाश मन्द पड़ गया था।

पुण्ड्र—कौशिकी कच्छ के पूर्व पुण्ड्र देश था। उसको गौड तथा वरेन्द्र भी कहते थे। "पुण्ड्राः स्युर्वरेन्द्रो गौडनी-वृति त्रीणि गौडदेशस्य"—त्रिकाण्डशेष। गौड तथा पुण्ड्र देश के सम्बन्ध में राजतरङ्गिणी में लिखा है कि पुण्ड्रवर्द्धन नगर पुण्ड्र देश अथवा वहाँ के राजा की राजधानी था। पुण्ड्र अथवा पौण्ड्र एक प्रकार का मोटा गन्ना होता है जिसको उत्तर प्रदेश की बोलचाल की भाषा में पौंढा कहते हैं—"इक्षुस्तद्भेदाः पुण्ड्रकान्तारादयः"—अमर २।४।१६३। पौण्ड्रको भीरुकश्चापि वंशकः शतपोरकः। इत्येता जातयस्तेषां कथयामि गुणानपि।" भावप्रकाश। उक्त प्रदेश में इस प्रकार के गन्ने की खेती प्रचुरता से की जाती है। अतः सम्भव है कि पौंढे की अधिक उपज के कारण इस देश का नाम पुण्ड्र पड़ गया हो। गौड शब्द का भी यही अर्थ होता है—जहाँ गुड़ की अधिकता हो। अतः गौड तथा पुण्ड्र दोनों ही नाम एक देश के मालूम पड़ते हैं। इसी कारण भारत के प्राचीन जनपदों की नामावली में गौड का उल्लेख नहीं मिलता—"अङ्गो वङ्गः कलिङ्गश्च पुण्ड्रः सुह्मश्च ते सुताः। तेषां देशाः समाख्याताः स्वनाम प्रथिता भुवि"॥ महाभारत १–१०२-५३।

संस्कृत साहित्य में गौड देश के लिए वरेन्द्र शब्द का प्रयोग नहीं मिलता, परन्तु उत्तरी बङ्गाल में आज भी वरेन्द्र अथवा वारेन्द्र ब्राह्मण पाये जाते हैं तथा वहाँ वरेन्द्र नाम की पहाड़ी के कुछ चिन्ह भी उपलब्ध होते हैं। यहाँ वरेन्द्र जाति के शूद्र भी मिलते हैं। ये अधिकतर मालदह जिले में रहते हैं। इससे ज्ञात होता है कि किसी समय इस प्रदेश को वरेन्द्र अवश्य कहते थे तथा वहाँ के निवासी वरेन्द्र कहे जाते थे।

पुण्ड्रवर्धन की राजधानी चिरकाल तक गौडपुरी थी जिस-को लक्ष्मणावती भी कहते थे। उसके कुछ अवशेष भागीरथी के तट पर स्थित गौड नाम के स्थान पर उपलब्ध हुये हैं। गौड नाम का स्थान मालदह के समीप ही है। पाणिनि का गौडपुर भी यही है। किसी समय इसकी राजधानी का नाम पुण्ड्रवर्धन था। कथासरित्सागर १६–१६–२१ में इसकी चर्चा मिलती है। हरिवंश पुराण, विष्णुपुराण तथा श्रीमद्भागवत से ज्ञात होता है कि यहाँ के राजा का नाम पुण्ड्रक था उसी को वासुदेव भी कहते थे। श्रीकृष्ण बनने की लालसा से उसने उनसे युद्ध किया और मारा गया। इस नगर के समीप किसी नदी की चर्चा न होने से अनुमान किया जाता है कि यह देश के मध्य में कहीं रहा होगा। आधुनिक पण्डुआ मालदह जिले के मध्य में स्थित है। "इसका नाम भी पुण्ड्रवर्धन से मिलता जुलता है। सम्भव है प्राचीन पुण्ड्रवर्धन यही रहा हो। किसी समय बङ्गाल के बोगरे जिले का महास्थान गढ़ भी पुण्ड्रवर्धन की राजधानी था। वहाँ अशोक के पूर्व का एक अभिलेख प्राप्त हुआ है। उसमें वहाँ के शासक ने पुण्ड्रवर्धन के महामात्य को कुछ आज्ञा दी है। पाणिनि के ६।२।८६ सूत्र का उदाहरणं महानगर सम्भवतः यही महास्थान गढ़ की ओर संकेत करता है।

सुह्म—प्राचीन काल में राढदेश सुह्म भी कहा जाता था—"राढास्तु सुह्माः" वैजयन्ती भूमि काण्ड १३०। वर्तमान हुगली, मिदनापुर तथा बर्दवान (बर्धमान) आदि जिले सुह्म जनपद में सम्मिलित थे। उस जनपद के जन सुह्म कहे जाते थे। इस समय इस प्रदेश में कुछ ऐसे जन रहते हैं जो अपने को सोम कहते हैं। सम्भवतः प्राचीन काल के सुह्म ये ही हैं। इस जनपद की राजधानी का नाम ताम्रलिप्ति (तमलुक) था। यह गंगासागर के समीप स्थित है। रघुवंश में उल्लेख है कि सुह्म जनपद के निवासियों ने रघु के सामने वेत की वृत्ति धारण करके, अर्थात् नम्र होकर बिना युद्ध किये ही उनकी अधीनता स्वीकार कर अपनी रक्षा की थी। रघुवंश ४।३५

प्राग्ज्योतिष—पुण्ड्र जनपद के पूर्वोत्तर प्राग्ज्योतिष अथवा कामरूप नाम का जनपद था। इसकी गणना महा-भारत में भारत के प्राच्य प्रदेश में की गयी है। यह जनपद ब्रह्मपुत्र के दोनों ओर विस्तृत है। लौहित्य नाम की ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी पूर्व से आकर उसमें मिली है। उसके संगम पर महाभारत के तीर्थ-यात्रा-प्रकरण के वनपर्व में उल्लिखित संवेद्या (सदिया) नाम का नगर स्थित है। ब्रह्मपुत्र के बायें तट पर श्रीहट्ट (सिलहट) नाम का नगर है। यहीं कामाक्षा देवी का भारतविख्यात पीठ विद्यमान है। ब्रह्मपुत्र के दाहिने तट की ओर सूरमा नदी की द्रून (द्रोणी) है।

सूरमस—पाणिनि ने ४।१।१७० में इसका नाम सूरमस लिखा है। भारत के इतिहास में कामरूप के मध्य देश के साथ सम्बन्ध की चर्चा अनेक स्थलों पर मिलती है। कामरूप का राजा भगदत्त महाभारत का एक विशिष्ट व्यक्ति था। सभापर्व में लिखा है कि उसने किरात, चीन तथा समुद्रतटवासियों को साथ लेकर आठ दिन तक अर्जुन से युद्ध किया था। सभापर्व २६।७, उद्योग पर्व १८।१५, १६। उक्त उद्धरण से ज्ञात होता है कि उसका राज्य उत्तर की ओर हिमालय तक तथा पूर्व की ओर चीन की सीमा तक विस्तृत था। यह तथ्य राजसूय यज्ञ में युधिष्ठिर को दिये गये उसके उपहारों के वर्णन से भी पुष्ट होता हैं। उसमें उसने उत्तम घोड़े, रत्नजटित आभूषण, हाथी दाँत की मूठ की तलवारें आदि वस्तुएँ दी थीं, सभापर्व ५१-१३, १६। आसाम में उत्तम घोड़े नहीं होते, प्रत्युत भूटान में उत्तम जाति के टट्टू पाये जाये हैं। आसाम के निचले भाग में हाथी भी नहीं पाये जाते, वल्कि डूअर (आसाम के ऊपरी जंगलों) में पाये जाते हैं। कालिदास ने भी हाथियों की चर्चा की है—"तमीशःकामरूपाणामत्याखण्डलविक्रमम्। भेजे भिन्नकटैर्नागैरन्यानुपरुरोध यैः॥" रघु० ४।८३।

कालिदास ने इस जनपद में कालागुरु की भी चर्चा की है—"चकम्पे तीर्णलौहित्ये तस्मिन् प्राग्ज्योतिषेश्वरः। तद्गजालानताम्प्राप्तैः सहकालागुरुद्रुमैः" रघुवंश ४।८१ डा० राक्सवर्ग ने लिखा है कि आसाम के पूर्वी भाग में कालागुरु के वृक्ष प्रचुरता से पाये जाते हैं। सातवें शतक के बाणभट्ट ने हर्षचरित में हर्षवर्धन के मित्र कुमार भास्कर वर्मा का उल्लेख विस्तारपूर्वक किया है। वह उस समय वहाँ का शासक था। कामरूप के एक नगर का नाम मणिपुर था। आज भी वह उसी नाम से प्रसिद्ध है। महाभारत में वहाँ की राजकुमारी उलूपी के साथ अर्जुन के विवाह की कथा उल्लिखित है। इस समय भी वहाँ के क्षत्रिय अपना सम्बन्ध अर्जुन पुत्र बभ्रुवाहन से कहते हैं।

किसी समय कामरूप की राजधानी लौहित्य के तट पर स्थित प्राग्ज्योतिष थी। वर्तमान गौहाटी का प्राचीन नाम प्राग् ज्योतिष कहा जाता है। नदी के दूसरे तट पर अश्वकान्त नाम की एक पहाड़ी है। श्री कृष्ण ने यहीं नरकासुर का वध किया था। इस जनपद का दूसरा प्रसिद्ध नगर रङ्गपुर था। कहा जाता है कि यह राजा भगदत्त का ग्राम्य निवास स्थान था। यहाँ कुछ अवशेष अब भी विद्यमान है, परन्तु किसी ने उनका अध्ययन नहीं किया।

त्रिपुर—मणिपुर के दक्षिण-पश्चिम त्रिपुर (तिपरा) है। इस जनपद में किसी समय चट्टग्राम (चटगाँव) सम्मिलित था। कुछ लोग इस तिपरा को शिव से जलाये गये असुरों के त्रिपुर को समझते हैं। परन्तु अधिकतर विद्वानों का मत है कि असुरों का त्रिपुर मध्यभारत में है, उसकी चर्चा आगे की जायगी।

ब्रह्मदेश—कामरूप के पूर्व ब्रह्मदेश है, जिसका दूसरा नाम सुवर्णभूमि अथवा सुवर्णद्वीप था। इस जनपद में इरावती नदी बहती है। इसको इरावदी भी कहते हैं। आजकल इस जनपद का प्रचलित नाम बर्मा है। यहाँ बौद्धधर्म का बड़ा प्रभाव था। भिन्न-भिन्न काल में इस जनपद की तीन राजधानियाँ रह चुकी हैं। उत्तरी बर्मा की राजधानी पगान का प्राचीन नाम अरिमर्दनपुर, मध्यवर्ती बर्मा की राजधानी प्रोम का नाम श्रीक्षेत्र तथा दक्षिणी बर्मा की राजधानी पीगू का नाम हंसवती था। बर्मा तथा कलिङ्ग के मध्य में स्थित भारत महासागर के भाग का नाम आजकल बंगाल की खाड़ी है। प्राचीन काल में उसको महोदधि कहते थे—"प्राप तालीवनश्याममुपकण्ठं महोदधेः" रघुवंश ४।३४।

बङ्ग—त्रिपुर के पश्चिम बङ्ग अथवा पूर्वी बङ्गाल है। कुछ लोग बङ्ग को गौड का पर्याय समझते थे, परन्तु एक प्राचीन ग्रन्थ माधवचम्पू में दोनों जनपदों का स्पष्टतया पृथक्-पृथक् उल्लेख है। उसमें लिखा है कि बङ्ग देश में पद्मा तथा ब्रह्मपुत्र नदियाँ बहती हैं—"अस्ति तावद् बङ्गनामा देशः, यस्मिन् पारावारसदृश्यः पद्मावतीप्रभृतयः तरङ्गिण्यः समुल्लसन्ति। यत्र च पावनो ब्रह्मपुत्रनामा महानदो मज्जज्जन्तून्पावयति। तस्यायमीश्वरः प्रभूतसेनात्मजो वीरसेनाह्वयः। बङ्गालचोणिपालस्त्रिभुवनजनतागीतकीर्तिप्ररोहः—"माधवचम्पू २६।" "अथ गौडराजमुपस्थितां कलावतीं प्रतिवाग् भारती सादरं कथयतिस्म" ३। ब्रह्मपुत्र का प्रधान स्रोत पहिले मैमनसिंह से होकर बहता था। बङ्गाल शब्द का प्रचार सर्व प्रथम उक्त चम्पू के आधार पर ही हुआ था। बङ्ग के सम्बन्ध में कालिदास गङ्गामुख की चर्चा

करते हैं—"वङ्गानुत्खाय तरसा नेतासौ साधनोद्यतान्। निचखान जयस्तम्भान् गङ्गास्रोतोन्तरेषु सः ॥" रघुवंश ४।३६। इस जनपद में समुद्र तट भी सम्मिलित था। भीष्मपर्व में लिखा है कि वङ्ग का राजा हाथियों को लेकर महाभारत युद्ध में गया था। भीष्म पर्व अ० ६०। हाथी मैदान में नहीं पाये जाते, प्रत्युत तिपरा तथा गैरो की पहाड़ियों में पाये जाते हैं। इससे ज्ञात होता है कि किसी समय वङ्ग जनपद वहाँ तक विस्तृत था।

वङ्ग राँगे का एक पर्याय भी है—"रङ्गवङ्गे" अमर ६-१०६। यह बङ्गाल में कहीं नहीं पाया जाता। प्रत्युत मलाया, पेगू तथा ईस्ट इण्डीज में प्रचुरता से पाया जाता है। अतः यह अनुमान किया जाता है कि राँगे का परिचय भारतीयों को वङ्ग अथवा पूर्वी बङ्गाल के जनों द्वारा सर्व प्रथम हुआ था। प्राचीन काल में यह जनपद समुद्री व्यापार का मुख्य केन्द्र भी रहा होगा; क्योंकि सुश्रुत जैसे प्राचीन लेखकों ने राँगे के अर्थ में वङ्ग शब्द का प्रयोग किया है।

प्राचीन काल में वङ्ग का पर्याय समतट (मैदान) भी मिलता है। वाराही संहिता १४।६ में ओड्र (उड़ीसा) तथा प्राग्ज्योतिष (कामरूप) के साथ ही वङ्ग जनपद की चर्चा की गयी है; परन्तु उसकी स्थिति की ओर सङ्केत नहीं किया गया है। श्युआन् चुआँग ने कामरूप के दक्षिण समतट का उल्लेख किया है। जिस प्रकार गङ्गा दोआब के (कुरुपांचाल) का एक नाम समस्थली भी था उसी प्रकार सम्भव है कि वङ्ग का भी दूसरा नाम समतट रहा हो। नवनगर पा० सू० ६।२।८६ का उदाहरण नवनगर किसी समय वङ्ग की राजधानी था। इसका एक नाम नवद्वीप भी था। आजकल इसको नदिया कहते हैं।

मौरिकिविध—इस जनपद का नाम प्राचीन साहित्य में नहीं मिलता परन्तु, पाणिनिसूत्र ४।२।५४ की व्याख्या में भौरिकि जन के देश का नाम भौरिकिविध या भौरिकिभक्त लिखा है। वैजयन्ती कोश पृष्ठ ३७ के आधार पर बंगाल का समतट प्रदेश (दक्षिणी बंगाल) प्राचीनकाल में उक्त नामों से पुकारा जाता था। समुद्रगुप्त के प्रयाग के स्तम्भलेख में भी समतट का उल्लेख है।

रूपनारायण—ताम्रलिप्ति (तमलुक) वर्तमान कोशी-नदी (कौशिकी) के तट पर स्थित है। वहाँ के निवासी उक्त नदी को रूपनारायण भी कहते हैं। कालिदास के आधार पर इसी का नाम कपिशा भी ज्ञात होता है—'स तीर्त्वा कपिशां सैन्यैर्बद्धद्विरदसेतुभिः। उत्कलादर्शितपथः कलिङ्गाभिमुखं ययौ ॥ रघु ४।३८।' इस नदी के तट पर काली का एक प्राचीन तथा प्रसिद्ध मन्दिर है। जिसकी चर्चा दण्डी ने की है—"अमुष्मिन्नायतेन विस्मृतविन्ध्यवासरागं वसन्त्या विन्ध्यवासिन्या" दशकुमार ४। रूपनारायण नदी हवड़ा तथा मिदनापुर जिलों की प्राकृतिक सीमा बनाती है। यह मानभूम के पहाड़ से निकल कर बाँकुड़ा, हुगली तथा मिदनापुर जिलों में होती हुई तमलुक के समीप हुगली से मिली है। अति प्राचीनकाल में तमलुक समुद्र के अति निकट था। समुद्री व्यापार में उसका महत्त्वपूर्ण स्थान था। यहाँ के व्यापारी ताम्रलिप्तक कहे जाते थे।

ओड्र—ताम्रलिप्ति के दक्षिण के जनपद का प्राचीन नाम ओड्र था। आजकल उसको उत्कल अथवा उड़ीसा कहते हैं। "ओड्रा उत्कलनामानः" त्रिकाण्डशेष भूमिवर्ग। यह जनपद कालिदास के समय उत्तर की ओर कपिशा (कोसी) तक विस्तृत था। महाभारत में विदेह तथा ताम्रलिप्ति के साथ ओड्र का भी उल्लेख है। मालूम पड़ता है कि किसी समय यह कलिङ्ग जनपद के अन्तर्गत था। उत्कल कलिङ्ग के उत्तर की ओर है इस जनपद में विरजाक्षेत्र, पुरुषोत्तम-क्षेत्र तथा एकाम्रक्षेत्र हैं। उत्तरकलिङ्ग अथवा उत्कलिङ्ग शब्दों का ही संक्षिप्त रूप उत्कल मालूम पड़ता है। कालिदास के समय उत्कल कलिङ्ग से पृथक् हो गया था, क्योंकि उन्होंने दोनों जनपदों का पृथक् उल्लेख किया है। महाभारत में भी सहदेव के दिग्विजय की सूची में दोनों जनपदों के पृथक्-पृथक् नाम आये हैं। किराता बर्बराः सिद्धा विदेहास्ताम्रलिप्तकाः। "ओड्रा म्लेच्छाः ससैरिन्ध्राः पार्वतीयाश्च मारिषा॥" भीष्मपर्व ६।५७। "पाण्ड्यांश्च द्रविडांश्चैव सहितांश्चोड्रकेरलैः। आन्ध्रांस्तालवनांश्चैव कलिङ्गानुष्ट्रकर्णिकान् ॥" सभापर्व ३१-७१।

वर्तमान समय में इस जनपद का प्रधान नगर कटक दशवीं शताब्दी में नृपकेसरी द्वारा बसाया गया था—हण्टर का बङ्गाल खण्ड १७ पृ० १८४। प्राचीनकाल में इसका नाम पद्मावती था। माधवचम्पू के आधार पर यह मुकुन्दसेनदेव की राजधानी थी—"अस्ति तावदुत्कलाधिराजो

मुकुन्दसेननामा नृपतिकुलमुकुटमणिस्तस्य तनुजा त्रिभुवन-कमनीयमूर्तिः कलावतीति विख्याता सम्प्रति पुनः पद्मावतीं प्राप्तवती।" माधवचम्पू २। प्राचीनकाल में बालसर (बालेश्वर) जिले की सीमा पर स्थित जाजपुर (यज्ञपुर) तथा भुवनेश्वर के विख्यात मन्दिर का नगर जो कि पुरी जिले में हैं, इसकी राजधानी थे। कथासरित्सागर में पूर्वी सागर के तट पर स्थित कर्कोटक नाम के एक नगर का उल्लेख मिलता है—"अस्ति पूर्वाम्बुधेः पारेपुरं कर्कोटकाभिधम्" कथा स० सा० १८–२३३ २३४। परन्तु उक्त नगर की पहिचान अभी तक न हो सकी।

इस जनपद का दूसरा प्रधान नगर पुरी है। यह कटक के दक्षिण है। यहाँ जगन्नाथ का प्रख्यात मन्दिर है। यह मन्दिर बहुत प्राचीन नहीं जान पड़ता, क्योंकि महाभारत तथा पुराणों में इसकी चर्चा नहीं मिलती, केवल स्कन्द पुराण में इसका वर्णन मिलता है।

ओड्र अथवा जपा अड़हुल के फूल को कहते हैं—"ओड्र-पुष्पम् जपापुष्पम्" अमर २-४-२६। यह कई प्रकार का होता है। डा० राक्स वर्ग ने लिखा है कि यह पुष्प अधिकतर मध्य भारत में पाया जाता है। सम्भव है प्राचीनकाल में यह पुष्प ओड्र जनपद में अधिक उत्पन्न होता रहा हो, उसी के नाम पर जनपद का नाम ओड्र पड़ गया हो।

कलिङ्ग—ओड्र के दक्षिण कलिङ्ग जनपद है। इस जनपद में महानदी, वैतरणी, ब्राह्मणी तथा ऋषिकुल्या नाम की नदियाँ बहती हैं। वैतरणी के दक्षिण तथा गोदावरी के उत्तर का प्रदेश इस जनपद में सम्मिलित था—"एते कलिङ्गा कौन्तेय यत्र वैतरणी नदी" ३–११४–४। कलिङ्ग की उत्तरी सीमा वैतरणी तथा दक्षिणी सीमा गोदावरी थी। किसी समय गोदावरी का नदी-मुख आन्ध्रनरेश के अधिकार में था—एक बार कलिङ्ग राज अपने अन्तःपुर के साथ सागर तट पर भ्रमणार्थ गया था। वहाँ उसके पड़ोसी आन्ध्रनरेश ने उसको पकड़ लिया था—"कलिङ्गनगरस्य ....कलिङ्गराजः सहाङ्गनाजनेन.............. सागरतीरकानने तत्र रन्ध्रे आन्ध्रनाथेन जयसिंहेन........... द्रागागत्य.....................अगृह्य तसकलत्रः—दशकुमार ७। कलिङ्ग जनपद की राजधानी ऋषिकुल्या नदी के मोहाने पर स्थित कलिङ्ग नगर थी। वहाँ से ताम्रलिप्ति (तामलुक), सिंहल (लंका), ब्रह्मद्वीप, सुवर्णद्वीप (सुमात्रा) तथा यवद्वीप (जावा) आदि स्थानों को समुद्री मार्ग जाते थे। कलिङ्ग जन बड़े शूरवीर होते थे उन्होंने अनेक द्वीपों में जाकर अपना राज्य स्थापित किया था। अब भी उस जनपद के रहने वाले जन अपने को किलग (कलिङ्ग का विकृतरूप) कहते हैं।

भारतीय जनपदों में कलिङ्ग का स्थान महत्त्वपूर्ण था। प्राचीन काल में भारत में मागध तथा कालिङ्ग दो परिमाण प्रचलित थे। कलिङ्ग जनपद के दक्षिणी भाग में महेन्द्र पर्वत (पूर्वीघाट, महेन्द्रमलै) था इसी कारण इस जनपद का राजा महेन्द्रनाथ कहा जाता था।

आन्ध्र महेन्द्र पर्वत के दक्षिण आन्ध्र जनपद था। यह गोदावरी तथा कृष्णा नदियों के नदी-मुख के मध्य में स्थित अतीव उपजाऊ प्रदेश था। यहाँ के निवासी बड़े साहसी होते थे। इनकी जीविका का प्रधान साधन व्यापार था। किसी समय आन्ध्र के राजा सातवाहनो का राज्य सह्याद्रि (पश्चिमी घाट का उत्तरी भाग) से लेकर महेन्द्र पर्वत तक विस्तृत रहा। पश्चिम में नासिक से लेकर पूर्व में अमरावती, नागार्जुनी तथा कोण्डा तक का प्रदेश उनके राज्य में सम्मिलित था। उक्त जनपद की भाषा तेलुगू थी।

श्रीशैल—इस जनपद में श्रीशैल नाम का एक पर्वत है। महाभारत से ज्ञात होता है कि यह पर्वत महेन्द्र तथा देव-ह्रद के मध्य में स्थित हैं—"ततो महेन्द्रमासाद्य जामदग्न्य-निषेवितम्। रामतीर्थे नरः स्नात्वा वाजपेयफलं लभेत्। श्रीपर्वतमासाद्य नदीतीरमुपस्पृशेत्..........................तत्र देव ह्रदेस्नात्वा शुचिः प्रयतमानसः।" वनपर्व ८५–१६–२०। मद्रास प्रदेश के कृष्णा जिले की कृष्णा नदी के तट पर यह पर्वत है। इस पर्वत पर शिव के द्वादशज्योतिलिङ्गों में से मल्लिकार्जुन नाम का एक शिवलिङ्ग है। कथासरित्सागर १९–२३,२४ से ज्ञात होता है कि कृष्णा तथा पलार के मध्य में समुद्र तटवर्ती वनों तथा पर्वतों पर असभ्य जन रहते थे। महाभारत के दक्षिणी यवन इसी जाति के जन मालूम पड़ते हैं।

द्रविड—उपरिलिखित वन्य प्रदेश के दक्षिण का देश द्रविड जनपद कहलाता था। इस जनपद की प्रधान नदियाँ पिनाकिनी, कावेरी तथा ताम्रपर्णी हैं। पिनाकिनी नदी के उत्तर इतिहास प्रसिद्ध पल्लव जन रहते थे। इस जनपद

की राजधानी काञ्ची थी—"द्रविडमण्डलमौलिमाणिक्यस्तवकमिदञ्च काञ्चीपुरनामधेयं सायतनं मीनकेतनस्य" अनर्घराघव ७। "अस्ति द्रविणेषु काञ्चीनाम नगरी" दशकुमार ६। मद्रासके दक्षिण-पश्चिम वेगमती नदी के तट पर स्थित आधुनिक काञ्जीवरम् का प्राचीन नाम काञ्ची अथवा काञ्चीपुरी था। यह अपने सुन्दर मन्दिरों के लिये विख्यात है। वसन्ततिलक के भाण के कथानक का स्थान यही नगर है। इस भाण का एक श्लोक इस नगर को भारत के नगरों में प्रथम स्थान देता है—"नारीषु रम्भा नगरेषु काञ्ची काव्येषु माघः कविकालिदासः।" इस जनपद में किसी समय गोदावरी के दक्षिण का कारोमण्डल सम्मिलित था। महाभारत ३-११८-३४ में लिखा है कि पाण्डव लोग गोदावरी को पारकर इस जनपद में प्रविष्ट हुए थे। इस जनपद की भाषा तामिल है।

चोल—चोल जनपद कावेरी तथा पिनाकिनी के मध्य में स्थित था। महाभारत के भीष्मपर्व तथा अन्य पुराणों में उल्लेख है कि—"तेषां परे जनपदा दक्षिणापथवासिनः। पाण्ड्याश्च केरलाश्चैव चोला कुल्यास्तथैव च॥" मत्स्य पु० ११३।४६। सभापर्व में लिखा है कि चोल तथा पाण्ड्य के राजा युधिष्ठिर के लिये उपहार में मलय तथा दर्दुर पहाड़ों से चन्दन, अगर, बहुमूल्य रत्न तथा मलमल ले गये थे—"मलया दर्दुराश्चैव चन्दनागुरुसंचयान्। मणिरत्नानि भास्वन्ति काञ्चनं सूक्ष्मवस्त्रकम्। चोलपाण्ड्यावपि द्वारौ न लेभाते ह्युपस्थितौ॥"—सभापर्व ५३-३४, ३५। मलय पर्वत की ही एक छोटी शृंखला का नाम दर्दुर है। पर्जिटर की धारणा है कि नील गिरि अथवा पलनी पर्वत का नाम दर्दुर था। कावेरी के बीच पश्चिमी घाट का दक्षिणी भाग, जिसको आजकल ट्रावन्कोर पर्वत कहते हैं, मलय पर्वत का पश्चिमी भाग है। कथासरित्सागर १९-९५ में कावेरी नदी के तट पर चोल जनपद की स्थिति का स्पष्ट उल्लेख मिलता है—"उल्लंध्यमाना कावेरी तेन संमदकारिणा। चोलकेश्वरकीर्तिश्च कालुष्यं ययतुः समम्।" बाद में चलकर इस जनपद का नाम कर्नाटक पड़ गया। यहाँ कन्नड़ी भाषा बोली जाती है।

चोल जनपद के लिये कर्नाटक का प्रयोग बाल रामायण में मिलता है। उसमें लिखा है कि कावेरी का जल कार्नाटकी स्त्रियों के स्नान करने से अपनी दिशा को छोड़ देता है—"कावेरी कवरीव भामिनिभुवो देव्याः पुरो दृश्यताम्, पूगैर्नागलताश्रितैरुपदिशत्याश्लेषविद्यामिव। कार्नाटीजनमज्जनेषु जघनैर्यस्याः पयः प्लावितम्, पीत्वा नाभिगुहाभिरात्मरुचिभिः प्राचीं दिशं नीयते॥ बा० रा० १०-७२। प्राचीनकाल में इसकी राजधानी कौन थी—ज्ञात नहीं, परन्तु मध्यकाल में श्रीरङ्गपत्तन थी। पन्द्रहवें शतक में श्री चैतन्यदेव इस स्थान पर गये थे।

पाण्ड्य—चोल जनपद के दक्षिण-पश्चिम अर्थात् भारत के बिलकुल दक्षिण पाण्ड्य देश था। बा० रा० के आधार पर मालूम होता है कि इस जनपद में मलय पर्वत तथा ताम्रपर्णी नदी थी—"अये! कथमसौ पाण्ड्यः—यत्कीर्तिमलयाद्रिचन्दनलताकुञ्जे भुजङ्गाङ्गनाः श्रुत्वा तच्छबरीजनात् फणिपतेर्गायन्ति संगीतिषु। पाण्ड्यः सोऽयमुदन्वदन्वयवृषा किन्त्वार्न्यदस्य स्वयं दातुं मौक्तिककामधेनुरसमा सा ताम्रपर्णी सरित्"॥ बा० रा० ३-३१। ये शबर नीलगिरि की घाटियों में रहने वाले तूद जान पड़ते हैं। कालिदास के समय यह जनपद कावेरी से लेकर भारत महासागर तक विस्तृत था। उन्होंने इसकी राजधानी का नाम उरगपुर लिखा है—"अथोरगाख्यस्य पुरस्य नाथम्" रघु—० ६-५९।

आधुनिक नेगपत्तम (नाग पत्तन) का प्राचीन नाम उरगपुर था। यह मद्रास के दक्षिण १६० मील पर स्थित है। इस जनपद का दूसरा नगर मदुरा (मधुरा) है। इसको राजा कुलशेखर ने बसाया था। भारत का प्रसिद्ध रामेश्वर तीर्थ इसी जनपद में है। प्राचीन साहित्य का गोकर्ण भी यही मालूम पड़ता है—"अपरोधसि दक्षिणोदधेः श्रितगोकर्णनिकेतमीश्वरम्" रघु ८।३३। दोनों स्थान दक्षिणी सागर के तट पर हैं। तथा दोनों स्थानों पर शिवलिङ्ग भी हैं। लङ्का जाने वाले जन यहीं से जहाज द्वारा अपनी यात्रा प्रारम्भ करते हैं।

रामायण से ज्ञात होता है कि श्रीरामचन्द्र ने यहीं सेतु बनवाकर समुद्र पार जाकर लङ्का पर आक्रमण किया था। आजकल यहाँ समुद्र के भीतर दिखाई देनेवाली चट्टानों को लोग श्रीराम द्वारा बनवाया गया सेतु कहते हैं। उसी को आदम का पुल भी कहते हैं। रामायण में इसका नाम

नलसेतु लिखा है—"यावत् स्थास्यन्ति गिरयो यावत् स्थास्यति सागरः। नलसेतुरिति ख्यातस्तावच्च स्थास्यति ध्रुवम्।" रामायण ६–१०८–१६। आजकल इसका प्रचलित नाम 'सेतुबन्ध' ही है। सेतुबन्ध के आगे सिंहल द्वीप है साधारणतया लोग इसी को रामायण की लंका मानते हैं। यहाँ रोहण पर्वत अथवा आदम की चोटी है—"पश्यस्यग्रे जलधिपरिखं मण्डलं सिंहलानां चित्रोत्तसं मणिमयभुवः रोहणेना चलेन। दूर्वाकाण्डच्छविपु चतुरं मण्डनं यद्वधूनां गात्रेष्वम्भो भवति गमितं रत्नतां शुक्तिगर्भैः। वा० रा० १०–४८।

केरल—मलय पर्वत के पश्चिम भाग में केरल देश था जिस भाग में आजकल मलाबार, कोचीन तथा ट्रावन्कोर हैं, उसी प्रदेश को केरल कहते थे। इस जनपद के दक्षिण कन्याकुमारी अन्तरीप है। यहाँ समुद्र के तट पर पार्वती का परम मनोहर मन्दिर है। महाभारत में कन्याकुमारी की स्थिति पाण्ड्य जनपद में उल्लिखित है—"कुमार्यः कथिताः पुण्याः पाण्ड्येष्वेव नरर्षभ" ३–८८–१४। महाभारत में ऋषभ पर्वत की स्थिति भी पाण्ड्य जनपद में ही लिखी है—"ऋषभं पर्वतं गत्वा पाण्ड्येषु सुरपूजितम्। वाजपेयमवाप्नोति नाकपृष्ठे च मोदते॥ ३–८५–२१। सम्भव है प्राचीन काल में मलय की किसी शृंखला का नाम ऋषभ रहा हो।

अश्मक—पाण्ड्य जनपद के पश्चिम ट्रावन्कोर है। स्थानीय जन इसको चेरों का देश कहते हैं। परन्तु प्राचीन साहित्य ग्रन्थों में इसका उल्लेख नहीं मिलता। डा० कर्न ने बाराही संहिता के चेर्भ को चेर माना है। दशकुमार चरित में लिखा है कि अश्मक के राजा ने विदर्भ (बरार) के राजा के विरुद्ध सार्वजनिक विद्रोह कराने के लिये कुन्तल, कोङ्कण, वनवासी, मुरल, ऋचिक तथा नासिक के राजाओं को उत्तेजित किया था—"अथ वसन्तभानुर्भानुवर्माणं वनवास्यां व्यग्राह्यत अश्मकेन्द्रस्तु कुन्तलपतिमेकान्ते समभ्यधत्त प्रमत्त एप राजा कियत्यवज्ञा सोढव्या—तदावां सम्भूय मुरलेशं वीरसेनमृचीकेशमेकवीरं, कोङ्कणपतिं कुमारगुप्तं नासिक्यनागपालमुपजपावः" दशकुमार १४–१५। मुरल केरल देश का ही पर्याय है। अश्मक को छोड़कर इनकी स्थिति का निर्णय हो चुका है। अतः कुछ विद्वान् ट्रावन्कोर का ही प्राचीन नाम अश्मक मानते हैं। ब्रह्माण्ड पुराण में अश्मक की स्थिति दक्षिण भारत में लिखी है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र के प्रसिद्ध टीकाकार भट्टस्वामी ने महाराष्ट्र प्रान्त को अश्मक माना है।

पाणिनि सूत्र ४।१।१७३ में अश्मक का उल्लेख है। अश्मक जनपद गोदावरी के दक्षिण सह्याद्रि (पश्चिमी घाट का उत्तरी भाग) पर्वतशृंखला तक विस्तृत था। अनेक प्रमाणों से ज्ञात होता है कि गोदावरी तट पर स्थित प्रतिष्ठान (पैठण) अश्मक जनपद की राजधानी था। महाभारत का अश्वक तथा बौद्ध साहित्य का अस्सक यही है।

तमसा-मुरला—भवभूति ने उत्तररामचरित में तमसा, मुरला नाम की दो नदियों का उल्लेख किया है। तमसा की चर्चा की जा चुकी है। मुरला केरल जनपद की प्रधान नदी है—"भयोत्सृष्टविभूषाणां तेन केरलयोषिताम्। अलकेषु चमूरेणुश्चूर्णप्रतिनिधीकृतः। मुरलामारुतोद्धूतमगमत् कैतकं रजः। तद्योधवरवाणानामयत्नपटवासताम्॥ रघु० ४।५५। मुरला नदी के समीप रहने के कारण वहाँ के जन मुरल कहे जाते थे। कथा सरित्सागर १९–९६ में चोलों के बाद ही मुरलों की चर्चा की गयी है। रघुवंश तथा कथासरित्सागर के उद्धरणों से ज्ञात होता है कि पश्चिमीघाट तथा कावेरी के उत्तर के सागरमध्यवर्ती भूमिखण्ड को केरल कहते थे। इसकी उत्तरी सीमा कोङ्कण का दक्षिणी भाग है। इस प्रदेश की मुख्य नदियाँ नेत्रवती, शरावती तथा काली हैं। नेत्रवती के तट पर मङ्गलोर, शरावती के तट पर हूनवर तथा काली नदी के तट पर सदाशिवगढ़ स्थित हैं। सम्भवतः काली नदी का ही प्राचीन नाम मुरला हो सकता है। भवभूति तथा कालिदास ने इसी का उल्लेख किया है।

कालिदास ने केरल देश में पुन्नाग वृक्षों की प्रचुरता का उल्लेख किया है। पुन्नाग को ही नागकेशर कहते हैं—"कटेषु करिणाम् पेतुः पुन्नागेभ्यः शिलीमुखाः" रघु० ४.५७। डा० राक्सवर्ग ने लिखा है कि पुन्नाग कारोमण्डल तट का प्रधान वृक्ष है। केरल जनपद को उग्र भी कहते थे। "उग्राः केरल पर्यायाः" हेम० ४।२७।

कोङ्कण—गोवा के उत्तर कुछ मील की दूरी पर स्थित दामन समुद्रतट का नाम आजकल भी कोङ्कण है। इस जनपद में तन्ना तथा रत्नागिरि के जिले सम्मिलित हैं।

हरिवंश पुराण ९५ अध्याय में इस जनपद के निवासियों का नाम मद्गुरु लिखा है परन्तु इस नाम करण का आधार नहीं मालूम पड़ता ।

नासिक्य—उत्तरी कोङ्कण के पूर्व नासिक्य राज्य है। आजकल इसको नासिक कहते हैं । वाराही संहिता के १४ वें अध्याय में कर्नाटक तथा चोलों के साथ इस जनपद का भी नाम उल्लिखित है। यहाँ के जनों की चर्चा अन्य पुराणों में भी मिलती है। सम्भवतः इस जनपद में दौलताबाद (देवगिरि) सम्मिलित है। दौलताबाद राजा महादेव के महामात्य हेमाद्रि के कारण अधिक प्रसिद्ध हो गया है—"अस्ति शब्दगुणस्तोभः सोमवंशविभूषणम् । महादेव इति ख्यातो राजराजेव भूतले·······तस्यास्ति नाम हेमाद्रिः सर्व-स्वीकरणी प्रभुः ॥" हेमाद्रि । किसी समय इस जनपद को ऋक्ष भी कहते थे, क्योंकि ऋक्ष शृंखला का कुछ भाग इसमें भी है । हरिवंश पुराण में इस देश के राजा को आर्क्ष कहा गया है। आर्क्ष का अर्थ ऋक्षों का राजा होता है। अतः ज्ञात होता है कि नासिक्य का एक नाम ऋक्ष भी रहा होगा ।

शूर्पारक—नासिक्य के दक्षिण-पूर्व महाभारत का प्रसिद्ध शूर्पारक है आजकल इसको सोपारा कहते हैं। महाभारत में शूर्पारक के वर्णन से इसकी पुष्टि होती है—"स तानि तीर्थानि च सागरस्य पुण्यानि चान्यानि बहूनि राजन् ! क्रमेण गच्छन् परिपूर्णकामः शूर्पारकं पुण्यतमं ददर्श ॥ तत्रोदधेः किञ्चिदतीत्य देशं ख्यातं पृथिव्यां वनमाससाद । तप्तं सुरैरत्र तपः पुरस्तादिष्टं तथा पुण्यपरैर्नरेन्द्रैः ॥"—वनपर्व ११८-८-१० । "ततः शूर्पारकश्चैव ताली कटमथापि च" । सभापर्व ३१–६५। यह परशुराम से बसाया गया कहा जाता है–हरिवंश ५३०० । परशुराम ऋचीक के वंशज थे । अभीतक इस जनपद का सम्बन्ध ऋचीक नाम से विद्यमान है। इस जनपद में पूना तथा सतारा जिले सम्मिलित थे ।

पद्मावत—शूर्पारक के दक्षिण पद्मावत था। इस जनपद की राजधानी करवीर थी। हरिवंश इसकी स्थिति वेण्या के तट पर बतलाता है—"पद्मवर्णोऽपि राजर्षिः सह्यपृष्ठे पुरोत्तमम् । चकार नद्या वेण्यायास्तीरे तरुलताकुले । विषयस्याल्पतां ज्ञात्वा सम्पूर्णं राष्ट्रमेव च । निवेशयामास नृपः सवप्रायमुत्तमम् ॥ पद्मावतं जनपदं करवीरञ्च तत्पुरम्" ॥ हरिवंश ५२२८–३ । कोल्हापुर का एक नाम करवर भी कहा जाता है। सम्भवतः प्राचीन करवीर यही हो सकता है। परन्तु कोल्हापुर वेण्या के तट पर नहीं है, उसकी एक सहायक नदी के तट पर स्थित है। सम्भव है प्राचीन काल में वेण्या की प्रधान धारा वहाँ से होकर बहती रही हो। देवीभागवत में कोल्हापुर की चर्चा मिलती है, अतः यह नगर प्राचीन अवश्य है—"कोल्हापुरं महास्थानं यत्र लक्ष्मीः सदा स्थिता" देवीभागवत ७–३८–५।

वनवासी—पद्मावत के दक्षिण वनवासी जनपद था। यह तुङ्गा तथा भद्रा नाम की दो छोटी नदियों के मध्य में स्थित था । इसकी राजधानी का नाम वैजयन्ती था। आजकल भी लोग इसको वनवासी कहते हैं। कर्नल मैकेन्जी को वनवासी नगर के अवशेष सूँडा जिले में प्राप्त हुए थे । सूँडा भी प्राचीन स्थान मालूम पड़ता है। यहाँ के निवासियों का कहना है कि इसका एक प्राचीन नाम सौधपुर भी था। महाभारत के वनपर्व अध्याय ८–१४–२३ में इसका विस्तृत उल्लेख मिलता है।

कुन्तल—वनवासी के पूर्व तथा चोल के उत्तर कुन्तल जनपद था। गोदावरी के दक्षिण कृष्णा नदी सह्याद्रि से निकल कर पूर्व की ओर बहती है उसके तटवर्ती प्रदेश का ही प्राचीन नाम कुन्तल था। इसकी राजधानी का नाम कल्याण था। कृष्णा दक्षिण भारत की प्रधान नदी है। यह पूर्वी घाट को तोड़कर बङ्गाल की खाड़ी में गिरती है। यह मद्रास, हैदराबाद तथा बम्बई के प्रदेश में होकर बहती है। आलमपुर के पूर्वोत्तर से जगय्यपेट के नीचे कुछ दूरी तक यह हैदराबाद की प्राकृतिक सीमा का काम करती थी। इसी कुन्तल जनपद में तालीकट का प्रसिद्ध युद्ध हुआ था। कुन्तल का एक नाम उपहालक भी था—कुन्तला उपहालकाः" हेमचन्द्र ४।२७ ।

विदर्भ—कुन्तल के उत्तर विदर्भ जनपद था। प्राचीनकाल में यह जनपद कृष्णा नदी से लेकर नर्मदा के समीप तक विस्तृत था। अपने महदाकार के कारण ही प्राचीनकाल काल में यह महाराष्ट्र भी कहलाता था। बालरामायण से इसके दोनों नामों का पता चलता है—"रामः—यत् क्षेत्रं त्रिदिवस्य वर्त्म निगमस्याङ्गञ्च यत् सप्तमम् । स्वादिष्टं च यदैक्षवादपि रसाच्चक्षुश्च यद्वाङ्मयम् । तदयस्मिन् मधुरं

प्रसादि रसवत् कान्तञ्च काव्यामृतं सोऽयं सुभ्रु पुरो विदर्भ-विषयः सारस्वतीजन्मभूः" बा० रा० १०-७४। अनर्घराघव से भी इसकी पुष्टि होती है—"इदमग्रे महाराष्ट्रैकमण्डलं कुण्डनं नाम नगरम्। इह हि विदर्भीणां भूरि प्रियतमपरिरम्भरभसप्रसङ्गादङ्गानि द्विगुणपुलकस्रग्ञ्जि तनुते।" अनर्घराघव ७-९६। यह जनपद नर्मदा के दक्षिण तक ही सीमित था क्योंकि अज को वहाँ जाने में नर्मदा को पार करके जाना पड़ा था—"तथेत्युपस्पृश्य पयः पवित्रं सोमोद्भवायाः सरितः नृसोमः। ययौ विदर्भान्....." रघु० ५-५९, ६०। इस जनपद के क्रथ तथा कैशिक नाम के दो प्रसिद्ध राजा हो चुके हैं उन्हीं के नाम पर यहाँ के निवासी क्रथकैशिक भी कहे जाते थे। "प्रत्युज्जगाम क्रथकैशिकेन्द्रः" रघु० ५-६१। विष्णुपुराण ४-१२, १४, १५ से भी ज्ञात होता है कि क्रथ तथा कैशिक यहाँ के राजा थे।

इस जनपद की प्राचीन राजधानी का नाम कुण्डिनपुर था। लोग इसको विदर्भपुरी भी कहते थे-"स्यात् विदर्भा तु कुण्डिनम्" हेम० ४।४५ गोदावरी के उत्तर तथा पूर्व भाग में स्थित आधुनिक बरार का प्राचीन नाम विदर्भ था। किसी समय यहाँ दमयन्ती के पिता भीम तथा रुक्मिणी के पिता भीष्मक का राज्य था। भीष्मक के पुत्र रुक्म ने अपनी प्राचीन राजधानी को छोड़कर भोजकट को अपनी राजधानी बनाया। भोजकट को कुण्डिनपुर के और उत्तर कहीं होना चाहिये, क्योंकि रुक्म ने श्री कृष्ण से अपनी बहिन रुक्मिणी के अपहरण का बदला लेने के लिये नर्मदा के तट तक उनका पीछा किया था, जब उनको न पा सका तो लौट कर लज्जा के कारण कुण्डिनपुर न जाकर भोजकट में ही ठहर गया और उसको अपनी राजधानी बना लिया। हरिवंश ११८। विष्णुपुराण ५-२८। मालविकाग्निमित्र में लिखा है कि अग्निमित्र ने विदर्भ को वरदा नदी के उत्तर दक्षिण दो भागों में विभक्त कर दिया था। वरदा नदी अपनी पैनी गङ्गा नाम की सहायक नदी से बरार जनपद को निजाम के राज्य से पृथक् करती है। मालूम पड़ता है कि उत्तरी बरार की राजधानी अमरावती तथा दक्षिण बरार की राजधानी किसी समय प्रतिष्ठान (पैठण) थी—"तौ पृथक् वरदाकूले शिष्टामुत्तरदक्षिणे। नक्तं दिनं विभज्योभौ शीतोष्णकिरणाविव" मालविकाग्निमित्र ५।१३। "अस्ति नाम्ना प्रतिष्ठानं नगरं दक्षिणापथे। प्रतिष्ठानाभिधानोऽस्ति देशो गोदावरीतटे।।" कथासरित्सागर ५१-११७।७५-२१।

विदर्भ जनपद में वैदर्भी नाम की एक मनोरम रीति का प्रादुर्भाव हुआ था। वामन जैसे प्राचीन साहित्याचार्यों ने इसकी चर्चा की है। विदर्भ जनपद में भोजों का भी राज्य था। भोज राजा द्रुह्यु के वंशज थे—"द्रुह्योः सुतास्तु वै भोजा अनोस्तु म्लेच्छजातयः" महाभारत १-८३-८४। भोज जन भारत के अनेक भागों में रहते थे, क्योंकि भारत के अनेक भागों में अनेक भोजपुर आज भी वर्तमान हैं। भोजों के अनेक वंशज हुये, जैसे कुन्तिभोज, इन्हीं कुन्तिभोज ने कुन्ती को गोद लिया था; मार्तिकावत अथवा मृत्तिकावत भोज "तस्यान्वये भोजा मार्तिकावता बभूवुः" विष्णु पु० ४।१३।५३। "भोजैः सहाक्रूरो द्वारकामपहायाक्रान्तः 'विष्णु पु० ४।१३।५२। मार्तिकावत के राजा ने कुरुक्षेत्र में दुर्योधन के पक्ष से युद्ध किया था। परम प्रसिद्ध राजा भोज भी (धारा नगरी का राजा) इसी वंश का था।

तिलिङ्ग—प्राचीन निजाम राज्य का पूर्वी भाग तिलिङ्ग कहलाता था। "तिलिङ्गाः कुञ्जरदरीकच्छवासाश्च ये जनाः।" मार्कण्डेय पु० ५८।२८। यहाँ की भाषा तेलुगू है। बारहवीं शताब्दी में इसकी राजधानी बारङ्गल (वरन कुल) से ६ मील उत्तर हम्मन कोन्द्र (हर्म्य कुण्ड) थी। किसी समय यह जनपद आन्ध्र जनपद के अधीन था।

महाभारत में वर्णित दक्षिण भारत का भूगोल भ्रामक तथा अस्पष्ट मालूम पड़ता है। बुन्देलखण्ड की सीमा से लेकर कृष्णा नदी के तट तक का समस्त प्रदेश विशाल बन था। वह दण्डक के नाम से प्रसिद्ध था। श्रीराम चित्रकूट से चल कर इसी वन में गये थे। यहाँ उनको एक वेगवती नदी को पार करना पड़ा था। वह नदी एक ऊँचे पर्वत के समीप थी। सम्भवतः वह नर्मदा नदी थी। इसी वन में उनको एक पञ्चाप्सर नाम का सरोवर मिला था। यह सरोवर सम्भवतः मध्य प्रदेश में था। उन्होंने इसी वन में प्रस्रवण (गोदावरी के तट पर स्थित औरङ्गाबाद की पहाड़ी, जिसका दूसरा नाम माल्यवान था) तथा गोदावरी के समीप पञ्चवटी में कुछ समय व्यतीत किया था। दण्डक

वन का यह भाग जनस्थान नाम से प्रसिद्ध था। उस प्रदेश के रहने वाले जन भी दण्डक कहलाते थे।

किष्किन्धा—वानरराज सुग्रीव की राजधानी किष्किन्धा थी। बीजापुर के समीप निम्बपुर नाम के एक छोटे से गाँव के समीप पूर्व की ओर ज्वालामुखी के विस्फोट से बने हुये चूने के पत्थर की एक अण्डाकार राशि पड़ी हुई है। स्थानीय जनों में यह अनुश्रुति है कि यह श्री रामचन्द्र से मारे गये वालि की हड्डियों की भस्म-राशि हैं। प्राचीन यात्रियों के यात्रा-विवरण से ज्ञात होता है कि प्राचीन किष्किन्धा आजकल भी किष्किन्धा तथा अङ्गदी नाम से पुकारी जाती है। अङ्गदी नाम का गाँव वेल्लरी के समीप विजय नगर से तीन मील की दूरी पर तुङ्गभद्रा नदी के तट पर स्थित है। किष्किन्धा से दक्षिण-पश्चिम लगभग दो मील पर स्थित पेन्नेर को लोग पम्पा कहते हैं। पम्पा के उत्तर-पश्चिम अञ्जना नाम की पहाड़ी है। यहाँ हनुमान् का जन्म हुआ था। किष्किन्धा से साठ मील पश्चिम शवरी का आश्रम है। पेन्नेर को पम्पा मानने में एक आपत्ति यह उठती है कि रामायण में पम्पा एक सरोवर माना गया है—"तौ पुष्करिण्याः पम्पायाः" रामा० ३–७७–६ और पेन्नेर एक नदी है, परन्तु उत्तरी तथा दक्षिणी दोनों पेन्नेर सरोवरों अथवा झीलों से निकली हैं। उत्तरी पेन्नेर चन्द्रदुर्ग के मध्य में स्थित एक झील से निकलती है यदि यही झील पम्पा है तो निःसन्देह चन्द्रदुर्ग ऋष्यमूक पर्वत का नाम है, क्योंकि ऋष्यमूक पर्वत को पम्पा के समीप होना चाहिये। रामायण ३–७६–२६। महाभारत वनपर्व २७९–४४। सम्भव है झील के नाम पर नदी का नाम पम्पा पड़ गया हो।

रुमण्वत्—पा० सू० ८।२।१२ में रुमण्वत् शब्द का उल्लेख है। काशिकाकार ने लवण शब्द के स्थान में रुमण का आदेश करके रुमण्वत् शब्द की सिद्धि की है। सम्भवतः यह अजमेर जिले की साँभर झील के समीपवर्ती प्रदेश का नाम रहा हो, क्योंकि उस झील से लूनी नाम की एक नदी निकलती है सम्भव हैं प्राचीन काल में उसका नाम रुमा रहा हो तथा उसी के आधार पर जनपद का नाम रुमण्वत् पड़ गया हो।

माहिष्मती—नर्मदा का ऊपरी प्रदेश हैहयराज कृतवीर्य तथा उसके पुत्र कार्तवीर्य (सहस्रबाहु) के अधिकार में था। हरिवंश ५२१८–२५ के अनुसार उसकी राजधानी का नाम माहिष्मती था। माहिष्मती को मुचकुन्द ने बसाया था—"मुचकुन्दश्च राजर्षिविन्ध्यमध्ये व्यरोचत। स्वस्थानं नर्मदातीरे दारुणोपलसंकटे..................नाम चास्या शुभं चक्रे.............माहिष्मती नाम पुरी उभयोर्विन्ध्यर्क्षयोः पादे नगयोस्तां महापुरीम्।"

माहिष्मती के पार्श्ववर्ती प्रदेश का नाम चेदि जनपद था; क्योंकि राजशेखर ने लिखा है—"यन्मेखला भवति मेकल-शैलकन्या वीतेन्धनो वसति यत्र च चित्रभानुः। तामेव पाति कृतवीर्ययशोवतंसां माहिष्मतीं कुलचुरैः कुलराजधानीम्" वाल० रामा० उपर्युक्त उद्धरण से यह भी ज्ञात होता है कि किसी समय इस जनपद पर चेदियों की शाखा कलचुरियों ने भी शासन किया था। कुछ लोग विशेषतः मांडला निवासी माँडला को प्राचीन माहिष्मती मानते हैं, परन्तु यह उनका पक्षपात ही है; क्योंकि अपनी इस स्थापना के लिये वे कुछ पुष्ट प्रमाण नहीं उपस्थित करते। अधिकांश विद्वान् जबलपुर के नीचे भेड़ाघाट को प्राचीन माहिष्मती निश्चित करते हैं। वहाँ कुछ प्राचीन अवशेष भी इसकी पुष्टि करते हैं। भेड़ाघाट के समीप नर्मदा का स्रोत श्वेत संगमर्मर की परम मनोहर ऊँची शृंखलाओं के मध्य से बहता है। ऐतिहासिकों ने आधुनिक महेश्वर को प्राचीन माहिष्मती मान लिया है।

अनूप—कालिदास के समय इस जनपद का नाम अनूप था तथा उसकी राजधानी भी माहिष्मती ही थी, परन्तु कालिदास ने माहिष्मती की स्थिति की चर्चा नहीं की है—"माहिष्मतीं वप्रनितम्बकाञ्चीम्। प्रसादजालैर्जलवेणिरम्यां रेवां यदि प्रेक्षितुमस्ति कामः" रघु० ६-४३। पाणिनि ने अनूप शब्द की सिद्धि के लिये एक सूत्र ६–३–९८ लिखा है, काशिकाकार ने उसका उदाहरण 'अनूपो देशः' दिया है। भावमिश्र ने लिखा है कि जिस देश में नदियाँ, सरोवर तथा पर्वत अधिक हों, जङ्गल हो, पशुपक्षियों का बाहुल्य हो उस प्रदेश को अनूप समझना चाहिए—भावप्रकाश ४–२३,४। इससे ज्ञात होता है कि मध्य भारत के दक्षिण में स्थित निमाड़ जिले का नाम प्राचीनकाल में अनूप था। नर्मदा घाटी की खुदाई में प्राग्वैदिककाल के अवशेष मिलने के कारण यह प्रदेश महत्त्वपूर्ण माना जाता है। उस काल में इस प्रदेश के प्रधान नगर का नाम माहिष्मती (महेश्वर) था।

लाट—नर्मदा के दक्षिण उसी के बराबर तापी (ताप्ती) अथवा पयोष्णी नाम की नदी है। वह शुक्तिमान् पर्वत से निकली है। दोनों नदियों के मुख पर का तथा उसके उत्तर तथा दक्षिण का भाग लाट जनपद के नाम से प्रसिद्ध था। लङ्का से अयोध्या जाते समय रामचन्द्र के किसी साथी ने नर्मदा की बायीं ओर लाट जनपद को दिखलाया था—"वामतो दर्शयन्—अयमसौ विश्वम्भरशिरःशेखर इव लाटदेशः" बा० रा० १०–७७। कथासरित्सागर १९–१०३ तथा दशकुमारचरित के सोमदत्तचरित से ज्ञात होता है कि लाट जनपद अवन्ति के समीप ही कहीं था।

भृगुकच्छ—लाट जनपद में भृगुकच्छ नाम का नगर था। आजकल समुद्र तट पर स्थित भड़ोच नाम का स्थान प्राचीन भृगुकच्छ है। यह प्राचीनकाल में पश्चिम जाने वाले जहाजों का प्रसिद्ध बन्दरगाह था। आजकाल का जो प्रदेश गुजरात नाम से प्रसिद्ध है प्राचीनकाल में उसको लाट जनपद कहते थे। उसके सागर-समीपवर्ती भाग का नाम किसी समय पिप्पली कच्छ था।

महाभारत में लाट जनपद का नाम नहीं आया है। मध्यकालीन भारत में लाट नाम की एक विशिष्ट जाति के जनों की चर्चा अवश्य मिलती है, उन्हीं के द्वारा लाटी नाम की काव्य की एक रीति का प्रादुर्भाव हुआ था। अलङ्कार ग्रन्थों में इस रीति का पूर्ण विवेचन किया गया है। "लाटी तु रीतिर्वैदर्भीपाञ्चाल्योरन्तरा स्थिता" सा० द० ९। वराह-मिहिर ने एक लाटाचार्य का उल्लेख किया है। बाल-रामायण से ज्ञात होता है कि वह आचार्य चालुक्य ब्राह्मण थे—"देवान् कुशेशयभुवो भुवनैकबन्धो सन्ध्याविधौ कलयतश्चुलुकं जलस्य। यो जातवान् प्रतिभया समुनिश्चुलुक्य-स्तस्यान्वयैकतिलको नृप एष लाटः॥" बा० रा० ३–५७॥

आनर्त्त अथवा सुराष्ट्र—कठियावाड़ का प्रायद्वीप प्राचीनकाल में आनर्त्त अथवा सुराष्ट्र जनपद के नाम से प्रसिद्ध था—"हर्यश्वश्च महातेजा दिव्ये गिरिवरोत्तमे निवेशयामास पुरं वासार्थममरोपमः॥ आनर्त्तं नाम तद्राष्ट्रं सुराष्ट्रं गोधनायुतम्" हरिवंश ५१८८–९। काठियावाड़ के गाय तथा बैल समस्त भारत में प्रसिद्ध हैं। महाभारत में द्वारका का एक नाम आनर्त्त नगरी अर्थात् आनर्त्त जनपद की राजधानी मिलता है। वृष्णियों के रहने के कारण द्वारका को वृष्णिपुरी भी कहते थे। पुरुषोत्तम ने इसके पर्याय द्वारवती, वनमालिनी तथा अब्धिनगरी लिखा है—"द्वारका वनमालिनी द्वारवत्यब्धिनगरी।" आधुनिक द्वारका प्राचीन द्वारका नहीं है, क्योंकि पुराणों में लिखा है कि द्वारका समुद्र में डूब गयी—"प्लावयामास तां शून्यां द्वारकाञ्च महोदधिः" वि० पु० ५–३८–९। स्थानीय अनुश्रुति से ज्ञात होता है कि प्राचीन द्वारका वर्तमान द्वारका से ६५ मील दक्षिण-पूर्व मधुपुर के समीप थी।

संस्कृत साहित्य से ज्ञात होता है कि द्वारका रैवतक पर्वत के समीप थी। रैवतक का दूसरा नाम ऊर्ज्जयन्त भी था—"ऊर्ज्जयन्तो रैवतकः" हेमचन्द्र ४।९७। अभिलेखों तथा स्थानीय परम्परा से ज्ञात होता है कि जूनागढ़ के समीप के गिरनार पर्वत का प्राचीन नाम रैवतक था। मधुपुर गिरनार के समीप ही है, अतः मालूम पड़ता है कि प्राचीन द्वारका वर्तमान द्वारका से दूर अवश्य रही होगी। हरिवंश पुराण में मधुपुर की चर्चा मिलती है किसी समय मधुपुर आनर्त्त की राजधानी भी था। सम्भवतः मधुजन के रहने के कारण उसका नाम मधुपुर पड़ा था। मधुजन काठियावाड़ प्रायद्वीप में रहने वाली एक प्राचीन जाति के जन थे—"मधुभोजदशार्हार्हकुक्कुरान्धकवृष्णिभिः। आत्मतुल्यबलैर्गुप्तां नागैर्भोगवतीमिव।" भागवत १–२–२३। श्रीकृष्ण के समय वहाँ सात्वत तथा श्रीजय नाम की जाति के जन रहते थे।

पाणिनि ने ६–२–३७ में "कुन्तिसुराष्ट्राः" "चिन्ति-सुराष्ट्राः" इन दो समस्त पदों का प्रयोग दिखलाया है। इससे ज्ञात होता है कि ये दोनों जनपद पड़ोसी थे।

बलभी—किसी समय सुराष्ट्र की राजधानी बलभी भी थी—"अस्ति सौराष्ट्रे वलभी नाम नगरी" दशकुमार ६। मालूम पड़ता है कि श्रीकृष्ण के भाई बलभद्र के नाम पर इसका नामकरण किया गया था, क्योंकि वाराहीसंहिता में इसका एक नाम बलदेवपत्तन भी आया है। कर्नल टाड ने भाव-नगर के पश्चिमोत्तर लगभग दस मील पर बलवी नाम के स्थान पर इसके अवशेषों का अन्वेषण किया था। कुछ अभिलेखों में बलभी के नरेशों की उपाधि लाटेश्वर भी मिली थी। इससे अनुमान किया जाता है कि लाट देश किसी समय सुराष्ट्र के अन्तर्गत था।

प्रभास—इसी प्रसंग में प्रभास की भी चर्चा कर लेनी चाहिए। यह एक प्रसिद्ध तीर्थ है। महाभारत से ज्ञात होता है कि यह समुद्र तट पर स्थित था—"सुराष्ट्रेष्वपि वक्ष्यामि पुण्यान्यायतनानि च। प्रभासञ्चोदधौ तीर्थं त्रिदशानां युधिष्ठिर॥" वनपर्व ८८–१९, २०। गदापर्व में इसके नामकरण का इतिहास मिलता है। चन्द्रमा प्रभास तीर्थ में स्नान करके क्षय रोग से मुक्ति पाकर देदीप्यमान हुये थे, अतः इसका नाम प्रभास हुआ। "पुण्यं प्रभासं समुपाजगाम यत्रेन्दुराड्यक्ष्मणा क्लिश्यमानः। विमुक्तशापः पुनराप्ततेजः सर्वं जगद् भासयते नरेन्द्र॥ एवं तु तीर्थप्रवरं पृथिव्यां प्रभासनात्तस्य ततः प्रभासः॥" गदापर्व ३५, ४१, ४२। इसका एक नाम सोमपत्तन भी था। आजकल इसको सोमनाथ कहते हैं। यह समुद्रतटवर्ती एक प्रसिद्ध तीर्थ है। यहाँ शिव के द्वादशज्योतिर्लिङ्गों में एक लिङ्ग स्थित है। यहीं यादव पानोत्सव में परस्पर नष्ट हुए थे—मुसलपर्व अध्याय ३।

वृष्णि—प्राचीन परम्परा के अनुसार ये जन काठियावाड़ अथवा द्वारका प्रदेश के निवासी थे। परन्तु महाभारत में इनका नाम हारहूर तथा हैमवत के साथ आया है। कनिंघम ने औदुम्बरों के सिक्कों के साथ राजवृष्णि का भी एक सिक्का प्रकाशित किया है; परन्तु उसकी व्याख्या नहीं की है। केवल एक सिक्के के आधार पर उनके स्थान का निर्णय कर लेना समुचित नहीं जान पड़ता। यह प्रायः निश्चित सा है कि कुक्कुर, वृष्ण्यन्धकगण के सदस्य थे और यदि जिला होशियारपुर के दसूय तहसील का खोखर इन प्राचीन कुक्कुरों का निवास स्थान है तो उनके साथी वृष्ण्यन्धक भी होशियारपुर जिले में ही कहीं रहते रहे होंगे।

इस प्रसङ्ग में यह विचारणीय है कि वैश्यों की एक उपजाति बारहसेनी नाम से प्रसिद्ध है, जिसका अर्थ है बारह सेना वाली। ये जन उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिलों में अधिकतर पाये जाते हैं। इनका कहना है कि इनके पूर्व पुरुष अग्रोहा के निवासी थे। पंजाब के गुड़गाँव जिले में भी ये पाये जाते हैं। बहुत सम्भव है ये ही प्राचीन वृष्णि के वंशज हों और अपना प्राचीन व्यवसाय आयुध जीवन छोड़ दिया हो। डा० जायसवाल ने लिखा है कि प्राचीन भारतीय गणतन्त्र की यह विशेषता पायी जाती है कि जब उनकी राजनीतिक शक्ति का ह्रास हो जाता था तब वे अपना पूर्व का व्यवसाय भी त्याग देते थे। उदाहरणार्थ पंजाब के खत्री तथा अरोड़ा प्राचीनकाल में आयुधजीवी थे, परन्तु राजनैतिक शक्ति के क्षीण हो जाने पर वे व्यापारी हो गये। उपर्युक्त विवरण से ज्ञात होता है कि द्वारका के समुद्र में डूब जाने पर वृष्णिजन वहाँ से चलकर भारत के पश्चिमोत्तर भाग में जा बसे।

कुन्ति अथवा कुन्तिभोज—इसकी गणना एक राजजनपद में थी। महाभारत वनपर्व ३०८।७ तथा बृहत् संहिता १०–१५ के अनुसार इसके पड़ोस में अवन्ति जनपद था। इस जनपद में अश्वा अथवा अश्वरथा नाम की नदी थी। अश्वा नदी को चम्बल की एक सहायक नदी कुमारी निर्णय किया गया है। इस जनपद का एक नाम भोज भी था। इसी जनपद के कुन्तिभोज नगर में पाण्डवों की माता पृथा का लालन पालन उसके गोद लेने वाले पिता राजा कुन्तिभोज के द्वारा हुआ था। यहाँ आने के बाद पृथा का दूसरा नाम कुन्ती पड़ा। सहदेव ने दक्षिण दिग्विजय में कुन्ति जनपद को भी जीता था। यमुना तथा चम्बल के काँठे में प्राचीन कुन्ति जनपद था। आजकल उसको कोंतवार कहते हैं। पाणिनिसूत्र ४।१।१७१ के उदाहरण में कुन्ति तथा अवन्ति का उल्लेख साथ-साथ किया गया है।

अवन्ति—नर्मदा के उत्तर प्रसिद्ध अवन्ति जनपद था। इसकी राजधानी उज्जयिनी उत्तरा-पथ तथा दक्षिणा-पथ के मार्ग में स्थित बहुत बड़ी नगरी थी। इसको अवन्तिपुरी भी कहते थे—"उज्जयिनी स्याद्विशालावन्ती पुष्करखिडनी" हेमचन्द्र ४।४२ आजकल अवन्ति जनपद को मालव कहते हैं। गुप्तकाल से अवन्ति का नाम मालव पड़ा हुआ मालूम पड़ता है—"मालवाः स्युरवन्तयः" हेमचन्द्र ४।२२।

मालव—मालव वंश के क्षत्रिय किसी समय पंजाब के दक्षिण तथा पश्चिम के प्रदेश में इरावती (रावी) और चन्द्रभागा चेनाव के संगम के समीप रहते थे। उक्त प्रदेश में उनके सिक्के प्राप्त हुए हैं। मालव जन वहाँ से चलकर उत्तरी राजपूताने में जयपुर की ओर जाबसे। वहाँ से कोटा की ओर जाकर वर्तमान मालव प्रदेश में बस गये। उनके बसने के कारण इसका नाम मालव पड़ गया।

मनायी, मनावी, मनुः—मनु की भार्या ।
एनी, एता—मादा चीतल ।
रोहिणी, रोहिता—लाल रंग की गाय ।
श्वेता—सफेद ।
शितिः स्त्री—सफेद अथवा काली स्त्री ।
पिशङ्गी, पिशङ्गा—पिंगल वर्ण की स्त्री ।
असिता—काली ।
पलिता—जिसके बाल पके हों, वृद्धा ।
असिक्नी—काले रंग वाली स्त्री ।
पलिक्नी - सफेद बाल वाली स्त्री, वृद्धा ।
अवदाता—सफेद वर्ण वाली स्त्री, शुद्ध स्त्री ।
कल्माषी—चितकवरी गाय ।
सारङ्गी—चितकवरी मृगी ।
कृष्णा—काली ।
कपिला—भूरी ।
नर्तकी—नाचने वाली ।
गौरी—गौर वर्ण वाली ।
अनडुही, अनड्वाही—गाय ।
मत्सी—मादा मछली ।
दंष्ट्रा—दाढ़, जबड़ा, दाँत ।
जानपदी—जनपद में होने वाली जीविका ।
कुण्डी—पात्रविशेष ।
गोणी—गोन, एक प्रकार का बोरा ।
स्थली—बिना साफ की हुई भूमि ।
भाजी—पकाया हुआ शाक ।
कुण्डा—जलाने वाली ।
गोणा—व्यक्ति विशेष का नाम ।
स्थला—भूमि ।
भाजा—कच्चा शाक ।
नागी—मजबूत हथिनी ।
नागा—नागिन ।
काली—काले रंग की स्त्री ।

काला— क्रूर स्त्री ।
नीली—नीले रंग की गाय, एक ओषधि ।
नीला—नील रंग की साड़ी ।
नीली—नील ओषधि ।
नीली—नीले रंग की गाय ।
कुशी—लोहे की शलाका, छड़ ।
कुशा—लकड़ी की शलाका, लम्बी लकड़ी ।
कामुकी—मैथुन की इच्छा वाली स्त्री ।
कामुका—धन आदि चाहने वाली स्त्री ।
कबरी—जूड़ा ।
कबरा—चितकबरे रंग की ।
शोणी, शोणा—लाल रंग की ।
मृद्वी, मृदुः—कोमल अंग वाली ।
शुचिः—पवित्र, शुद्ध स्त्री ।
आखुः—चुहिया ।
खरुः—विवाह के लिए उत्सुक कन्या ।
पाण्डुः—सफेद रंग की ।
बह्वी—बहुत ।
बहुः— „
रात्रिः, रात्री—रात ।
शकटिः, शकटी—गाड़ी ।
अजननिः—जन्म का अभाव ।
पद्धतिः, पद्धती – मार्ग, पगडंडी ।
गोपी—गोप की स्त्री ।
गोपालिका—गोपालक की स्त्री ।
सूर्या—सूर्यदेव की स्त्री (देवता) ।
सूरी—सूर्यदेव की मानुषी स्त्री (कुंती) ।
इन्द्राणी—इन्द्र की स्त्री (शची) ।
हिमानी—हिमसमूह (glacier) ।
अरण्यानी—महावन, बहुत बड़ा जंगल ।
यवानी—खराब जौ, घोड़जई ।
यवनानी—यवनों की लिपि, फारसी लिपि ।
मातुलानी, मातुली—मामी ।
उपाध्यायानी, उपाध्यायी—उपाध्याय की स्त्री ।
उपाध्यायी, उपाध्याया—पढ़ानेवाली स्त्री ।
आचार्यानी—आचार्य की स्त्री ।
आचार्या—स्वयं आचार्य स्त्री ।
अर्याणी, अर्या—वैश्य की स्त्री ।
क्षत्रियाणी, क्षत्रिया—क्षत्रिय की स्त्री ।
अर्यी—वैश्य की स्त्री ।
क्षत्रियी—क्षत्रिय की स्त्री ।
ब्रह्माणी—ब्रह्मा को जिलाने वाली स्त्री ।
वस्त्रक्रीती—वस्त्र से खरीदी गई ।
धनक्रीती—धन से खरीदी गई ।
अभ्रलिप्ती द्यौः—मेघों से घिरा आकाश ।
चन्दनलिप्ता अङ्गना—जिस स्त्री के शरीर में चन्दन लगा हुआ हो ।
ऊरुभिन्नी—जिस स्त्री की जाँघे टूटी हुई या अलग हों ।
बहुकृता—जिसने बहुत किया हो ।
दन्तजाता – जिसके दाँत निकल आये हों ।
पाणिगृहीती—विधि पूर्वक अग्नि के सामने जिसका हाथ पकड़ा गया हो विवाहिता भार्या ।
पाणिगृहीता—जिसका हाथ पकड़ लिया गया हो, रखेली स्त्री ।
सुरापीती, सुरापीता—जिस स्त्री ने मद्यपान किया हो ।
वस्त्रच्छन्ना—वस्त्र से ढकी हुई ।
अतिकेशी, अतिकेशा—केश से बढ़कर ?
चन्द्रमुखी, चन्द्रमुखा—चन्द्रमा के समान मुखवाली ।
सुगुल्फा—सुन्दर टखनों वाली ।
शिखा—चोटी ।
सुस्वेदा—अच्छे पसीने वाली ।
सुज्ञाना—उत्तम ज्ञान वाली ।
सुमुखा—सुन्दर मुखवाली ।
सुशोफा—अधिक सूजन वाली ।
सुकेशी, सुकेशा—सुन्दर बालों की गद्दी वाला रथ ।
सुस्तनी, सुस्तना—सुन्दर स्तनवाली स्त्री ।
तुङ्गनासिकी, तुङ्गनासिका—ऊँची नाक वाली ।
सहनासिका—नाक वाली ।
अनासिका—बिना नाक की ।
स्वङ्गी, स्वङ्गा—अच्छे अंग वाली ।
सुपुच्छी, सुपुच्छा—अच्छी पूछ वाली ।
कबरपुच्छी—रंग बिरंगी पूछ वाली ।

उलूकपक्षी शाला—उल्लू के पंख की तरह पाख वाला मकान।

उलूकपुच्छी सेना—उल्लू के पूँछ की तरह खड़ी की गई सेना।

कल्याणक्रोडा—सुन्दर छाती वाली घोड़ी।

सुजघना—सुन्दर जाँघ वाली।

सुकेशा—सुन्दर बाल वाली।

अकेशा—बिना बाल वाली।

विद्यमाननासिका—जिसकी नाक विद्यमान हो।

शूर्पणखा—सूप की तरह नाखून वाली स्त्री, रावण की बहिन।

गौरमुखा—किसी स्त्री का नाम।

ताम्रमुखी कन्या—लाल मुख वाली कन्या।

प्राङ्मुखी—पूर्व मुख वाली।

दित्यवाट् च मे दित्यौही च मे—दो वर्ष का बछड़ा और दो वर्ष की बछिया मेरे पास रहें।

सखी—सहेली।

अशिश्वी—बिना बच्चे की स्त्री।

आधेनवो धुनयन्तामशिश्वीः—बिना बच्चे वाली गाय को हटाओ।

तटी—किनारा।

वृषली—शूद्र की स्त्री।

शुक्ला—सफेद स्त्री।

देवदत्ता—स्त्री विशेष का नाम।

औपगवी—उपगु की सन्तान स्त्री।

कठी—कठशाखा पढ़ने वाली।

कलापी—कलाप पढ़ने वाली।

बह्वृची—बहुत ऋचा पढ़ने वाली।

मुण्डा—सिर मुड़ाये हुए स्त्री।

बलाका—बगुला, सुरखाब, प्रेमिका स्त्री।

क्षत्रिया—क्षत्रिय जाति की स्त्री।

हयी—घोड़ी।

गवयी—नील गाय।

मुकयी—खच्चरी।

मनुषी—मनुष्य जाति की स्त्री।

मत्सी—मादा मछली।

ओदनपाकी—नील पुष्पा, कट सरैया।

शङ्कुकर्णी—श्वेतापराजिता, श्वेतकण्टकारी।

शालपर्णी सरिवन।

शङ्खपुष्पी – शंखपुष्पी।

दासीफली—काक जंघा।

दर्भमूली—ओषधिविशेष।

गोवाली सफेद मकई।

दाक्षी—दक्ष की पुत्री

औदमेयी—उदमेय की पुत्री।

तित्तिरिः—मादा तीतर।

कुरूः—कुरु राजा की पुत्री।

अध्वर्युः – यजुर्वेदज्ञ ऋत्विक्।

अलाब्वा—लौकी द्वारा।

कर्कन्ध्वा—बेर द्वारा।

कृकवाकुः—वनमुर्गी।

रज्जुः—रस्सी।

हनुः—ठोड़ी।

भद्रबाहूः—अच्छे बाहु वाली स्त्री।

वृत्तबाहूः—गोल बाहु वाली।

पङ्गूः—पंगु स्त्री।

श्वश्रूः—सास।

करभोरूः—जिसकी जाँघ हथेली के किनारे की तरह सुन्दर हो।

संहितोरूः—जिसकी जाँघें मिली या सटीं हों।

शफोरूः— ,, ,,

लक्षणोरूः—सुलक्षण जाँघ वाली।

वामोरूः—सुन्दर जाँघ वाली।

सहितोरूः—हितकारी जाँघ वाली।

सहोरूः—सहने योग्य जाँघ वाली।

कद्रूः—नागों की माता।

कमण्डलुः—पात्र विशेष।

कद्रुः—भूरे रंग वाली।

कमण्डलूः – पात्र विशेष।

शार्ङ्गरवी—शार्ङ्गरव की पुत्री।

वैदी—वैद की पुत्री।

नारी—स्त्री ।
अम्बष्ठ्या—अम्बष्ठ की पुत्री ।
कारीषगन्ध्या—कारीषगन्धि की पुत्री ।
शार्कराक्ष्या—शर्कराक्ष की पुत्री ।
पौतिमाष्या—पूतिमाष की पुत्री ।
आवट्या—अवट की पुत्री ।
युवतिः—जवान स्त्री ।
बहुयुवा—जिस नगरी में बहुत से जवान रहते हो ।
युवती—पति को सुख देनेवाली ।

इति स्त्रीप्रत्ययप्रकरणम् ।

अथ कारकप्रकरणम्

उच्चैः - ऊँचा ।
नीचैः—नीचा ।
कृष्णः—श्रीकृष्ण ।
श्रीः - लक्ष्मी, शोभा ।
ज्ञानम्—ज्ञान ।
तटः, तटो, तटम्—तट, किनारा ।
द्रोणो व्रीहिः—सोलह सेर धान ।
एकः—एक (पुंल्लिङ्ग) ।
द्वौ—दो ,,
बहवः—बहुत ,,
हे राम—हे राम ।
माषेष्वश्वं बध्नाति—उड़द के खेत में घोड़े को बाँधता है ।
पयसा ओदनं भुङ्क्ते—दूध से भात खाता है ।
हरिं भजति—हरि को भजता है ।
हरिः सेव्यते—हरि की सेवा की जाती है ।
लक्ष्म्या सेवितः—लक्ष्मी से सेवित ।
शत्यः—सौ रुपये से खरीदा गया ।
प्राप्तानन्दः—जिसको आनन्द प्राप्त हुआ है ।
विषवृक्षोऽपि संवर्ध्य स्वयं छेत्तुमसाम्प्रतम् - स्वयं लगाये हुए विषवृक्ष को भी स्वयं काटना उचित नहीं है ।
ग्रामं गच्छंस्तृणं स्पृशति—गाँव जाता हुआ घास छूता है ।
ओदनं भुञ्जानो विषं भुङ्क्ते—भात खाता हुआ विष खा जाता हैं ।
गां दोग्धि पयः—गाय से दूध दूहता है ।
बलिं याचते वसुधाम्—बलि से पृथ्वी माँगता है ।
अविनीतं विनयं याचते अविनीत से विनीत होने की याचना करता है ।
तण्डुलान् ओदनं पचति - चावलों का भात पकाता है ।
गर्गाञ्छतं दण्डयति—गर्गो को सौ रुपये दण्ड देता है ।
व्रजमवरुणद्धि गाम्—गोशाला में गाय को रोकता है ।
माणवकं पन्थानं पृच्छति—लड़के से मार्ग पूछता है ।
वृक्षमवचिनोति फलानि—पेड़ से फल तोड़ता है ।
माणवकं धर्मं ब्रूते शास्ति वा—लड़के को धर्म बताता या सिखाता है ।
शतं जयति देवदत्तम्—देवदत्त से सौ रुपये जीतता है ।
सुधां क्षीरनिधिं मथ्नाति—क्षीरसागर से अमृत मथता है ।
देवदत्तं शतं मुष्णाति—देवदत्त के सौ रुपये चुराता है ।
ग्राममजां नयति हरति कर्षति वहति वा—गाँव में बकरी को ले जाता, घसीटता या पहुँचाता है ।
बलिं भिक्षते वसुधाम्—बलि से पृथ्वी माँगता है ।
माणवकं धर्मं भाषते अभिधत्ते वक्ति वा—लड़के को धर्मोपदेश देता या कहता है ।
माणवकस्य पितरं पन्थानं पृच्छति—लड़के के पिता से मार्ग पूछता है ।
कुरून् स्वपिति—कुरु देश में सोता है ।
मासमास्ते—महीने भर रहता है ।
गोदोहमास्ते—गाय दूहने के समय तक रहता है ।
क्रोशमास्ते—कोश भर तक है ।
शत्रूनगमयत्स्वर्गम्—शत्रुओं को स्वर्ग पहुँचाया ।

वेदार्थं स्वानवेदयत्—आत्मीय जनों को वेद का अर्थ समझाया।

आशयच्चामृतं देवान्—देवों को अमृत पिलाया।

वेदमध्यापयद्विधिम्—ब्रह्मा को वेद पढ़ाया।

आसयत्सलिले पृथ्वीम्—पृथ्वी को जल में स्थित किया।

यः स मे श्रीहरिर्गतिः—वह भगवान मेरे लिए शरण हैं।

पाचयत्योदनं देवदत्तेन—देवदत्त से भात पकवाता है।

गमयति देवदत्तेन यज्ञदत्तं विष्णुमित्रः—विष्णुमित्र यज्ञदत्त को भेजने के लिए देवदत्त को प्रेरित करता है।

नाययति वाहयति वा भारं भृत्येन—नौकर से बोझ पहुँचवाता है।

वाहयति रथं वाहान् सूतः–सूत घोड़ों से रथ खिचवाता है।

आदयति खादयति वान्नं वटुना—वटु से भोचन खिलवाता है।

भक्षयत्यन्नं वटुना—वटु से भोजन खिलवाता है।

भक्षयति वलीवर्दान् सस्यम्—बैलों से धान नष्ट करवाता है।

जल्पयति भाषयति वा धर्मं पुत्रं देवदत्तः—देवदत्त पुत्र को धर्म सिखाता है।

दर्शयति हरिं भक्तान्—भक्तों को भगवान् का दर्शन कराता है।

स्मारयति घ्रापयति देवदत्तेन—देवदत्त को स्मरण कराता या सुँघाता है।

मासमासयति देवदत्तम्—देवदत्त को महीने भर ठहराता है।

देवदत्तेन पाचयति—देवदत्त से पकवाता है।

हारयति कारयति वा भृत्यं भृत्येन वा कटम्–नौकर से चटाई वनवाता या लिवा जाता है।

अभिवादयते दर्शयते देवं भक्तं भक्तेन वा—भक्त को भगवान् को दिखलाता या प्रणाम कराता है।

अधिशेते वैकुण्ठं हरिः—हरि वैकुण्ठ में है या बैठते हैं।

अधितिष्ठति— ,, ,,

अध्यास्ते— ,, ,,

अभिनिविशते सन्मार्गम्—सन्मार्ग में लगता है।

पापेऽभिनिवेशः—पाप में आग्रह।

उपवसति, अनुवसति अधिवसति आवसति वा वैकुण्ठं हरिः—हरि वैकुण्ठ में रहते या वास जरते हैं।

वने उपवसति—जंगल में उपवास करता है।

उभयतः कृष्णं गोपाः—कृष्ण के दोनों ओर गोप हैं।

सर्वतः कृष्णम्—कृष्ण के सब ओर।

धिक् कृष्णाभक्तम्—कृष्ण के अभक्त को धिक्कार है।

उपर्युपरि लोकं हरिः—लोकों के ऊपर हरि हैं।

अध्यधि लोकम्—लोकों के नीचे।

अधोऽधोलोकम्— ,, ,,

अभितः कृष्णम्—कृष्ण के चारों ओर।

परितः कृष्णम्— ,, ,,

ग्रामम् समया—गाँव के समीप।

निकषा लङ्काम्—लंका के समीप।

हा कृष्णाभक्तम्—कृष्ण का अभक्त सोचनीय हैं।

बुभुक्षितं न प्रतिभाति किञ्चित्—भूखे को कुछ अच्छा नहीं लगता।

अन्तरा त्वां मां हरिः—तुम्हारे मेरे बीच हरि हैं।

अन्तरेण हरिं न सुखम्—हरि के बिना सुख नहीं।

पर्जन्यो जपमनुप्रावर्षत्—जप के वाद मेघ वरसा।

नदीमन्ववसिता सेना—नदी के किनारे-किनारे सेना पड़ी है।

अनुहरिं सुराः—देवता हरि से छोटे हैं।

उपहरिं सुराः—देवता हरि से छोटे हैं।

वृक्षं प्रति, अनु, परि वा विद्योतते विद्युत्—बिजली वृक्ष की ओर चमकती है।

भक्तो विष्णुं प्रति परि अनु वा—भक्त विष्णु की ओर।

लक्ष्मी हरिं प्रति परिं अनु वा—लक्ष्मी हरि के हिस्से पड़ी)।

वृक्षं वृक्षं प्रति परि अनु वा सिञ्चति—प्रत्येक वृक्ष को सींचता है।

परिषिञ्चति अग्निम्—अग्नि के चारों ओर सींचता है।

हरिमभि वर्तते—हरि की ओर है।

भक्तो हरिमभि—भक्त हरि की ओर।

देवं देवमभिषिञ्चति—प्रत्येक देवता पर जल चढ़ाता हैं।

यदत्र ममाभिष्यात् तद्दीयताम्—इसमें जो मेरा भाग हो, दो।

कुतोऽध्यागच्छति—कहाँ से आता है।

कुतः पर्यागच्छति— ,, ,,

सुसिक्तम्—खूब खींचा (प्रशंसा)।

सुस्तुतम्—खूब प्रशंसा की।

सुषिक्तं किं स्यात् तवात्र—तुमने खूब सींचा, परन्तु तुम्हारा क्या लाभ ?

अतिदेवान् कृष्णः—कृष्ण देवों से बड़े हैं।

सर्पिषोऽपि स्यात्—घी का विन्दु भी तो होता।

अपि स्तुयाद् विष्णुम्—विष्णु की स्तुति भी तो करता।

अपि स्तुहि—यदि या हो, स्तुति भी करो।

धिक् देवदत्तम्, अपि स्तुयाद् वृषलम्—देवदत्त को धिक्कार है जो शूद्र की भी स्तुति करे।

अपि सिञ्च, अपि स्तुहि—सींचो और स्तुति करो।

मासं कल्याणी—लगातार महीने भर कल्याणयुक्त।

मासमधीते—महीने भर पढ़ता है।

मासं गुडधानाः—महीने भर गुड़धान (गुड़ में पागा गया भुना दाना)।

क्रोशं कुटिला नदी—नदी कोस भर तक टेढ़ी है।

क्रोशमधीते—कोस भर तक पढ़ता है।

क्रोशं गिरिः—कोस भर तक पर्वत हैं।

मासस्य द्विरधीते—महीने में दो दिन पढ़ता है।

क्रोशस्यैकदेशे पर्वतः—क्रोस के एक भाग में पर्वत है।

गंङ्गायां घोषः—विलकुल गङ्गा तट पर अहीरों का गाँव है।

करण (तृतीया)

रामेण बाणेन हतो बालिः—बालि राम द्वारा बाण से मारा गया।

प्रकृत्या चारुः—सहज सुन्दर है।

प्रायेण याज्ञिकः—प्रायः याज्ञिक है।

गोत्रेण गार्ग्यः—गर्ग गोत्र हैं।

समेनेति—सीधा जाता है।

विषमेणैति—टेढ़ा जाता है।

द्विद्रोणेन धान्यं क्रीणाति—दो द्रोण (१ द्रोण = १६ सेर) धान खरीदता है।

सुखेन दुःखेन वा याति—सुख अथवा दुःख से जाता है।

अक्षैरक्षान्वा दीव्यति—पासों से जुआ खेलता है।

अह्ना क्रोशेन वानुवोकोऽधीतः—दिन भर में या कोस भर में अनुवाक (वेद का एक भाग) पढ़ लिया।

मासमधीतो नायातः—महीने भर पढ़ा, परन्तु आया नहीं।

पुत्रेण सहागतः पिता—पिता पुत्र के साथ आया।

अक्ष्णा काणः—एक आँख का काना।

अक्षि काणमस्य—इसकी आँख कानी हैं।

जटाभिस्तापसः—जटा से तपस्वी मालूम होता है।

पित्रा पितरं वा संजानीते—पिता को जानता हैं।

दण्डेन घटः—दंड से घड़ा (बनता है)।

पुण्येन दृष्टो हरिः—पुण्य से भगवान् का दर्शन हुआ।

अध्ययनेन वसति—पढ़ने के लिए रहता हैं।

अलं श्रमेण—श्रम की आवश्यकता नहीं।

शतेन शतेन वत्सान् पाययति पयः—सौ सौ करके बछड़ों को पानी पिलाता है।

दास्या संयच्छते कामुकः—कामी व्यभिचार के लिए दासी को धन देता है।

भार्यायै संयच्छति—भार्या को धन देता है।

सम्प्रदान (चतुर्थी)

दानीयो विप्रः—ब्राह्मण दान देने योग्य है।

विप्राय गां ददाति—ब्राह्मण को गाय देता है।

पत्ये शेते—पति के लिए सोती है।

पशुना रुद्रं यजते—पशु से रुद्र का यज्ञ करता है।

हरये रोचते भक्तिः—भगवान् को भक्ति रुचती है।

देवदत्ताय रोचते मोदकः पथि—देवदत्त को मार्ग में लड्डू रुचता है।

गोपी स्मरात् कृष्णाय श्लाघते ह्नुते तिष्ठते शपते वा—गोपी काम से कृष्ण को स्तुति द्वारा, सपत्नियों से छिपाकर, ठहर कर और शपथ खाकर अनुराग दिखाती है।

देवदत्ताय श्लाघते पथि—मार्ग में देवदत्त की प्रशंसा करता है।

भक्ताय धारयति मोक्षं हरिः—भगवान् भक्त के मोक्ष के ऋणी हैं।

देवदत्ताय शतं धारयति ग्रामे—वह गाँव में देवदत्त का सौ रुपये का ऋणी है।

पुष्पेभ्यः स्पृहयति—वह फूलों को चाहता है।
पुष्पेभ्यो वने स्पृहयति—वह जंगल में फूलों को चाहता है।
पुष्पाणि स्पृहयति—फूलों को चाहता है।
हरये क्रुध्यति—हरि पर क्रोध करता है।
हरये द्रुह्यति—हरि से द्रोह करता है।
हरये ईर्ष्यति—हरि से ईर्ष्या करता है।
हरये असूयति—हरि की निन्दा करता है।
भार्यामीर्ष्यति—पत्नी की ईर्ष्या करता है कि कोई उसे देख न ले।
क्रूरमभिद्रुह्यति—दुष्ट पर क्रुद्ध होता है।
कृष्णाय राध्यति—कृष्ण के शुभाशुभ को देखता है।
विप्राय गां प्रति शृणोति आशृणोति वा—वह ब्राह्मण को गाय देने की प्रतिज्ञा करता है।
होत्रे अनुगृणाति प्रतिगृणाति वा—अध्वर्यु होता को प्रोत्साहित करता है।
शतेन शताय वा परिक्रीतः—सौ रुपये पर दास खरीदा गया।
मुक्तये हरिं भजति—मुक्ति के लिए हरि को भजता है।
भक्तिर्ज्ञानाय कल्पते सम्पद्यते जायते वा—भक्ति से ज्ञान होता है।
वाताय कपिला विद्युत्—भूरे रंग की बिजली वायु को सूचित करती है।
ब्राह्मणाय हितम्—ब्राह्मण का कल्याण।
फलेभ्यो याति—फल लाने के लिए जाता है।
नमस्कुर्मो नृसिंहाय—हम प्रसन्न करने के लिए नृसिंह को नमस्कार करते हैं।
स्वयंभुवे नमस्कृत्य—ब्रह्मा को प्रसन्न करने के लिए नमस्कार करके।
यागाय याति—यज्ञ करने के लिए जाता है।
हरये नमः—हरि को नमस्कार है।
नमस्करोति देवान्—देवों को नमस्कार करता है।
अग्नये स्वाहा—यह (हवि) अग्नि के लिए।
पितृभ्यः स्वधा—यह (पिण्ड, जल) पितरों के लिए।
दैत्येभ्यो हरिरलं प्रभुः समर्थः शक्तः—दैत्यों के लिए हरि पर्याप्त, प्रभु तथा समर्थ हैं।
तस्मै प्रभवति—उसके लिए समर्थ है।
स एषां ग्रामणी—वह इनका मुखिया है।
वषट् इन्द्राय—यह इन्द्र के लिए।
स्वस्ति गोभ्यो भूयात्—गायों का कल्याण हो।
न त्वां तृणं मन्ये तृणाय वा—मैं तुमको तृण भी नहीं समझता।
न त्वां तृणं मन्ये—मैं तुमको तृण भी नहीं समझता।
न त्वां शुनं मन्ये—,, कुत्ता ,,
न त्वां नावं मन्ये—,, नौका ,,
ग्रामं ग्रामाय वा गच्छति—वह गाँव जाता है।
मनसा हरिं भजति—मन से हरि के पास जाता है।
पन्थानं गच्छति—वह रास्ते में जाता है।
उत्पथेन पथं गच्छति—कुमार्ग से मार्ग पर जाता है।

(अपादान) पञ्चमी

धावतोऽश्वात्पतति—दौड़ते हुए घोड़े से गिरता है।
वृक्षस्य पर्णं पतति—पेड़ का पत्ता गिरता है।
पापाज्जुगुप्सते, विरमति—पाप से घृणा करता या अलग होता है।
धर्मात्प्रमाद्यति—धर्म से चूकता है।
चौराद् बिभेति—चोर से डरता है।
चौरात्त्रायते—चोर से रक्षा करता है।
अरण्ये बिभेति त्रायते वा—जंगल में डरता या रक्षा करता है।
अध्ययनात्पराजयते—अध्ययन से हार मानता है।
शत्रून्पराजयते—शत्रुओं को जीतता है।
यवेभ्यो गां वारयति—जौ से गाय को हटाता है।
यवेभ्यो गां वारयति क्षेत्रे—खेत में जौ से गाय को हटाता है।
मातुर्निलीयते कृष्णः—कृष्ण माता से छिपते हैं।
चौरान्न दिदृक्षते—चोरों को देखना नहीं चाहता।
देवदत्ताद् यज्ञदत्तो निलीयते—यज्ञदत्त देवदत्त से छिपता है।
उपाध्यायादधीते—अध्यापक से पढ़ता है।
नटस्य गाथां शृणोति—नट का गाना सुनता है।
ब्रह्मणः प्रजाः प्रजायन्ते—ब्रह्मा से जीव उत्पन्न होते हैं।
हिमवतो गङ्गा प्रभवति—हिमालय से गंगा निकलती है।
प्रासादात्प्रेक्षते—महल से देखता है।
आसनात्प्रेक्षते—आसन से देखता है।

श्वशुराज्जिहेति—श्वशुर को देखकर लज्जित होता है।

कस्मात्त्वम् ? नद्याः—तुम कहाँ से आ रहे हो ? नदी से।

वनाद् ग्रामो योजनं योजने वा—जंगल से गाँव चार कोस पर है।

कार्तिक्या आग्रहायणी मासे कार्तिक की पूर्णिमा से अगहन की पूर्णिमा एक मास है।

अन्यो भिन्न इतरो वा कृष्णात्—कृष्ण से भिन्न।

आराद्वनात्—जंगल के पास या दूर।

ऋते कृष्णात्—कृष्ण के विना या कृष्ण को छोड़ कर।

पूर्वो ग्रामात्—गाँव के पूर्व।

चैत्रात्पूर्वः फाल्गुनः—चैत के पहिले फागुन होता है।

पूर्वं कायस्य—शरीर का पूर्व या भाग।

प्राक् प्रत्यग्वा ग्रामात्—गाँव के पूर्व या पश्चिम।

दक्षिणा ग्रामात्—गाँव के दक्खिन।

दक्षिणाहि ग्रामात्— ,,

भवात्प्रभृति आरभ्य वा सेव्यो हरिः—जन्म से लेकर हरि की सेवा करनी चाहिये।

ग्रामाद्बहिः—गाँव के बाहर।

अपहरेः परिहरेः संसारः—हरि के छोड़ कर संसार है।

हरिं परि—हरि की ओर।

आमुक्तेः संसारः—मुक्ति तक संसार है।

आसकलाद् ब्रह्म—ब्रह्म सब वस्तुओं में है।

प्रद्युम्नः कृष्णात्प्रति—प्रद्युम्न कृष्ण के प्रतिनिधि है।

तिलेभ्यः प्रतियच्छति माषान्—तिल से उड़द बदलता है।

शताद् बद्धः—सौ रुपये के ऋण से बँधा है।

शतने बन्धितः—सौ रुपये के ऋण से वह कारागार में है।

जाड्याज्जाड्येन वा बद्धः—मूर्खता से बँधा है।

धनेन कुलम्—धन से कुल है।

बुद्धया मुक्तः—बुद्धि से मुक्त हुआ।

धूमादग्निमान्—धुएँ से आग वाला।

नास्ति घटोऽनुपलब्धेः—न मिलने से घट नहीं है।

पृथग्रामेण रामाद् रामं वा—राम से भिन्न या राम को छोड़ कर।

स्तोकेन स्तोकाद्वा मुक्तः—थोड़े में छूट गया, सरलता से छूट गया।

स्तोकेन विषेण हतः—थोड़े से विष से मारा गया।

ग्रामस्य दूरम् दूराद् दूरेण वा—गाँव से दूर।

,, अन्तिम् अन्तिकात् अन्तिकेन वा—गाँव के समीप।

दूरः पन्थाः—दूर मार्ग।

सम्बन्ध (षष्ठी)

राज्ञः पुरुषः २-३-५०—राजा का आदमी।

सतां गतम्—सज्जनों का जाना।

सर्पिषो जानीते—वह घी के विषय में जानता है अर्थात् घी का मूल्य, बनावट तथा गुण आदि सभी विषयों को जानता है।

मातुः स्मरति—माता को याद करता है।

एधोदकस्योपस्कुरुते—ईंधन जल को अच्छा बनाता है अर्थात् उसे शुद्ध या गर्म करता है।

भजे शम्भोश्चरणयोः—शम्भु के चरणों की पूजा करता हूँ।

फलानां तृप्तः—फलों से संतुष्ट।

अन्नस्य हेतोर्वसति २-३-२६—भोजन के लिए रहता है।

केन हेतुना वसति २-३-२७—किस कारण रहता है।

कस्य हेतोः	,,	,,
किं निमित्तं वसति	,,	,,
केन निमित्तेन	,,	,,
कस्मै निमित्ताय	,,	,,
किं कारणम्	,,	,,
को हेतुः	,,	,,
किं प्रयोजनम्	,,	,,

ज्ञानेन निमित्तेन हरिः सेव्यः—ज्ञान के लिए भगवान् की सेवा करनी चाहिए।

ज्ञानाय निमित्ताय ,, ,,

ग्रामस्य दक्षिणतः २-३-३०—गाँव के दक्खिन।

पुरः, पुरस्तात् ,, आगे।

उपरि, उपरिष्टाद् ,, ऊपर।

दक्षिणेन ग्रामं ग्रामस्य वा २-३-३१—गाँव के दक्खिन।

एवमुत्तरेण ,, ,, उत्तर।

दूरं निकटं ग्रामस्य ग्रामाद्वा २-३-३४—गाँव से दूर या गाँव के पास।

सर्पिषो ज्ञानम् २-३-५१—(तेल को) घी समझना।

सर्पिषोदयनम् , ईशनं वा २-३-५२—घी का देना ।
मातुः स्मरणम् ,, माता की याद ।
एधोदकस्योपस्करणम् २-३-५३—ईंधन का जल में नवीन गुण उत्पन्न करना ।
चौरस्य रोगस्य रुजा२-३-५४–रोग चोर को पीडित करता है ।
रोगस्य चौरज्वरः चौरसन्तापो वा—रोग के कारण चोर को ज्वर या जलन ।
सर्पिषो नाथनम् २-३-५५—घी का आशीस, घी पाने की प्रार्थना ।
माणवकस्य नाथनम्—लड़के से प्रार्थना या विनय ।
चौरस्योज्जासनम् २-३-५६—चोर को मारना, आहत करना ।
चौरस्य निप्रहणनम् प्रणिहननम् निहननम् प्रहणनम् वा—चोर को मारना ।
चौरस्योत्क्राटनम्—चोर को मारना ।
चौरस्य क्राथनम्— ,,
वृषलस्य पेषणम्—शूद्र को पीसना, मारना ।
धानापेषणम्—भुने हुए जौ को पीसना ।
शतस्य व्यवहरणं पणनं वा २-३-५७–सौ रुपयों का व्यवहार करना या बाजी लगाना ।
शलाकाव्यवहारः ,, शलाका (पासों) का गिनना ।
ब्राह्मणपणनम् ,, ब्राह्मणों की स्तुति या प्रशंसा ।
शतस्य दीव्यति २-३-५८—वह सौ रुपये का व्यवहार करता या बाजी लगाता है ।
ब्राह्मणं दीव्यति ,, ब्राह्मण की स्तुति करता है ।
शतस्य शतं वा प्रतिदीव्यति २-३-५९—वह सौ रुपयों का व्यवहार करता या बाजी लगाता है ।
अग्नये छागस्य हविषो वपाया मेदसः प्रेष्य अनुब्रूहि वा–२-३-६१—हे मैत्रावरुण ! अग्नि को छाग हवि, चर्वी तथा मेदा दीजिये ।
पञ्चकृत्वोऽह्नो भोजनम् २-३-६४–दिन में पाँच बार भोजन ।
द्विरह्नो भोजनम् ,, दिन में दो बार भोजन ।
द्विरह्नयध्ययनम् ,, दिन में दो बार पढ़ना ।

कृष्णस्य कृतिः२-३-६५—कृष्ण का कार्य ।
जगतः कर्ता कृष्णः—कृष्ण संसार के कर्ता हैं ।
नेताऽश्वस्य स्रुघ्नस्य स्रुघ्नं वा—घोड़े को स्रुघ्न ले जाने वाला (है) ।
कृतपूर्वी कटम् ,, जिसने पहिले चटाई बनाई हो ।
आश्चर्यो गवां दोहोऽगोपेन २-३-६६—गोपेतर से गाय दुहना आश्चर्य है ।
भेदिका बिभित्सा वा रुद्रस्य जगतः ,, रुद्र का जगत् को नष्ट करना अथवा करने की इच्छा ।
विचित्रा जगतः कृतिर्हरेर्हरिणा वा ,, भगवान् द्वारा संसार की रचना आश्चर्यजनक है ।
शब्दानामनुशासनमाचार्येणाचार्यस्य वा—आचार्यद्वारा शब्दों का विवरण ।
राज्ञां मतो बुद्धः पूजितो वा २-३-६७–राजाओं द्वारा पूजित आहत ।
इदमेषामासितं शयितं गतं भुक्तं वा २-३-६८–यह उनका बैठना, सोना, जाना, खाना ।
हरिं दिदृक्षुः अलङ्करिष्णुः वा २–३–६९–हरि को देखने या सुशोभित करने की इच्छा वाला ।
कुर्वन् कुर्वाणो वा सृष्टिं हरिः ,, हरि सृष्टि को करते हुए ।
दैत्यान् घातुको हरिः ,, दैत्यों को मारने वाले भगवान् ।
लक्ष्म्याः कामुको हरिः ,, लक्ष्मी को चाहने वाले हरि ।
जगत् सृष्ट्वा ,, संसार की रचना करके ।
सुखं कर्तुम् ,, सुख करने के लिए ।
विष्णुना हता दैत्याः ,, विष्णु द्वारा दैत्य मारे गये ।

दैत्यान् हतवान् विष्णुः २-३-६९—विष्णु ने दैत्यों को मारा।

ईषत्करः प्रपञ्चो हरिणा ,, हरि के लिए संसार की रचना साधारण बात है।

सोमं पवमानः ,, सोम को पवित्र करता हुआ।

आत्मानं मण्डयमानः अपना शृंगार करता हुआ।

वेदमधीयन् ,, वेद को पढ़ता हुआ।

कर्ता लोकान् ,, संसार का बनाने वाला।

मुरस्य मुरं वा द्विषन् ,, मुर दैत्य का शत्रु।

ब्राह्मणस्य कुर्वन् ,, ब्राह्मण का (काम) करने वाला।

नरकस्य जिष्णुः ,, नरकासुर को जीतने वाला।

सतः पालकोऽवतरति २-३-७०—सज्जनों की रक्षा करने वाला जन्म लेता है।

व्रजं गामी ,, वह व्रज जाने वाला है।

शतं दायी ,, वह सौ रुपया देने वाला है।

मया मम वा सेव्यो हरिः २-३-७१—हरि मेरे सेव्य है।

गेयो माणवकः साम्नाम् ,, लड़का सामगान करने वाला है।

नेतव्या व्रजं गावः कृष्णेन ,, ,,—कृष्ण द्वारा गायें व्रज ले जाने योग्य हैं।

तुल्यः सदृशः समो वा कृष्णस्य कृष्णेन वा २-३-७२—कृष्ण के समान।

तुला उपमा वा कृष्णस्य नास्ति ,, कृष्ण की समता नहीं है।

आयुष्यं चिरञ्जीवितं कृष्णाय कृष्णस्य वा भूयात् २-३-७३—कृष्ण चिरजीवी हो।

मद्रं भद्रं कुशलं निरामयं सुखं शम् अर्थः प्रयोजनं हितं पथ्यं वा भूयात्—कृष्ण का कल्याण, हर्ष, सौभाग्य, हित, सुख तथा उन्नति हो।

अधिकरण (सप्तमी)

कटे आस्ते २-३-३६—चटाई पर बैठा है।

स्थाल्यां पचति ,, पतीली में पकाता है।

मोक्षे इच्छाऽस्ति ,, मोक्ष की इच्छा है।

सर्वस्मिन्नात्माऽस्ति ,, सब में आत्मा है।

वनस्य दूरे अन्तिके वा ,, जंगल के समीप या दूर।

अधीती व्याकरणे ,, व्याकरण पढा हुआ।

साधुः कृष्णो मातरि असाधुर्मातुले ,, कृष्ण माता के साथ सत् तथा मामा के के साथ असद्व्यवहार करते हैं।

चर्मणि द्वीपिनं हन्ति ,, चमड़े के लिए व्याघ्र मारता है।

दन्तयोर्हन्ति कुञ्जरम् ,, दातों के लिए हाथी ,,

केशेषु चमरीं हन्ति ,, बालों के लिए चौरी गाय ,,

सीम्नि पुष्कलको हतः ,, अण्डकोष के लिए कस्तूरी मृग मारता है अथवा सीमा के लिए लठ्ठा गाड़ता है।

वेतनेन धान्यं लुनाति ,, वह मजदूरी से धान काटता है।

गोषु दुह्यमानासु गतः २-३-३७—वह गायों के दुहे जाने पर गया।

सत्सु तरत्सु असन्त आसते ,, सज्जनों के पार होने पर दुर्जन बैठे रहते हैं।

असत्सु तिष्ठत्सु सन्तस्तरन्ति ,, दुर्जनों के बैठ रहने पर सज्जन पार होते हैं।

सत्सु तिष्ठत्सु सन्तस्तरन्ति ,, सज्जनों के बैठे रहने पर दुर्जन पार होते हैं।

असत्सु तरत्सु सन्तस्तिष्ठन्ति ,, —दुर्जनों के पार होने पर सज्जन बैठे रहते हैं।

रुदति रुदतो वा प्राव्राजीत् २-३-३८—उसके रोने पर भी वह सन्यासी हो गया।

गवां गोषु वा स्वामी २-३-३९—गायों का मालिक।

गवां गोषु वा प्रसूतः ,, गायों के लिए उनकी सेवा करने के लिए पैदा हुआ।

आयुक्तः कुशलो वा हरिपूजने हरिपूजनस्य वा २-३-४०—भगवान् की पूजा में लीन।

आयुक्तो गौः शकटे २-३-४०—गाड़ी में कुछ जुता हुआ बैल।

नृणां नृषु वा ब्राह्मणः श्रेष्ठः २-३-४१—मनुष्यों में ब्राह्मण यथेष्ठ हैं।

गवां गोषु वा कृष्णा बहुक्षीरा ,, गायों में काली गाय अधिक दूध वाली हैं।

गच्छतां गच्छत्सु वा धावञ्छीघ्रः ,, चलने वालों में दौड़ने वाला शीघ्रगामी है।

छात्राणां छात्रेषु वा मैत्रः पटुः ,, छात्रों में मैत्र कुशल हैं

माथुराः पाटलिपुत्रकेभ्य आढ्यतराः २-३-४२—मथुरा निवासी पटना निवासियों से धनी हैं।

मातरि साधुर्निपुणो वा २-३-४३—माता के प्रति सज्जन।

निपुणो राज्ञो भृत्यः ,, राजा का नौकर चतुर है।

साधुर्निपुणो वा मातरं प्रति पर्यनु वा २-३-४३—माता के प्रति सज्जन।

प्रसित उत्सुको हरिणा हरौ वा २-३-४४—हरि में आसन्द।

मूलेनावाहयेद् देवीम् २-३-४५—मूल में सरस्वती का आवाहन करे।

श्रवणेन विसर्जयेत् ,, और श्रवण में विसर्जन करना चाहिए।

पुष्ये शनिः ,, पुष्य में शनि।

अद्य भुक्त्वायं द्व्यहे द्व्यहाद्वा भोक्ता २-३-७—यह आज खाकर दो दिन पर भोजन करता है।

इहस्थोऽयं क्रोशे क्रोशाद्वा लक्ष्यं विध्येत् ,, यह यहां बैठ कर कोश भर पर निशाना मार सकता है।

लोके लोकाद्वा अधिको हरिः ,, हरि संसार में सबसे बड़े हैं।

उपपरार्धे हरेर्गुणाः २-३-९—हरि के गुण दस अरब से भी अधिक हैं।

अधिभुवि रामः ,, राम संसार के स्वामी हैं।

अधिरामे भूः ,, राम संसार के स्वामी हैं।

यदत्र मामधिकरिष्यति १-४-९८—इसमें जो मुझको नियुक्त करेगा।

इति कारकप्रकरणम्।

समासप्रकरणम्

अथाव्ययीभावः

पर्यभूषत् २-१-४—अच्छी तरह अलंकृत किया।

अनुव्यचलत् ,, —पीछे चला।

भूतपूर्वः २-४-७१—पहिले हुआ या रहा।

जीमूतस्येव ,, मेघ या इन्द्र के समान।

अपदिशम् २-१-६—दो दिशाओं के मध्य।

अधिहरि ,, हरि अथवा विष्णु में।

अधिगोपम् ,, गोपालक में।

उपकृष्णम् ,, कृष्ण के समीप।

सुमद्रम् ,, मद्रों का ऐश्वर्य।

दुर्यवनम् ,, यवनों की बुरी दशा।

निर्मक्षिकम् ,, जहाँ मक्खियों का भी पूर्णतया अभाव हो, निर्गुण स्थान।

अतिहिमम् ,, शीतकाल का अन्त।

अतिनिद्रम् ,, शयन काल के पश्चात्, जागने का समय।

इतिहरि ,, हरि शब्द का उच्चारण, हरिकीर्तन (वैष्णवानां गृहे इतिहरि वा ते)।

अनुविष्णु ,, विष्णु के बाद।

अनुरूपम् ,, समुचित प्रकार से।

प्रत्यर्थम् ,, अनेक विषय में।

यथाशक्ति ,, शक्ति के अनुसार।

सहरि ,, हरि के समान।

अनुज्येष्ठम् ,, ज्येष्ठता (बड़ाई) के अनुसार।

सचक्रम् ६-३-८१—पहिया के साथ-साथ।

सहपूर्वाह्णम् ,, पूर्वाह्ण के साथ।

ससखि ,, मित्र के समान।

सक्षत्रम् ,, जैसा योद्धा को होना चाहिए उस प्रकार।

सतृणम् ,, तिनके को भी न छोड़कर।

साग्नि ,, अग्निप्रकरण तक।

यावच्छ्लोकम् २-१-८—जितने श्लोक हैं उतनी बार।

शाकप्रति २-१-९—बहुत थोड़ा शाक

शलाकापरि २-१-१०—शलाका को विपरीत फेंककर पराजय।

अक्षपरि ,, पासे को ,, ,,

एकपरि ,, पासे को एक बार फेंक कर हारना।

अपविष्णु २-१-१२—विष्णु से दूर।

परिविष्णु ,, विष्णु को छोड़कर।

बहिर्वनम् ,, जंगल के बाहर।

प्राग्वनम् ,, जंगल के पूर्व।

आमुक्ति २-१-१३—जब तक मलिन हो तब तक, मुक्ति पर्यन्त।

आबालम् ,, बालकों तक।

अभ्यग्नि २-१-१४—अग्नि की ओर।

प्रत्यग्नि ,, ,,

अनुवनमशनिर्गतः २-१-१५—जंगल के पास बिजली गई।

अनुगङ्गं वाराणसी २-१-१६—गङ्गा के किनारे-किनारे काशी स्थित है।

तिष्ठद्गु २-१-१७—जिस समय गाय खड़ी रहें, गाय दूहने का समय।

आयतीगवम् ,, जिस समय गाय आती हों, सायंकाल।

पारेगङ्गात् २-१-१८—गङ्गा के पार से।

गङ्गापारात् ,, ,,

मध्येगङ्गात् ,, गंगा के मध्य में।

गङ्गामध्यात् ,, ,,

द्विमुनि २-१-१९—जिस वंश के दो मुनि हों।

त्रिमुनि व्याकरणम् ,, जिस व्याकरण के कर्ता तीन मुनि हों।

एकविंशतिभारद्वाजम् ,, जिस वंश के इक्कीस भारद्वाज हों।

सप्तगङ्गम् २-१-२०—सात गङ्गाओं का सङ्गम।

द्वियमुनम् ,, दो यमुनाओं का सङ्गम।

उन्मत्तगङ्गम् २-१-२१—जिस देश में गंगा उमड़ कर बहती हों।
लोहितगङ्गम् ,, ,, ,, लाल हों।
उपशरदम् ५-४-१०७—शरद् ऋतु के समीप।
प्रतिविपाशम् ,, व्यास नदी के समीप।
उपजरसम् ,, वृद्धावस्था के समीप।
प्रत्यक्षम् ,, आँखों के सामने।
परोक्षम् ,, आँखों से ओझल।
समक्षम् ,, आँखों के सामने।
अन्वक्षम् ,, आँखों के पीछे।
उपराजम् ५-४-१०८—राजा के समीप।
अध्यात्मम् ,, आत्मा के विषय में।

उपचर्मम् ५-४-१०९—चमड़े के समीप।
उपचर्म ,, ,,
उपनदम् ५-४-११०—नदी के समीप।
उपनदि ,, ,,
उपपौर्णमासम् ,, पूर्णिमा के समीप।
उपपौर्णमासि ,, ,,
उपाग्रहायणम् ,, अगहन की पूर्णिमा के समीप।
उपाग्रहायणि ,, ,, ,,
उपसमिधम् ५-४-१११—समिधि के समीप।
उपसमित् ,, ,,
उपगिरम् ५-४-११२—पर्वत के समीप।
उपगिरि ,, ,,

इत्यव्ययीभावः।

अथ तत्पुरुषप्रकरणम्

पञ्चराजम् २-१-२२,२३—पाँच राजा।
कृष्णश्रितः २-१-२४—जिसने कृष्ण का सहारा (आश्रय) लिया हो।
दुःखातीतः ,, दुःख को त्यागे हुए।
कूपपतितः ,, कुँए में गिरा हुआ।
ग्रामगतः ,, गाँव गया हुआ।
तुहिनात्यस्तः ,, जिसने बर्फ को पार कर लिया है।
सुखप्राप्तः ,, सुख को प्राप्त करने वाला।
दुःखापन्नः ,, दुःख पाने वाला।
ग्रामगमी ,, गाँव जाने वाला।
ग्रामगमी ,, ,,
अन्नं बुभुक्षुः ,, अन्न खाने वाला।
स्वायंकृतिः २-१-२५—स्वयं कार्य किये हुए का पुत्र।
खट्वारूढो जाल्मः २-१-२६—सदा चारपाई पर पड़ा रहने वाला, मूर्ख, आलसी।
सामिकृतम् २-१-२७—आधा किया हुआ।
मासप्रमितः प्रतिपच्चन्द्रः २-१-२८—मास के प्रारम्भ को सूचित करने वाला, प्रतिपदा का चन्द्र।

मुहूर्तसुखम् २-१-२९—क्षणिक सुख।
शंकुलाखण्डः २-१-३०—सरौते या चाकू से खण्ड किया हुआ।
धान्यार्थः ,, अन्न से अर्जित धन।
अक्ष्णा काणः ,, एक आँख का काना।
मासपूर्वः २-१-३१—एक महीना पहिले।
मातृसदृशः ,, माता के समान।
पितृसमः ,, पिता के समान।
माषोनं कार्षापणम् ,, एक मासा कम कार्षापण (सोलह मासे का सिक्का।)
माषविकलम् ,, एक मासा कम।
वाक्कलहः ,, मौखिक झगड़ा, वाद विवाद।
आचारनिपुणः ,, आचार विचार में कुशल।
गुडमिश्रः ,, गुड़ मिला हुआ।
आचारश्लक्ष्णः ,, आचार में शिष्ट।
गुडसंमिश्रा: धानाः ,, गुड़ में पागया हुआ भुना जौ।
मासावरः ,, एक महीने से छोटा।
हरित्रातः २-१-३२—हरि से बचाया गया।

नखभिन्नः २-१-३२—नाखून से काटा या तोड़ा गया।
नखनिर्भिन्नः ,, ,, ,,
काकपेया नदी २-१-३४—भरी हुई नदी, इतनी भरी हुई कि कौआ भी तट पर बैठकर अपनी चोंच जल में डाल कर जल पी सके।
वातच्छेद्यं तृणम् ,, पतला तिनका, इतना पतला कि हवा से भी टूट जाय।
दध्योदनः २-१-३४—दही मिलाकर स्वादिष्ट बनाया गया भात।
गुडधानाः २-१-३५—गुड़ में पागा हुआ भुना जौ।
यूपदारुः २-१-३६—यज्ञ के स्तम्भ के लिए लकड़ी।
द्विजार्थः सूपः ,, द्विज के लिए दाल।
द्विजार्था यवागूः ,, द्विज के लिए लप्सी।
द्विजार्थं पयः ,, द्विजके लिए दूध या जल।
भूतबलिः ,, भूतों के लिए बलि।
गोहितम् ,, गाय के लिए लाभदायक।
गोसुखम् ,, ,, सुखदायक।
गोरक्षितम् ,, ,, बचाया गया।
चोरभयम् २-१-३७—चोर का डर।
वृकभीतः ,, भेड़िये का डर।
वृकभीतिः ,, ,,
वृकभीः ,, ,,
सुखापेतः २-१-३८—सुख से रहित।
कल्पनापोढः ,, कल्पना से ले जाया गया।
चक्रमुक्तः ,, पहिये से छूटा हुआ।
स्वर्गपतितः ,, स्वर्ग से गिरा हुआ।
तरङ्गापत्रस्तः ,, तरङ्गों से डरा हुआ।
प्रासादात्पतितः ,, महल से गिरा हुआ।
स्तोकान्मुक्तः २-१-३९—थोड़ी दूर से छूटा हुआ।
अल्पान्मुक्तः ,, थोड़े से छूटा हुआ।
अन्तिकादागतः ,, समीप से आया हुआ।
अभ्याशादागतः ,, ,,
दूरादागतः ,, दूर से आया हुआ।
विप्रकृष्टादागतः ,, दूर से आया हुआ।
कृच्छ्रादागतः ,, कठिनता से आया हुआ।

राजपुरुषः २-८—राजा का आदमी।
ब्राह्मणयाजकः २-२-९—ब्राह्मण का यज्ञ कराने वाला।
देवपूजकः ,, देवता की पूजा करने वाला।
सर्वश्वेतः ,, सबसे श्वेत।
सर्वमहान् ,, सबसे बड़ा।
इध्मव्रश्चनः ,, इंधन काटने वाली (कुल्हाड़ी)।
नृणां द्विजः श्रेष्ठः २-२-१०—मनुष्यों में द्विज सर्वश्रेष्ठ।
सर्पिषो ज्ञानम् ,, घी का ज्ञान।
सतां षष्ठः २-२-११—सज्जनों में छठा।
काकस्य कार्ष्ण्यम् ,, कौए की कालिमा।
ब्राह्मणस्य शुक्लः ,, ब्राह्मण का श्वेत।
अर्थगौरवम् ,, अर्थ का गौरव।
बुद्धिमान्द्यम् ,, बुद्धि की मन्दता, जड़ता।
फलानां सुहितः ,, फलों से तृप्त।
द्विजस्य कुर्वन् कुर्वाणो वा ,, ब्राह्मण का नौकर।
ब्राह्मणस्य कृत्वा ,, ब्राह्मण का करके।
ब्राह्मणस्य कर्तव्यम् ,, ब्राह्मण का कर्तव्य।
स्वकर्त्तव्यम् ,, अपना कर्तव्य।
तक्षकस्य सर्पस्य ,, तक्षक नाम के सर्प का।
राज्ञां मतो बुद्धःपूजितो वा २-२-१२—राजा का चाहा हुआ, जाना हुआ अथवा पूजित।
इदमेषामासितं गतं भुक्तं वा २-२-१३—इनका यह बैठना, जाना अथवा खाना।
आश्चर्यं गवां दोहोऽगोपेन २-२-१४—गोपेतर से गायों का दुहा जाना आश्चर्य है।
अपां स्रष्टा २-२-१५—जल की सृष्टि (रचना) करने वाला।
वज्रस्य भर्ता ,, वज्र धारण करने वाला।
ओदनस्य पाचकः ,, भात पकाने वाला।
इक्षुभक्षिका ,, ईख चूसना।
भूभर्ता ,, पृथ्वी का पालन करने वाला।
भवतः शायिका २-२-१७—आप का शयन, विराम या शान्ति।
उद्दालकपुष्पभञ्जिका ,, पूर्वी भारत का एक प्राचीन खेल जिसमें लिसोड़ा के फूल तोड़े जाते थे।

दन्तलेखकः २-२-१७—दाँतों को रंगकर जीविकोपार्जन करने वाला।

पूर्वकायः २-२-१—शरीर का अगला भाग।

अपरकायः ,, शरीर का पिछला भाग।

पूर्वंनाभेः कायस्य ,, नाभि के पहिले शरीर का भाग।

पूर्वश्छात्राणाम् ,, छात्रों का प्रधान।

मध्याह्नः ,, दोपहर।

सायाह्नः ,, सायंकाल।

मध्यरात्रः ,, आधी रात।

अर्धपिप्पली २-२-२—पीपर का आधा।

ग्रामार्धः ,, गाव का आधा।

द्वितीयभिक्षा २-२-३—भिक्षा का दूसरा भाग।

द्वितीयं भिक्षाया भिक्षुकस्य ,, भिक्षुक की भीख का दूसरा भाग।

भिक्षाद्वितीयम् ,, दूसरी बार भीख मांगना।

प्राप्तजीविकः २-२-४—जिसको जीविका मिल गई हो।

जीविकाप्राप्तः ,, ,,

आपन्नजीविकः ,, ,,

जीविकापन्नः ,, ,,

प्राप्तजीविका ,, जिस स्त्री को भिक्षा मिल गई हो

आपन्नजीविका ,, ,,

मासजातः २-२-५—जिस व्यक्ति को जन्म लिए एक मास हो गया हो।

द्व्यहजातः ,, ,, दो दिन।

द्व्यह्नजातः ,, ,, ,,

अक्षशौण्डः २-१-४०—पासा के खेल में निपुण।

ईश्वराधीनः ,, ईश्वर के अधीन।

साङ्काश्यसिद्धः २-१-४१—सांकाश्य (संकसिया) में तैयार हुआ।

आतपशुष्कः ,, धूप में सूखा हुआ।

स्थालीपक्वः ,, पतीली में पका हुआ।

चक्रबन्धः ,, पहिये में बँधा हुआ।

तीर्थध्वाङ्क्षः २-१-४२—तीर्थ में कौए की तरह। जिस प्रकार कौआ तीर्थ में जाकर चिर काल तक वहाँ नहीं ठहरता इसी प्रकार जो विद्यार्थी गुरुकुल में चिरकाल तक नहीं ठहरता उसको तीर्थध्वांक्ष कहते हैं।

मासे देयम् ऋणम् २-१-४३—महीने भर में लौटा दिया जाने वाला ऋण।

पूर्वाह्णे गेयं साम ,, दोपहर के पहिले गाया जाने वाला साम।

अरण्ये तिलकाः २-१-४४—जंगली तिल। ऐसा व्यक्ति या वस्तु जिससे किसी की आशा की पूर्ति न हो।

वने कसेरुकाः २-१-४४—जो वस्तु अकस्मात् मिल जाय।

पूर्वाह्णकृतम् २-१-४५—दोपहर के पहिले किया गया।

अपररात्रकृतम् ,, रात्रि के अन्तिम भाग में किया गया।

अह्निदृष्टम् ,, दिन में देखा गया।

तत्रभुक्तम् २-१-४६ वहाँ खाया गया।

अवतप्ते नकुलस्थितं त एतत् २-१-४७—जिस प्रकार तप्त प्रदेश में नेवले चिर काल तक नहीं ठहरते उसी प्रकार जो किसी कार्य को प्रारंभ कर उसको बिना पूरा किए इधर उधर दौड़ता है उस अव्यवस्थित अथवा चपल व्यक्ति के लिए यह कहा जाता है।

पात्रेसंमिताः २-१-४८—भोजन पात्र रक्खे जाने पर सम्मिलित होने वाले, स्वार्थी।

गेहेशूरः ,, घर में वीर न कि युद्ध में।

गेहेनर्दी ,, घर में गर्जने वाला न कि युद्ध में।

परमाः पात्रे समिताः ,, बहुत बड़े स्वार्थी।

स्नातानुलिप्तः २-१-४९—पहिले स्नान करके बाद में लेप लगाने वाला।

एकनाथः ,, मुख्य स्वामी।

सर्वयाज्ञिकाः ,, समस्त यज्ञ करने वाले।

जरन्नैयायिकाः २–१–४९—वुड्ढे नैयायिक (न्याय जानने वाले)
पुराणमीमांसकाः ,, पुराने मीमांसक (मीमांसा जानने वाले)
नवपाठकाः ,, नवीन पढ़ने वाले ।
केवलवैयाकरणाः ,, केवल व्याकरण शास्त्रके ज्ञाता ।
पूर्वेषुकामशमी २–१–५०—पूर्वी भारत का इषुकामशमी गाँव ।
सप्तर्षयः ,, सात ऋषि ।
पौर्वशालः २–१–५१—पूर्व के कमरे में होने या रहने वाला ।
पूर्वशालाप्रियः ,, जिसको पूर्व का कमरा प्रिय हो ।
षाण्मातुरः ,, छः माताओं का पुत्र, कार्तिकेय ।
पञ्चगवधनः ५–४–९२—जिसका धन पाँच गाय है ।
पञ्चगवम् २–१–५२—पाँच गाय ।
वैयाकरणखसूचिः २–१–५३—किसी प्रश्न के पूछे जाने पर आकाश की ओर देखने वाला अज्ञ वैयारण ।
मीमांसकदुर्दुरूढः ,, मीमांसा शास्त्र के मर्म को न जानकर व्यर्थ वाद करने वाला मूर्ख मीमांसक ।
पापनापितः २–१–५४—घृणित नाई ।
अणककुलालः ,, घृणित कुम्हार ।
घनश्यामः २–१–५५—बादल की तरह काले कृष्ण ।
पुरुषव्याघ्रः २-१-५६—व्याघ्र की तरह (वलवान्) मनुष्य ।
नृसोमः ,, चन्द्रमा के समान मनुष्य (दर्शनीय)
नीलोत्पलम् २–१–५७ – नील कमल ।
कृष्णसर्पः ,, काला साँप ।
पूर्ववैयाकरणः २–१–५८—पहिले का (प्राचीन) वैयाकरण ।
अपराध्यापकः ,, नवीन वैयाकरण ।
पश्चार्धः ,, निचला आधा भाग ।
श्रेणिकृताः २–१–५९—जो पहिले क्रमबद्ध नहीं थे उनको क्रमबद्ध कर दिया गया ।
कृताकृतम् २–१–६०—किया और नहीं किया ।
शाकपार्थिवः ,, शाक का प्रेमी राजा ।
देवब्राह्मणः ,, देवपूजक ब्राह्मण ।

सद्वैद्यः २–१–६१—उत्तम, कुशल वैद्य ।
महावैयाकरणः ,, महान् वैयाकरण ।
उत्कृष्टो गौः ,, (कीचड़ से) निकाला गया बैल ।
गोवृन्दारकः २–१–६२—उत्तम बैल अथवा गाय ।
कतरकठः २–१–६३—दोनों में से कौन कठशाखा का है ।
कतमकलापः ,, इनमें से कौन कलाप शाखा है ।
किंराजा २–१–६४—निन्दनीय राजा ।
महानवमी १–२–४२—चैत्र या आश्विन मास की नवमी ।
कृष्णचतुर्दशी ६–३–४२—कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी ।
महाप्रिया ,, अत्यन्त प्यारी ।
पाचकस्त्री ,, पाचक की स्त्री ।
दत्तभार्या ,, दी गई भार्या ।
पञ्चमभार्या ,, पाँचवीं भार्या ।
स्रौघ्नभार्या ,, स्रुघ्न (वर्तमान सुध) नगर की भार्या ।
सुकेशभार्या ,, सुन्दर बाल वाली भार्या ।
ब्राह्मणभार्या ,, ब्राह्मणपत्नी ।
पाचकजातीया ,, पकाने वाली स्त्री ।
पाचकदेशीया ,, ,,
इभपोटा २–१–६५—युवती हथिनी ।
इभयुवतिः ,, ,, हथिनी ।
अग्निस्तोकः ,, थोड़ी आग ।
उदश्वित्कतिपयम् ,, थोड़ा मठा ।
गोगृष्टिः ,, पहली बार ब्याई हुई गाय ।
गोधेनुः ,, हाल की ब्याई हुई गाय ।
गोवशा ,, वन्ध्या गाय ।
गोवेहत् ,, गर्भ गिराने वाली गाय ।
गोवष्कयणी ,, जिस गाय का बछड़ा एक वर्ष का हो गया हो ।
कठप्रवक्ता ,, यजुर्वेद की कठशाखा का पारायण करने वाला ।
कठश्रोत्रियः ,, यजुर्वेद की कठशाखा का श्रोत्रिय ।
कठाध्यापकः ,, यजुर्वेद की कठशाखा पढ़ाने वाला ।
कठधूर्त्तः ,, यजुर्वेद की कठशाखा का विज्ञ ब्राह्मण ।
गोमतल्लिका २–१–६६—उत्तम गाय ।

गोमचर्चिका २–१–६६—उत्तम गाय।
गोप्रकाण्डम् " "
गवोद्धः " उत्तम बैल।
गोतल्लजः " "
कुमारीमतल्लिका " श्रेष्ठ कुमारी।
युवखलतिः २–१–६७—युवक खल्वाट।
युवखलती " युवती खल्वाट।
युवजरती " ऐसी युवती जो देखने में वृद्धा मालूम होती हो।
भोज्योष्णम् २–१–६८—गर्म भोज्य पदार्थ।
तुल्यश्वेतः " समान सफेद रंग का।
सदृशश्वेतः " "
भोज्य ओदनः " भोज्य भात।
कृष्णसारङ्गः २–१–६९—काला चीतल मृग।
कडारजैमिनिः २–२–३८—कठिन तप के कारण भूरे रंग के जैमिनि।
जैमिनिकडारः " कठिन तप के कारण भूरे रंग के जैमिनि।
कुमारश्रमणा २–१–७०—क्वारी संन्यासिनी भिक्षुकी।
गोगर्भिणी २–१–७०—गर्भिणी गाय।
मयूरव्यंसकः २–१–७२—चालाक मोर।
उच्चावचम् " ऊँची नीची, इधर उधर की।
निश्चितप्रचितम् " निश्चय की हुई और बटोरी हुई।
अकिंचनः " जिसके पास कुछ भी न हो, निर्धन।
अकुतोभयः " जिसको किसी का भय न हो, निर्भय।
राजान्तरम् " दूसरा राजा।
चिन्मात्रम् " केवल चैतन्यरूप, ब्रह्म।
अश्नीतपिबता " जहाँ निरन्तर "खाओ पिओ" कहा जाय, भोज।
पचतभृज्जता " जहाँ निरन्तर "पकाओ, भूनो, तलो" कहा जाय, रसोई घर।
खादतमोदता " जहाँ निरन्तर "खाओ, मौज करो" कहा जाय, रसोईघर।

एहीडम् २–१–७२—एक यज्ञ जिसमें निरन्तर "आओ स्तुति करो" कहा जाता है।
एहिपचम् " जहाँ "आओ, पकाओ" निरन्तर कहा जाय।
उद्धरोत्सृजा " जिस काम में निरन्तर "निकालो और दो" कहा जाय।
उद्धमविधमा " जिस काम में "अनेक प्रकार से शंख बजाओ" कहा जाय।
जहिजोडः " जो व्यक्ति "जोड नाम के व्यक्ति को मारो" बार बार कहे।
जहिस्तम्बः " जो व्यक्ति "स्तम्ब नाम के व्यक्ति को मारो" बार बार कहे।
ईषत्पिङ्गलः २–२–७—कुछ भूरा।
ईषद्रक्तम् " कुछ लाल।
अब्राह्मणः ६–३–७३—ब्राह्मणेतर।
अनश्वः ६–३–७४—जो पशु घोड़ा न हो, अश्वेतर।
अनुपलब्धिः " अप्राप्ति, एक प्रमाण (मीमांसा)
अविवादः " विवाद का अभाव।
अविघ्नम् " विघ्न का अभाव।
अपचसि त्वं जाल्म " नीच, तू बुरी तरह पकाता है।
नैकधा " एक बार नहीं।
नभ्राट् ६–३–७५—जो चमकता न हो, काला (बादल)।
नपात् " जो रचा न करता हो।
नवेदाः " जो न जानता हो।
नासत्याः " अश्विनीकुमार, देवचिकित्सक।
नमुचिः " जो न छोड़े, एक राक्षस जिसको इन्द्र ने मारा था।
नकुलम् " नेवला, जिसका कुल न हो। प्राणिशास्त्र का मत है कि नेवला चतुष्पदों की किसी जाति का प्राणी नहीं है।
नखम् " जिसमें आकाश (खाली स्थान) न हो, नाखून।
नपुंसकम् " जो स्त्री या पुरुष कोई भी न हो।
नक्षत्रम् " जो अपने स्थान से न चले। अश्विनी आदि २७ नक्षत्र।

नक्रम् ६–३–७५—जो (जल से) बहुत दूर न जाता हो।
नाकः ,, जिसमें दुःख न हो, स्वर्ग।
नगाः ६–३–७७—जो चलते न हों, पर्वत, वृक्ष।
अगाः ,, ,,
अगो वृषलः शीतेन ,, वह शूद्र जो शीत के कारण न चलता हो।
कुपुरुषः २–२–१८—निन्दनीय, दुष्ट मनुष्य।
उरीकृत्य १–४–६१—स्वीकार करके।
शुक्लीकृत्य ,, सफेद करके।
पटपटाकृत्य ,, पट पट शब्द करके।
कारिकाकृत्य ,, काम करके।
खाट्कृत्य १–४–६२—खट् शब्द करके।
खाडिति कृत्वा निरष्ठीवत् ,, उसने खट् शब्द करके थूक दिया।
सत्कृत्य १–४–६३—सत्कार करके।
असत्कृत्य ,, अनादर करके।
अलंकृत्य १–४–६४—सजा करके।
अलंकृत्वौदनं गतः ,, वह पर्याप्त भात खाकर गया।
अन्तर्हत्य १–४–६५—मध्य में मार कर।
अन्तर्हत्वा गतः ,, मारे हुए को लेकर चला गया।
कणेहत्य पयः पिबति १-४-६६—वह पेट भर दूध पीता है।
मनोहत्य ,, पेट भर।
पुरस्कृत्य १–४–६७—आगे करके।
अस्तंगत्य १–४–६८—उस तरफ जाकर।
अच्छगत्य १–४–६९—सामने जाकर।
अच्छोद्य ,, सामने कहकर।
जलमच्छं गच्छति ,, निर्मल जल बहता है।
अदःकृत्य १–४–७०—यह करके।
अदःकृतम् ,, यह किया।
अदः कृत्वा ,, यह करके।
तिरोभूय १–४–७१—छिपकर।
तिरःकृत्य १–४–७२—अनादर करके।
तिरस्कृत्य ,, ,,
तिरः कृत्वा ,, ,,

उपाजेकृत्य १–४–७३—सहारा अथवा सहायता देकर।
उपाजे कृत्वा ,, ,, ,,
अन्वाजेकृत्य ,, ,, ,,
अन्वाजे कृत्वा ,, ,, ,,
साक्षात्कृत्य १–४–७४—प्रत्यक्ष करके।
साक्षात्कृत्वा ,, ,,
लवणंकृत्य ,, नमकीन करके।
लवणं कृत्वा ,, ,,
उरसिकृत्य १–४–७५—हृदय में अनुभव करके, छाती पर रख कर।
उरसि कृत्वा ,, हृदय में अनुभव करके, छाती पर रखकर।
मनसिकृत्य ,, मन में निश्चय करके।
मनसि कृत्वा ,, ,, ,,
मध्येकृत्य १–४–७६—मध्य में करके।
मध्ये कृत्वा ,, ,,
पदेकृत्य ,, पैर पर करके–हस्तिनः पदे कृत्वा शिरः शेते।
पदे कृत्वा ,, पैर पर करके।
निवचनेकृत्य ,, मौन करके या मौन धारण करके।
निवचने कृत्वा ,, ,, ,,
हस्तेकृत्य १–४–७७—विवाह करके।
पाणौकृत्य ,, ,,
प्राध्वंकृत्य १–४–७८—गाड़ी में अच्छी तरह रस्सी बाँध कर।
प्राध्वं कृत्वा ,, प्रार्थना आदि से अनुकूल करके।
जीविकाकृत्य १–४–७९—जीविका की तरह करके।
उपनिषत्कृत्य ,, उपनिषद् की तरह करके।
जीविकां कृत्वा ,, जीविका करके।
प्राचार्यः ,, प्रतिष्ठित अथवा पहिले के आचार्य।
अतिमालः ,, सौन्दर्य अथवा सुगन्ध में माला को अतिक्रमण करनेवाला।
अवकोकिलः ,, कोकिला द्वारा घोषित (वसन्त)।
पर्यध्ययनः ,, अध्ययन से परिश्रान्त।

निष्कौशाम्बिः १-४-७९—कौशाम्बी (कोसम) से बाहर गया हुआ।
वृक्षं प्रति ,, वृक्ष की ओर।
कुम्भकारः २-२-१९—कुम्हार।
व्याघ्री ,, बाघिन।
अश्वक्रीती ,, घोड़े से खरीदी गयी।
कच्छपी ,, मादा कछुआ।
स्वादुङ्कारम् २-२-२०—स्वादिष्ठ बनाकर।
कालः समयो वेला वा भोक्तुम् २-२-२०—भोजन करने का समय।
अग्रे भोजम् २-२-२१—पहिले भोजन कर लेने पर।
अग्रे भुक्त्वा ,, ,, ,,
मूलकोपदंशम् २-२-२१—मूली काट-काटकर (भोजन करता है।
उच्चैःकारम् २-२-२२—जोर से, ऊँचे स्वर से।
उच्चैःकृत्य ,, ऊँचा करके।
उच्चैः कृत्वा ,, ,,
अलं कृत्वा ,, बन्द करके।
खलु कृत्वा ,, निश्चय करके।
द्व्यङ्गुलं दारु ५-४-८६—दो अङ्गुल प्रमाण की लकड़ी।
निरंगुलम् ,, अङ्गुल से बड़ी।
अहोरात्रः ५-४-८७—रात और दिन।
सर्वरात्रः ,, समस्त रात।
पूर्वरात्रः ,, रात का पहिला भाग।
संख्यातरात्रः ,, गिनी हुई रात।
पुण्यरात्रः ,, शुभ या पवित्र रात।
द्विरात्रम् ,, दो रात।
अतिरात्रः ,, जिसने रात बिता दी हो।
परमराजः ५-४-९१—उत्तम राजा।
अतिराजी ,, राजा से बढ़कर या श्रेष्ठ रानी।
कृष्णसखः ,, कृष्ण का मित्र।
द्व्यहीनः क्रतुः ६-४-१४५—दो दिन में सम्पन्न होने वाला यज्ञ।
मद्रराज्ञी ,, मद्रों की अथवा मद्रदेश की रानी।
सर्वाह्णः ८-४-७—पूरा दिन।
पूर्वाह्णः ,, दिन का पहिला भाग।

संख्याताह्नः ८-४-७—गिना हुआ दिन।
द्व्यह्नः ,, दो दिन में होने वाला कार्य।
द्व्यह्ना ,, ,, होने वाली क्रिया।
द्व्यह्नप्रियः ,, जिसे दो दिन में होने वाला कार्य प्रिय हो।
अत्यह्नः ,, एक दिन से अधिक।
दीर्घाह्नी प्रावृट् ८-४-३९—बड़े दिन वाली वर्षा ऋतु
पराह्णः ,, दिन का अन्तिम भाग।
द्व्यहः ५-४-८९—दो दिन।
त्र्यहः ,, तीन दिन।
पुण्याहम् ५-४-९०—पवित्र दिन, शुभ दिन।
सुदिनाहम् ,, अच्छा दिन।
एकाहः ,, एक दिन।
संख्याताहः ,, गिना हुआ दिन।
अश्वोरसम् ५-४-९३—उत्तम जाति का घोड़ा।
उपानसम् ५-४-९४—गाड़ी में का स्थान।
अमृताश्मः ,, चन्द्रकान्त मणि की तरह का एक पत्थर।
कालायसम् ,, लोहा।
मण्डूकसरसम् ,, मेढकों से भरा हुआ तालाव।
महानसम् ५-४-९४—रसोई घर, पाकशाला।
पिण्डाश्मः ,, लोहे का पत्थर।
लोहितायसम् ,, ताँबा।
ग्रामतक्षः ५-४-९५—गाँव का बढ़ई, जो किसानों के घर जा कर काम करता है।
कौटतक्षः ,, अपनी दूकान पर काम करने वाला बढ़ई, स्वतन्त्र बढ़ई।
अतिश्वो वराहः ५-४-९६—कुत्ते से तेज भागने वाला सूअर।
अतिश्वी सेना ,, कुत्ते से तेज चलने वाली सेना।
आकर्षश्वः ५-४-९७—कुत्ते की तरह का पासा, कुत्ते की तरह पासे का बुरा दाव।
वानरश्वा ,, कुत्ते की तरह वन्दर।
उत्तरसक्थम् ५-४-९८—टाँग का ऊपरी भाग।
मृगसक्थम् ,, हिरन की टाँग।
पूर्वसक्थम् ,, टाँग का निचला भाग।
फलकसक्थम् ,, पटरी के समान टाँग।

द्विनावरूप्यः ५-४-९९—दो नौकाओं से आया हुआ मनुष्य।
पञ्चनावप्रियः ,, जिसको पाँच नाव प्यारी हों।
द्विनावम् ,, दो नौकायें।
त्रिनावम् ,, तीन नौकाएँ।
पञ्चनौः ,, पाँच नौकाओं से खरीदा गया।
अर्धनावम् ,, आधी नौका।
द्विखारम् ५-४-१०१—दो खारी = ३२ द्रोण।
द्विखारि ,, ,,
अर्द्धखारम् आधी खारी = ८ द्रोण।
अर्धखारी ,, ,,
द्व्यञ्जलम् ५-४-१०२—दो अँजलि।
द्व्यञ्जलिः ,, ,,
सुराष्ट्रब्रह्मः ५-४-१०४—सुराष्ट्र का ब्राह्मण।
कुब्रह्मः ५-४-१०५—बुरा ब्राह्मण, निन्दनीय ब्राह्मण।
कुब्रह्मा ,, ,,
महाब्रह्मः ६-३-४६—प्रेतक्रिया करने वाला ब्राह्मण।
महाब्रह्मा ,, ,,
महादेवः ,, श्रेष्ठ देव, शंकर।
महाजातीयः ,, बड़ों के समान पुरुष।
महत्सेवा ,, बड़ों की सेवा।
एकादश ,, ग्यारह।
महाजातीया ,, बड़ों के समान स्त्री।
महाघासः ,, बड़े आदमी की घास।
महाकरः ,, बड़े आदमी का कर=हाथ।
महाविशिष्टः ,, बहुत बड़ा।
अष्टाकपालः ६-३-४६—आठ सेकोरों में तैयार किया गया पुरोडाश, हवि।
अष्टागवम् शकटम् ,, आठ बैल वाली गाड़ी।
अष्टगवम् ,, आठ गायें।
द्वादश ६-३-४७—बारह।
द्वाविंशतिः ,, बाईस।
अष्टादश ,, अट्ठारह।
अष्टाविंशति ,, अट्ठाईस।
द्वित्राः ,, दो या तीन।
द्व्यशीतिः ,, बयासी।
त्रिशतम् ,, एक सौ तीन।
त्रिसहस्रम् ६-३-४७—एक हजार तीन।
द्विशतम् ६-३-४७—एक सौ दो।
द्विसहस्रम् ,, एक हजार दो।
त्रयोदश ६-३-४८—तेरह।
त्रयोविंशति ,, तेईस।
त्रिदशाः ,, जिसके तीस हैं।
त्र्यशीतिः ,, ,, तिरासी।
द्विचत्वारिंशत् ६-३-४९—बयालीस।
द्वाचत्वारिंशत् ,, ,,
अष्टचत्वारिंशत् ,, अड़तालीस।
अष्टाचत्वारिंशत् ,, ,,
त्रिचत्वारिंशत् ,, तैंतालीस।
त्रयश्चत्वारिंशत् ,, ,,
एकान्नविंशति ६-३-७६—उन्नीस।
एकादूनविंशतिः ,, ,,
एकोनविंशतिः ,, ,,
षोडन् ,, जिसके छः दाँत हो।
षोडश ,, सोलह।
षोढा ,, छः प्रकार का या छः प्रकार से।
षड्धा ,, ,,
कुक्कुटमयूर्याविमे २-४-२६—ये मोरनी और मुर्गा हैं।
मयूरीकुक्कुटाविमौ ,, ये मोली और मोरन हैं।
अर्धपिप्पली ,, आधी पीपर।
पञ्चकपालः पुरोडाशः ,, पाँच सकोरों में पकाया गया पुरोडाश (हवि)।
अलंकुमारिः ,, कुमारी के लिए उपयुक्त वर।
अश्ववडवौ २-७-२७—घोड़ा और घोड़ी।
अश्ववडवान् ,, घोड़ा और घोड़ियों को।
अश्ववडवैः २-४-२७—घोड़ा और घोड़ियों से
अहोरात्रः २-४-२९—दिन और रात।
पूर्वरात्रः ,, रात का पहिला भाग।
पूर्वाह्णः ,, दिन का पहिला भाग।
द्व्यहः ,, दो दिन।
द्विरात्रम् ,, दो रातें।
त्रिरात्रम् ,, तीन रातें।
गणरात्रम् ,, बहुत सी रातें।

अपथम् २-४-३०—बुरा मार्ग।
अपथो देशः ,, विना सड़क का देश।
अपन्थाः ,, विना मार्ग का।
अर्धर्चः २ ४-३१—मन्त्र का आधा।
अर्धर्चम् ,, ,,
ध्वजः ,, झंडा।
ध्वजम् ,, ,, ।
ब्राह्मणाः पूज्याः १-२-५८—ब्राह्मण पूजनीय हैं।
ब्राह्मणः पूज्यः ,, ,, है।
वयं ब्रूमः १-२-५९—हम कहते हैं।
अहं ब्रवीमि ,, मैं कहता हूँ।
आवां ब्रूवः ,, हम दोनों कहते हैं।
पटुरहं ब्रवीमि ,, मैं पटु कहता हूँ।
पूर्वेफल्गुन्यौ १-२-६०—पूर्वाफाल्गुनी और उत्तराफाल्गुनी।
पूर्वाः फल्गुन्यः ,, ,,
पूर्वे प्रोष्ठपदे ,, पूर्वभाद्रपद और उत्तरभाद्रपद।
पूर्वाप्रोष्ठपदाः ,, ,,
फल्गुन्यौ माणविके ,, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में उत्पन्न वालिकाएँ।
तिष्यपुनर्वसू १-२-६३—पुष्य और पुनर्वसु।
विशाखानुराधाः ,, विशाखा और अनुराधा।
तिष्यपुनर्वसवो माणवकाः ,, पुष्य तथा पुनर्वसु नाम के वालक।

पञ्चगवम् २-४-१७—पाँच गायें।
दन्तोष्ठम् ,, दाँत और ओठ।
पञ्चमूली ,, पाँच जड़ें।
पञ्चखट्वी ,, पाँच पलँग।
पञ्चखट्वम् ,, ,,
पञ्चतक्षी ,, पाँच बढ़ई।
पञ्चतक्षम् ,, ,,
पञ्चपात्रम् ,, पाँच बर्तन।
त्रिभुवनम् २-४-१७—तीनों लोक।
चतुर्युगम् ,, चारों युग।
पुण्याहम् ,, शुभ दिन।
सुदिनाहम् ,, सुन्दर दिन।

त्रिपथम् ,, तीन मार्ग।
विपथम् ,, बुरा मार्ग।
सुपन्थाः ,, सुन्दर मार्ग।
अतिपन्थाः ,, ,,
मृदु पचति ,, कोमल पकाता है।
प्रातःकमनीयम् ,, प्रातःकाल के समान सुन्दर है।
सौशमिकन्थम् २-४-२०—सुशम नामक व्यक्ति के पुत्र की कथरी।
वीरणकन्था ,, गाड़र घास की कथरी।
दाक्षिकन्था ,, दक्ष के वंशज की कथरी।
पाणिन्युपज्ञम् ग्रन्थः १-४-२१—पाणिनि से बनाया गया या पहले प्रचलित किया ग्रन्थ।
नन्दोपक्रमं द्रोणः ,, सर्व प्रथम नन्द के शासन काल में प्रचलित द्रोण।
इक्षुच्छायम् २-४-२२—ईख की छाया।
इनसभम् २-४-२३—राजा की सभा।
ईश्वरसभम् ,, राजा की सभा।
राजसभा ,, राजा की सभा।
चन्द्रगुप्तसभा ,, चन्द्रगुप्त की सभा।
रक्षःसभम् ,, राक्षसों की सभा।
पिशाचसभम् ,, पिशाचों की सभा।
स्त्रीसभम् २-४-२४—स्त्रियों की सभा।
धर्मसभा ,, धर्मशाला।
ब्राह्मणसेनम् २-४-२५—ब्राह्मणों की सेना।
ब्राह्मणसेना ,, ,,
यवसुरम् ,, जौ की शराब।
यवसुरा ,, ,,
कुड्यच्छायम् ,, दीवाल की छाया।
कुड्यच्छाया ,, ,,
गोशालम् ,, गोशाला।
गोशाला ,, ,,
श्वनिशम् ,, कल की रात (आने वाली)।
श्वनिशा ,, ,,
दृढसेनो राजा ,, बलवती सेना वाला राजा।
असेना ,, जो सेना न हो।
परमसेना ,, उत्तम सेना।

इति तत्पुरुषः

अथ बहुव्रीहिः

प्राप्तोदको ग्रामः २-२-२४—जिस गाँव में जल पहुँच गया हो।

ऊढरथोऽनड्वान् ,, जिस बैल ने रथ खींचा हो।

उपहृतपशू रुद्रः ,, जिस रुद्र को पशु दिया गया हो।

उद्धृतौदना स्थाली ,, जिस पतीली से भात निकाल गया हो।

पीताम्बरो हरिः ,, जिसका वस्त्र पीला हो।

वीरपुरुषको ग्रामः ,, जिस गाँव में वीर मनुष्य हो।

वृष्टे देवे गतः ,, वर्षा हो जाने पर गया।

पञ्चभिर्भुक्तमस्य ,, पांच के साथ इसका भोजन हुआ।

प्रपर्णः ,, जिस वृक्ष के पत्ते गिर गये हो।

अपुत्रः ,, जिसके पुत्र न हों।

अस्तिक्षीरा गौः ,, दूध देने वाली गाय।

चित्रगुः ६-३-३४—चितकवरी गाय वाला मनुष्य।

रूपवद्भार्यः ,, जिसकी भार्या रूपवती हो।

चित्रजरतीगुः ,, चितकवरी और बुड्ढी गाय वाला।

जरतीचित्रागुः ,, ,,

दीर्घातन्वीजङ्घः ,, लम्बी और पतली जाँघ वाला।

तन्वीदीर्घाजङ्घः ,, ,,

चित्राजरद्गुः ,, चितकवरी बुड्ढी गाय वाला।

जरच्चित्रगुः ,, ,,

चित्राजरद्गवीकः ,, ,,

ग्रामणिदृष्टिः ,,

गङ्गाभार्यः ,, जिसकी भार्या गङ्गा हो।

वामोरूभार्यः ,, जिसकी भार्या की जाँघें सुन्दर हों।

कल्याणीमाता ,, कल्याणी की माता।

कल्याणीप्रधानः ,, जिसकी गुणवती स्त्री मुख्य हो।

कल्याणीपञ्चमा रात्रयः ५-४-११६—जिन रातों की पाँचवीं रात शुभ हो।

स्त्रीप्रमाणः ,, जिसका प्रमाण स्त्री हो।

कल्याणपञ्चमीकः पक्षः ७-४-१४—जिस पक्ष की पञ्चमी शुभ हो।

बहुकर्तृकः ,, जिसके बहुत से कर्ता (बनाने,करनेवाले) हो।

कल्याणीप्रियः ,, जिसको गुणवती प्यारी हो।

दृढभक्तिः ,, जिसकी भक्ति दृढ़ या स्थिर हो।

बहुत्र ६-३-३५—बहुतों में।

बहुतः ,, बहुतों से।

दर्शनीयतरा ,, दो में अधिक सुन्दर।

दर्शनीयतमा ,, बहुतों में सबसे अधिक सुन्दर।

पट्वितरा ,, दो में अधिक कुशल।

पट्वितमा ,, सबसे अधिक कुशल।

पटुचरी ,, जो पहिले कुशल रही हो।

पटुजातीया ,, निपुण के समान।

दर्शनीयकल्पा ,, प्रायः दर्शनीय।

दर्शनीयदेशीया ,, ,,

दर्शनीयरूपा ,, अत्यन्त दर्शनीय।

दर्शनीयपाशा ,, निन्दनीय सुन्दर।

बहुधा ,, अनेक प्रकार की।

वृकतिः ,, प्रशंसनीय भेड़िया (मादा)।

अजथ्या ,, बकरियों के लिए लाभदायक।

बहुशो देहि ,, बहुत सी स्त्रियों को दो।

अल्पशः ,, थोड़ी सी स्त्रियों को दो।

शुक्लत्वम् ,, श्वेत स्त्री की श्वेतता।

शुक्लता ,, ,,

कर्त्रीत्वम् ,, कर्त्री का भाव।

हास्तिकम् ,, हथिनियों का झुंड।

रौहिणेयः ,, रोहिणी का पुत्र बुध, शनैश्चर।

आग्नेयः ,, जिस स्थाली-पाक की अधिष्ठात्री देवता अग्नि की स्त्री हों।

सापत्नः ,, शत्रु स्त्री का पुत्र, सौत का पुत्र।

सापत्यः ७-४-१४—समान स्वामी वाली स्त्री का पुत्र।
भावत्काः ,, आप (स्त्री) के छात्र।
भवदीयाः ,, ,,
सर्वमयः ,, सबसे आया हुआ, अथवा सब कुछ।
सर्वकाम्यति ,, सब स्त्रियों को चाहता है।
सर्वकभार्यः ,, जिसकी पत्नी सर्विका नाम वाली हो।
सर्वकप्रियः ,, जिसे सर्विका प्रिय हो।
सर्विकाः ,, सभी स्त्रियाँ।
सर्वाः ,, ,,
कुक्कुटाण्डम् ,, मुर्गी का अण्डा।
मृगपदम् ,, हरिणी का पैर।
मृगक्षीरम् ,, हरिणी का दूध।
काकशावः ,, मादा कौये का बच्चा।
एतायते ६-३-३६—जो मादा चीतल की तरह व्यवहार करता है।
श्येतायते ,, जो मादा वाज की तरह व्यवहार करता है।
दर्शनीयमानिनी ,, जो स्त्री दूसरी स्त्री को सुंदर समझती है।
दर्शनीयमानी चैत्रः ६-३-३६—चैत्र सभी को दर्शनीय समझता है।
पाचिकाभार्यः ६-३-२७-जिसकी भार्या रसोइयादारिन है।
रसिकाभार्यः ,, जिसकी भार्या रसिका है।
मद्रिकामानिनी ,, जो स्त्री अपने को मद्रिका समझती हो।
पाकभार्यः ,, जिसकी भार्या युवती हो।
दत्ताभार्यः ६-३-३८—जिसकी भार्या का नाम दत्ता हो।
दत्तामानिनी ,, जो स्त्री अपने को दत्ता समझती हो।
पञ्चमीभार्यः ,, जिसकी पत्नी पाँचवीं हो।
पञ्चमीपाशा ,, निन्दनीय पाँचवीं।

स्रौघ्नीभार्यः ६-३-३९-जिसकी भार्या स्रुघ्न नगर की हो।
माथुरीयते ,, जो स्त्री मथुरावासिनी स्त्री की तरह आचरण करती है।
माथुरीमानिनी ,, जो स्त्री अपने को मथुरावासिनी समझती है।
मध्यमभार्यः ,, जिसकी भार्या मझली है।
काण्डलावभार्यः ,, जिसकी भार्या डण्टल काटने वाली है।
तावद्भार्यः ,, जिसकी भार्या उतनी है।
काषायकन्थः ,, जिसकी कथरी गेरुआ रंग की है।
हैममुद्रिका ,, जिसकी अँगूठी सुवर्ण की है।
वैयाकरणभार्यः ,, जिसकी भार्या व्याकरण जानने वाली है।
सौवश्वभार्यः ,, जिसकी भार्या सुन्दर घोड़े वाले पुरुष की सन्तान है।
सुकेशीभार्यः ६-३-४०—जिसकी भार्या सुन्दर बालों वाली मानती है।
पटुभार्यः ,, जिसकी भार्या निपुण है।
अकेशभार्यः ,, जिसकी भार्या विना बालों वाली है।
सुकेशमानिनी ,, जो स्त्री अपने को अच्छे बालों वाली है।
शूद्राभार्यः ६-३-४१—जिसकी भार्या शूद्रा है।
ब्राह्मणीभार्यः ,, जिसकी भार्या ब्राह्मणी है।
उपदशाः २-२-२५—दस के लगभग, नौ या ग्यारह।
आसन्नविंशाः ६-४-१४२—बीस के लगभग उन्नीस या इक्कीस।
अदूरत्रिंशाः ,, तीस के लगभग उन्तीस या इकतीस।
अधिकचत्वारिंशाः ,, एकतालीस।
द्वित्राः ,, दो या तीन।
द्विदशाः ,, बीस।
दक्षिणपूर्वा २-२-२६—दक्षिण और पूर्व।
केशाकेशी ६-३-१३७—जिस युद्ध में एक दूसरे के बालों को पकड़ कर लड़ें।

दण्डादण्डि ६-३-१३७—जिस युद्ध में लाठी का प्रहार करके लड़ें।

मुष्टीमुष्टि ,, जिस युद्ध में घूसों का प्रहार करके लड़ें।

बाहूबाहवि ६-४-१४६—जिस युद्ध में भुजाओं का प्रहार करके लड़ें।

हलेन मुसलेन ,, हल तथा मूसल से।

सपुत्रः सहपुत्रो वा आगतः २-२-२८—पुत्र के साथ आया।

सकर्मकः ,, कर्म के साथ।

सलोमकः २-२-२८—रोएँ के साथ।

सहपुत्राय सहामात्याय राज्ञे स्वस्ति ६-३-८३—पुत्र तथा मंत्री के साथ राज का कल्याण हो।

सगवे ६-३-८२—गाय के साथ।

सवत्साय ,, बछड़े के साथ।

सहलाय ,, हल के साथ।

उपदशाः ५-४-७३—दस के लगभग, नौ या ग्यारह।

उपबहवः ,, लगभग बहुत।

उपगणाः ,, ,,

निस्त्रिंशानि वर्षाणि चैत्रस्य ,, चैत्र नामक व्यक्ति के तीस वर्ष से अधिक दिन हो गये।

निस्त्रिंशः खड्गः ,, तीस अङ्गुल से बड़ी (तलवार)।

दीर्घसक्थः ५-४-११३—जिसकी जाँघें लम्बी हों।

जलजाक्षी ,, जिस स्त्री की आँखें कमल के समान हो।

दीर्घसक्थि शकटम् ,, जिस गाड़ी के फड़ लम्बे हों।

स्थूलाक्षा वेणुयष्टिः ,, बड़ी आँखों वाली बाँस की छड़ी।

पञ्चांगुलं दारु ५-४-११४—पाँच अँगुलियों वाली लकड़ी, पाँचा।

द्व्यांगुला यष्टिः ,, दो अंगुल की छड़ी।

पञ्चांगुलिर्हस्तः ,, पाँच अँगुलियों वाला हाथ।

द्विमूर्धः ५-४-११५—जिसके दो सिर हों।

त्रिमूर्धः ,, जिसके तीन सिर हों।

मृगनेत्राः रात्रयः ,, जिन रातों का नेता (अर्थात् व्यवस्थापक, जिसकी स्थिति से रात्रि के समय का ज्ञान होता है, मृगशीर्ष-नामक नक्षत्र हो।

पुष्यनेत्राः ,, जिन रातों का नेता पुष्य नक्षत्र हो।

अन्तर्लोमः ५-४-११७—जिस वस्त्र के रोयें भीतर हों।

बहिर्लोमः ,, जिस वस्त्र के रोयें बाहर हों।

द्रुणसः ५-४-११८—जिनकी नाक वृक्ष के समान हो, किसी व्यक्ति का नाम।

ऋगयनम् ,, मंत्रों का घर।

स्थूलनासिकः ,, जिसकी नाक मोटी हो (नाम)।

धनपतिसंयोगः ५-१-३८—धनिक का संयोग सौ की प्राप्ति का कारण है।
शत्यंशतिकं वा दक्षिणाक्षिस्पन्दनम् ,, दाहिनी आँख का फड़कना सौ की प्राप्ति का कारण है।
वातिकम् ,, वात को शमन करना या दूषित करना।
पैत्तिकम् ,, पित्त को ,, ,,
श्लैष्मिकम् ,, कफ को ,, ,,
सान्निपातिकम् ,, सन्निपात ,, ,,
गव्यः ५-१-३९—गाय के निमित्त संयोग या शकुन।
धन्यः ,, धन के ,,
यशस्यः ,, यश के ,,
स्वर्ग्यः ,, स्वर्ग के ,,
वैजयिकः ,, विजय के ,,
पञ्चकम् ,, पाँच के ,,
सप्तकम् ,, सात के ,,
प्रास्थिकम् ,, प्रस्थ के ,,
खारीकम् ,, खारी के ,,
आश्विकम् ,, घोड़े के ,,
आश्मिकम् ,, पत्थर के ,,
ब्रह्मवर्चस्यम् ,, ब्रह्मतेज के ,,
पुत्रीयः, पुत्र्यः ५-१ ४०– पुत्र के ,,
सार्वभौमः ५-१-४१—समस्त भूमि का स्वामी ,,
पार्थिवः ,, पृथिवी का स्वामी ,,

सार्वभौमः ५-१-४२, ४३—समस्त पृथ्वी में ज्ञात।
पार्थिवः ,, पृथ्वी में ज्ञात।
लौकिकः ५-१-४४—संसार में प्रसिद्ध।
सार्वलौकिकः ,, समस्त संसार में प्रसिद्ध।
प्रास्थिकम् ५-१-४५—प्रस्थ (दस छटाँक) भर बीज बोने योग्य खेत।
द्रौणिकम् ,, द्रोण (१० सेर) भर बीज बोने योग्य खेत।
खारीकम् ,, खारी (४ मन) भर ,,
पात्रिकम् ५-१-४६—पात्र (ऽ२॥ सेर) भर ,,
पात्रिकी ,, पात्र भर बीज ,, खेत का भाग।
पञ्चकः ५-१-४७—पाँच कार्षापण प्रतिमास पाने वाला मजदूर, पाँच कार्षापण प्र० मा० सूद पाने वाला, आय या लाभ वाला। ,,
शतिकः, शत्यः ,, एक सौ कार्षापण ,, ,,
साहस्रः ,, एक हजार ,, ,,
पञ्चको देवदत्तः ,, देवदत्त जिसको पाँच प्रतिशत सूद आय अथवा लाभ होता हो।
द्वितीयिकः ५-१-४८—जिस सौदे में दुवारा सूद, किराया, कर या घूस दिया जाय।
तृतीयिकः ,, ,, तीसरी बार ,, ,,
अर्धिकः ,, ,, अठन्नी ,, ,,
भाग्यंभागिकम् शतम् ५-१-४९—जिस सौ कार्षापण ,,
भाग्याभागिका विंशतिः ,, जिस बीस कार्षापण में ,,
वांशभारिकः ५-१-५०—बाँस चुराने, ले जाने, ढोने या लाने वाला।
ऐक्षुभारिकः ,, ईख ,, ,,
वांशिकः ५-१-५०—बाँस चुराता, ले जाता, ढोता या लाता है।
ऐक्षुकः ,, ईख ,, ,,
वस्निकः ५-१-५१—पूँजी ,, ,,
द्रव्यकः ,, द्रव्य ,, ,,

प्रास्थिकः, कटाहः ५-१-५२—प्रस्थ (१० छटाँक) भर अँटने या पकने वाली कड़ाही।
प्रास्थिकी ब्राह्मणी ,, प्रस्थ भर पकाने वाली ब्राह्मणी।
द्रौणी, द्रौणिकी ,, द्रोण भर पकाने वाली।
आढकीना, आढकिकी ५-१-५३—आढ़क (ऽ२॥ ढाई सेर) भर पकाने या ले जाने वाली।
आचितीना, आचितिकी ,, आचित (२५ मन) भर पकाने वाली।
पात्रीणा, पात्रिकी ,, पात्र (ऽ२॥सेर) भर पकाने वाली।
द्व्याढकिकी, द्व्याढकीना ५-१-५४—दो आढक पकाने वाली।
द्व्याढकी ,, ,, ,,
द्व्याचितिकी, द्व्याचितीना ,, दो आचित पकाने वाली।
द्व्याचिता ,, ,, ,,
द्विपात्रिकी, द्विपात्रीणा, ,, दो पात्र पकाने वाली।
त्रिपात्री ,, तीन पात्र ,,
द्विकुलिजी, द्विकुलिजीना ५-१-५५—दो कुलिज (ढाई पाव) पकाने वाली।
द्विकुलिजिकी, द्वैकुलिजिकी ,, ,, ,,
पञ्चकः ५-१-५६—जिसका भाग, मूल्य या मजदूरी पाँच कार्षापण है।
प्रास्थिको राशिः ५-१-५७—प्रस्थ भर का ढेर।
पञ्चकाः शकुनयः ५-१ ५८—पाँच पक्षी।
पञ्चकः ,, पाँच का समूह।
अष्टकं पाणिनीयम् ,, पाणिनि की ८ अध्यायों वाली पुस्तक।
पञ्चकमध्ययनम् ,, पाँच प्रकार से या पाँच बार पढ़ना।
पञ्चदशस्तोमः ,, सोमयाग में पढ़े जाने वाले स्तुति के पन्द्रह मन्त्र।
सप्तदशः ,, ,, सत्रह ,,
एकविंशः ,, ,, इक्कीस ,,

पंक्ति ५–१–५९, ६०—पाँच चरणों का एक छन्द, रेखा, परम्परा ।
विंशतिः ,, बीस ।
त्रिंशत् ,, तीस ।
चत्वारिंशत् ,, चालीस ।
पञ्चाशत् ,, पचास ।
षष्टिः ,, साठ ।
सप्ततिः ,, सत्तर ।
अशीतिः ,, असी ।
नवतिः ,, नव्वे ।
शतम् ,, सौ ।
पञ्चद्वर्गः ,, पाँच व्यक्तियों या वस्तुओं का समूह ।
दशत् ,, दस ,, ,,
पञ्चकः ,, पाँच ,, ,,
त्रैंशानि ५–१–६२—तीस अध्यायों वाला ब्राह्मणग्रन्थ ।
चात्वारिंशानि ,, चालीस ,, ,,
श्वैतच्छत्रिकः ५–१–६३—जो सफेद छाते का अधिकारी है ।
छैदिको वेतसः ५–१–६४—सदा काटने योग्य वेंत, क्यों कि काटने से वह बढ़ता है ।
वैरागिकः ,, सदा वैराग्य का अधिकारी ।
वैरङ्गिकः ,, ,, ,,

शीर्षच्छेद्यः, शैर्षच्छेदिकः ५–१–६५—सदा सिर काटने योग्य ।
दण्ड्यः ५–१–६६—दण्ड पाने का अधिकारी ।
अर्घ्यः ,, अर्घ पाने का अधिकारी ।
वध्यः ,, वध किये जाने के योग्य ।
पात्रियः, पात्र्यः ५–१–६८—पात्र पाने का अधिकारी ।
कडङ्करीयः, कडङ्कर्यः ५–१–६९—डंठल (भूसा) पाने का अधिकारी, पशु ।
दक्षिणीयः, दक्षिण्यः ,, दक्षिणा पाने का अधिकारी ।
स्थालीविलीयाः,
स्थालीविल्यास्तण्डुलाः ५–१–७०—पात्र (पतली) के योग्य, पकाने योग्य चावल ।
यज्ञियः५–१–७१—यज्ञका अधिकारी (यज्ञ में आदर पाने योग्य) ब्राह्मण ।
आर्त्विजीनो यजमानः ,, यज्ञ में पुरोहित पाने का अधिकारी, यजमान ।
यज्ञियो देशः ,, यज्ञ करने योग्य स्थान ।
आर्त्विजीन ऋत्विक् ,, यज्ञ में पुरोहित पद का अधिकारी, ऋत्विक् ।

इत्यार्हीयप्रकरणम् ।

अथ ठञधिकारे कालाधिकारः

पारायणिकश्छात्रः ५–१–७२—अध्यापक के निरीक्षण में वेदपाठ करने वाला छात्र।
तौरायणिको यजमानः ,, तुरायण नामक यज्ञ करने वाला यजमान ।
चान्द्रायणिकः ,, चान्द्रायण व्रत करने वाला ।
सांशयिकः ५–१–७३—संदेहास्पद ।
यौजनिकः ५–१–७४—चार कोस जाने वाला ।
क्रौशशतिकः ,, सौ कोस जाने वाला भिक्षु ।
यौजनशतिकः ,, चार सौ कोस जाने वाला ।

क्रौशशतिको भिक्षुः ,, सौ कोस से आने वाला भिक्षु ।
यौजनशतिक आचार्यः ,, चार सौ कोश से आने वाला आचार्य ।
पथिकः ५–१–७५—रास्ता चलने वाला ।
पथिकी ,, रास्ता चलने वाली ।
पान्थः ५–१–७६—सदा रास्ता चलने वाला ।
पान्था ,, सदा रास्ता चलने वाली ।
औत्तरपथिकम् ५–१–७७—उत्तर पथ से लाया गया ।
औत्तरपथिकः ,, उत्तर पथ से जाने वाला ।

वारिपथिकम् ४–१–७७—जल मार्ग (प्रवाह) से लाया गया।

आह्निकम् ४–१–७८,७९—एक दिन में समाप्त किया जाने वाला।

मासिकोऽध्यापकः ५–१–८०—महीने भर के लिए अवैतनिक नियुक्ति किया गया अध्यापक।

मासिकः, कर्मकरः ,, महीने भर के लिए मजदूरी पर नियुक्त किया गया मजदूर।

मासिको, व्याधिः ,, महीने भर से उत्पन्न रोग।

मासिकः, उत्सवः ,, महीने भर होने वाला उत्सव।

मास्यः, मासीनः ५–१–८१—महीने भर का।

द्विमास्यः ५–१–८२—दो महीने का।

षण्मास्यः, षाण्मास्यः, षाण्मासिकः ५–१–८३—छः महीने का।

षाण्मासिको व्याधिः, षाण्मास्यः ५–१–८४—छः महीने का रोग।

समीनः ५–१–८५—वर्ष भर के लिए सादर नियुक्त, मजदूरी पर नियुक्त, रहने वाला।

द्विसमीनः, द्वैसमिकः ५–१–८६—दो वर्ष के लिए ,,

द्विरात्रीणः, द्वैरात्रिकः ५–१–८७—दो रात के लिए ,,

द्व्यहीनः, द्वैयह्निकः ,, दो दिन के लिए ,,

द्विसंवत्सरीणः ,, दो वर्ष के लिए ,,

द्विसांवत्सरिकः ७–१–१५—दो वर्ष के लिए ,,

द्विषाष्ठिकः ,, एक सौ बीस वर्ष या मास के लिए ,,

द्विवर्षीणः, द्विवार्षिकः, द्विवर्षः ५–१–८८—दो वर्ष से रहने वाला रोग

द्विवार्षिको मनुष्यः ७–३–१६—दो वर्ष के लिए ,,

द्वैवर्षिकः ,, ,, ,,

द्विवार्षिको मनुष्यः ,, ,, ,,

द्विकौडविकः ८–३–१७—दो कुडव (पाँच छटाँक) चाहने वाला।

द्विसौवर्णिकम् ८–३–१७—दो सुवर्ण (१६० गुंजा) से खरीदा गया।

द्विनैष्किकम् ,, दो निष्क से खरीदा गया।

पाञ्चकपालिकम् ,, पाँच सकोरों में रखा गया।

पाञ्चकपालिकम् ,, ,,

द्वैशाणम् ,, दो शाण से खरीदा गया।

द्वैकुलिजिकः ,, दो कुलिज चाहने वाला।

द्विवर्षो दारकः ५–१–८९—दो वर्ष का बालक।

षष्ठिको धान्यविशेषः ५–१–९०—साठ रात में पकने वाला, साठी धान।

मासिको व्याधिः ५–१–९३—महीने भर में अच्छा होने वाला रोग।

मासिकम् ,, महीने भर में प्राप्त करने, करने या आसानी से करने योग्य।

मासिको ब्रह्मचारी ५–१–९४—महीने भर ब्रह्मचर्य रखने वाला ब्रह्मचारी।

अर्धमासिकः ,, आधा मास ,,

मासिकं ब्रह्मचर्यम् ,, महीने भर रहने वाला ब्रह्मचर्य।

माहानाम्निकः ,, महानाम्नी पर्यन्त सामवेद की ऋचाओं के पढ़ने का व्रती।

चातुर्मास्यानि यज्ञकर्माणि ,, चार महीने होने वाले यज्ञ के कर्म।

चातुर्मासी आषाढी ,, चार महीने के बाद होने वाली आषाढ की पूर्णिमा।

द्वादशाहिकी ५–१–९५—बारह दिन में किये जाने वाले द्वादशाह यज्ञ की दक्षिणा।

आग्निष्टोमिकी ५–१–९५—अग्निष्टोम यज्ञ की दक्षिणा।

वाजपेयिकी ,, वाजपेय यज्ञ की दक्षिणा।

प्रावृषेण्यम् ४–१–९६—वर्षाऋतु में दिया या किया जाने वाला।

शारदम् ,, शरद् ऋतु में ,,

इति कालाधिकारः।

अथठञधिकारप्रकरणम्

वैयुष्टम् ५-१-९७—व्युष्ट (श्रावण का पहिला दिन या प्रातःकाल में) दिया या किया जाने वाला।

याथाकथाचम् ५-१-९८—अनादर से दिया या किया जाने वाला।

हस्त्यम् ,, हाथ से ,, ,,

कार्णवेष्टकिकं मुखम् ५-१-९९—कर्णभूषण के योग्य मुख।

कर्मण्यम् शौर्यम् ५-.-१००—कर्म से की जाने वाली शूरता।

वेष्यो नटः ,, वेष बनाने से अच्छा लगने वाला, नट।

सान्तापिकः ५-१-१०१—संताप देने में समर्थ।

सांग्रामिकः ,, युद्ध करने समर्थ।

योग्यः ५-१-१०२—योग के लिये समर्थ।

यौगिकः ,, ,,

कार्मुकम् ५-१-१०३—काम करने के लिए समर्थ, धनुष।

सामयिकम् ५-१-१०४—जिसका समय आगया हो।

आर्तवम् ५-१-१०५—जिसका मौसम आ गया हो।

काल्यं शीतम् ५-१-१०७—जिसका समय आ गया हो।

कालिकं वैरम् ५-१-१०८—चिरकालीन शत्रुता।

ऐन्द्रमहिकम् ५-१-१०९—जिसका प्रयोजन इन्द्रोत्सव हो।

वैशाखो मन्थः ५-१-११०—मथनी, छोड़ी।

आषाढो दण्डः ,, पलाश दण्ड।

चौडम् ,, मुंडन।

श्राद्धम् ,, श्रद्धा के कारण किया जाने वाला पितृकार्य।

अनुप्रवचनीयम् ५-१-१११—वेदाध्ययन समाप्ति के पश्चात् किया जाने वाला होम।

व्याकरणसमापनीयम् ५-१-११२—जिसका प्रयोजन व्याकरण के अध्ययन की समाप्ति हो।

ऐकागारिकश्चौरः ५-१-११३—जिसका लक्ष्य सूना मकान पाना हो, चोर।

आकालिकः ५-१-११४—क्षण भर रहने वाला, मेघ।

आकालिका विद्युत् ,, क्षण भर रहने वाली बिजली, एक ही समय उत्पन्न तथा नष्ट होने वाली।

इति ठञधिकारप्रकरणम्।

अथ भावकर्मार्थाः

ब्राह्मणवदधीते ५-१-११५—ब्राह्मण की तरह पढ़ता है।

पुत्रेण तुल्यः स्थूलः ,, पुत्र के समान मोटा है।

मथुरावत्स्रुघ्ने प्राकारः ५-१-११६—मथुरा के समान स्रुघ्न में चहारदीवारी है।

चैत्रवन्मैत्रस्य गावः ,, चैत्र की तरह मैत्र की गायें है।

विधिवत्पूज्यते ५-१-११७—विधिवत् (देवता की तरह) पूजा जाता है।

राजानमर्हति छत्रम् ,, छाता राजा के योग्य हैं।

गोत्वम्, गोता ५-१-११९—गाय का स्वभाव।

स्त्रैणम्, स्त्रीत्वम् स्त्रीता ५-१-१२०—स्त्रियों का स्वभाव।

पौंस्नम्, पुंस्त्वम्, पुंस्ता ,, पुरुषों का स्वभाव।

अपतित्वम् ५-१-१२१—जो स्वामी न हो उसका स्वभाव।

अपटुत्वम् ,, जो पटु न हो उसका स्वभाव।

बार्हस्पत्यम् ,, बृहस्पति का स्वभाव।

आपटवम् ,, जिसके पास पटु न हो उसका स्वभाव।

आचतुर्यम् ५–१–१२१—जो चतुर न हो उसका स्वभाव।
आसङ्गत्यम् „ जो सङ्गत न हो उसका स्वभाव।
आलवण्यम् „ जो नमकीन न हो उसका स्वभाव।
आवटयम् „ जो वट न हो उसका स्वभाव।
आयुध्यम् „ न लड़ने वाले का स्वभाव।
आकत्यम् „ जो कत (एक वृक्ष) न हो उसका स्वभाव।
आरस्यम् „ आलसी का स्वभाव।
आलस्यम् „ „
प्रथिमा, पार्थवम् ५–१–१२२, ६–४–१६१—भारीपन, मोटापन।
म्रदिमा, मार्दवम् „ कोमलता।
शौक्ल्यम्, शुक्लिमा ५–१–१२३—सफेदी।
दार्ढ्यम्, द्रढिमा „ मजबूती।
औचिती „ उपयुक्तता।
याथाकामी „ इच्छानुसार कार्य करना।
जाड्यम् ५–१–२४—जड़ता।
मौढ्यम् „ मूर्खता।
ब्राह्मण्यम् „ ब्राह्मण का स्वभाव या कर्म।
आर्हन्त्यम् „ पूजनीय का स्वभाव या कर्म।
आर्हन्ती „ „ „
आयथातथ्यम् ७–३–३१—ठीक ठीक न होना या रहना।
अयाथातथ्यम् „ „ „
आयथापुर्यम् „ पहिले की तरह न होना या रहना।
अयाथापुर्यम् „ „ „
चातुर्वर्ण्यम् „ चारों वर्ण।
चातुराश्रम्यम् „ चारों आश्रम।
त्रैस्वर्यम् „ तीनों स्वर (उदात्त, अनुदात्त, स्वरित) ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत।
षाड्गुण्यम् „ छहों गुण।
सैन्यम् „ सेना।

सान्निध्यम् ७–३–३१—समीप।
सामीप्यम् „ समीप।
औपम्यम् „ उपमा।
त्रैलोक्यम् „ तीनों लोक।
सर्ववेदः „ सभी वेदों का पढ़ने वाला।
सार्ववेद्यः „ „ „
चतुर्वेदः, चातुर्वैद्यः „ चारों वेदों का पढ़ने वाला।
स्तैन्यम्, स्तेयम् ५–१–१२५—चोरी, चोर का कर्म या स्वभाव।
सख्यम् ५–१–१२६—मित्र का स्वभाव या कर्म, मित्रता।
दूत्यम् „ दूत का स्वभाव या कर्म।
वाणिज्यम् „ बनिया का स्वभाव या कर्म व्यापारा, व्यपार।
कापेयम् ५–१–१२७—कपि (वानरों) का स्वभाव या कर्म।
ज्ञातेयम् „ जाति वालों का स्वभाव या कर्म।
सैनापत्यम् ५–१–१२८—सेनापति का स्वभाव या कर्म।
पौरोहित्यम् „ पुरोहित „
राज्यम् „ राजा „
आधिराज्यम् „ राज्य, गवर्नमेण्ट।
आश्वम् ५–१–१२९—घोड़े का स्वभाव या कर्म।
औष्ट्रम् „ ऊँट „
कौमारम् „ कुमार „
कैशोरम् „ किशोर „
औद्गात्रम् „ सामवेद के गाने वाले का स्वभाव या कर्म।
औन्नेत्रम् „ सोमरस उड़ेलने वाले „
सौष्ठवम् „ सुन्दरता, सज्जनता।
दौष्ठवम् „ अभद्रता, दुर्जनता।
द्वैहायनम् ५–१–१३०—दो वर्ष वाले का स्वभाव या कर्म।
त्रैहायनम् „ तीन वर्ष वाले „
यौवनम् „ युवा पुरुष का स्वभाव या कर्म, युवावस्था।
स्थाविरम् „ वृद्ध „, बुढ़ापा।
श्रौत्रम् „ श्रोत्रिय का स्वभाव या कर्म।
कौशल्यम्, कौशलम् „ निपुणता।

शौचम् ५–१–१३१—पवित्रता।
मौनम् ,, मुनि का स्वभाव या कर्म।
काव्यम् ,, कवि का ,, , कविता।
रामणीयकम् ५–१–.३२—सुन्दर व्यक्ति का स्वभाव या या कर्म।
आभिधानीयकम् ,, संज्ञा, कोश या नाम का स्वभाव कर्म।
साहाय्यम्, साहायकम् ,, सहायता।
शैष्योपाध्यायिका ५–१–१३३—शिष्य तथा आचार्य का स्वभाव या कर्म।
मानोज्ञकम् ,, सुन्दर व्यक्ति का स्वभाव या कर्म।
गार्गिकया श्लाघते, अत्याकुरुते ५–१– ३४—गर्ग गोत्र का होने के कारण अपना बड़प्पन दिखाता है या दूसरों को तुच्छ समझता है।
गार्गिकामवेतः ५–१–१३४—गर्ग गोत्र के स्वभाव या कर्म को प्राप्त अथवा उसको समझने वाला।
अच्छावाकीयम् ५–१ १३५—अच्छावाक (ऋत्विग्विशेष) का स्वभाव या कर्म।
मैत्रावरुणीयम् ,, मित्रावरुण का स्वभाव या कर्म।
ब्रह्मत्वम् ५–:–१३६—ब्रह्मा (ऋत्विग्विशेष) का स्वभाव या कर्म।
ब्रह्मत्वम्, ब्रह्मता ,, — ब्राह्मण का स्वभाव या कर्म।

इति भावकर्माधिकारः।

अथपाञ्चमिकाः

मौद्गीनम् ५–२–१—मूँग उत्पन्न होने वाला खेत।
व्रैहेयम् ५–२–२—वकी धान ,,
शालेयम् ,, रोपधान ,,
यव्यम् ५–२–३—जौ ,,
यवक्यम् ,, यवक (एक प्रकार का धान) का खेत।
षष्टिक्यम् ,, साठी धान उत्पन्न करने वाला खेत।
तिल्यम् तैलीनम्५–२–४—तिल ,,
माष्यम्, माषीणम् ,, उड़द ,,
उम्यम्, औमीनम् ,, अलसी ,,
भङ्ग्यम्, भाङ्गीनम् ,, पटुआ ,,
अणव्यम्, आणवीनम् ,, चीना ,,
सर्वचर्मीणः सार्वचर्मीणः ५–२–५—बिलकुल चमड़े से बना हुआ।
यथामुखीनः ५–२–६—जिसमें मुख का प्रतिबिम्ब दिखाई पड़े, दर्पण।
संमुखीनः ,, जिसमें समस्त मुख दिखाई पड़े।
सर्वपथीनः ५–२–७—जो समस्त मार्ग में व्याप्त हो या फैल जाय, रथ।
सर्वाङ्गीणः ,, जो समस्त अङ्ग में व्याप्त हो या फैल गया हो, रोग आदि।
सर्वकर्मीणः ,, जो समस्त कर्मों को करे।
सर्वपात्रीणः ,, जो समस्त पात्रों में व्याप्त हो।
सर्वपत्रीणः ,, जो समस्त सवारियों में व्याप्त हो, सारथी।
आप्रपदीनः पटः ५–२–८—पैर के अग्रभागतक पहुँचने वाला वस्त्र।
अनुपदीना उपानत् ५–२–९—समूचे पैर में अँटने वाला जूता।
सर्वान्नीनो भिक्षुः ,, सब प्रकार के अन्न खाने वाला भिक्षु।

आयानयीनःशारः ५-२-९—दाहिनी ओर से बाँई ओर गोटी की चाल को अय तथा बाँई ओर से दाहिनी ओर की चाल को अनय कहते हैं। अयानय उस खाने या घर को कहते हैं, जिसमें दोनों ओर से आई हुई गोटियाँ किसी से मारी न जा सकें। उस घर में ले जायी जाने वाली गोटी को अयानयीन कहते हैं।

परोवरीणः ५-२-१०—ऊँच नीच का अनुभव करने वाला।
परम्परीणः ,, ,, ,,
पुत्रपौत्रीणः ,, पुत्र तथा पौत्र का अनुभव करने वाला।
पारम्पर्यम् ,, परम्परा का अनुभव करने वाला।
अवारपारीणः ५-२-११—आर पार जाने वाला।
अवारीणः ,, इस पार ,,
पारीणः ,, उस पार ,,
पारावारीणः ,, आर पार ,,
अत्यन्तीनः ,, वहुत चलने वाला।
अनुकामीनः ,, इच्छानुसार ,,
समांसमीना गौः ५-२-१२—प्रति वर्ष वच्चा देने वाली गाय।
समां समां विजायते ,, प्रतिवर्ष बच्चा देने वाली।
समायां समायां वा ,, ,, ,,
अद्यश्वीना वडवा ५-२-१३—आजकल में वच्चा देने वाली घोड़ी।
अद्यश्वीनम्मरणम् ५-२-१३—आजकल में होने वाली मृत्यु, निकटवर्ती मृत्यु।
आगवीनः ५-२-१४—गायों के चरागाह से लौटने तक काम करने वाला मजदूर, दिन भर का मजदूर।
अनुगवीनः गोपालः ५-२-१५—गायों के पीछे चलने वाला, ग्वाला, चरवाहा।

अध्वन्यः अध्वनीनः ५-३-१६—यात्रा करने वाला।
अभ्यमित्रीयः, अभ्यमित्र्यः,
अभ्यमित्रीणः ५-२-१७—वीरता से शत्रु का सामना करने वाला योद्धा।
गौष्ठीनो देशः ५-२-१८—जो स्थान पहिले गोशाला रहा हो।
आश्वीनः अध्वा ५-२-१९—एक दिन में घोड़े के जाने योग्य मार्ग।
शालीनः अधृष्टः ५-२-२०—जो घर में घुस जाय, लज्जाशील।
कौपीनम् पापम् ,, कुएँ में गिरने योग्य, पाप।
व्रातीनः ५-२-२१—जो शारीरिक श्रम से जीवित रहे, बुद्धि की शक्ति से नहीं।
साप्तपदीनम् ५-२-२२—जो एक साथ सात पग चलने से या सात शब्द बोलने से सम्पन्न हो, मित्रता।
हैयङ्गवीनम् नवनीतम् ५-२-२३—जो बीते हुए कल के दूध से बना हो, नयनू।
पीलुकुणः ५-२-२४—पीलू नामक फलों का पकना।
कर्णजाहम् ,, कान की जड़।
पक्षतिः ५-२-२५—पंख की जड़।
विद्याचुञ्चुः ५-२-२६—विद्या से प्रसिद्ध, विख्यात।
विद्याचणः ,, ,, ,,
विना ५-२-२७—वगैर।
नाना ,, अनेक।
विस्तृतम् ५-२-२८—फैला हुआ।
विशालम् ,, बृहत्, वड़ा।
विशङ्कटम् ,, ,,
सङ्कटम् ५-२-२९—दुःख।
प्रकटम् ,, विदित, प्रत्यक्ष।
उत्कटम् ,, वढ़ा हुआ।
विकटम् ,, भयंकर।
अलाबूकटम् ,, लौके की धूल।
गोगोष्ठम् ,, गोशाला।
अविकटः ,, भेड़ों का झुंड।

अविपटः ५-२-२९—भेड़ों का विस्तार।
उष्ट्रोयुगम् ,, दो ऊँट।
वृषगोयुगम् ,, बैलों की जोड़ी।
अश्वषड्गवम् ,, छः घोड़े।
तिलतैलम् ,, तिल का तेल।
सर्षपतैलम् ,, सरसों का तेल।
इक्षुशाकटम् ,, ईख उत्पन्न होने वाला खेत।
इक्षुशाकिनम् ,, ,, ,,
अवकुटारः ५-२-३०—नीचे की ओर झुका हुआ, बहुत गहरा।
अवकटः ,, ,, ,,
अवटीटम् ५-२-३१—नाक का झुकना।
अवनाटम् ,, ,,
अवभ्रटम् ,, ,,
अवटीटा ,, झुकी नाक।
अवटीटः ,, झुकी नाक वाला।
निबिडम् ५-२-३२—नाक का झुकना।
निबिरीसम् ,, ,,
चिकिनम् ५-२-३३— ,,
चिपिटम् ,, ,,
चिक्कम् ,, ,,
चिल्लः ,, जिसकी आँख सदा गीली रहती हो।
पिल्लः ,, ,,
चुल्लः ,, ,,
उपत्यका ५-२-३४—पर्वत के पास की भूमि।
अधित्यका ,, पर्वत के ऊपर की भूमि।
कर्मठः पुरुषः ५-२-३५—काम करने में चतुर, निपुण
तारकितं नभः ५-२-३६—तारोंवाला (आकाश)
ऊरुद्वयसम् ,, जाँघभर (जल)
ऊरुदघ्नम् ,, ,,

शमः ५-२-३६—१४ अंगुल या एक हाथ।
दिष्टिः ,, १॥ फुट।
वितस्तिः ,, १२ अंगुल, एक बालिश्त।
द्विशमम् ,, दो हाथ या २८ अंगुल।
शममात्रम् ,, एक हाथ या १४ अंगुल भर।
प्रस्थमात्रम् ,, प्रस्थ भर।
पञ्चमात्रम् ,, पाँच भर।
तावद्द्वयसम् ,, उतना ही।
तावन्मात्रम् ,, उतनाही।
पौरुषम्, पुरुषद्वयसम् ८-२-३८—पोरसा (पोरसा नाप तीन प्रकार का होता है =८४ अंगुल
९६ ,,
१०८ ,,

१६ अंगुल = १ फुट
हस्तिनम्, हस्तिद्वयसम् ,, १३॥ फुट लम्बा।
यावान् ५-२-३९—जितना।
तावान् ,, तितना।
एतावान् ,, इतना।
कियान् ५-२-४०—कितना।
इयान् ,, इतना।
कति, कियन्तः ५ २-४१—कितने।
का संख्या एषां दशानाम् ,, इन दसों की क्या संख्या है? (आक्षेप में)
पञ्चतयं दारु ५-२-४२—पाँच भाग वाली लकड़ी।
द्वयम्, द्वितयम् ५-२-४३—जोड़ा, दो।
त्रयम्, त्रितयम् ,, तीन।
उभयम् ५-२-४४—दोनों।

इति पाञ्चमिकाः।

अथ मत्वर्थीयप्रकरणम्

एकादशम् ५-२-४५—ग्यारह अधिक सौ अथवा हजार। एक सौ या एक हजार ग्यारह।

एकादश अधिकाः

अस्यां विंशतौ ,, इस बीस में ग्यारह अधिक है।

एकादश माषा अधिका अस्मिन्सुवर्णशते ,, इस सौसुवर्ण में ग्यारह माशे अधिक है।

त्रिंशंशतम् ५-२-४६—तीस अधिक सौ, एक सौ तीस।

विंशम् ,, बीस अधिक सौ, एक सौ बीस।

द्विमयमुदश्विद्यवानाम् ५-२-४७—एक भाग मठे का मूल्य उसका दो भाग जौ।

द्वौव्रीहियवौ निमानमस्योदश्वितः ,, मठे का दूना जौ और धान उसका मूल्य।

द्वौ गुणौ चीरस्य एकस्तैलस्य,

द्विगुणं क्षीरं पच्यते तैलेन ,, तेल द्वारा उसका दुगुना दूध जलाया या पकाया जाता है।

एकादशः ५-२-४८—ग्यारहवाँ।

पञ्चमः ५-२-४९—पाँचवाँ।

विंशः ,, बीसवाँ।

एकादशः ,, ग्यारहवाँ।

षष्ठः ५-२-५०—छठा।

कतिथः ,, कौन सा।

कतिपयथः ,, बहुतों में से कौथा।

चतुर्थः ,, चौथा।

तुरीयः, तुर्यः ,, चौथा।

बहुतिथः ५-२-५२—बहुत बार।

यावतिथः ५-२-५३—जितनी बार।

द्वितीयः ५-२-५४—दूसरा।

तृतीयः -२-५५—तीसरा।

विंशतितमः विंशः ५-२-५६—बीसवाँ।

एकविंशतितमः ,एकविंशः ,,—इक्कीसवाँ।

शततमः ५-२-५७—सौवाँ।

एकशततमः ,, एक सौ एकवाँ।

मासतमः ,, महीने का अन्तिम दिन।

अर्धमासतमः ,, आधे महीने का अन्तिमदिन।

संवत्सरतमः ,, वर्ष का अन्तिम दिन।

षष्टितमः ५-२-५८—साठवाँ।

एकषष्टः, एकपष्टितमः ,, एकसठवाँ।

अच्छावाकीयसूक्तम् ५-२-५९—अच्छावाक् शब्द वाली ऋचा।

वारवन्तीयं साम ,, 'वखन्तु' शब्द वाला साम।

गर्दभाण्डःगर्दभाण्डीयः ५-२-६०—गर्दभाण्डशब्द वाला अध्याय या अनुवाक।

वैमुक्तः ५-२-६१—विमुक्त शब्द वाला अध्याय या अनुवाक।

दैवासुरः ,, दैवासुर शब्द वाला अध्याय या ,,

गोषदकः ५-२-६२—गोषदशब्द ,, ,,

इषेत्वकः ,, इषेत्वाशब्द ,, ,,

पथकः ५-२-६३—यात्रा में कुशल।

आकर्षकः ५-२-६४—खींचने में उत्तम, तलवार की मूठ।

आकषः ,, कसने (परखने) में कुशल।

धनको देवदत्तस्य ५-२-६५—देवदत्त की धन इच्छा।

हिरण्यकः ,, सुवर्ण की इच्छा।

केशकः ५-२-६६—बालों को सँवारने में लीन।

औदरिकः ५-२-६७—भूख के कारण पेट सहलाने वाला।

उदरकः ,, पेट अधिक भर जाने से उसको सहलाने वाला।

सस्यकः साधुः ५-२-६८—गुणों से परिपूर्ण, सज्जन।

अंशको दायादः ५-२-६७—भाग लेने का अधिकारी, दायाद।

तन्त्रकःपटः ५-२-७०—करघे से तत्त्वण उतरा हुआ (नवीन) वस्त्र।

ब्राह्मणकः ५-२-७१—जिस देश में आयुधजीवी ब्राह्मण हों।
उष्णिका यवागूः ,, कम अन्नवाली लप्सी।
शीतको अलसः ५-२-७२—सुस्ती से काम करने वाला, आलसी।
उष्णकः शीघ्रकारी ,, शीघ्रता से काम करने वाला, फुर्तीवाज।
अनुकः ५-२-७३,७४—इच्छुक।
अभिकः अभीकः ,, प्रेमी, कामुक।
पार्श्वकः ५-२-७५—मायावी, जादूगर।
आयःशूलिकः ५-२-७६—साहस करने वाला।
दाण्डाजिनिकः ,, दूसरों को धोखा देने के लिए दण्ड तथा मृग चर्म धारण करने वाला।
द्वितीयकं द्विकं वा ग्रहणं देवदत्तस्य ५-२-७७—देवदत्त की दूसरी वार सफलतापूर्वक ज्ञान की प्राप्ति।
षट्को देवदत्तः ,, देवदत्त का छठी वार ज्ञान अथवा पुस्तक के ज्ञान की प्राप्ति।
पञ्चकः ,, पाँचवी ,,
देवदत्तकः ५-२-७८—जिनका नेता देवदत्त हो।
त्वत्कः ,, जिनके नेता तुम हो।
मत्कः ,, जिनका नेता मैं हूँ।
शृङ्खलकः करभः ५-२-७९—सिकड़ी से बाँधा जानेवाला हाथी का वच्चा।
उत्कः उत्कण्ठितः ५-२-८०—उत्सुक।
द्वितीयको ज्वरः ५-२-८१—दूसरे दिन आने वाला ज्वर।
विषपुष्पकः ,, विष पुष्प से होने वाला ज्वर।
उष्णकः ,, गर्मी पैदा करने वाला ज्वर।
द्वितीयो दिवसोऽस्य ,, इसका दूसरा दिन।
गुडापूपिका पौर्णमासी ५-२-८२—गुड़ के पूएवाली पूर्णिमा अर्थात् जिसपूर्णिमा का मुख्य भोजन गुड़ के पूए हों।
वटकिनी ,, जिस दिन का मुख्य भोजन, बड़ा हो।

कौल्माषी ५-२-८३—जिस दिन का मुख्य भोजन घुंघरी हो।
श्रोत्रियः ५-२-८४—वेद पढ़ने वाला।
छान्दसः ,, ,,
श्राद्धी, श्राद्धिकः ५-२-८५ - श्राद्धान्न खाने वाला।
पूर्वी ५-२-८६--जिसने पहिले कुछ किया हो।
कृतपूर्वी कटम् ५-२-८७—जिसने पहले चटाई बनायी थी।
इष्टी ५-२-८८—जिसने यज्ञ किया।
अधीती ,, जिसने अध्ययन किया।
परिपन्थी ५-२-८९—विरोधी, शत्रु।
परिपरी ,, विरोधी शत्रु।
अनुपदी ५-२-९०—पीछे चलने वाला या ढूँढने वाला।
साक्षी ५-२-९१—प्रत्यक्ष देखने वाला।
क्षेत्रियो व्याधिः ५-२-९२—दूसरे शरीर में चिकित्सा के (शरीरान्तरे चिकित्स्यः) योग्य, जन्मान्तर में अच्छा होने वाला, रोग।
इन्द्रियम् ५-२-९३—इन्द्र (आत्मा) के बाह्यचिह्न इन्द्र से दृष्ट (अनुभूत)। इन्द्र से रचित (बनायी गयी), इन्द्र से जुष्ट (सेवित) इन्द्रने इन्द्रियों को अपने विषयों का भोग प्रदान किया।
गोमान् ५-२-९४—जिसके पास गाय या वैल हो।
रसवान् ५-२ ९५ —रसवाला, स्वादिष्ट।
रूपवान् ,, रूपवाला, सुन्दर।
स्ववान् ,, धनवाला, धनी।
विदुष्मान् १-४-१९—विद्वान् वाला।
शुक्लः पटः ,, सफेद कपड़ा।
कृष्णः ,, काला।
किंवान् ८-२-९—कुछ रखने वाला, क्या रखने वाला।
ज्ञानवान् ,, ज्ञान वाला।
विद्यावान् ,, विद्यावाला।
लक्ष्मीवान् ,, धनवाला।
यशस्वान् ,, कीर्तिवाला।
भास्वान् ,, तेज वाला।
यवमान् ,, जौ वाला।

भूमिमान् ८-२-९—भूमिवाला।
विद्युत्वान् ८-२-१०—बिजली वाला।
अहीवती ८-२-११—साँपोंवाली (नदी विशेष)।
मुनीवती ,, मुनियों वाली ,,
आसन्दीवान् ग्रामः ८-२-१२—अहिस्थल नामक ग्राम।
आसनवान् ,, आसन वाला।
अष्ठीवान् ,, हड्डियों वाला (ऋषि विशेष का नाम)।
अस्थिमान् ,, हड्डियों वाला कोई व्यक्ति।
चक्रीवान् नाम राजा ,, चक्र वाला (नृप विशेष का नाम)।
चक्रवान् ,, चक्र वाला कोई व्यक्ति।
कक्षीवान् नाम ऋषिः ,, कमरों वाला (ऋषिविशेष का नाम)।
कक्ष्यावान् ,, कमरों वाला मकान।
रुमण्वान् नाम पर्वतः ,, नमक वाला (रुमालूणी) नदी के समीप का कोई पर्वत)।
लवणवान् ,, नमक वाला कोई व्यक्ति।
चर्मण्वती नाम नदी ,, चम्बल नदी।
चर्मवती ,, चमड़े वाली।
उदन्वान् समुद्रः ऋषिश्च ८-२-१३—जलवाला समुद्र तथा एक ऋषि का नाम।
राजन्वती भूः ८-२-१४—उत्तम राजा वाली पृथ्वी।
राजवान् ,, राजा वाला देश।
चूडालः चूडावान् ५-२-९६—शिखा (चोटी) वाला।
शिखावान् दीपः ,, शिखा (लौ) वाला दीपक।
हस्तवान् ,, हाथ वाला।
मेधावान् ,, बुद्धिवाला।
सिध्मलः, सिध्मवान् ५-२-९७—कुष्ट रोग वाला।
वातूलः ,, वात रोग वाला।
वत्सलः ५-२-९८—प्रेम करने वाला, प्रिय।
अंसलः ,, हृष्ट पुष्ट।
फेनिलः, फेनलः, फेनवान् ५-२-९९—फेन वाला।

लोमशः लोमवान् ५-२-१००—रोयें वाला।
रोमशः रोमवान् ,, ,,
पामनः ,, खुजली रोग वाला।
अङ्गना ,, सुन्दर अङ्गवाली, स्त्री।
लक्ष्मणः ,, लक्ष्मी (सौन्दर्य) वाला।
विषुणः ,, अनेक प्रकार से चलने वाला, पीछे मुख कर चलने वाला।
पिच्छिलः पिच्छवान् ,, चिकना, फिसलने वाला।
उरसिलः उरस्वान् ,, चौड़े वक्षःस्थल वाला।
प्राज्ञो व्याकरणे ५-२-१०१—बुद्धिमान्, व्याकरण शास्त्र में।
प्राज्ञा ,, बुद्धिमती।
श्राद्धः ,, श्रद्धा वाला।
आर्चः ,, पूजा वाला।
वार्त्तः ,, जीविका या व्यापार वाला।
तपस्वी ५-२-१०२—तप वाला।
सहस्री ,, हजार कार्षापण वाला।
तापसः ५-२-१०३—तप वाला।
साहस्रः ,, हजार कार्षापण वाला।
ज्यौत्स्नः ,, चाँदनी (चन्द्रमा का प्रकाश) वाला पक्ष।
तामिस्रः ,, अन्धकार वाला पक्ष।
सैकतः घटः ५-२-१०४—बालू वाला घड़ा।
शार्करः ,, कंकड़ियों वाला।
सिकताः, सिकतिलः, सैकतः,
सिकतावान् ५-२-१०५—बालू वाला।
दन्तुरः ५-२-१०६—निकले दाँत वाला।
ऊषरः ५-२-१०७—खारी मिट्टी वाला।
सुषिरः ,, सूराख वाला।
मुष्करः ,, अंडकोष वाला।
मधुरः ,, मिठास वाला।
खरः ,, चौड़े गले वाला, गधा।
मुखरः ,, अधिक बोलने वाला।
कुञ्जरः ,, निकले हुए दाँत वाला हाथी।
नगरम् ,, पेड़ोंवाला, नगर।

पांसुरः ५-२-१०६—मिट्टी या धूल वाला ।
पाण्डुरः ,, सफेद वर्ण वाला ।
कच्छुरः ५-२-१०७—खौरहा, खाजरोग वाला ।
द्युमः ५-२-१०८—प्रकाश ।
द्रुमः ,, वृक्ष, शाखावाला ।
केशवः, केशी, केशवान् ५-२-१०९—वाल वाला ।
मणिवः नाग विशेषः ,, मणिवाला, सर्प विशेष ।
हिरण्यवो निधि विशेषः ,, सुवर्णवाला रत्न विशेष ।
अर्णवः ,, लहरोंवाला, समुद्र ।
गाण्डीवम् ५-२-११०—गाँठवाला, अर्जुन का धनुष ।
अजगवं पिनाकः ,, शंकर का धनुष ।
काण्डीरः ५-२-१११—वाण वाला ।
आण्डीरः ,, अंडोंवाला ।
रजस्वला ५-२-११२—रजोधर्मवाली ।
कृषीवलः ,, खेतीवाला, किसान ।
आसुतीवलः शौण्डिकः ,, शराव वनाने या वेचने वाला ।
परिषद्वलः ,, सभावाला ।
पर्षद्वलम् ,, ,, ,,
भ्रातृवलः ,, भाईवाला ।
पुत्रवलः ,, पुत्रवाला ।
शत्रुवलः ,, शत्रुवाला ।
दन्तावलो हस्ती ५-२-११३—दाँतवाला हाथी ।
शिखावलः केकी ,, चोटीवाला मोर ।
ज्योत्स्ना ५-२-११४—प्रकाशवाली, चाँदनी ।
तमिस्रा ,, अंधकार वाली, रात ।
तमिस्रम् ,, अंधकार वाला ।
श्रृङ्गिणः ,, सींगवाला ।
ऊर्जस्वी ,, शक्तिशाली ।
ऊर्जस्वलः ,, ,,
ऊर्जस्वती ,, शक्तिशालिनी ।
गोमी ,, बैल या गायवाला ।
मलिनः ,, मैलवाला ।
मलीमसः ,, मैलवाला ।
दण्डी दण्डिकः ५-२-११५—दण्डवाला ।

व्रीही, व्रीहिकः ५-२-११६—धानवाला ।
तुन्दिलः तुन्दी तुन्दिकः तुन्दवान् ५-२-११७—तोंदवाला ।
कर्णिलः कर्णी कर्णिकः कर्णवान् ,, बड़े कान वाला ।
ऐकशतिकः ५-२-११८—एक सौ कार्षापण वाला ।
ऐकसहस्रिकः ,, एक हजार कार्षापण वाला ।
गौशतिकः ,, सौ गाय वाला ।
गौसहस्रिकः ,, हजार गाय वाला ।
नैष्कशतिकः ५-२-११९—एक सौ निष्क वाला ।
नैष्क सहस्रिकः ,, एक हजार निष्क वाला ।
रूप्यः कार्षापणः ५-२-१२०—जिस कार्षापण पर किसी राजा का आकार हो ।
रूप्यो गौः ,, सुन्दर रूपवाला बैल ।
रूपवान् ,, रूप वाला ।
हिम्याः पर्वताः ,, वर्फ वाले पहाड़ ।
गुण्याः ब्राह्मणाः ,, गुण वाले ब्राह्मण ।
यशस्वी यशस्वान् ५-२-१२१—कीर्ति वाला ।
मायावी मायी मायिकः ,, माया वाला, जादूगर ।
स्रग्वी ,, माला वाला ।
आमयावी ,, रोग वाला ।
श्रृङ्गारकः ,, सींग वाला ।
वृन्दारकः ,, झुंडवाला, देवता ।
फलिनः ,, फलवाला ।
बर्हिणः ,, पूँछवाला, मोर ।
हृदयालुः, हृदयी ,, प्रशस्त हृदय वाला ।
हृदयिकः हृदयवान् ,,
शीतालु ,, शीत न सहने वाला ।
उष्णालुः ,, गर्मी न सहने वाला ।
तृप्रालुः ,, पुरोडाश या कष्ट, पीड़ा न सहने वाला ।
हिमेलुः ,, हिम न सहने वाला ।
वलूलः ,, बल न सहने वाला ।
वातूलः ,, वात न सहने वाला या वात समूह, बवंडर ।
पर्वतः, मरुतः ,, पहाड़, हवा ।
ऊर्णायुः ५-२-१२३— ऊन वाला ।

वाग्मी ५-२-१२४—उपयुक्त और अधिक बोलने वाला।
वाचालः ५-२-१२५—व्यर्थ बहुत बोलने वाला, बकवादी।
वाचाटः ,, ,,
वाग्मी ,, वावदूक, खूब बोलने वाला।
स्वामी ५-२-१२६—ऐश्वर्य वाला।
अर्शसः ५-२-१२७—बवासीर वाला।
कटकवलयिनी ५-२-११८—कंकण तथा बिगायठ वाली।
शङ्खनूपुरिणी ,, शंख और नूपुर वाली।
कुष्ठी ,, गलित कुष्ठ वाला।
किलासी ,, श्वेत कुष्ठ वाला।
ककुदावर्ती ,, कंधे पर चक्र (भौंरी) वाला।
काकतालुकी ,, कौए की तरह तालु वाला।
पुष्पफलवान् घटः ,, फूलफल वाला घड़ा।
पाणिपादवती ,, हाथ पैर वाली।
चित्रकललाटिकावती ,, तिलक तथा ललाट के आभूषण वाली।
वातकी ५-२-१२९—वातरोग वाला।
अतीसारकी ,, अतीसार रोग वाला।
वातवती गुहा ,, हवा वाली गुफा।
पिशाचकी ,, पिशाचों वाले (कुबेर)।
पञ्चमी उष्ट्रः ,, पाँच महीने या पाँच वर्ष का ऊँट।
पञ्चमवान् ग्रामः ,, पञ्चम स्वर वाला ग्राम राग।
सुखी ५-२-१३—सुखवाला।
दुःखी ,, दुःखवाला।
माली ,, माला धारण का अधिकारी न होते हुए माला वाला।
ब्राह्मणधर्मी ५-२-१३२—ब्राह्मणों के धर्म वाला।
ब्राह्मणशीली ,, ब्राह्मण स्वभाव या चरित्र वाला।

ब्राह्मणवर्णी ५-२-१३५—ब्राह्मण वर्ण वाला।
हस्ती ५-२-१३३—हाथ (सूंड) वाला हाथी।
हस्तवान् पुरुषः ,, हाथ वाला पुरुष।
वर्णी ५-२-१३४—ब्रह्मचारी।
पुष्करिणी ५-२-१३५—तालाब, बावली।
पद्मिनी ,, ,,
पुष्करवान् करी ,, सूंड वाला हाथी।
बाहुबली ,, बाहुबल वाला।
ऊरुबली ,, जाँघ के बलवाला।
सर्वधनी ,, सब प्रकार के धन वाला।
सर्वबीजी ,, सब प्रकार के बीज वाला।
अर्थी ,, धन चाहने वाला, जिसके पास धन न हो।
अर्थवान् ,, धन वाला।
धान्यार्थी ,, अन्न चाहने वाला।
हिरण्यार्थी ,, सुवर्ण चाहने वाला।
बलवान्, बली ५-२-१३६—बलवाला।
उत्साहवान्, उत्साही ,, उत्साह वाला।
प्रथिमिनी ५-२-१३७—स्थूलता वाली।
दामिनी ,, बिजली।
होमिनी ,, हवन करने वाली।
सोमिनी ,, सोमरस वाली।
सोमवान् ,, सोमरस वाला।
कँव्व, कंमः, कँय्युः, कंतिः,
कंतुः, कंतः, कँय्यः ५-२-१३८—जलवाला या सुख वाला।
शँव्वः, शंमः, शँयुः,
शंतिः, शंतुः, शंतः, शँय्यः ,, सुख वाला।
तुन्दिभः ५-२-१३९—तोंद वाला।
वलिभः, वटिभः, वलिनः ,, त्रिवली वाला।
अहंयुः ५-२-१४०—घमंडी, अभिमानी।
शुभंयुः ,, कल्याण वाला।

इति मत्वर्थीयप्रकरणम्।

अथ प्राग्दिशीयप्रकरणम्

कुतः,कस्मात् ५-३-१, २, ३, ४, ५,

६, ७, ७-२-१०४—किससे, कहाँ से किस कारण से।

यतः „ क्योंकि, जिससे, जिस कारण से।

ततः „ इसलिए, इससे, इस „

अतः „ „ „

इतः „ यहाँ से, इधर से।

अमुतः „ यहाँ से।

बहुतः „ बहुतों से, अनेक स्थानों से।

परितः ५-३-८,९—चारों ओर से।

अभितः „ दोनों ओर।

कुत्र५-३-१०—कहाँ।

यत्र „ जहाँ।

तत्र „ वहाँ।

बहुत्र „ बहुत स्थानों में।

इह ५-३-११—यहाँ।

क्व, कुत्र ५-३-१२; ७-२-१०५—कहाँ।

कुह ५-३-१३—कहाँ (वैदिक प्रयोग)।

एतस्मिन् ग्रामे सुखं वसामः २-४-३३—हम इस ग्राम में सुख से रहते हैं।

अतोऽत्राधीमहे „ इसलिए हमें यहाँ पढ़ने दो।

अतो न गन्तारः स्मः „ हम लोग यहाँ से न जायेंगे।

स भवान् ५-३-१४—परम माननीय आप।

ततो भवान् „ „

तत्र भवान् „ „

तं भवन्तम् „ „ आपको।

ततो भवन्तम् „ „

तत्र भवन्तम् „ „

स दीर्घायुः „ वह बड़ी आयु वाले।

देवानां प्रियः „ देवताओं का प्रिय।

आयुष्मान् „ लम्बी आयु वाला।

सदा, सर्वदा ५-३-१५—हमेशा।

एकदा „ एक बार।

अन्यदा „ दूसरी बार।

यदा „ जब।

कदा „ कब।

तदा „ तब।

सर्वत्र देशे „ सारे देश में।

एतर्हि ५-३-१६—इस समय।

इह देशे „ इस देश में।

अधुना ५-३-१७—अब।

इदानीम् ५-३-१८—इस समय।

तदा, तदानीम् ५-३-१९—तब, उस समय।

कर्हि, कदा ५-३-२१—कब।

यर्हि, यदा „ जब।

तर्हि, तदा „ तब।

एतर्हि „ इस समय।

सद्यः ५-३-२२—उसी दिन, तत्क्षण।

परुत् „ गत वर्ष।

परारि „ गतवर्ष के पहले वर्ष।

ऐषमः „ इस वर्ष।

परेद्यवि „ दूसरे दिन।

अद्य „ आज।

पूर्वेद्युः „ पहले दिन।

अन्येद्युः „ दूसरे दिन।

उभयेद्युः, उभयद्युः „ दोनों दिन।

तथा ५-३-२३—उस प्रकार से।

यथा „ जिस प्रकार से।

इत्थम् ५-३-२४—इस प्रकार से।

कथम् ५-३-२५—किस प्रकार से, क्यों, कैसे।

इति प्राग्दिशीयप्रकरणम्।

अथ प्रागिवीयप्रकरणम्

पुरः, पुरस्तात् ५-३-२७,३९,४०—पूर्व की ओर, पूर्व से पहले, पूर्वकाल में, सामने।

अधः, अधस्तात् ,, नीचे की ओर, नीचे से, नीचे।

अवः, अवस्तात् ,, बाहर की ओर, बाहर से, बाहर।

अवस्तात्, अवरस्तात् ५-३-४१— ,,

ऐन्द्र्यां वसति ,, वह पूर्व दिशा में रहता हैं।

पूर्वं ग्रामं गतः ,, पूर्व के गाँव में गया।

पूर्वस्मिन् गुरौ वसति ,, पहले के गुरु के यहाँ रहता है।

दक्षिणतः ५-३-२८—दक्षिण की ओर, दक्षिण से, दक्षिण

उत्तरतः ,, उत्तर ,, उत्तर से, उत्तर।

परतः ५-३-२९—आगे ,, आगे से, आगे।

अवरतः ,, बाहर ,, बाहर से, बाहर।

परस्तात् ,, आगे ,, आगे से, आगे।

अवरस्तात् ,, बाहर ,, बाहर से, बाहर।

प्राक् ५-३-३०—पूर्वकी ओर पूर्व से, पूर्व।

उदक् ,, उत्तर की ओर, उत्तर से, उत्तर।

उपरि उपरिष्टाद्वा वसति,
आगतः,रमणीयंवा ५-३-३१—ऊपर को ओर रहता है, ऊपर से आया हैं, ऊपर मनोहर है।

उत्तरात् ५-३-३४—उत्तर की ओर, उत्तर से, उत्तर।

अधरात् ,, नीचे की ओर, नीचे से, नीचे।

दक्षिणात् ,, दक्षिण की ओर दक्षिण से दक्षिण।

उत्तरेण ५-३-३५—पासही उत्तर की ओर।

अधरेण ,, पासही नीचे की ओर।

दक्षिणेन ,, पासही दक्षिण की ओर

पूर्वेण ग्रामम् ५-३-३५—गाँव के समीप ही पूर्व की ओर।

अधरेण ग्रामम् ,, गाँव के समीप ही नीचे की ओर।

दक्षिणा वसति ५-३-३६—दक्षिण दिशा में रहता है।

दक्षिणादागतः ,, दक्षिण दिशा से आया है।

दक्षिणाहि-दक्षिणा ५-३-३७—दूर दक्षिण में या दूर दक्षिण दिशा।

उत्तराहि, उत्तरा ५-३-३८—दूर उत्तर दिशा में या दूर उत्तर दिशा।

चतुर्धा ५-३-४२—चार प्रकार से।

पञ्चधा ,, पाँच प्रकार से।

एकं राशिं पञ्चधा कुरु ५-३-४३—एक ढेर को पाँच में बाँटो।

ऐकध्यम्, एकधा ५-३-४४—एक प्रकार से।

द्वैधम्, द्विधा ५-३-४५—दो प्रकार से।

त्रैधम्, त्रिधा ,, तीन प्रकार से।

पथि द्वैधानि ,, मार्ग में दो प्रकार।

द्वेधा ५-३-४६—दो प्रकार से।

त्रेधा ,, तीन प्रकार से।

भिषक्पाशः ५-३-४७—तुच्छ या बुरा वैद्य।

द्वितीयः ५-३-४८—दूसरा।

तृतीयः ,, तीसरा।

द्वैतीयीकः, द्वितीयः ,, दूसरा।

तार्तीयीकः, तृतीयः ,, तीसरा।

द्वितीया ,, दूसरी (विद्या)।

तृतीया ,, तीसरी (विद्या)

चतुर्थः ५-३-४९—चौथा।

पञ्चमः ,, पाँचवां।

षाष्ठः, षष्ठः ५-३-५०—छठा।

आष्टमः, अष्टमः ,, आठवाँ।

षष्ठः, षाष्ठः षष्ठकः ५-३-५१—एक ग्रेन (मान) का छठा भाग।

अष्टमः आष्टमः ,,

अष्टमः ,, पशु के अंग का आठवाँ भाग।

एकः, एकाकी, एकक:५–३–५२—अकेला ।
आढ्यचरः ५–३–५३—पूर्वकाल का धनी ।
कृष्णरूप्यः, कृष्णचरः ५–३–५४—पूर्वकाल में (पहले का) कृष्ण का।
शुभ्रारूप्यः „ पूर्वकाल में शुभ्रानाम की स्त्री का ।
आढ्यतमः ५-३–५५—सबलोगों में अधिक सम्पन्न, धनी ।
लघिष्ठः, लघुतमः „ सबसे छोटा ।
किन्तमाम् ५–३–५६, ५–४–११, १–१–२२—कितना अधिक ।
प्राह्णेतमाम् „ बिलकुल पूर्वाह्न में ।
पचतितमाम् „ वह अत्युत्तम पकाता है ।
उच्चैस्तमाम् „ बहुत ऊँचे से या बहुत जोर से ।
उच्चैस्तमस्तरुः „ सबसे ऊँचा वृक्ष ।
लघुतरः, लघीयान् ५–३–५७—दोनों में छोटा ।
पटुतराः, पटीयांसः–
उदीच्याः प्राच्येभ्यः „ उत्तरीय जन पूर्वीय जनों की अपेक्षा निपुण होते हैं।
प्रथिष्ठः, प्रथीयान् „ सबसे बड़ा ।
पाचकतरः ५–३–५८—दोनों में अच्छा पकाने वाला ।
पाचकतमः „ सब में अच्छा पकाने वाला ।
करिष्ठः ६–४–१५४—सबसे बढ़कर काम करने वाला ।
दोहीयसी धेनुः „ अधिक दूध देने वाली गाय ।
श्रेष्ठः, श्रेयान् ५–३–६० ६–४–१६३—सबसे बड़ा ।
ज्येष्ठः, ज्यायान् ५–३–६१, ६२—सबसे बड़ा ।
ज्येष्ठः ज्यायान् ६–४–१६०—सबसे वृद्ध ।
नेदिष्ठः नेदीयान् ५–३–६३—सबसे समीप ।
साधिष्ठः साधीयान् „ सबसे शक्ति शाली ।
स्थविष्ठः ६–४–१५६—सबसे मोटा ।
दविष्ठः „ बहुत दूर ।
यविष्ठः „ सबसे छोटा ।
ह्रसिष्ठः „ सबसे छोटा ।
क्षेपिष्ठः „ सबसे शीघ्र ।
क्षोदिष्ठः „ सबसे छोटा ।
ह्रसिमा „ छोटाई ।
क्षेपिमा „ शीघ्रता ।

क्षोदिमा ६–४–१५६—छोटाई ।
प्रेष्ठः „ सबसे प्रिय ।
स्थेष्ठः „ सबसे स्थिर ।
स्फेष्ठः „ सबसे अधिक ।
वरिष्ठः „ सबसे श्रेष्ठ, सर्वोत्तम ।
वंहिष्ठः „ सबसे अधिक ।
गरिष्ठः „ सबसे बड़ा ।
वर्षिष्ठः „ सबसे वृद्ध ।
त्रपिष्ठः „ सबसे शीघ्र ।
द्राघिष्ठः „ सबसे शीघ्र ।
वृन्दिष्ठः „ सबसे बड़ा झुंड ।
प्रेयान्, प्रेमा „ सबसे प्रिय ।
भूमा, भूयान् ६–४–१५८—सबसे अधिक ।
भूयिष्ठः ६–४–१५९—सबसे अधिक ।
कनिष्ठः, कनीयान् ५–३–६४—सबसे छोटा ।
यविष्ठः „ सबसे छोटा ।
अल्पिष्ठः „ सबसे कम ।
स्रजिष्ठः, स्रजीयान् ५–३–६५—सबसे अधिक माला वाला ।
त्वचिष्ठः, त्वचीयान् ५–३–६५—सबसे अधिक त्वचा वाला ।
पटुरूपः ५–३–६६—प्रसिद्ध या विख्यात कलाकार या निपुण ।
पचतिरूपम् „ पकाने में प्रसिद्ध ।
यशःकल्पम् ५–३–६७—साधारण कीर्ति ।
यजुष्कल्पम् „ अधूरा यजुर्वेद ।
विद्वद्देश्यः, विद्वद्देशीयः, विद्वत्कल्पः „ साधारण विद्वान् ।
पचतिकल्पम् „ साधारण पकाने वाला ।
बहुपटुः, पटुकल्पः ५–३–६८—साधारण निपुण ।
यजतिकल्पम् „ साधारण यज्ञ करने वाला ।
पटुजातीयः ५–३–६९—निपुण व्यक्ति समझा जाने वाला ।
अश्वकः ५–३–७०, ७१, ७२, ७३—किसका घोड़ा ?
उच्चकैः „ क्या ऊँचा है ?
नीचकैः „ क्या नीचा है ?
सर्वके „ क्या यह सबको स्वीकार है ?

विश्वके ५-३-७४—क्या यह संसार को स्वीकार है?
युवकयोः ,, क्या तुम दोनों का?
आवकयोः ,, क्या हम दोनों का?
युष्मकासु ,, क्या तुम लोगों में?
अस्मकासु ,, क्या हम लोगों में?
युष्मकाभिः ,, क्या तुम लोगों से?
अस्मकाभिः ,, क्या हम लोगों से?
त्वयका ,, क्या तुम से?
मयका ,, क्या मुझसे?
तूष्णीकामास्ते ,, वह चुपचाप बैठा है?
तूष्णीकः ,, मौन, अल्पभाषी।
पचतकि ,, क्या वह पकाता है?
जल्पतकि ,, क्या वह बोलता है?
धकित् ,, धिक्कार।
हिरकुत् ,, दूर, अलग, परोच।
अश्वकः ५-३-७४—खराव सुस्त घोड़ा।
शूद्रकः ५-३-७५—खराव शूद्र।
राधकः ,, निन्दित सूत।
पुत्रकः ५-३-७६—दयनीय पुत्र, छोटा पुत्र।
हन्त ते धानकाः ५-३-७७—वेटा, तुम्हारे लिये भुने जौ हैं।
गुडकाः ,, ,, गुड़ हैं।
एहकि ,, वेटा आओ।
अद्धकि ,, ,, भोजन करो।
देविकः, देवियः, देविलः,
देवदत्तकः ५-३-७८, ७९, ८३—प्रिय देवदत्त, अतिपरिचय के कारण देवदत्त के नाम।
वायुकः, वायुदत्तकः ,, प्रेम तथा परिचय के कारण वायुदत्त के नाम।
वायुकः ,, ,, ,,
पितृकः ,, अतिप्रिय पिता।
वृहस्पतिकः ५-३-७९—प्रिय वृहस्पति दत्त।
देवदत्तकः, देवकः ,, प्रिय देवदत्त।
दत्तिकः, दत्तियः, दत्तिलः, दत्तकः ,, प्रिय तथा अति परिचित देवदत्त।

देवदत्तः, दत्तः, देवः ५-३-७९—प्रिय तथा अति परिचित देवदत्त।
सत्यभामा, मामा, सत्या ,, ,, सत्यभामा।
भानुदत्तः, भानुलः ,, ,, भानुदत्त।
सवित्रियः, सवितृलः ,, ,, सविता।
उपडः, उपकः, उपियः, उपिलः, उपिकः
उपेन्द्रदत्तकः ५-३-८०—प्रिय तथा अति परिचित उपेन्द्रदत्त।
सिंहकः ५-३-८१—प्रिय तथा परिचित किसी मनुष्य का नाम।
शरभकः ,, ,, ,,
रासभकः ,, ,, ,,
कहोडः ,, ,, ,,
कहिकः ,, ,, ,,
वागाशीर्दत्तः ,, ,, ,,
वाचिकः ,, ,, ,,
षडङ्गुलिदत्तः, षडिकः ,, ,, ,,
शेवलिकः, शेवलियः, शेवलिलः ५-३-८४—,,
सुपरिकः ,, ,,
विशालिकः ,, ,,
वरुणिकः ,, ,,
अर्यमिकः ,, ,,
व्याघ्रकः ५-३-८२—व्याघ्राजिन का नाम।
सिंहकः ,, सिंहा जिनका नाम।
तैलकम् ५-३-८५—थोड़ा तेल।
वृक्षकः ५-३-८६—छोटा पेड़।
वंशकः ५-३-८७—छोटा बाँस (बाँसिन)।
वेणुकः ,, ,, ,,
कुटीरः ५-३-८८—छोटी झोपड़ी।
शमीरः ,, छोटा शमी वृक्ष।
शुण्डारः ,, शुण्डा (वृक्ष विशेष) छोटा शुण्डा।
कुतुपः ५-३-८९— छोटी कुप्पी (तेल रखने के लिए चर्मपात्र)।
कासूतरी ५-३-९०—छोटा भाला।
गोणीतरी ,, छोटी बोरी।

वत्सतरः ५-३-९१—दुबला पतला छोटा बछड़ा।
उक्षतरः ,, दुबला बैल।
अश्वतरः ,, दुबला घोड़ा।
ऋषभतरः ,, दुर्बल बैल जो बोझ न ढो सके।
कतरो वैष्णवः, कः ५-३-९२—दोनों में कौन वैष्णव।
यतरः, यः ,, दोनों में से जो।
ततरः, सः ,, दोनों में से वह।
कतमो भवतां कठः ५-३-९३—आप लोगों में कठशाखा का कौन है।
यतमः ,, ,, ,, जो ,,
ततमः ५-३-९३—आप लोगों में कठशाखा का वह है।
यकः, यः ,, ,, ,, जो ,,
सकः, सः ,, ,, ,, वह ,,
कतरः ,, आपदोनों में कठ शाखा का कौन है।
अनयोरेकतरो मैत्रः ५-३-९४—इन दोनों में एक मैत्र है।
एषामेकतमः ,, इन सबमें एक।
व्याकरणकः ५-३-९५—केवल व्याकरण पढ़कर गर्व करने वाला।

इति प्रागिवीयप्रकरणम्।

अथ स्वार्थिकप्रकरणम्

अश्वकः ५-३-९६—लकड़ी या मिट्टी की घोड़े की प्रतिमा।
गवयः ,, गाय के आकार की नील गाय।
अश्वकः ५-३-९७—घोड़े के आकार का कोई पशु या वस्तु।
उष्ट्रकः ,, ऊँट ,, ,, ,,
चञ्चा ५-३-९८—घासफूस का बना हुआ मनुष्य का आकार।
वध्रिका ,, चमड़े का ,, ,, ,,
वासुदेवः ५-३-९९—जीविकोपार्जन के लिए (विक्रय के लिए नहीं) कृष्ण की मूर्ति।
शिवः ,, ,, ,, शिव ,,
स्कन्दः ,, ,, ,, स्कन्द ,,
हस्तिकान् विक्रीणीते ,, हाथी की मूर्तिको बेचता है।
देवपथः ५-३-१००—देवों के मार्ग की आकृति।
हंसपथः ,, हंसों ,, ,,
वास्तेयम् ५-३-१०१—उदर की तरह।
वास्तेयो ,, ,,
शिलेयम् ५-३-१०२—पत्थर की तरह (दही आदि)।
शैलेयम् ,, ,,
शाख्यः ५-३-१०३—शाखा की तरह।
मुख्यः ,, मुख की तरह, प्रधान।
जघन्यः ,, जंघा की तरह, घृणित, नीच।
शरण्यः ,, शरण की तरह, शरण देने वाला।
अग्र्यः ,, आगे की तरह, प्रधान।
द्रव्यम् अयं ब्राह्मणः ५-३-१०४—यह ब्राह्मण कैसा अच्छा, उत्तम है।
कुशाग्रीया बुद्धिः ५-३-१०५—कुश के अग्रभाग की तरह तेज बुद्धि।
काकतालीयो देवदत्तस्य वधः ५-३,१०६—जिस प्रकार कौआ अकस्मात् ताड़के फल के गिरने से मर जाता है उसी प्रकार चोर के मिलने से देवदत्त का बध।
अजाकृपाणीयः ,, अकस्मात् तलवार के गिरने से बकरी की मृत्यु के समान चोर द्वारा किसीका बध।
शार्करम् ५-३-१०७—कंकड़ी की तरह।
अङ्गुलिकः ५-३-१०८—उँगली की तरह।
भारुजिकः ,, गीदड़ की तरह या भुने हुए जौ की तरह।

एकशालिकः, ऐकशालिकः ५-३-१०९—एक कमरे या मकान की तरह।

कार्कीकः ५-३-११०—सफेद घोड़े की तरह।

लौहितीकः स्फटिकः ,, स्फटिक जो अन्य वस्तु के सम्पर्क से लाल प्रतीत होता हो।

लौहितध्वज्यः ५-३-११२—लाल ध्वजा वाला संघ।

कपोतपाक्यः ५-३-११३—कबूतरों से जीवन निर्वाह करने वाली एक जंगली जाति।

कौञ्जायन्यः ,, कुञ्ज के वंशजों का समूह।

ब्राध्नायन्यः ,, ब्रध्न के वंशजों का समूह।

क्षौद्रक्यः ५-३-११४—वाहीक जनपद के शस्त्रजीवी क्षुद्रकों का समूह।

मालव्यः ,, ,, ,, मालवों ,,

क्षौद्रकी ,, वाहीक जनपद के शस्त्रजीवी स्त्री समूह।

मल्लाः ,, वाहीक जनपद का मल्ल जाति का समूह।

सम्राट् ,, वाहीक जनपद का शस्त्रजीवी राजा।

शबराः ,, एक जंगली जाति समूह, यह वाहीक जनपद का नहीं है।

गोपालकाः ब्राह्मणाः ,, गाय पालने वाले ब्राह्मण।

शालङ्कायनाः ,, शालङ्कायन नामक क्षत्रियों का समूह।

वार्केण्यः ५-३-११५—वृक नामक शस्त्र जीवियों का समूह

दामनीयः ५-३-११६—दामनि नामक शस्त्र जीवियों का समूह।

दामनीयौ ,, ,,

दामनयः ,, ,,

औलपीयः ,, औलपी नामक ,,

कौण्डोपरथीयः ,, कौण्डोपरथ ,, ,,

दाणुकीयः ,, दाणुकि ,, ,,

पार्शवः ५-३-११७— पर्शु ,, ,,

पार्शवौ ,, ,,

पर्शवः ,, ,,

यौधेयः ,, यौधेय ,,

यौधेयौ ५-३-११७—यौधेय नामक शस्त्र जीवियों का समूह।

यौधेयाः ,, ,,

आभिजित्यः ५-३-११८—अभिजित् के वंशज

वैदभृत्यः ,, विदभृत् के वंशज

शालावत्यः ,, शालावत् के वंशज

शैखावत्यः ,, शिखावत् के वंशज

शामीवत्यः ,, शमीवत् ,, ,,

और्णावत्यः ,, ऊर्णावत् ,, ,,

श्रौमत्यः ,, श्रुमत् के वंशज

लोहितध्वजाः ५-३-११९—लाल ध्वजा वाले सङ्घ।

कपोतपाकाः कबूतरों से निर्वाह करने वाली जाति का संघ।

कौञ्जायनाः ५-३-११९—कुञ्ज के वंशज।

ब्राध्नायनाः ,, ब्रध्न के वंशज।

द्विपदिकाम् ५-४-१—दो दो चतुर्थांश।

द्विशतिकाम् ,, दो दो सौ।

द्विमोदकिकाम् ,, दो दो लड्डू।

द्विपदिकां दण्डितः द्विशतिकां-व्यवसृजति ५-४-२—दो चतुर्थांश दण्डित होने पर दो सौ देता है।

स्थूलकः ५-४-३- मोटा सा।

अणुकः ,, छोटा सा।

चञ्चत्कः ,, चलता हुआ सा।

वृहत्कः ,, बड़ा सा।

सुरकः ,, शराव की तरह (लाल सर्प)।

छिन्नकम् ५-४-४—कटा हुआ सा।

भिन्नकम् ,, टूटा हुआ सा।

अभिन्नकम् ,, न टूटा हुआ सा।

सामिकृतम् ५-४-५—आधा किया हुआ।

अर्धकृतम् ,, ,,

बहुतरकम् ,, अधिकतर।

बृहतिका ५-४-६—चादर।

बृहतीछन्दः ,, वृहती नामक वैदिक छन्द।

अषडक्षीणो मन्त्रः ५-४-७—वह सलाह जो छः आँखों, (तीन मनुष्यों) से न देखी गयी हो।

आशितङ्गवीनमरण्यम् ५-३-७—वह जंगल जहाँ पहले पशु चरते रहे हों।

अलङ्कर्मीणः „ किसी काम को करने में समर्थ, निपुण, कुशल।

अलम्पुरुषीणा „ किसी मनुष्य के लिए योग्य, बराबर।

ईश्वराधीनः „ ईश्वर के वश में।

प्राचीनम् ५-४-८—पुराना।

प्रतीचीनम् „ नया।

अर्वाचीनम् „ नया।

प्राची दिक् „ पूर्व दिशा।

उदीची दिक् „ उत्तर दिशा।

प्राचीना ब्राह्मणी „ पुरानी ब्राह्मणी।

प्राचीनं ग्रामादाम्राः „ आम के पेड़ गाँव से पूर्व हैं।

ब्राह्मणजातीयः ५-४-९—ब्राह्मण के लिए उचित, संगत।

ब्राह्मणजातिः शोभना „ ब्राह्मण जाति सुन्दर जाति है।

पितृस्थानीय, पितृस्थानः ५-४-१०—पिता के समान स्थान का अधिकारी।

गोःस्थानम् „ गोशाला।

अनुगादिकः ५-४-१३—दुहराने वाला या प्रतिध्वनि करने वाला।

वैसारिणः ५-४-१६—मछली, धीरे-धीरे खिसकने वाली।

विसारी देवदत्तः „ धीरे-धीरे खिसकने वाला देवदत्त।

पञ्चकृत्वो भुङ्क्ते ५-४-१७—पाँच बार भोजन करता है।

भूरिवारात् भुङ्क्ते „ अनेक बार भोजन करता है।

द्विर्भुङ्क्ते ५-४-१८—दो बार भोजन करता है।

त्रिर्भुङ्क्ते „ तीन बार „

चतुर्भुङ्क्ते „ चार बार „

सकृद्भुङ्क्ते ५-४-१९—एक बार „

बहुधाकृत्वों वा दिवसस्य भुङ्क्ते ५-४-२०—दिन में अनेक बार भोजन करता है।

बहुकृत्वो मासस्य भुङ्क्ते „ महीने में अनेक बार भोजन करता है, प्रतिदिन नहीं।

अन्नमयम् ५-४-२१—भोजन का प्राचुर्य, आधिक्य।

अपूपमयम् „ पुओं का प्राचुर्य „

यवागूमयी „ लप्सी का „ „

अन्नमयो यज्ञः „ भोज, जिसमें भोजन का प्राचुर्य हो।

अपूपमयं पर्व „ वह त्योहार जिसमें पुओं का प्राचुर्य हो।

मौदकिकम्, मोदकमयम् ५-४-२२—जिसमें लड्डू प्रचुरता से प्रस्तुत किये गये हों।

शाष्कुलिकम्, शष्कुलीमयम् „ जिसमें पूरियाँ प्रचुरता से प्रस्तुत की गई हों।

मौदकिको यज्ञः, मोदकमयः „ वह यज्ञ जिसमें लड्डू प्रचुरता से प्रस्तुत किये गये हों।

आनन्त्यम् ५-४-२३—जिसका अन्त न हो।

आवसथ्यम् „ आहवनीय अग्नि का स्थान।

ऐतिह्यम् „ परम्परागत वर्णन, इतिहास।

भैषज्यम् „ औषध।

अग्निदेवत्यम् ५-४-२४—अग्निदेव के लिए।

पितृदेवत्यम् „ पितृदेव के लिए।

पाद्यम् ५-४-२५—पैर धोने के लिए जल।

अर्घ्यम् „ पूजन के लिए जल।

नूत्नम्, नूतनम्, नवीनम् „ नया।

प्रणम्, प्रत्नम्, प्रतनम्, प्रीणम् „ पुराना।

भागधेयम् „ भाग्य।

रूपधेयम् „ रूप।

नामधेयम् „ नाम।

अग्नीध्रम् „ यज्ञ में अग्नि स्थापन का स्थान।

साधारणम् „ सामान्य।

अग्नीध्री „ यज्ञ में अग्नि स्थापन की शाला।

साधारणी „ सामान्य।

आतिथ्यम् „ अतिथि सत्कार।

देवता ५-४-२७—देव ।
अविकः ५-४-२८—भेंड़ ।
यावकः ५-४-२९—कूटा हुआ, उबाला हुआ तथा दूध शक्कर मिला जौ ।
मणिकः ,, मणि ।
लोहितकः मणिः ५-४-३०—लाल मणि ।
लोहितकः कोपेन ५-४-३१—क्रोध से लाल ।
लोहितिका, लोहिनिका कोपेन ,, क्रोध से लाल ।
लोहितिका, लोहिनिका शाटी ५-४-३२—लाल रंग की साड़ी ।
कालकं मुखं वैलक्ष्येण ५-४-३३—लज्जा या व्याकुलता से काला मुख ।
कालकः पटः ,, काला वस्त्र ।
कालिका शाटी ,, काली साड़ी ।
वैनयिकः ५-४-३४—नम्रता, प्रार्थना ।
सामयिकः ,, समय ।
औपयिकः ,, उपाय ।
वाचिकम् ५-४-३५—सन्देश ।
कार्मणम् ५-४-३६—सन्देश सुनकर तदनुसार किया जाने वाला कर्म ।
औषधं पिबति ५-४-३७—दवा पीता है ।
ओषधयःक्षेत्रे रूढाः ,, औषधियाँ खेत में उगी हुईं ।
प्राज्ञः ५-४-३८—बुद्धिमान् ।
प्राज्ञी स्त्री ,, बुद्धिमती स्त्री ।
दैवतः ,, देवता ।
बान्धवः ,, भाई बन्धु ।
मृत्तिका ५-४-३९—मिट्टी ।
मृत्सा, मृत्स्ना ५-४-४१—उत्तम मिट्टी ।
बहुशः ५-४-४२—बहुत सा, बहुतों को ।
अल्पशः ,, थोड़ा सा, थोड़े आदमियों को ।
बहूनि ददात्यनिष्टेषु ,, अनिष्ट के समय बहुत देता है ।
अल्पं ददात्याभ्युदयिकेषु ,, उन्नति के समय कम देता है ।
द्विशः ५-४-४३—दो दो ।
माषशः ,, एक एक माशा ।
प्रस्थशः ,, एक एक प्रस्थ ।
घटं घटं ददाति ,, घड़े घड़े भर देता है ।

द्वौ ददाति ५-४-४३—दो देता है ।
द्वयोर्द्वयोः स्वामी ,, दो दो का मालिक ।
प्रद्युम्नः कृष्णतः प्रति ५-४-४४—प्रद्युम्न कृष्ण के प्रतिनिधि ।
आदितः ,, आदि से लेकर ।
मध्यतः ,, मध्य से लेकर ।
अन्ततः ,, अन्त से लेकर ।
पृष्ठतः ,, पीछे से लेकर या तक ।
पार्श्वतः ,, बगल से लेकर ।
स्वरतः ,, स्वर से ।
वर्णतः ,, अक्षर से ।
ग्रामतः ५-४-४५—गाँव से ।
स्वर्गाद्धीयते ५-४-४५—स्वर्ग से अलग होता है ।
पर्वतादवरोहति ,, पहाड़ से उतरता है ।
चारित्रेण-चारित्रतोऽतिगृह्यते ५-४-४६—अपने सदाचार से दूसरों से बढ़ता है ।
वृत्तेन-वृत्ततो न व्यथते ,, अपने सद्व्यवहार से दुःखी नहीं होता ।
देवदत्तेन क्षिप्तः ,, देवदत्त से बुरा भला कहा गया ।
वृत्तेन-वृत्ततो हीयते पापः ५-४-४७—पापी अपने दुर्व्यवहार से नष्ट होता है ।
देवदत्तेन हीयते ,, देवदत्त से अलग किया जाता है ।
देवा अर्जुनतोऽभवन् ५-४-४८—देवता अर्जुन के पक्ष में हुए ।
आदित्याः कर्णतोऽभवन् ,, आदित्यगण कर्ण के पक्ष में हुए ।
वृक्षस्य शाखा ,, पेड़ की शाखा ।
प्रवाहिकातः कुरु ५-४-४९—हैजे की चिकित्सा करो ।
प्रवाहिकायाः प्रकोपनं करोति ,, हैजे को बढ़ा रहा है या कुपित कर रहा है ।
कृष्णीकरोति ५-४-५०, ७-४-४२—काला करता है ।
ब्रह्मीभवति ,, ब्रह्म हो रहा है ।
गङ्गीस्यात् ,, गङ्गा हो जाय ।
दोषाभूतमहः ,, दिन रात हो गया ।
दिवाभूता रात्रिः ,, रात दिन हो गयी ।

गार्गीभवति ६-४-१४५—गर्ग का वंशज हो रहा है।
शुचीभवति ७-४-२४—पवित्र होता है।
पटूस्यात् ,, निपुण हो जाय।
स्वस्तीस्यात् ,, कल्याण हो।
मात्रीकरोति ,, माता बनाता है।

अरूकरोति ५-४-५१—घाव करता है।
उन्मनीस्यात् ,, अन्यमनस्क हो जाय, उदास हो जाय।

उच्चक्षूकरोति ,, आँख ऊपर करता है।
उच्चेतीकरोति ,, उदास करता है, विक्षिप्त करता है।
विरहीकरोति ,, अलग करता है, वियोग कराता है।
विरजीकरोति ,, धूल अथवा रजोगुण से रहित करता है।

दधिसिञ्चति ५-४-५२, ८-३-१११—दही छिड़कता है।
अग्निसाद्भवति ,, आग होता है, जल जाता है।
अग्नीभवति ,, ,,
एकदेशेन शुक्लीभवति पटः ,, वस्त्र एक भाग में सफेद होता है,
अग्निसात्सम्पद्यते अग्निसाद्भवतिशस्त्रम् ५-४-५३—शस्त्र आग होता है।
अग्नी भवति ,, ,, ,,
जलसात्सम्पद्यते जलीभवति लवणम् ,, नमक जल हो जाता है।
राजसात्करोति राजसात्सम्पद्यते ५-४-५४—राजा के अधीन करता है या होता है।
विप्रत्राकरोति-विप्रत्र सम्पद्यते ५-४-५५—दातव्य वस्तु ब्राह्मण को देता है।
विप्रसात्करोति ,, ब्राह्मण को देता है।
राजसाद्भवति राष्ट्रम् ५-४-५४—राष्ट्र राजा के अधीन होता है।

देवत्रा वन्दे रमे वा ५-४-५६—देवता को नमस्कार बहुत करता हूँ या उनमें रमता हूँ।

बहुत्रा जीवतो मनः ५-४-५६—जीवित प्राणी का मन बहुत जगह रमता है।

पटपटाकरोति ५-४-७५—पटत् पटत् शब्द करता है।
दृषत्करोति ,, वह पत्थर बना देता है।
श्रत्करोति ,, वह 'श्रत्' शब्द करता है।
घरटघरटाकरोति ,, घरट घरट शब्द करता है।
पटिति करोति ,, वह 'पट' शब्द करता है।
त्रपटत्रपटाकरोति ,, वह त्रपट त्रपट शब्द करता है।
द्वितीयाकरोति ५-४-५८—वह दुवहीं (दुबारा जोतना) करता है।
तृतीयाकरोति ,, ,, तिवहीं (तिबारा जोतना) करता है।
शम्बाकरोति ,, वह कोन करता है। एक तरफ से जुते हुए खेत को दूसरी तरफ से जोतता है।
बीजाकरोति ,, टाँड़ चलाता है। बीज के साथ जोतता है।

द्विगुणाकरोति क्षेत्रम् ५-४-५९—खेत को दुबारा जोतता है।
समयाकरोति ५-४-६०—समय बिताता है।
समयंकरोति ,, समय बनाता है।
सपत्राकरोति मृगम् ५-४-६१—मृग को ऐसा बाण मारता है कि बाण का पंखा वाला भाग भी घुस जाता है।
निष्पत्रा करोति ,, मृग को ऐसा बाण मारता है कि बाण का पंख वाला भाग भी बाहर निकल जाता है।
सपत्रं निष्पत्रं वा करोति भूतलम् ,, वह जमीन में बाण मारता है।
निष्कुलाकरोति दाडिमम् ५-४-६२—वह अनार के दानों को निकालता है।

सुखाकरोति प्रियाकरोति गुरुम् ५-४-६३—वह गुरु को प्रसन्न करता है।

दुःखाकरोति स्वामिनम् ५-४-६४—मालिक को दुःखी करता है।

शूलाकरोति मांसम् ५-४-६५ –वह लोहे के छड़ पर मांस भूनता है।

सत्याकरोति माण्डंवणिक् ५-४-६६—वनिया वर्तनों के लिए साई देता है।

सत्यं करोति विप्रः ,, ब्राह्मण कसम खाता है।

मद्रा करोति ५-४-६७—मुण्डन करता है।

मद्रा करोति ,, मुण्डन करता है।

मद्रं करोति ,, प्रसन्न करता है।

भद्रं करोति ,, कल्याण या भलाई करता है।

इति तद्धितप्रकरणम्।

अथ द्विरुक्तप्रकरणम्

पचति पचति ८-१-१, ४—वह सदा पकाता है।

भुक्त्वा भुक्त्वा ,, खा खाकर।

वृक्षं वृक्षं सिञ्चति ,, प्रत्येक वृक्ष को सींचता है।

ग्रामोग्रामो रमणीयः ,, प्रत्येक गाँव सुन्दर है।

परिपरि वङ्गेभ्यो वृष्टो देवः ८-१-५—वङ्गाल को छोड़कर चारों ओर वर्षा हुई।

परिवङ्गेभ्यः ८-१-५—वंगाल को छोड़कर।

उपर्युपरि ग्रामम् ८-१-७—गाँव के समीप का प्रदेश।

अध्यधि सुखम् ,, सुख के वाद दुःख।

अधोधो लोकम् ,, लोकों के विलकुल नीचे का प्रदेश।

सुन्दर सुन्दर वृथा ते सौन्दर्यम् ८-१-८—हे सुन्दर, हे सुन्दर, तुम्हारा सौन्दर्य व्यर्थ है।

देव देव वन्द्योऽसि ,, हे देव, हे देव, तुम वन्दनीय हो।

दुर्विनीत दुर्विनीत इदानीं ज्ञास्यसि ,, अरे दुष्ट,, अरे दुष्ट अव तू जानेगा।

धानुष्क धानुष्क वृथा ते धनुः ,, धनुर्धर, धनुर्धर तुम्हारा धनुष व्यर्थ है।

चोर चोर घातयिष्यामि त्वाम् ,, ऐ चोर, ऐ चोर, तुझे मार डालूँगा।

एकैकमक्षरम् ८-१-९—प्रत्येक अक्षर, एक एक अक्षर।

एकैकस्मै देहि ,, एक एक को (प्रत्येकको) दो।

गतगतः ८-१-१०—कष्ट है, वह चला ही गया।

गतगता ,, ,, ,, चली ही गयी।

पटुपट्वी ८-१-११, १२—कुछ कुछ चतुर स्त्री।

पटुपटुः ,, कुछ कुछ चतुर।

शुक्लशुक्लं रूपम् ,, ,, सफेद आकार।

शुक्लशुक्लः पटः ,, ,, सफेद वस्त्र।

मूले मूले स्थूलः ,, प्रत्येक जड़ मोटी होती गयी है।

सर्पसर्प बुध्यस्व

बुध्यस्व ,, सर्प, सर्प, सावधान, सावधान हो जाओ।

सर्प सर्प सर्प बुध्यस्व

बुध्यस्व बुध्यस्व ,, ,, ,, ,,

लुनीहि लुनीहीत्येवायंलुनाति ८-१-१२—वह काटो काटो कहकर काटता है।

अन्योन्यं विप्राःनमन्ति ,, ये ब्राह्मण एक दूसरे को प्रणाम करते हैं।

अन्योन्यौ ,, ,, ,, ,,

अन्योन्यान् ,, ,, ,, ,,

अन्योन्येन कृतम् ,, एक दूसरे से किया गया।

अन्योन्यस्मै दत्तम् ,, एक दूसरे को दिया गया।

अन्योन्येषां पुष्करैरामृशन्तः ,, सूँड़ों से एक दूसरे को सहलाते हुए।

परस्परम् ,, आपस में।

इतरेतरम् ,, ,,

इतरेतरेण ८-१-१२—एक दूसरे से।
अन्योन्याम् ,, ,, को
अन्योन्यम् ,, ,,
परस्पराम् ,, ,,
परस्परम् ,, ,,
इतरेतराम् ,, ,,
इतरेतरम् ,, ,,

इमे ब्राह्मण्यौ कुले वा
भोजयतः ८-१-१२—ये दोनों ब्राह्मणियाँ अथवा कुल भोजन कराते हैं।

प्रियप्रियेण प्रियेण वा ददाति ८-१-१३-हर्ष के साथ देता है।

सुखसुखेन सुखेन वा ददाति ,, सुख से देता है।

यथायथंज्ञाता यथात्मीयं वा ८-१-१४—स्वभाव के अनुसार देता है।

द्वन्द्वं मन्त्रयते ८-१-१५—सलाह (मन्त्रणा) करता है।

आचतुरं हीमे पशवो
द्वन्द्वं मिथुनीयन्ति ,, ये पशु चार पीढी तक जोड़ खाते हैं अर्थात् मैथुन करते हैं।

माता पुत्रेण मिथुनं गच्छति ,, माता पुत्र के साथ पौत्र के साथ तथा प्रपौत्र के साथ मैथुन करती है।

द्वन्द्वंव्युत्क्रान्ताः ,, दो दो पृथक् पृथक् हो गये।
द्वन्द्वं यज्ञपात्राणि प्रयुनक्ति ,, यज्ञ पात्रों को दो दो कर रखता है।

द्वन्द्वं सङ्कर्षणवासुदेवौ ,, बलराम तथा कृष्ण का जोड़ा।

इति द्विरुक्तप्रकरणम्।

अथ तिङन्ते भ्वादिप्रकरणम्

भू—होना, रहना, उत्पन्न होना।

एध्—बढ़ना, उन्नत होना।

स्पर्ध—चाहना, होड़ लगाना, ललकारना।

गाधृ—खड़ा होना, ठहरना, रहना, ढूँढ़ना, खोज करना, गोता लगाना, लालच करना, संग्रह करना, बुनना।

नाथृ—माँगना, प्रार्थना करना, बीमार होना, कष्ट देना, शक्तिशाली होना, आशीस देना।

नाधृ— ,, ,, ,,

बाधृ—कष्ट देना, दवाना, विघ्न डालना, विरोध करना, बाधा डालना, लुढ़काना, लुभाना।

दधृ—धारण करना, देना, उपहार देना।

स्कुदि—कूदना, उठाना।

श्विदि—सफेद होना।

वदि—प्रणाम करना, प्रशंसा करना, पूजना।

भदि—भाग्यशाली होना, शुभसमाचार कहना, प्रसन्न होना, प्रतिष्ठा करना, चमकना।

मदि—प्रशंसा करना, प्रसन्न होना, नशे में होना, घमण्ड करना, सोना, सुस्त होना, चमकना, धीरे-धीरे हिलना, विजयी होना, शिथिल होना।

स्पदि—फड़कना, काँपना, हिलना।

क्लिदि—दुःखी होना, विलाप करना।

मुद्—प्रसन्न होना।

दद्—देना, उपहार देना।

ष्वद्=स्वद्—स्वाद लेना, चखना, रुचना, स्वादिष्ट होना।

उर्द्—नापना, खेलना।

कुर्द्, खुर्द्, गुर्द्, गुद्—खेलना।

पूद्—बहना, उँड़ेलना, बहाना, टपकाना, अर्क खींचना।

ह्राद्—शब्द करना चिल्लाना।

ह्लादी—शब्द करना, प्रसन्न होना।

स्वाद—स्वाद लेना, चखना, रुचना।

पर्द्—अपान वायु छोड़ना।

यती—प्रयत्न करना।

युतृ-जुतृ—चमकना।

विथृ, वेथृ—याचना करना, माँगना।

श्रथि—ढीला होना, शक्तिहीन होना।

ग्रथि टेढ़ा होना, दुष्ट होना, झुकाना।

कत्थ्—डींग मारना, प्रशंसा करना, अकड़ कर चलना।

अत्—निरन्तर चलना, घूमना।

चिती—ध्यान से देखना, निरीक्षण करना, जानना, समझना, स्मरण करना।

च्युतिर्—सींचना, आर्द्र करना।

श्च्युतिर्—टपकना, बहना, सूखना, उँड़ेलना, फैलाना।

मन्थ्—मथना, क्षुब्ध करना, हिलाना, कुचलना, दबाना, दुःखी करना, नष्ट करना, मार डालना।

कुथि, पुथि, लुथि, मथि—क्षति पहुँचाना, कष्ट पाना, आहत करना, प्रहार करना, मार डालना, कुचलना, पीसना, दबाना।

षिधु—जाना, चौकसी करना, हाँकना।

षिधू—आज्ञा देना, आदेश देना, निदेश देना, शुभ होना।

खाद्य—भोजन करना, खाना।

खद्—दृढ़ होना, स्थिर होना, कष्ट पहुँचाना, मार डालना।

गद्—स्पष्ट बोलना।

बद्—दृढ़ या स्थिर होना।

रद्—तोड़ना, फाड़ना, खुरचना, खोदना।

पद्—अस्पष्ट ध्वनि या शब्द करना।

अर्द्—जाना, याचना करना, प्रार्थना करना।

नर्द्, गर्द्—गर्जना, शब्द करना।

तर्द्—पीड़ा देना, हानि पहुँचाना।

कर्द्—पेट गुड़गुड़ाना।

खर्द्—काटना, डंक मारना।

अति, अदि—बाँधना।

इदि—शक्ति सम्पन्न होना, शक्तिशाली होना।

विदि—अलग करना या होना, पृथक् करना।

भिदि— ,, ,, ,,

गडि—गाल फुलाना या टेढ़ामेढ़ा करना।

णिदि—दोषारोपण करना, निन्दा करना, गाली देना, अपराधी ठहराना।

टुनदि—प्रसन्न होना, संतुष्ट होना।

चदि—प्रसन्न होना, भाग्यशाली होना।

त्रदि—चेष्टा करना, व्यस्त रहना।

क्रदि, कदि, क्लदि—चिल्लाना, रोना, आँसू बहाना, घोषणा करना।

क्लिदि—विलाप करना।

शुन्ध्—शुद्ध होना या करना, साफ करना, पवित्र करना।

शीकृ—सींचना, आर्द्र करना।

लोकृ—देखना, ध्यान से देखना।

श्लोकृ—संग्रह करना (कविता या निवन्ध), कविता करना।

द्रेकृ, ध्रेकृ—शब्द करना, बढ़ना, हर्ष प्रकट करना, प्रसन्न होना।

रेकृ—सन्देह करना, शंका करना।

सेकृ, स्रेकृ, स्रकि, श्रकि, श्लकि—जाना, हिलना।

शकि—शंका करना, हिचकिचाना, विश्वास न करना, डरना।

अकि—चिह्न वनाना या लगाना, मुहर लगाना।

वकि—टेढ़ा मेढ़ा चलना।

मकि—सुसज्जित करना, सजाना।

कक्—चंचल होना या रहना, गर्व करना।

कुक्, वृक्—लेना, स्वीकार करना, पकड़ना।

चक्—संतुष्ट होना, विरोध करना, टालना।

ककि, वकि, श्वकि, त्रकि, ढौकृ, त्रौकृ, ष्वष्क्, वस्क्, मस्क्, टिकृ, टीकृ, तिकृ, तीकृ, रघि, लघि—जाना।

अघि, वघि, मघि—जाना, दोषारोपण करना, प्रारम्भ करना।

विभावयिषति—समझवाना चाहता है ।
रिरावयिषति—शब्द कराना चाहता है ।
लिलावयिषति—कटवाना चाहता है ।
जिजावयिषति—भिजवाना अथवा शीघ्रता करना चाहता है ।
नुनावयिषति—स्तुति कराना या प्रशंसा कराना चाहता हैं ।
बुभूषति—होना चाहता है ।
सिस्रावयिषति, सुस्रावयिषति—गिराना या टपकाना चाहता हैं ।
शुश्रूषते—सेवा करना चाहता है ।
तुष्टूषति—स्तुति करना चाहता हैं ।
सुष्वापयिषति—सुलाना चाहता है ।
सिषाधयिषति—तैयार करना चाहता है ।
सिसिक्षति—सींचना चाहता है ।
परिषिषिक्षति—अच्छी तराह सींचना चाहता है ।
तिष्ठासति—ठहरना चाहता है ।
सुषुप्सति—सोना चाहता है ।
प्रतीषिषति—मान लेना चाहता है ।
अधीषिषति—अध्ययन करना चाहता हैं ।
सिस्वेदयिषति, सिस्वादयिषति—गीला कराना या पसीने में तर कराना चाहता हैं ।
सिसाहयिषति—सहाना चाहता है ।
अभिसुषूषति—छिड़कना, उड़ेलना या टपकाना चाहता है ।
आहिच्छत्रः—अहिच्छत्र में होने वाला ।
आहिच्छत्रीयः—आहिच्छत्र में होने वाला ।
दयिडमती शाला—संन्यासियों वाला मकान ।
जुगुप्सिषते—निन्दा करना या घृणा करना चाहता है ।
मीमांसिषते—विचार करना चाहता है ।

इति सन्नतप्रक्रिया ।

अथ यङ्प्रकरणम्

बोभूयते—वह वार वार अथवा अत्यधिक होता है।

पुनः पुनर्जागर्ति—वारवार जागता है।

भृशमीक्षते—वह वहुत देखता है।

रोरुच्यते—वह वारवार पसन्द करता है।

शोशुभ्यते— ,, शोभित होता है।

सोसूच्यते—वारवार अथवा अत्यधिक कुटिलता या संकेत करता है।

सोसूत्र्यते— ,, ,, लपेटता या मिलाता है।

सोमूत्र्यते— ,, ,, पेशाव करता है।

अटाट्यते— ,, ,, घुमाता है।

अरार्यते— ,, ,, जाता है।

अशाशिता— ,, ,, भोजन करेगा।

ऊर्णोनूयते— ,, ,, ढाकता या छिपाता है।

वेभिद्यते— ,, ,, तोड़ता या फोड़ता है।

वाव्रज्यते— ,, ,, चलता है, टेढ़ा मेढ़ा चलता है।

लोलुप्यते—वह बुरीतरह काटता है।

सासद्यते—वह बुरीतरह बैठता हैं।

चञ्चूर्यते, चंचूर्यते—वह बुरी तरह टहलता है।

जञ्जप्यते—वह बुरी तरह जप करता है।

पम्फुल्यते, पंफुल्यते— वह बुरी तरह फटता है।

जेगिल्यते—वह बुरी तरह निगलता है।

देदीयते—वारबार अथवा अत्यधिक देता है।

पेपीयते— ,, ,, पीता है।

सेषीयते— ,, ,, बाँधता है।

शोशूयते— ,, ,, जाता या बढ़ता है।

शेश्वीयते— ,, ,, ,,

सास्मर्यते— ,, ,, स्मरण करता है।

चेक्रीयते — ,, ,, मारता या करता है।

सञ्चेस्क्रीयते— ,, ,, संस्कार करता है।

निसेसिच्यते—वारवार अथवा अत्यधिक सींचता है।

कोकूयते, चोकूयते— ,, ,, शब्द करता या कूकता है।

वनीवच्यते— ,, ,, धोखा देता है।

सनीस्रस्यते— ,, ,, गिरता है।

यँयम्यते, यंयम्यते— ,, ,, देता है।

वावाम्यते— ,, ,, क्रोध करता है।

जाजायते, जञ्जन्यते — ,, ,, उत्पन्न होता है।

जेघ्नीयते— ,, ,, मारता है।

जङ्गन्यते— वह बुरी तरह जाता है।

वरीवृत्यते—वह वारवार अथवा अत्यधिक रहता है।

नरीनृत्यते— ,, ,, नाचता है।

जरीगृह्यते— ,, ,, ग्रहण करता है।

चलीक्लृप्यते— ,, ,, समर्थ अथवा योग्य होता है।

परीपृच्छयते— ,, ,, पूछता है।

वरीवृश्च्यते— ,, ,, काटता है।

सोषुप्यते— ,, ,, सोता है।

सेसिम्यते— ,, ,, चिल्लाता है।

वेवीयते— ,, ,, ढाकता है।

वावश्यते— ,, ,, चाहता या चमकता है।

चेकीयते— ,, ,, पूजा करता है।

जेघ्रीयते— ,, ,, सूँघता है।

देध्मीयते— ,, ,, फूँकता है।

शाशय्यते— ,, ,, लेटता या सोता है।

डोढौक्यते— ,, ,, पास जाता या पहुँचता है।

तोत्रौक्यते— ,, ,, ,, ,,

इति यङ्प्रकरणम्।

अथ यङ्लुक्प्रकरणम्

बोभवीति, बोभोति—वह बारबार अथवा अत्यधिक होता है।
पास्पर्धीति, पास्पर्द्धि—„ „ होड़ करता है।
जागाद्धि—„ „ खड़ा होता या चाहता है।
नानात्ति—„ „ माँगता या पीड़ा पहुँचाता हैं।
दादद्धि, दादधीति—„ „ धारण करता या उपस्थित होता है।
चोस्कुन्दीति, चोस्कुन्ति „ „ कूदता या उठता है।
मोमुदीति, मोमोत्ति—„ „ प्रसन्न होता हैं।
चोकूर्त्ति, चोकुर्दीति—„ „ क्रीड़ा करता या खेलता है।
वनीवञ्चीति, वनीवङ्क्ति—„ जाता है।
जङ्गमीति, जङ्गन्ति—„ „ जाता है।
जङ्घनीति, जङ्घन्ति—„ „ मारता है।
आजङ्घ्नते—„ „ मारता है।
चङ्खनीति, चङ्खन्ति—„ खोदता है।
चञ्चुरीति, चञ्चूर्ति—„ „ जाता या खाता है।
योयोति, योयवीति—„ „ मिलाता या अलग करता है।
नोनवीति, नोनोति—„ „ नमस्कार या प्रशंसा करता है।
जाहेति, जाहाति—„ „ जाता या छोड़ता है।
सास्वपीति, सास्वप्ति—„ „ सोता है।
वर्वृतीति, वरिवृतीति, वरीवृतीति,
वर्वर्ति, वरिवर्ति, वरीवर्ति—वह बारबार अथवा अत्यधिक रहता है।
चर्करीति, चर्कर्ति, चरिकर्ति, चरीकर्ति—वह बारबार अथवा अत्यधिक करता है।
चाकर्ति—वह बारबार अथवा अत्यधिक बिखेरता या उड़ेलता है।
तातर्ति—„ „ पार करता है।
अरर्ति, अररीति—„ „ जाता है।
अरियर्ति, अरियरीति—„ „ जाता है।
जर्गृहीति, जर्गर्ढि—„ „ ग्रहण करता है।
जाग्रहीति, जाग्राढि—वह बारबार अथवा अत्यधिक पकड़ता है।
जर्गृधीति, जर्गर्द्धि—„ „ लालच करता है।
पाप्रच्छीति, प्राप्रष्टि—„ „ पूछता है।
जाहयीति, जाहर्ति—„ „ जाता है।
जाहर्यीति, जाहर्ति—„ „ जाता या चमकता है
मामोति, मामवीति—„ „ बाँधता है।
तोतूर्वीति, तोतोर्ति—„ „ कष्ट देता या पीड़ा पहुँचाता है।
तोथोर्ति—„ „ „ „
दोधोर्ति—„ „ „ „
दोदोर्ति—„ „ „ „
मोमोर्ति—„ „ „ „
वेवीयते—„ „ जाता, दौड़ता या निन्दा करता है।

इति यङ्लुक्प्रकरणम्।

अथ नामधातु-प्रकरणम्

पुत्रीयति—वह अपना पुत्र चाहता है।
गव्यति—वह अपनी गाय „
नाव्यति—वह „ नाव „
राजीयति—वह अपना राजा „
त्वद्यति—वह तुमको चाहता है।
मद्यति—„ मुझको „
युष्मद्यति—„ तुम लोगों को „
अस्मद्यति—„ हम लोगों को „

गीर्यति — वह वाणी चाहता है।
पूर्यति— ,, नगर ,,
दिव्यति— ,, स्वर्ग चाहता है।
अदस्यति— ,, इसको ,,
कर्त्रीयति— ,, कर्ता ,,
गार्गीयति—,, गार्ग्य ,,
कवीयति— ,, कवि ,,
वाच्यति— ,, वाणी ,,
समिध्यति—,, समिधा ,,
किमिच्छति—,, क्या ,,
इदमिच्छति—,, यह ,,
स्वरिच्छति— ,, स्वर्ग ,,
अशनायति— ,, भोजन ,,
उदन्यति— ,, जल ,,
धनायति— ,, धन ,,
अशनीयति—,, भोजन ,,
उदकीयति— ,, जल ,,
धनीयति— ,, धन ,,
अश्वस्यति बडवा—घोड़ी घोड़ा चाहती है।
वृषस्यति गौः—गाय बैल चाहती है।
क्षीरस्यति बालः—बालक दूध चाहता है।
लवणस्यति उष्ट्रः—ऊँट नमक चाहता है।
दधिस्यति, दध्यस्यति—वह दही चाहता है।
मधुस्यति, मध्वस्यति— ,, मधु ,,
पुत्रकाम्यति—वह अपना पुत्र चाहता है।
यशस्काम्यति— ,, ,, यश ,,
सर्पिष्काम्यति— ,, ,, घी ,,
किङ्काम्यति— ,, क्या ,,
स्वःकाम्यति— ,, स्वर्ग चाहता है।
पुत्रीयति छात्रम्—वह छात्र के साथ पुत्र की तरह व्यवहार करता है।
विष्णूयति द्विजम् — ,, ब्राह्मण के साथ विष्णु की तरह व्यवहार करता है।
प्रासादीयति कुट्यां भिक्षुः—भिक्षुक झोपड़ी में महल की तरह रहता है।

कुटीयति प्रासादे राजा—राजा महल में झोपड़ी की तरह रहता है।
कृष्णायते—काला करता है या कृष्ण की तरह व्यवहार करता है।
ओजायते—वह शक्तिशाली की तरह व्यवहार करता है।
अप्सरायते—वह अप्सरा की तरह व्यवहार करती है।
यशायते, यशस्यते–वह यशस्वी की तरह आचरण करता है।
विद्वायते, विद्वस्यते–वह विद्वान् की तरह आचरण करता है।
त्वद्यते— ,, तुम्हारी ,, ,,
मद्यते— ,, मेरी ,, ,,
युष्मद्यते ,, तुम लोगों ,, ,,
अस्मद्यते— ,, हम लोगों ,, ,,
कुमारायते— ,, कुमारी की तरह आचरण करती है।
हरितायते— ,, हरिणी की ,,
गुरूयते— ,, स्त्री गुरु ,, करता है।
सपत्नायते, सपतीयते, सपत्नीयते—वह सपत्नी की तरह आचरण करती है।
युवायते—वह युवती की तरह आचरण करता है।
पट्वीमृदूयते—वह दक्षा या सुकुमार स्त्री की तरह आचरण करता है।
पाचिकायते—वह रसोइयाँदारिन की तरह आचरण करता है।
अवगल्भते—ढीठ व्यक्ति की तरह आचरण करता है।
क्लीबते— ,, व्यापार ,, ,,
होडते— ,, अनादर करने वाले की तरह ,,
कृष्णति— ,, कृष्ण की तरह आचरण करता है।
अति— ,, अ (विष्णु) की तरह ,,
मालाति— ,, माला की तरह ,,
कवयति— ,, कवि की तरह ,,
वयति— ,, पक्षी की तरह ,,
श्रयति— ,, लक्ष्मी की तरह ,,
पितरति— ,, पिता की तरह ,,
भवति— ,, पृथ्वी या प्राणी ,,
द्रवति— ,, वृक्ष की तरह ,,
इदामति— ,, इस तरह ,,

राजानति—वह राजा की तरह आचरण करता है।
पथीनति— „ मार्ग की तरह „
मथीनति— „ मन्थन दण्ड की तरह „
ऋभुक्षीणति—वह इन्द्र की तरह „
देवति, द्यवति—„ स्वर्ग „
कति—ब्रह्मा, क (जल) की „
स्वति—वह अपनी तरह आचरण करता है।
भृशायते—वह (थोड़े से) अधिक होता है।
सुमनायते—वह उदार होता है।
उन्मनायते—वह उदास होता है।
ओढायित्वा—ढोये हुए की तरह आचण करके।
औक्षीयत्—उसने एक गाय चाही।
औंकारीयत्—उसने ओंकार चाहा।
औढीयत्—उसने ढोने वाले को चाहा।
लोहितायति,लोहितायते—वह लाल होता है।
पटपटायति, पटपटायते—वह पट पट शब्द करता है।
श्यामायते—वह काला होता है।
लोहिनीयति, लोहिनीयते—वह लाल होती है।
कष्टायते—वह कष्ट (पाप) करने में प्रवृत्त होता है।
सत्रायते—वह पाप करना चाहता है।
कक्षायते— „ „ „
रोमन्थायते—पगुरी, जुगाली करता है।
कीटो रोमन्थं वर्तयति—कीड़ा निकले हुए मल की गोली वनाता है।
तपस्यति—तप करता है।
वाष्पायते—आँसू वहाता है।
ऊष्मायते—भाप निकालता है।
फेनायते—फेन निकालता है।
शब्दायते, शब्दयति—शब्द करता है।
सुदिनायते—अच्छा दिन करता है।
सुखायते—सुखी होता है, सुख का अनुभव करता है।
दुःखायते—दुःखी होता है, दुःख का अनुभव करता है।
परस्य सुखं वेदयते—दूसरे के सुख को जानता है।
नमस्यति देवान्—देवों को नमस्कार करता है।
वरिवस्यति गुरून्—गुरुजनों का आदर या सेवा करता है।
चित्रीयते—चकित करता है।
उत्पुच्छयते—पूँछ उठाता है।
विपुच्छयते—पूँछ इधर उधर करता या हिलाता है।
परिपुच्छयते—पूँछ चारों तरफ करता या हिलाता है।
संभाण्डयते—वह बर्तनों को इकट्ठा करता है।
सञ्चीवरयते—वह चिथड़ा इकट्ठा करता या पहिनता है।
मुण्डयति—वह बाल बनाता है।
पयोव्रतयति—वह दुग्धाहार करता है।
शूद्रान्नं व्रतयति—वह शूद्रान्न का त्याग करता है।
संवस्त्रयति—वह वस्त्र पहिनता है।
हलयति ३-१-२१—वह बड़े हल का प्रयोग करता है।
कलयति—वह पासे का प्रयोग करता है अथवा कलह करता है।
कृतयति—वह उपकार मानता है।
वितूस्तयति—वह बालों को अथवा जटा को कंघी से साफ करता है अथवा पाप से मुक्त होता है।
मुण्डयति माणवकम्—वह लड़के को मूँड़ता है।
मिश्रयत्यन्नम्—वह अन्न (भोजन) को मिलाता है।
श्लक्ष्णयति वस्त्रम्—वह वस्त्रको चिकना करता है।
लवणयति व्यञ्जनम्—वह मसाले में नमक डालता है।
सत्यापयति—वह साई लेता हैं।
अर्थापयति—धन की तरह व्यवहार करता है, अर्थात् सावधानी से छिपाता है।
वेदापयति—वह वेद पढ़ाता या वेद का ज्ञान कराता है।
विपाशयति—वह पाश से मुक्त करता है या पाश ढीला करता है।
रूपयति—रूप या आकार या कोई वस्तु देखता है।
उपवीणयति—वीणा के साथ गाता है।
अनुतूलयति— ब्रुश (कुँची) से साफ करता है।
उपश्लोकयति—श्लोकों से प्रशंसा करता है।
अभिषेणयति—सेना के साथ चढ़ाई करता है।
अनुलोमयति—रोएँ साफ करता है।
त्वचयति—त्वचा निकालता है।
सञ्चर्मयति—चमड़े से बाँधता है या मढ़ता है।
वर्णयति—रंग लेता है।
अवचूर्णयति—आटे या धूल से ढाँकता है।
एतयति—मृगी कहता है।

दारदयति—दरद कहता है।
प्रथयति—पृथु (स्थूल) करता या कहता है।
म्रदयति—मृदु (कोमल) ,, ,,
भ्रशयति—भृश (अधिक) ,, ,,
क्रशयति—कृश (दुर्बल) ,, ,,
द्रढयति—दृढ़ (मजबूत) ,, ,,
परिव्रढयति—दृढ़ (मजबूत) या स्वामी की व्याख्या करता या कहता है।

औजिढत् , औजढत्—विवाहित किया या कहा।
औडढत्— ,, ,,
स्वापयति—अपना बनाता है।
त्वापयति—तुम्हारा बनाता है।
मापयति—मेरा बनाता है।
त्वादयति—तुम्हारा बनाता है।
मादयति—मेरा बनाता है।
युष्मयति—तुम दोनों का बनाता है।
अस्मयति—हम दोनों का बनाता है।
शांवयति, शुनयति—कुत्ता कहता या बनाता है।
विद्वयति, विदयति—विद्वान् कहता या बनाता है।
उदीचयति—उत्तर की व्याख्या करता या कहता है।
प्रतीचयति—पश्चिम की व्याख्या करता या कहता है।
समीचयति—साथ जाने वाले की व्याख्या करता या कहता है।
तिराययति—पत्तियों की व्याख्या करता या कहता है।
सध्राययति—मित्र की व्याख्या करता या कहता है।
अविविष्वद्र्यायत्—सर्वव्यापक की व्याख्या किया या कहा।
अदिदेवद्र्यायत्—देव भक्तों की व्याख्या किया या कहा।
आदद्र्यायत्—उस ओर जाने वाले अथवा उसपर आसक्त की व्याख्या किया है।

आदमुआययति, अमुमुआययति—उस ओर जाने वाले की व्याख्या करता है।

मावयति—पृथ्वी कहता है या पृथ्वी की व्याख्या करता है।
भ्रवयति—भौंह कहता है या भौंह की व्याख्या करता है।
श्राययति—लक्ष्मी कहता या व्याख्या करता है।

अजूगवत्—गाय की व्याख्या की या गाय कहा।
अरीरयत्—धन की व्याख्या की या धन कहा।
अनूनवत्—नाव की व्याख्या की या नाव कहा।
स्वाश्वयत्—सुन्दर घोड़े वाले की व्याख्या की या कहा।
स्वयति—स्वर्ग कहता या स्वर्ग की व्याख्या करता है।

भावयति—बहुत्व की व्याख्या करता या कहता है।
स्रजयति—मालावाले को बुलाता है।
श्रयति—लक्ष्मी वाले को बुलाता है।
पयसयति—दूधवाली गाय को बुलाता है।

स्थवयति—स्थूल कहता है या स्थूल की व्याख्या करता है।
दवयति—दूर कहता है या दूर की ,,
यवयति—युवक कहता है या युवक की ,,
कनयति—छोटा ,, छोटे की ,,
नेदयति—समीप ,, समीप ,,
साधयति—ठीक ,, ठीक ,,
प्रशस्ययति—प्रशंसनीय,, प्रशंसनीय ,,
ज्यापयति—वड़ा ,, बड़े की ,,
वंहयति—अधिक ,, अधिक ,,
प्रापयति—प्रिय ,, प्रिय ,,
स्थापयति—स्थिर ,, स्थिर ,,
स्फापयति—अधिक ,, अधिक ,,
गरयति—गुरु ,, गुरु ,,
वर्षयति—बड़ा ,, वड़ा ,,
त्रापयति, भापयति—शीघ्र,, शीघ्र ,,
द्राघयति—लम्बा ,, लम्बे ,,
वृन्दयति—देवता ,, देवता ,,

इति नामधातुप्रकरणम्।

अथ कण्वादिप्रकरणम्

कण्डूयति, कण्डूयते—खुजलाता है।
मन्तूयति, मन्तूयते—क्रोध या अपराध करता है।

वल्गूयति—प्रशंसा या आदर करता है। सुन्दर या सुकुमार होता है।

अस्यति, असूयति, असूयते—डाह करता है।

लेटयति, लोटयति—धोखा देता, प्रथम आता, सोता या चमकता है।

इरस्यति, इरज्यति—डाह करता, अशिष्टता से व्यवहार करता है।

ईर्यति, ईर्यते—यात्रा समाप्त करता है।

मेधायति—शीघ्र समझता है।

कुषुभ्यति—फेंकता है, गाली देता है, घृणा करता है।

सुख्यति—सुख का अनुभव करता है।

दुःख्यति—दुःख का अनुभव करता है।

मगध्—घेरना।

तन्तस् , पम्पस्—दुःखी होना।

सपर्—पूजा करना।

अरर्—आरा चलाना।

भिषज्—दवा करना, चिकित्सा करना।

भिष्णज्—सेवा करना, पूजा करना, आदर करना, अभ्यास करना, अनुसरण करना।

इषुध्—वाण रखना, प्रार्थना करना, माँगना, चाहना।

चरण् , वरण्—जाना।

चुरण्—चुराना।

तुरण्—शीघ्रता करना।

भुरण्—धारण करना, सहारा देना।

गद्गद—जवान लड़खड़ाना।

एला, केला, खेला, इल्—क्रीड़ा करना।

लेखा—लड़खड़ाना।

लिट् छोटा होना, निन्दा करना।

लाट्—जीवित रहना।

हृणीङ्—क्रुद्ध होना, लज्जित होना।

महीङ्—पूजित या आदृत होना।

रेखा—प्रशंसा करना, प्राप्त करना, चापलूसी करना, कष्ट देना।

द्रवस्—कष्ट देना, सेवा करना, प्रतीक्षा करना।

तिरस्—लुप्त होना।

अगद्—रोग मुक्त होना।

उरस्—बलवान् होना।

तरण्—जाना।

पयस्—बहना।

संभूयस्—अधिक होना।

अंवर, संवर—एक साथ लाना, इकट्ठा करना।

इति कण्ड्वादिप्रकरणम्।

अथ प्रत्ययमालाप्रकरणम्

कण्डूयियिषति—खुजलाना चाहता है।

पुपुत्रीयिषति, पुतित्रीयिषति—पुत्रवान् होना चाहता है।

अशिश्वीयिषति, अश्वीयियिषति—घोड़ा वाला होना चाहता है।

इन्दिद्रीयिषति, इन्द्रीयियिषति—इन्द्रियवान् होना चाहता है।

चिचन्द्रीयिषति, चन्दिद्रीयिषति, चन्द्रीयियिषति—चन्द्रवान् होना चाहता है।

पिप्रापयिषति, प्रापिपयिषति, प्रापयियिषति—प्रिय कहने के लिए प्रेरित करना चाहता है।

विवारयिषति, वारिरयिषति, वारयियिषति—उरु कहने के लिए प्रेरित करना चाहता है।

बोभूयिषयिषति, बोभूययियिषति—बार-बार होने के लिए प्रेरित करना चाहता है।

इति प्रत्ययमालाप्रकरणम्।

अथ आत्मनेपद-प्रकरणम्

आस्ते १-३-१२—बैठता हैं।

शेते „ सोता या लेटता है।

बभूवे १-३-१३—हुआ।

अनुबभूवे „ अनुभव किया गया।

व्यतिलुनीते १-३-१४-दूसरे के काटने योग्य (लकड़ी) को स्वयं काटता है।

व्यतिस्ते „ दूसरे के स्थान पर वह स्वयं बैठा है।

व्यतिराते „ दूसरे के स्थान पर वह स्वयं देता है।

व्यतिमाते, „ दूसरे के स्थान पर वह स्वयं नापता है।

व्यतिगच्छन्ति १-३-१५--वे एक दूसरे के विरुद्ध जाते हैं।

व्यतिघ्नन्ति „ वे एक दूसरे को मारते हैं।

व्यतिहसन्ति „ वे एक दूसरे को हँसते हैं।

व्यतिजल्पन्ति „ वे एक दूसरे को बकते हैं।

संप्रहरन्ते राजानः „ राजा लोग परस्पर प्रहार करते हैं।

इतरेतरस्यान्योन्यस्य परस्परस्य वा

व्यतिलुनन्ति १-३-१६—वे हर एक को, एक दूसरे को या परस्पर काटते हैं।

निविशते १-३-१७--वह भीतर प्रवेश करता है।

परिक्रीणीते १-३-१८--खरीदता हैं।

विक्रीणीते „ बेचता है।

अवक्रीणीते „ खरीदता है।

विजयते १-३-१९—जीतता है।

पराजयते „ जीतता है।

विद्यामादत्ते १-३-२०—वह विद्या ग्रहण करता है।

मुखं व्याददाति „ वह मुँह खोलता है।

विपादिकां व्याददाति „ वह बिवाई को खोलता है।

नदी कूलं व्याददाति „ नदी तट को तोड़ती हैं।

व्याददते पिपीलिकाः पतङ्गस्य मुखम् १-३-२०—चीटियाँ पतङ्ग के मुँह को खोलती हैं।

अनुक्रीडते १-३-२१—वह खेलता है।

संक्रीडते „ वह एक साथ खेलता है।

परिक्रीडते „ खेलता है।

व्याक्रीडते „ खेलता है।

माणवकमनुक्रीडति „ बालक के साथ खेलता है।

संक्रीडति चक्रम् „ पहिया चरचराता है।

आगमयस्व तावत् „ तवतक प्रतीक्षा करो।

धनुषि शिक्षते „ धनुर्विद्या में अन्वेषण करता है।

सर्पिषो नाथते „ घी पाने के लिए आशीष देता हैं।

पैतृकमश्वा अनुहरन्ते „ घोड़े अपने बाप के अनुहार होते हैं।

मातृकं गावः „ बैल अपमी माँ के अनुहार होते हैं।

मातुरनुहरति „ माता से मिलता जुलता है।

अपस्किरते वृषो हृष्टः ६-१-१४२—बैल हर्ष के कारण पृथ्वी खोदता है।

„ कुक्कुटो भक्षार्थी „ मुर्गा भोजन के लिए पृथ्वी कुरेदता है।

„ श्वा आश्रयार्थी „ कुत्ता बैठने के लिए पृथ्वी खुरचता है।

अपकिरति कुसुमम् „ वह फूल बिखेरता है।

गजोपकिरति „ हाथी धूल उड़ाता है।

आनुते „ बोलता है।

आपृच्छते „ प्रश्न करता है।

कृष्णाय शपते „ कृष्ण को बुरा भला कहता है।

संतिष्ठते १-३-२२—साथ ठहरता है। समाप्त होता है (बाल० मनो०)।

अवतिष्ठते „ शान्ति से प्रतीक्षा करता है।

प्रतिष्ठते „ प्रस्थान करता है।

वितिष्ठते १-३-२२—अलग खड़ा होता है।
शब्दं नित्यमातिष्ठते ,, शब्द को नित्य जानता है।
गोपी कृष्णाय तिष्ठते १-३-२३—गोपी कृष्ण से अपनी इच्छा प्रकट करती है।
संशय्य कर्णादिषु तिष्ठते यः ,, जो (दुर्योधन) सन्देह के समय कर्ण आदि को निर्णायक मानता है।
मुक्तावुत्तिष्ठते १-३-२४—मुक्ति के लिए प्रयत्न करता है।
पीठादुत्तिष्ठति ,, आसन से उठता है।
ग्रामाच्छतमुत्तिष्ठति ,, गाँव से सौ रुपया प्राप्त होता है।
आग्नेय्या आग्नीध्रमुपतिष्ठते १-३-२५—आग्नेयी ऋचाओं से आग्नीध्र अग्नि की स्तुति करता है।
भर्तारमुपतिष्ठति यौवनेन ,, युवावस्था के कारण पति के पास जाती है।
आदित्यमुपतिष्ठते ,, आदित्य की उपासना करता है।
गङ्गा यमुनामुपतिष्ठते ,, गंगा यमुना में मिलती है।
रथिकानुपतिष्ठते ,, रथिकों का संघ बनाता है।
पन्थाः स्रुघ्नमुपतिष्ठते ,, मार्ग स्रुघ्न जाता है।
भिक्षुकः प्रभुमुपतिष्ठते, उपतिष्ठति वा—भिक्षुक कुछ पाने की आशा से धनिक मालिक के घर उपस्थित होता है।
भोजनकाले उपतिष्ठते १-३-२६—भोजन के समय उपस्थित हो जाता है।
उत्तपते, वितपते १-३-२७—चमक जाता है।
उत्तपते, वितपते पाणिम् ,, हाथ को गर्म करता है।
सुवर्णमुत्तपत्ति ,, सोने को तपाता है।
चैत्रो मैत्रस्य पाणिमुत्तपति ,, चैत्र मैत्र के हाथ को गर्म करता है।
आयच्छते १-३-२८—फैलाता या फैलता है।
आहते ,, मारता है।
परस्य शिर आहन्ति ,, दूसरे के सिर पर प्रहार करता है।

आवधिष्ट २-४-४४—मारा।
आहत १-२-१४—मारा।
उदायत १-२-१५—प्रकाशित कर दिया, सूचित कर दिया।
उदायंस्त पादम् ,, पैर को उठाया।
संगच्छते १-३-२९—मिलता है।
समृच्छते १-२-१३—एकत्र करता है।
ग्रामं संगच्छति ,, गाँव जाता है।
संविदे ७-१-७—जानता है।
संविद्रते ,, जानते हैं।
सम्पृच्छते ,, पूछता है।
संस्वरते ,, दोष लगाता है।
मासमृत ,, मत जाओ।
संशृणुते ,, ध्यान से सुनता है।
सम्पश्यते ,, ध्यान से देखता या विचार करता है।
वहतिभारम् ,, बोझा ढोता है।
नदी वहति ,, नदी वहती है।
जीवति ,, जीता है।
नृत्यति ,, नाचता है।
मेघो वर्षति ,, मेघ वरसता है।
हितान्न यः संशृणुते स किंप्रभुः ७-१-७—जो हितैषियों की (सलाह) नहीं सुनता, वह बुरा स्वामी है।
बन्धं निरस्यति, निरस्यते ,, बन्धन को फेंकता है।
समूहति, समूहते ,, अच्छी तरह विचार करता है, एकत्र करता है।
ब्रह्म समुह्यात् ७-४-२३—ब्रह्म का अच्छी तरह विचार करना चाहिये।
अग्निं समुह्य ,, अग्नि को अच्छी तरह एकत्र कर, जलाकर।
निह्वयते १-३-३०—ललकारता है।
कृष्णश्चाणूरमाह्वयते १-३-३१—कृष्ण चाणूर को ललकारता है।

पुत्रमाह्वयति—१-३-३१—पुत्रको बुलाता है।
उत्कुरुते १-३-३२—हानि पहुँचाने के लिए सूचना देता है।
श्येनो वर्तिका—
मुदाकुरुते „ बाज बटेर को बुरा भला कहता है।
हरिमुपकुरुते „ हरि की सेवा करता है।
परदारान्प्रकुरुते „ परस्त्री को अपने अधिकार में करता है, दूषित करता है।
एधोदकस्योपस्कुरुते „ ईंधन जल में नया गुण उत्पन्न करता है, उबालता है।
ईंधन जल के नये गुण को ग्रहण करता है, गीला करता है।
गाथाः प्रकुरुते „ कहानी, कथा कहता है।
शतं प्रकुरुते „ सौ रुपये दान देता है।
कटं करोति „ चटाई बनाता है।
शत्रुमधिकुरुते १-३-३३—शत्रु को क्षमा करता या जीतता है।
स्वरान्विकुरुते १-३-३४—स्वरों का उच्चारण करता है।
चित्तं विकरोति कामः „ काम चित्त में विकार उत्पन्न करता है।
छात्रा विकुर्वते १-३-३५—विद्यार्थी इच्छानुसार काम करते या इधर उधर घूमते हैं।
शास्त्रे नयते १-३-३६—शास्त्र के सिद्धान्त की शिक्षा देता है।
दण्डमुन्नयते „ लाठी उठाता है।
माणवकमुपनयते „ बालक को दीक्षा देता है।
तत्त्वं नयते „ तत्त्व का वर्णन करता है।
कर्मकरानुपनयते „ मजदूरों को मजदूरी पर काम में लगाता है।
करं विनयते „ कर (टैक्स) देता है।
शतं विनयते „ सौ रुपये दान देता है।
क्रोधं विनयते १-३-३७—क्रोध दबाता है।
गडुं विनयति „ गर्दन मोड़ता है।
ऋचि क्रमते बुद्धिः १-३-३८—उसकी बुद्धि ऋग्वेद में काम करती है।
अध्ययनाय क्रमते „ अध्ययन के लिए उत्साहित होता है।
क्रमन्ते ऽस्मिन् शास्त्राणि १-३-३८—शास्त्र इसमें बढ़ते हैं, प्रकाशित होते हैं।
उपक्रमते १-३-३९—बढ़ना प्रारम्भ करता है।
पराक्रमते „ आक्रमण करने के लिए बढ़ता है।
संक्रामति „ उन्नति करता है।
आक्रमते सूर्यः १-३-४०—सूर्य निकलता है।
आक्रामतिधूमो हर्म्यतलात् „ छत से धुआँ निकलता है।
साधु विक्रमते वाजी १-३-४१—घोड़ा अच्छी तरह दौड़ता है।
विक्रामति सन्धिः „ जोड़ खुलता है, अलग होता है।
प्रक्रमते १-३-४२—प्रारम्भ करता है।
उपक्रमते „ प्रारम्भ करता है।
प्रक्रामति „ जाता है।
उपक्रामति „ आता है।
क्रामति, क्रमते १-३-४३—जाता है।
शतमपजानीते १-३-४४—सौ रुपये के ऋण को मुकरता है।
सर्पिषो जानीते १-३-४५—घी से हवन करता है।
शतं सञ्जानीते १-३-४६—सौ रुपयों की आशा करता है।
शतं प्रतिजानीते „ सौ रुपयों की प्रतिज्ञा करता है।
मातरं मातुर्वा सञ्जानाति „ दुःख से माता की याद करता है।
शास्त्रे वदते १-३-४७—शास्त्र को व्याख्या करता है।
भृत्यानुपवदते „ नौकरों को राजी करता है सान्त्वना देता है।
शास्त्रे वदते „ शास्त्र का ज्ञान प्राप्त करता है।
क्षेत्रे वदते „ खेत में परिश्रम करता है।
क्षेत्रे विवदन्ते „ खेत के विषयमें विवाद करते हैं।
उपवदते „ चाटुकारी करता है। प्रशंसा करता है।
सम्प्रवदन्ते ब्राह्मणाः १-३-४८—ब्राह्मण एक साथ बोलते हैं।
सम्प्रवदन्ति खगाः „ चिड़िया चहचहाती हैं (एक साथ)।
अनुवदते कठः कलापस्य १-३-४९—कठ शाखा का ब्राह्मण कलाप शाखा की नकल करता है।

उक्तमनुवदति—१–३–४९—कहे हुए को दोहराता है।
अनुवदतिवीणा ,, वीणा वजती है।
विप्रवदन्ते,
विप्रवदन्ति वा वैद्याः १–३–५०—वैद्यों की भिन्न भिन्न राय है, ऐकमत्य नहीं है।
अवगिरते १–३–५१—निगलता है।
शब्दं नित्यं संगिरन्ते १–३–५२—शब्द को नित्य मानता है
संगिरति ग्रासम् ,, ग्रास को निगलता है।
धर्ममुच्चरते १–३–५३—धर्म या कर्तव्य से विमुख होता है।
वाष्पमुच्चरति ,, भाप ऊपर उठता है।
रथेन सञ्चरते १–३–५४—रथ से जाता है।
दास्या संयच्छते १–३–५५—दासी को (धन) देता है।
रथेन समुदाचरते ,, रथ पर चलता है।
दास्या संप्रयच्छते ,, दासी को (धन) देता है।
भार्यामुपयच्छते १–३–५६—पत्नी को स्वीकार करता या जानता है, पत्नी से व्याह करता है।
रामः सीतामुपायत, उपायंस्त वा १–२–१६—रामने सीता को व्याहा।
धर्मं जिज्ञासते १–३–५७—धर्म जानना चाहता है।
शुश्रूषते ,, ,, सेवा करना चाहता है।
सुस्मूर्षते ,, ,, स्मरण करना चाहता है।
दिदृक्षते ,, ,, देखना चाहता है।
पुत्रमनुजिज्ञासति १-३-५८—पुत्र के विषय में जानना चाहता है।
सर्पिषोनुजिज्ञासते ,, घी से हवन करना चाहता है।
प्रतिशुश्रूषति, आशुश्रूषति १–२–५९ प्रतिज्ञा करना चाहता है।
देवदत्तं प्रतिशुश्रूषते ,, देवदत्त से प्रतिज्ञा करना चाहता है।
एदिधिषते १–३–६२—उन्नति करना चाहता है।
शिशयिषते ,, सोना या लेटना चाहता है।
निविविक्षते ,, घुसना चाहता है।
बुभूषति ,, होना चाहता है।
शिशयिषति ,, लेटना चाहता है।

मुमूर्षति ,, मरना चाहता है।
एधाञ्चक्रे १–३–६३—उन्नति किया, बढ़ा।
प्रयुङ्क्ते १–३–६४—प्रयोग करता है।
उपयुङ्क्ते ,, उपयोग में लाता है।
उद्युङ्क्ते ,, उद्योग, प्रयत्न करता है।
नियुङ्क्ते ,, नियुक्त करता है।
द्वन्द्वंन्यञ्चि
पात्राणि प्रयुनक्ति ,, यज्ञ में दो दो वार पात्रों को उलट कर प्रयोग करता है।
संक्ष्णुते शस्त्रम् १–३–६५—शस्त्र को तीखा (तेज) करता है।
ओदनं भुङ्क्ते १–३–६६—भात खाता है।
बुभुजे पृथिवीपालः
पृथिवीमेव केवलाम् ,, राजा ने केवल पृथ्वी का भोग किया।
वृद्धोजनो—
दुःखशतानि भुङ्क्ते ,, बुड्ढे आदमी सैंकड़ों प्रकार के दुःखों को भोगते हैं।
महीं भुनक्ति ,, पृथ्वी की रक्षा करता है।
पश्यन्ति भवं भक्ताः १–३–६७—भक्त परब्रह्म को देखते हैं।
दर्शयन्ति भवं भक्ताः ,, भक्त परब्रह्म को दिखाते हैं अर्थात् देखते हैं।
दर्शयते भवः ,, परब्रह्म स्वयं दिखाई देता है।
आरोहयते हस्ती ,, हाथी झुकता है।
आरोहन्ति
हस्तिनं हस्तिपकाः ,, महावत हाथी को झुकाते हैं।
आरोहति हस्ती ,, हाथी झुकता है।
आरोहयन्ति ,, झुकाते हैं
दर्शयति भवः ,, परब्रह्म स्वयं दीखता है।
आरोहयति हस्ती ,, हाथी स्वयं झुकता है।
दर्शयते ,, दीखता है।
आरोहयते ,, झुकता है।

स्मरति वनगुल्मं कोकिलः १–३–६९—कोयल वनवृक्ष को दुःख के साथ स्मरण करती है।

स्मरयति वनगुल्मः ,, बनवृक्ष स्वयं स्मरण किया जाता है।

माणवकं गर्धयते

वञ्चयते वा १–३–६८,६९—बालक को धोखा देता है।

श्वानं गर्धयति ,, कुत्ते को लालची बनाता है।

अहिं वञ्चयति ,, साँप से बचता है।

पदं मिथ्या कारयते १–३–७१—बार बार शब्द का अशुद्ध उच्चारण करता है।

पदं सुष्ठु कारयति ,, शब्द का शुद्ध उच्चारण करता है।

सकृत्पदं मिथ्या कारयति ,, एक वार शब्द का अशुद्ध उच्चारण करता है।

यजते १–३–८२—अपने लिए यज्ञ करता है।

सुनुते ,, अपने लिए सोम निचोड़ता है।

ऋत्विजो यजन्ति ,, ऋत्विज् दूसरे के लिए यज्ञ करते हैं।

सुन्वन्ति ,, दूसरे के लिए सोम निचोड़ते हैं।

न्यायमपवदते १–३–७३—न्याय को त्यागता है।

अपवदति ,, बुराभला कहता है।

कारयते १–३–७४—अपने लिए बनवाता है।

व्रीहीन् संयच्छते १–३–७५—धान इकट्ठा करता है।

भारमुद्यच्छते ,, बोझा उठाता है।

वस्त्रमायच्छते ,, वस्त्र खींचता या निकालता है।

उद्यच्छति वेदम् ,, वेद जानने के लिए प्रयत्न करता है।

व्रीहीन् संयच्छति ,, दूसरों के लिए धान इकट्ठा करता है।

गा जानीते १–३–३६—अपनी गाय पहिचानता है।

स्वर्गलोकं न प्रजानाति ,, स्वर्गलोक को नहीं जानता है।

इत्थं नृपः पूर्वं मवालुलोचे

ततोऽनुजज्ञे गमनं सुतस्य—राजाने पहिले इस प्रकार सोचा फिर पुत्र के जाने की अनुमतिदी।

स्वं यज्ञं यजति, यजतेवा १–३–७७—अपना यज्ञ करता है।

स्वं कटं करोति कुरुते वा ,, अपनी चटाई बनाता है

स्वं पुत्रमपवदति, अपवदते वा ,, अपने को बुरा भला कहता है।

स्वं यज्ञं कारयति, कारयते वा ,, अपना यज्ञ करता है।

स्वं व्रीहिं संयच्छति संयच्छते ,, अपना धान इकट्ठा करता है।

स्वां गां जानाति, जानीते वा ,, अपनी गाय को पहिचानता है।

इत्यात्मनेपदप्रकरणम्

अथ परस्मैपदप्रकरणम्

अत्ति १–३–७८—खाता है।

अस्ति ,, है।

अनुकरोति १–३–७९—नकल करता है।

पराकरोति ,, अच्छी तरह करता है।

अभिक्षिपति १–३–८०—ऊपर की ओर फेंकता है।

प्रतिक्षिपति ,, उलटता या अस्वीकार करता है।

अतिक्षिपति ,, बाहर फेंकता है।

प्रवहति १–३–८१—बहता है।

परिमृष्यति १–३ ८२—सहता या क्रुद्ध होता है।

विरमति १–३–८३—विश्राम करता है।

उपरमति ,, प्रसन्न होता है।

परिरमति ,, क्रीड़ा करता है।

यज्ञदत्तमुपरमति १–३–८४—यज्ञदत्त को रुकवाता है।

उपरमति, उपरमते वा–१–३-८५—रुकता है, बन्द होता है।

बोधयति पद्मम् १–३–८६—कमल को विकसित करता है।

योधयति काष्ठानि १-३-८६—लकड़ियों को वजाता है।
नाशयति दुःखम् ,, दुःख को नष्ट करता है।
जनयति सुखम् ,, सुख उत्पन्न करता है।
अध्यापयति ,, पढ़ाता है।
प्रावयति ,, प्राप्त कराता है।
द्रावयति ,, पिघलाता है।
स्रावयति ,, टपकाता है।
निगारयति १-३-८७—निगलवाता है।
आशयति ,, खिलाता है।
भोजयति ,, खिलाता है।
चलयति ,, चलाता या हिलाता है।
कम्पयति ,, हिलाता है।
आदयते देवदत्तेन ,, देवदत्त से खाया जाता है।
आदयत्यन्नं वटुना ,, बालक से अन्न खाया जाता है।
गोपी कृष्णं शाययति १-३-८८—गोपी कृष्ण को सुलाती है।
पाययते १-३-८९—पिलाता है।
दमयते ,, पालतू वनाता है।
आयामयते ,, लम्वा करता है।
आयासयते ,, कष्ट देता है।

परिमोहयते १-३-८९—लुभाता या मोहित करता है।
रोचयते ,, रोचक बनाता है।
नर्तयते ,, नचाता है।
वादयते ,, बुलवाता है।
वासयते ,, रहवाता है।
धापयेते शिशुमेकंसमीची ,, दो खरगोश एक बच्चे को पिलाती हैं।
वत्सान् पाययति पयः ,, बछड़ों को दूध पिलाता है।
दमयन्ती कमनीयतामदम् ,, रमणियों के सौंदर्य के मद को चूर चूर करती हुई।
भिक्षां वासयति ,, भीख पर रहवाता है।
लोहितायति, लोहितायते १-३ ९०—लाल होता है।
अद्युतत्, अद्योतिष्ट १-३ ९१—चमका।
वर्त्स्यति, वर्तिष्यते १-३-९२—रहेगा।
विवृत्सति, विवर्तिषते ,, रहना चाहता है।
कल्प्ता १-३-९३—योग्य होगा।
कल्प्स्यति ,, योग्य होगा।
कल्पिष्यते, कल्प्स्यते ,, योग्य होगा।
चिक्लृप्सति ,, योग्य होना चाहता है।

इति परस्मैपदप्रकरणम्

अथ भावकर्मतिङ्प्रकरणम्

त्वया मया अन्यैश्च भूयते ४-१-६७—तुमसे मुझसे और दूसरों से हुआ जाता है।
अनुभूयते आनन्दश्चैत्रेण त्वया मया च २-१-६६—तुमसे मुझसे और चैत्र से आनन्द का अनुभव किया जाता है। अर्थात् तुम, मैं और चैत्र आनन्द का अनुभव करते हैं।
भाव्यते ,, हुआ जाता है।
बुभूष्यते ,, होने की इच्छा की जाती है।
बोभूयते ,, बारबार हुआ जाता है।
स्तूयते विष्णुः ,, विष्णु की स्तुति की जाती है।

अर्यते २-१-६६—जाया जाता है।
स्मर्यते ,, स्मरण किया जाता है।
संस्क्रियते ,, संस्कार किया जाता है।
स्रस्यते ,, गिराया जाता है, खिसकाया जाता है।
शय्यते ,, सोया या लेटा जाता है।
तायते, तन्यते ६-४-४४—बढ़ाया या फैलाया जाता है।
जायते, जन्यते ६-४-४३—पैदा किया जाता है।
अन्वतप्त पापेन ३-१-६५—पापी द्वारा पश्चात्ताप किया गया।
दीयते ,, दिया जाता है।

धीयते ३-१-६५—धारण किया या पकड़ा जाता है।
जग्ले ,, दुःखी हुआ, दुःख किया गया।
हन्यते ,, मारा जाता है।
गृह्यते ,, पकड़ा जाता या ग्रहण किया जाता है।
दृश्यते ,, देखा जाता है।
शम्यते मोहो मुकुन्देन—मुकुन्द द्वारा मोह दवाया जाता या दूर किया जाता है।
शंशम्यते ६-४-९३—वार वार दवाया जाता है।
दम्यते ,, शान्त किया या दमन किया जाता है।
अजागारि ,, जागा गया।
अमाजि, अमञ्जि ,, तोड़ा गया।
अलाभि, अलम्भि—पाया गया।

गौर्दुह्यते पयः—गाय से दूध दुहा जाता है।
अजा ग्रामं नीयते, ह्रियते, कृष्यते, उह्यते वा—वकरी गाँव में ले जाई जाती है।

वोध्यते माणवकं धर्मः
माणवको धर्ममिति वा—वालक को धर्म समझाया जाता है।
भोज्यते माणवकमोदनम्, माणवक ओदनं वा—बालक को भात खिलाया जाता है।

देवदत्तो ग्रामं गम्यते—देवदत्त द्वारा गाँव जाया जाता है।
मासो मासे वा आस्यते देवदत्तेन—देवदत्त द्वारा महीने भर वैठा जाता है।
मासमास्यते माणवकः—वालक महीने भर बैठाया जाता है।

इति भावकर्मतिङ्प्रकरणम्

अथ कर्मकर्तृतिङ्प्रकरणम्

साध्वसिश्छिनत्ति—तलवार अच्छा काटती है।
काष्ठानि पचन्ति—लकड़ी (ईंधन) पकाती है।
स्थाली पचति—पतीली पकाती है।
पच्यते ओदनेन—चावल द्वारा पका जाता है अर्थात् चावल पकता है।
भिद्यते काष्ठेन—लकड़ी द्वारा टूटा जाता है अर्थात् लकड़ी टूटती है।
पच्यते ओदनः ३-१-८७—भात पकता है।
भिद्यते काष्ठम्—लकड़ी टूटती है।
भेत्तव्यं कुसूलेन—कुसूल (कोठिला को टूटना चाहिए।
गच्छति ग्रामः—गाँव जाता है।
आरोहति हस्ती—हाथी झुकता है।
अधिगच्छति शास्त्रार्थःस्मरति श्रद्दधाति वा
यत्कृपावशतस्तस्मै नमोऽस्तुगुरवेसदा—उस गुरुदेव को सदा नमस्कार है जिसकी कृपा से शास्त्रों का भाव समझा जाता है, स्मरण किया जाता है तथा विश्वास होता है।

करिष्यते घटः—घड़ा बनाया जायगा।
अन्योन्यं स्पृशतः—एक दूसरे को छूता है।
अजा ग्रामं नयति—वकरी गाँव जाती है।
गौः पयो दुग्धे ३-१ ८९—गाय स्वयं दूध छोड़ती है।
अकारि, अकृत ३-१-६२—स्वयं बना।
अदोहि ३-१-६३—स्वयं दूध छोड़ा।
उदुम्बरः फलं पच्यते ,, गूलर का फल पकता है।
सृज्यते स्रजं भक्तः ,, भक्त माला बनाता है।
युज्यते ब्रह्मचारी योगम् ,, ब्रह्मचारी योग साधन करता है।
अलंकुरुते कन्या ,, कन्या अपने को सजाती है।
अवकिरते हस्ती ,, हाथी धूल उड़ाता है।
गिरते ,, निगलता है।
आद्रियते ,, आदर किया जाता है।

चिकीर्षते कटः ३-१-६३—चटाई बनना चाहती है।
अवारुद्ध गौः ३-१ ६४—गाय स्वयं रोकी गई।
अवारोधि गौर्गोपेन ,, गोप द्वारा गाय रोकी गई।
तप्यते तपस्तापसः ३-१-८८—तपस्वी तप करता है।
उत्तपति सुवर्णं सुवर्णकारः ,, सोनार सोना तपाता है।
प्रस्नुते ३ १-८९—टपकता है।
नमते दण्डः ,, लाठी झुकती है।
कारयते ,, कराता है।
उच्छ्रयते दण्डः ,, लाठी उठती है।
कारिष्यते ,, किया जायगा।

उच्छ्रायिष्यते ,, उठाया जायगा।
ब्रूते कथा —कथा कही जाती है।
भारद्वाजीयाः पठन्ति—भारद्वाजीय पढ़ते हैं।
उत्पुच्छयते गौः—गाय पूँछ ऊपर उठाती है।
ग्रन्थति ग्रन्थम्—ग्रन्थ बनाता है।
श्रन्थति मेखलां देवदत्तः—देवदत्त मेखला ढीली करता है।
विकुर्वते सैन्धवा.—घोड़े हिनहिनाते हैं।
कुष्यति कुष्यते वा पादः—पैर स्वयं खिंचता है।
रज्यति रज्यते वा वस्त्रम्—वस्त्र स्वयं रँगा जाता है।
कुष्णाति पादं देवदत्तः—देवदत्त पैर खुजलाता है।

इति कर्मकर्तृतिङ्प्रकरणम्

अथ लकारार्थप्रकरणम्

स्मरसि कृष्ण गोकुले वत्स्यामः ३-२-११२—कृष्ण याद है? हम लोग गोकुल में रहे थे।
बुध्यसे, चेतयसे ३-२-११२—जानते हो? स्मरण है?
अभिजानासि कृष्ण यद्वने अभुञ्ज्महि ३-२-११३—कृष्ण, स्मरण करते हो हम लोगों ने वन में भोजन किया था।
स्मरसि कृष्ण वने वत्स्यामस्तत्र-गाश्चारयिष्यामः ३-२-११४—कृष्ण याद है जो हम लोग वनमें रहे और वहाँ गायों को चराया।
चकार ३-२-११५—किया।
सुप्तोऽहं किल विललाप ,, वास्तव में मैंने निद्रावस्था में बका झका।
बहु जगद पुरस्तात्तस्य मत्ता किलाहम् ,, मतवाली हुई मैंने उसके सामने बहुत कुछ बका झका।
कलिङ्गेष्ववात्सीः? ,, क्या तुम कलिंग में रहे?
नाहं कलिङ्गान् जगाम ,, मैं कलिंग जनपद गया भी नहीं, रहना तो दूर रहा।

इति हाकरोच्चकार वा ३-२-११६—उसने "ह" (हाय) यह कहा।
शश्वदकरोच्चकार वा ,, उसने उसे बराबर कहा।
अगच्छत् किम्, जगामकिम् ३-२ ११७—क्या अभी गया।
कंसं जघान किम् ,, क्या कृष्ण ने बहुत पहिले कंस को मारा था।
यजतिस्म युधिष्ठिरः ३-२-११८—युधिष्ठिर ने यज्ञ किया।
एवं स्म पिता ब्रवीति ३-२-११९—पिता ने ऐसा कहा।
अकार्षीःकिम् ३-२-१२०—क्या तुमने बनाया?
ननु करोमि भोः ,, हाँ मैंने बनाया।
अकार्षीःकिम् ३-२ १२१—क्या तुमने बनाया?
नकरोमि, नाकार्षम् ,, नहीं मैंने नहीं बनाया।
अहं नु करोमि, अहंन्वकार्षम् ,, हाँ, यदि मैंने बनाया तो क्या हुआ।
वसन्तीह पुरा छात्राः, अवात्सीः, ऊषुर्वा ३-२-१२२—यहाँ पहिले छात्र रहते थे।
यजतिस्म पुरा ,, पहिले यज्ञ किया था।
यावद्भुङ्क्ते ३-३-४—अवश्य खायगा।
पुरा भुङ्क्ते ,, ,,

यावद्दास्यते तावद्भोक्ष्यते—जब तक वह देगा तब तक खायगा।

पुरा यास्यति ,, नगर के साथ जायगा।

कदा कर्हि वा भुङ्क्ते, भोक्ष्यते,
भोक्ता वा ३-३-५—कब खायगा।

कं कतरं कतमं वा भोजयसि, भोजयिष्यसि,
भोजयितासि वा ३-३-६—तुम किसको, उन दोनों में किसको, अथवा उन सब में किसको खिलाओगे ?

कः पाटलिपुत्रं गमिष्यति, ३-३-६—कौन पटना जायगा।

योऽन्नं ददाति दास्यति दाता वा ३-३-७—जो अन्नदान करता है।

स स्वर्गं याति, यास्यति, याता वा ,, वह स्वर्ग जाता है।

कृष्णश्चेद्भुङ्क्ते त्वं गाश्चारय ३-३-८—यदि कृष्ण खायेंगे तो तुम गायों को चराओ।

मुहूर्तादुपरि उपाध्यायश्चेदागच्छेत्
आगमिष्यति आगन्ता वा
त्वंछन्दोऽधीष्व ३-३-९—यदि आचार्य दो घड़ो (४८ मिनट) बाद आते हैं तो तुम छन्दःशास्त्र पढ़ो।

कदा आगतोसि ३-३-१३१—कब आये हो ?

अयमागच्छामि, अयमागमम्—अभी आता या आया हूँ।

कदा गमिष्यत्ति—कब जाओगे।

एष गच्छामि, गमिष्यामि वा—अभी जाता हूँ या जाऊँगा।

देवश्चेद्वर्षति, अवर्षीत् वर्षिष्यति वा धान्यमवाप्स्म,
वपामःवप्स्यामो वा ३-३-१३२—यदि वर्षा होती है, हुई या होगी तो हम धान बोयेंगे।

वृष्टिश्चेत्क्षिप्रमाशुत्वरितं
वा यास्यति शीघ्रं वप्स्यामः ३-३-.३३—यदि शीघ्र वर्षा होती है तो हम शीघ्र बोयेंगे।

श्वः शीघ्रं वप्स्यामः—कल हम जल्दी बोयेंगे।

गुरुश्चेदुपेयादाशंसेऽधीयीय३-३-१३४- यदि अध्यापक आयेंगे मैं आशा करता हूँ कि पढूँगा।

आशंसे क्षिप्रमधीयीय ३-३-१३४—आशा करता हूँ शीघ्र पढूँगा।

यावज्जीवमन्नमदाद्दास्यति वा ३-३-१३४—जीवन पर्यन्त अन्न दिया।

येयं पौर्णमास्यतिक्रान्ता
तस्यामग्नीनाधित ,, जो यह पूर्णिमा व्यतीत हुई उसमें अग्निस्थापन किया।

सोमेनायष्ट—सोम याग किया।

योऽयमध्वा गन्तव्यः पाटलिपुत्रात्तस्य यदवरं कौशाम्ब्या-
स्तत्र सक्तून्पास्यामः ३-३-१३६—कौशाम्बी नगर से पटना जाने वाली सड़क के इस तरफ हम लोग सत्तू पीयेंगे।

योऽयं वत्सर आगामी तस्य यदवरमाग्रहायण्यास्तत्र-
युक्ता अध्येष्यामहे ३-३-१३७—आगामी वर्ष की अगहन की पूर्णिमा के इस तरफ हम लोग साथ साथ पढ़ेंगे।

योऽयं संवत्सर आगामी तस्य यत्परमाग्रहाय-
ण्यास्तत्राध्येष्यामहे ३-३-१३८—आगामी वर्ष की अगहन पूर्णिमा के उस तरफ हम पढ़ेंगे।

योऽयं मास आगामी तस्यऽवरः
पञ्चदशरात्रस्तत्राध्येतामहे ,, आगामी मास के पक्ष के इस तरफ पढ़ेंगे।

सुवृष्टिश्चेदभविष्यत्तदा
सुभिक्षमभविष्यत् ३-३-१३८—यदि वर्षा अच्छी हुई होती तो खूब अन्न हुआ होता।

अपि जायां त्यजसि ३-३-१४२—धिक्कार, तुमने अपनी भार्या को छोड़ा, छोड़ते हो या छोड़ोगे।

जातु गणिकामाधत्से ,, क्या वेश्या रक्खोगे।

कथं धर्मं त्यजेः त्यजसि वा ३-३-१४३—धर्म को कैसे छोड़ते हो ?

कथं नाम तत्रभवान् धर्ममत्यक्ष्यत् ,, श्रीमान् ने धर्म को क्यों छोड़ा।

क: कतर: कतमो वा हरिं
निन्देत् निन्दिष्यति वा ३-३-१४४—कौन हरि की निन्दा करेगा।

न सम्भावयामि न मर्षये वा भवान् हरिं
निन्देत् निन्दिष्यति वा ३-३-१४५—मैं विश्वास नहीं करता या मैं सह नहीं सकता कि आप हरि की निन्दा करेंगे।

नश्रद्दधे न मर्षये वा किं किल त्वं
शूद्रान्नं मोक्ष्यसे ३-३-१४६—मैं विश्वास नहीं करता या सहन नहीं कर सकता कि तुम शूद्रान्न खाओगे।

अस्ति भवति विद्यते
वा शूद्रीं गमिष्यति ,, क्या यह सम्भव है कि आप शूद्रा के पास जायेंगे?

जातु यद्यदा यदि वा त्वादृशो हरिं निन्देन्नाव-
कल्पयामि न मर्षयामि ३-३-१४७—न तो मैं विश्वास करता न सहन कर सकता हूँ कि तुम्हारे समान व्यक्ति हरि की निन्दा करने का साहस करे।

यच्च यत्र वा त्वमेवं कुर्या: न श्रद्दधे-
न मर्षयामि ३-३-१४८—न मैं विश्वास करता हूँ न सहन कर सकता हूँ कि तुम ऐसा करोगे।

यच्च यत्र वा त्वं शूद्रं याजये:,
अन्याय्यं तत् ३-३-१४९—तुम शूद्र को यज्ञ कराओ यह अन्याय्य है।

,, ,, ,, आश्चर्यमेतत् ३-३-१५०—यह आश्चर्य है।

आश्चर्यमन्धो नाम कृष्णं
द्रक्ष्यति ३-३-१५१—अन्धा कृष्ण को देखता है यह आश्चर्य है।

आश्चर्यं यदि मूको नामाधीयीत ,, यह आश्चर्य है यदि गूँगा पढ़ता है।

उत अपि वा हन्यादघं हरि: ३-३-१५२—नि:संदेह भगवान् पाप नष्ट करते हैं।

उत दण्ड: पतिष्यति ३-३-१५२—क्या लाठी गिरेगी?

अपिधास्यति द्वारम् ,, दरवाजा वन्द करता है।

कामो मे भुञ्जीत भवान् ३-३-१५३—यह मेरी इच्छा है कि आप भोजन करें।

कच्चिज्जीवति ,, मैं आशा करता हूँ वह जीवित है।

अपिगिरिं शिरसा भिन्द्यात् ३-३-१५४—मैं आशा करता हूँ वह सिर से पहाड़ को भी तोड़ देगा।

अलं कृष्णो हस्तिनं हनिष्यति ,, कृष्ण हाथी को भी मार सकेंगे।

सम्भावयामि भुञ्जीत भोक्ष्यते
वा भवान् ३-३-१५५—मैं आशा करता हूँ आप भोजन करेंगे।

सम्भावयामि यद्भु-
ञ्जीथास्त्वम् ,, ,, तुम भोजन करोगे।

कृष्णं नमेच्चेत्सुखं यायात् ३-३-१५६—यदि कृष्ण को नमस्कार करे तो वह सुख पायेगा।

कृष्णं नंस्यति चेत्सुखं यास्यति ,, ,, करेगा, ,,

हन्तीति पलायते ,, वह मारता है इसलिए वह भागता है।

इच्छामि भुञ्जीत भुङ्क्तां
वा भवान् ३-३-१५७ मैं चाहता हूँ कि आप भोजन करें।

इच्छन् करोति ,, चाहता हुआ वह करता है।

भुञ्जीयेतीच्छति ३-३-१५९—वह चाहता है कि वह भोजन करे।

इच्छति, इच्छेत् ३-३-१६०—वह चाहता है।

कामयेत्, कामयते ,, वह चाहता है।

यजेत ,, उसे यज्ञ करना चाहिए (विधि)।

इह भुञ्जीत भवान् ,, आप यहाँ भोजन करें (निमन्त्रण)।

इहासीत ,, यहाँ बैठे (कहना)।

पुत्रमध्यापयेद्भवान् ,, मैं प्रार्थना करता हूँ आप मेरे पुत्र को पढ़ायें।

किं भो वेदमधीयीय उत तर्कम् ३–३–१६०—क्या मैं वेद पढ़ूँ या तर्कशास्त्र ।

भो भोजनं लभेय ,, क्या मैं भोजन पा सकता हूँ (प्रार्थना) ।

भवता यष्टव्यम् ३–३–१६३—आपको यज्ञ करना चाहिए ।

भवान् यजताम् ,, आप यज्ञ करें ।

मुहूर्त्तादूर्ध्वं यजेत, यजताम्,

यष्टव्यं वा ३–३–१६४—एक घंटे बाद आप यज्ञ कर सकते हैं, या आपको यज्ञ करना चाहिए ।

ऊर्ध्वं मुहूर्ताद्यजतां स्म ,, एक घंटे के बाद आप यज्ञ कर सकते हैं या यज्ञ करना चाहिए ।

त्वं स्माध्यापय ३–३–१६६—मैं चाहता हूँ कि तुम पढ़ाओ ।

कालः समयो वेला वा यद्-

भुञ्जीत भवान् ३–३–१६८—यह समय है कि आप भोजन करें ।

त्वं कन्यां वहेः ३–३–१६९—तुम कन्या का विवाह कर सकते हो ।

भारं त्वं वहेः ३–३–१७२—तुम बोझा ढो सकते हो ।

मा कार्षीः ३–३–१७५—मत करो ।

कथं मा भवतु मा भविष्यतीति ,, न हो, न होगा ।

वसन्ददर्श ३–४–१—रहते हुए देखा ।

सोमयाज्यस्य पुत्रो भविता ,, उसे सोम यज्ञ करने वाला पुत्र पैदा होगा ।

याहि याहीति याति ३–४–२—जाओ, जाओ, कहकर जाता है अर्थात् निरन्तर जाता है ।

यातयातेति यूयं यात ३–४–२—जाओ जाओ कहकर जाते हैं अर्थात् निरन्तर जाते है ।

अधीष्वाधीष्वेत्यधीते—वह बहुत पढ़ता है ।

अधीध्वमधीध्वमितियूयमधीध्वम्—तुम लोग बहुत पढ़ते हो ।

सक्तूनपिब धानाःखादेत्यभ्यवहरति—वह सत्तू पीता है, लावा खाता है इस प्रकार खाता ही रहता है ।

अन्नं भुङ्क्ष्व दाधिकमास्वा-
दयस्वेत्यभ्यवहरति—चावल खाओ दही-बड़ा खाओ इस प्रकार वह खाता ही रहता है ।

पिबत खादतेत्यभ्यवहरति—पिओ, खाओ इस प्रकार खाता ही रहता है ।

भुङ्ध्वमास्वादयध्वमित्यभ्यवहरध्वम्—खाओ, चखो, इस प्रकार खाते ही रहते हो ।

सक्तून् पिबति—सत्तू पीता है ।

धानाःखादति—लावा खाता है ।

अन्नं भुङ्क्ते—भात खाता है ।

दाधिकमास्वादयते—दही बड़े चखता है ।

पुरीमवस्कन्द लुनीहि नन्दनं मुषाण रत्नानि हरामराङ्गनाः ।
विगृह्य चक्रे नमुचिद्विषा बली य इत्थमस्वास्थ्यमहर्दिवं दिवः॥

उसने नगर को घेर लिया, नन्दन वन के वृक्षों को नष्ट-भ्रष्ट कर डाला, रत्नों को लूट लिया, देवाङ्गनाओं का अपहरण कर लिया, इन्द्रशत्रु बलवान् उस रावण ने इन्द्र से विरोधकर उपर्युक्त प्रकार से स्वर्ग में दिन रात खलबली मचा दी ।

इति लकारार्थप्रकरणम्

अथ कृदन्तप्रकरणम्

एधितव्यम्, एधनीयं त्वया ३–१ ९६—तुमको बढ़ना चाहिए ।

चेतव्यश्चयनीयो वा धर्मस्त्वया ,, तुमको धर्म का संग्रह करना चाहिए ।

वास्तव्यः ३–१–९६— रहने वाला, निवासी ।

पचेलिमा माषाः, पक्तव्याः ,, पकाने योग्य उड़द ।

भिदेलिमाः सरलाः, भेत्तव्याः ,, काटने योग्य या तोड़ने योग्य देवदारु ।

प्रयाणीयम् ८-४-२९—जाने अथवा आक्रमण करने योग्य।
प्रमग्नः ,, डूबा हुआ।
निर्विण्णः ,, दुःखी, उदास।
प्रयापणीयम्, प्रयापनीयम् ८-४-३०—भेजे जाने योग्य।
प्रयाप्यमाणम् पश्य ,, भेजे जाते हुए व्यक्ति को देखो।
दुर्यानम् ,, बुरी तरह जाना।
दुर्यापनम् ,, बुरी तरह भेजना।
प्रकोपणीयम्, प्रकोपनीयम् ८-४-३१—क्रोध करने योग्य, क्रोध करना चाहिए
प्रोहणीयम् ,, अनुमान करना चाहिए।
प्रवपणीयम् ,, बोना चाहिए।
प्रेङ्खणीयम् ८-४-३२—हिलाना चाहिए, हिलाने योग्य।
प्रमङ्गनीयम् ,, खिसकना चाहिए, खिसकने योग्य।
प्रेन्वनम् ,, भेजना।
प्रोम्भणम् ,, बाँधना।
प्रणिंसितव्यम्, प्रनिंसितव्यम् ८-४-३३—चुम्बन करना चाहिए, चुम्बन करने योग्य।
प्रमानीयम् ८-४-३४—चमकना चाहिए, चमकने योग्य।
प्रभवनीयम् ,, होना चाहिए, होने योग्य।
प्रपवणीयः सोमः ,, सोम को शुद्ध करना चाहिए, शुद्ध करने योग्य।
प्रभापनीयम् ,, चमकाना चाहिए, चमकाने योग्य।
प्रख्यानीयम् ,, प्रसिद्ध करना चाहिए, प्रसिद्ध करने योग्य।
स्नानीयं चूर्णम् ३-३-११३—जिससे स्नान किया जाय वह चूर्ण।
दानीयो विप्रः ,, जिस ब्राह्मण को दान दिया जाय, दान देने योग्य।
चेयम् ३-१-९७—संग्रह करना चाहिए, संग्रह करने योग्य।
देयम् ६-४-६५—देना चाहिए, देने योग्य।
जेयम् ३-१-९७—जीतना चाहिए, जीतने योग्य।
ग्लेयम् ६-४-६५—खिन्न होना चाहिए, खिन्न होने योग्य।
तक्यम् ,, हँसना चाहिए, हँसने योग्य।
शस्यम् ,, मारना चाहिए, मारने योग्य।

चत्यम् ६-४-६५—माँगना चाहिए, माँगने योग्य।
यत्यम् ,, प्रयत्न करना चाहिए, प्रयत्न करने योग्य।
जन्यम् ,, उत्पन्न करना चाहिए, उत्पन्न करने योग्य।
वध्यः, घात्यः ,, मारना चाहिए, मारने योग्य।
शप्यम् ३-१-९८—शाप देना चाहिए, शाप देने योग्य।
लभ्यम् ,, प्राप्त करना चाहिए, प्राप्त करने योग्य।
आलम्भ्यो गौः ७-१-६५—मारने योग्य बैल।
उपलम्भ्यः साधुः ७-१-६६—प्रशंसा के योग्य साधु।
उपलभ्यः ,, प्राप्त करने योग्य।
शक्यम् ३-१-९९- कर सकने योग्य।
सह्यम् ,, सहने योग्य।
गद्यम् ३-१-१००—बोलने योग्य, गद्य।
मद्यम् ,, नशा करने योग्य, शराब।
चर्यम् ,, करने योग्य।
आचर्यो देशः ,, जाने योग्य देश।
आचार्यो गुरुः ,, शुश्रूषा के योग्य गुरु।
प्रयाम्यम् ,, रोकने या शासन में रखने योग्य।
नियम्यम् ,, ,, ,, ।
अवद्यं पापम् ३-१-१०१—न कहने योग्य (पाप)।
अनुद्यं गुरुनाम ,, न उच्चारण करने या न कहने योग्य गुरु का नाम।
पण्या गौः ,, बेचने योग्य गाय।
पाण्यम् ,, प्रशंसा के योग्य, प्रशंसनीय।
शतेन वर्या कन्या ,, सैकड़ों से विवाह करने योग्य कन्या।
वृत्यान्या ,, व्यक्ति विशेष से विवाह करने योग्य कन्या।
वह्यम् ३-१-१०२—सवारी।
वाह्यम् ,, ढोने योग्य अथवा जो ढो सके।
वोढव्यम् ,, ,, ,, ,, ।
अर्यः ३-१-१०३—स्वामी अथवा वैश्य।
आर्यः (ब्राह्मणः) ,, आदरणीय (ब्राह्मण)।
उपसर्या गौः ३-१-१०४—सांड़ के साथ संबन्ध करने योग्य गाय।

उपसार्या काशी ३-१-१०४—जाने या पहुँचने योग्य काशी।
अजर्यम् –३१–२०५ - जो जीर्ण होने योग्य न हो, नष्ट होने योग्य न हो, मित्रता।
अजरिता कम्बलः ,, कभी नष्ट न होने वाला कम्बल।
अजार्यं संगतेन ,, मित्रता से जो नष्ट न हो।
ब्रह्मोद्यम्, ब्रह्मवद्यम् ३-१-१०६—ब्रह्म अथवा वेद संबंधी चर्चा।
अनुवाद्यम् ,, अनुवाद करने योग्य।
अपवाद्यम् ,, निषेध करने योग्य।
ब्रह्मभूयम् ३-१-१०७—ब्रह्मत्व, ब्रह्मरूप।
भव्यम् ,, सुन्दर।
प्रभव्यम् ,, अधिक सुन्दर।
ब्रह्महत्या ३-१-१०८—ब्राह्मण का वध।
इत्यः ३-१-१०९—जाने योग्य।
स्तुत्यः ,, प्रशंसा के योग्य।
शिष्यः ,, शिक्षा देने योग्य।
वृत्यः ,, वरण करने या चुनने योग्य।
वार्या ऋत्विजः ,, संग्रह करने योग्य ऋत्विज।
आदृत्यः ,, आदर करने योग्य।
जुष्यः ,, सेवा करने योग्य।
अवश्यस्तुत्यः ,, अवश्य प्रशंसनीय।
शस्यम्, शंस्यम् ,, प्रशंसनीय।
दुह्यम्, दोह्यम् ,, दुहने योग्य।
गुह्यम्, गोह्यम् ,, छिपाने योग्य।
आज्यम् ,, मलने योग्य।
वृत्यम् ३-१-११०—रहने योग्य।
वृध्यम् ,, बढ़ने योग्य।
कल्प्यम् ,, बनाने योग्य।
चर्त्यम् ३-१-११०—हानि पहुँचाने योग्य, कष्ट देने योग्य।
कीर्त्यम् ,, काटने योग्य।
खेयम् ३-१-१११—खोदने योग्य, खोदना चाहिए।
भृत्याः ३-१-११२—भरणपोषण करने योग्य, नौकर।
संभृत्याः, संभार्याः ,, अच्छी तरह पालन करने योग्य।
भार्याः ,, एक क्षत्रिय जाति।
मृज्यः, मार्ज्यः ३-१-११३—शुद्ध करने योग्य, साफ करने योग्य।

न्यङ्कुः ७-३-५३—काला बारहसिंहा।
राजसूयः, राजसूयम् ३-१-११४—यज्ञ, जिसमें क्षत्रिय द्वारा सोमरस निकाला जाय।
सूर्यः ,, जो आकाश में चले, जो लोगों को काम करने की प्रेरणा दे, सूर्य।
मृषोद्यम् ,, असत्य कथन।
रुच्यः ,, अनुकूल प्रेमी।
कुप्यम् ,, सोना तथा चाँदी से भिन्न निम्न कोटि की धातु।
गोप्यम् ,, छिपाने योग्य।
कृष्णपच्याः ,, जोती हुई भूमि में स्वयं उगने वाले अन्न।
कृष्णपाक्याः ,, जोती हुई भूमि में पैदा किये जाने वाले अन्न।
अव्यथ्यः ,, जो पैरों से नहीं चलता, सर्प।
भिद्यः ३-१-११५—किनारा तोड़नेवाला नद, जम्मू की 'वई' नाम की नदी।
उद्ध्यः ,, किनारे के ऊपर जिसका जल बहने लगे वह नद, जम्मू की 'उम्य' नदी।
भेत्ता ,, तोड़नेवाला कोई व्यक्ति।
उज्झिता ,, छोड़नेवाला कोई व्यक्ति।
पुष्यः ३-१-११६—जिसमें काम पूरा हो जाय वह नक्षत्र।
सिध्यः ,, जिसमें काम सिद्ध हो जाय वह नक्षत्र।
विपूयो मुञ्जः ३-१-११७—रस्सी बनाने के लिए साफ की गयी मूँज।
विनीयःकल्कः ,, छोड़ने, फेंकने या न करने योग्य, पाप या फोंक।
जित्यो हलिः ,, शक्ति से खींचने योग्य बड़ा हल।
विपव्यम् ,, साफ करने योग्य।
विनेयम् ,, छोड़ने योग्य।
जेयम् ,, जीतने योग्य।
प्रतिगृह्यम् ३-१-११८—लेना चाहिए (वैदिक)।
अपिगृह्यम् ,, ग्रहण करना चाहिए (वैदिक)।

प्रतिग्राह्यम् ३-१-११८—लेना चाहिए।
अपिग्राह्यम् ,, ग्रहण करना चाहिए।
अवगृह्यम् ३-१-११९—अलग करने योग्य पद।
प्रगृह्यम् ,, प्रगृह्य संज्ञा (सन्ध्यभाव) करने योग्य पद।
गृह्यकाः शुकाः ,, पकड़े हुए (पालतू) तोते।
ग्रामगृह्या सेना ,, गाँव के बाहर ठहरी हुई सेना।
आर्यगृह्यः ,, आर्यों के पक्ष का व्यक्ति।
पक्ष्यः ,, पक्ष में हुआ।
कृत्यम् ३-१-१२०—करने योग्य (काम)।
कृष्यम्, वृष्यम् ,, शक्ति, स्फूर्ति वर्द्धक।
कार्यम् ३-१-१२४—करने योग्य (काम)।
वर्ष्यम् ,, वर्षा में हुआ।
युग्यो गौः ३-१-१२१—गाड़ी में जोता जानेवाला बैल।
अमावास्या, अमावस्था ३-१-१२२—जिस तिथि को सूर्य तथा चन्द्रमा साथ साथ एक नक्षत्र में हों।
पाक्यम् ,, पकाने योग्य।
पाणिसर्ग्या रज्जुः ,, हाथ से बनाने या बटने योग्य (रस्सी)
समवसर्ग्या ,, अच्छी तरह से बनाने योग्य।
गर्ज्यम् ७-३-५९—गर्जने योग्य।
समाजः ७-३-६०—साथ साथ रहने या चलने वाला, एक स्वभाव या संस्कृति के व्यक्तियों का समूह।
परिव्राजः ,, सब कुछ त्याग कर भ्रमण करने वाला, संन्यासी।
भुजः ७-३-६१—जिससे भोजन किया जाय, हाथ।
न्युब्जः ,, जिससे मनुष्य टेढ़ा हो जाय, कुबड़ा।
भोगः ,, जिससे सुख का अनुभव किया जाय।
समुद्गः ,, ढक्कनदार बक्स।
पञ्च प्रयाजाः ७-३-६२—दर्श-पौर्णमासेष्टि में दीज ने वाली पाँच आहुतियाँ।
त्रयोऽनुयाजाः ,, बाद में दी जाने वाली तीन आहुतियाँ।
प्रयागः ,, उत्तम यज्ञ।
अनुयागः ,, बाद में किया जाने वाला यज्ञ।

वञ्च्यम् ७-३-६४—जाने योग्य।
वङ्क्यम् ,, टेढ़ा किया जाने वाला।
ओकः ,, पक्षी, शूद्र।
अवश्यपाच्यम् ७-३-६५—अवश्य पकाने योग्य।
याज्यम् ७-३-६६—यज्ञ करने योग्य।
याच्यम् ,, माँगने योग्य।
रोच्यम् ,, चमकाने योग्य।
प्रवाच्यम् ,, पढ़ने योग्य, एक ग्रन्थ का नाम।
अर्च्यम् ,, प्रशंसा करने योग्य।
त्याज्यम् ,, छोड़ने योग्य।
वाच्यम् ७-३-६७—कहने योग्य।
वाक्यम् ,, बोलने योग्य (शब्द समूह)।
प्रयोज्यः ७ ३-६८—प्रयोग करने योग्य।
नियोज्यः ,, जो काम में लगाया जा सके, नौकर।
भोज्यम् ७-३-६९—खाने योग्य।
भोग्यम् ,, काम में लाने योग्य।
लाप्यम् ,, कहने योग्य।
दाभ्यः ,, धोखा देने योग्य, अविश्वसनीय।
लाव्यम् ३-१-१२५—अवश्य काटने योग्य।
पाव्यम् ,, अवश्य पवित्र करने योग्य।
आसाव्यम् ३-१-१२६—चुआने या टपकाने (अर्क, शराब) योग्य।
याव्यम् ,, मिलने योग्य।
वाप्यम् ,, अवश्य बोने योग्य।
राप्यम् ,, अवश्य कहने योग्य।
त्राप्यम् ,, अवश्य लज्जित किये जाने योग्य।
चाम्यम् ,, अवश्य पीने योग्य।
आनाय्यः ३-१-१२७—गार्हपत्य अग्नि से लाई जाने योग्य अग्नि, यह सदा प्रज्वलित नहीं रहती।
आनेयः ,, लाने योग्य कोई वस्तु।
प्रणाय्यः ३-१-१२८—जो पसन्द न किया जाय, यथा चोर, विषय वासनानाओं से विरक्त (छात्र)।
प्रणेयः ,, वश में करने योग्य।

पाय्यम् ३-१-१२९—जिससे अन्न आदि नापा जाय (प्या) प्राचीन नाप।
सान्नाय्यम् ,, हवन के लिए जिसे अग्नि के पास ले जाया जाय।
निकाय्यः ,, जिसमें धन धान्य रक्खा जाय, घर।
धाय्या ,, जिस मन्त्र से समिधा रक्खी जाय।
कुण्डपाय्यः ३-१-१३०-विशिष्ट सोम क्रतु, जिसमें कुण्ड (लकड़ी की चौकोर तश्तरी) से सोम रस पिया जाय।
संचाय्यः ,, विशिष्ट सोमक्रतु जिसमें सोम संग्रह किया जाय।
परिचाय्यः ३-१-१३१—वृत्ताकार रक्खी हुई यज्ञाग्नि।
उपचाय्य ,, यज्ञ की अग्नि।
परिचेयम् ३-१-१३१—एकत्र करने योग्य।
उपचेयम् ,, संग्रह करने योग्य, बढ़ाने योग्य।

संवाह्यम् ३-१-१३१—ले जाने योग्य।
चित्यः ३-१-१३२—जिसका संग्रह किया जाय, अग्नि।
अग्निचित्या ,, अग्नि का संग्रह।
गन्तव्यम्, गमनीयम्, गम्यम् ,, तुमको अवश्य जाना चाहिए तुम जा सकते हो, यह तुम्हारे जाने का समय है।
स्तुत्यः ३-३-१६९—प्रशंसनीय।
स्तोता ,, प्रशंसा करनेवाला।
भव्यः ३-४-६८—होने या रहनेवाला, सत्ता।
भव्यमनेन वा ,, इसको होना या रहना चाहिए।
गेयः साम्नामयम् ,, यह सामवेद का गानेवाला है।
गेयम् सामानेन वा ,, अथवा इसके द्वारा सामवेद का गान होना चाहिए।
वोढव्यः वहनीयो वाह्यो वा ,, ढोने या ले जाने योग्य।

इति कृत्यप्रक्रिया

अथ कृत्प्रक्रिया

कारकः, कर्ता ३-१-१३३—करने वाला।
वोढा ,, ढोने वाला।
कारिका, कर्त्री ,, करनेवाली।
कुटिता, कोटकः ,, टेढ़ा करनेवाला, तोड़नेवाला।
विजिता ,, डरानेवाला, हिलानेवाला।
घातकः ,, मारनेवाला।
दायकः ,, देनेवाला।
शमकः ,, शान्त करनेवाला, सन्धि कराने वाला।
दमकः ,, दमन करनेवाला।
नियामकः ,, शासन या नियन्त्रण करनेवाला।
जनकः ,, पैदा करनेवाला, पिता।
वधकः ,, मारनेवाला।
रन्धकः ,, नाश करनेवाला।

जम्भकः ३-१-१३३—निगलनेवाला, मायावी।
रधिता, रद्धा ,, नाश करनेवाला।
भङ्क्ता ,, शुद्ध करनेवाला, साफ करने वाला।
नंष्टा, नशिता ,, नाश करनेवाला।
रम्भकः रब्धा ,, प्रारम्भ करनेवाला।
लम्भकः लब्धा ,, पानेवाला।
एषिता, एष्टा ,, चाहनेवाला।
सहिता, सोढा ,, सहन करनेवाला।
दरिद्रिता, दरिद्रायकः ,, दरिद्र होनेवाला।
पादहारकः ,, पैरों से चुराने या ले जानेवाला।
प्रक्रन्ता ,, जानेवाला।
प्रक्रमितव्यम् ,, जाना चाहिए।

संक्रमिता ,, एक स्थान से दूसरे स्थान पर जानेवाला।
क्रमिता, क्रन्ता ,, जानेवाला।
संजिगमिषिता ,, मिलने की इच्छा करनेवाला।
विवृत्सिता ,, रहने की इच्छा करनेवाला।
पापचकः, पापाचकः ,, बारबार या सदा पकानेवाला।
नन्दनः ३-१-१३४—प्रसन्न करनेवाला, पुत्र।
जनार्दनः ,, पापियों को कष्ट देनेवाला, विष्णु।
मधुसूदनः ,, मधु नामक राक्षस को मारनेवाला, विष्णु।
विभीषणः ३-१-१३४—अधिक डरानेवाला, रावण का भाई।
लवणः ,, काटनेवाला।
ग्राही ,, ग्रहण करनेवाला।
स्थायी ,, ठहरनेवाला।
विशयी ,, अधिक सोनेवाला।
विषयी ,, देशवाला, स्थानवाला।
परिभावी, परिभवी ,, हरानेवाला, अनादर करनेवाला।
पचः ,, पकानेवाला।
नदी ,, नदी
चोरी ,, चोरी करनेवाली।
देवी ,, देवी।
जारभरा ,, जार (उपपति) का भरणपोषण करनेवाली, व्यभिचारिणी।
श्वपचा ,, चाण्डाल की स्त्री।
श्वपाकः ,, चाण्डाल
चेक्रियः ,, अधिक खरीदनेवाला।
नेन्यः ,, अधिक ले जानेवाला।
लोलुवः ,, अधिक काटनेवाला।
पोपुवः ,, अधिक शुद्ध या साफ करनेवाला।
मरीमृजः ,, अधिक मलनेवाला।
चराचरः, चरः ,, चलने या दौड़नेवाला।
चलाचलः, चलः ,, ,, ,,
पतापतः, पतः ,, गिरनेवाला।
वदावदः, वदः ,, बोलनेवाला।
पाटूपटः, पाटः ,, चलने या बोलनेवाला।

घनाघनः, हनः ,, मारनेवाला।
रात्रिञ्चरः, रात्रिचरः ,, रात में घूमनेवाला, निशाचर, राक्षस।
क्षिपः १-३-१३९—फेंकनेवाला।
लिखः ,, लिखनेवाला।
बुधः ,, जाननेवाला, पण्डित।
कृशः ,, पतला होनेवाला।
ज्ञः ,, जाननेवाला।
प्रियः ,, प्रसन्न करनेवाला।
किरः ,, बिखेरनेवाला, सूअर।
क्षेपकः, क्षेप्ता ,, फेंकनेवाला।
सुग्लः ३-१-१३६—अत्यन्त थका हुआ, खिन्न।
प्रज्ञः ,, अधिक जाननेवाला, बुद्धिमान्।
पिबः ३-१-१३७—पीनेवाला।
जिघ्रः ,, सूँघनेवाला।
धमः ,, फूँकनेवाला।
धयः ,, माँ का दूध पीनेवाला, बच्चा।
धया ,, माँ का दूध पीनेवाली बच्ची।
पश्यः ,, देखनेवाला।
लिम्पः ३-१-१३८—लीपनेवाला, पोतनेवाला।
विन्दः ,, प्राप्त करनेवाला।
धारयः ,, धारण करनेवाला, पकड़नेवाला।
पारयः ,, पार उतारनेवाला
वेदयः ,, जाननेवाला।
उदेजयः ३-१-१३८—हिलाने या कँपानेवाला।
चेतयः ,, होश में लानेवाला।
सातयः ,, सुखी करनेवाला।
सात् ,, (परमात्मा) सुख देनेवाला।
सात्वन्तः ,, ईश्वर-भक्त।
साहयः ,, सहनेवाला।
प्रलिपः ,, लीपनेवाला।
निलिम्पा देवाः ,, देवता, गाय।
गोविन्दः ,, गायों की रक्षा करनेवाला, कृष्ण।
अरविन्दम् ,, कमल, आर की तरह पंखुड़ियों वाला।

ददः ३-१-१३९—देना, देनेवाला।
दधः ,, धारण करना, धारण करनेवाला।
प्रदः ,, देनेवाला।
प्रधः ,, धारण करनेवाला।
ज्वालः, ज्वलः ३-१-१४०—लौ, लपट, ज्वाला।
चालः, चलः ,, चलनेवाला।
उज्वलः ,, श्वेत, चमकनेवाला।
अवतानः ,, फैलानेवाला।
अवश्यायः ३-१-१४१—तुषार, पाला।
प्रतिश्यायः ,, जुकाम, सर्दी।
दायः ,, पैतृकधन।
धायः ,, धारण करनेवाला।
व्याधः ,, पीड़ा।
आस्रावः ,, घाव।
संस्रावः ,, बहनेवाला, बहाव।
अत्यायः ,, अत्याचार, अनाचार।
अवसायः ,, उपसंहारा, अन्त।
अवहारः ,, चुरानेवाला।
लेहः ,, चाटना।
श्लेषः ,, आलिंगन करना।
श्वासः ,, साँस।
दावः, दवः ३-१-१४२—कष्ट देनेवाला, वन की आग।
नायः ,, ले जानेवाला।
प्रद्रवः ,, जलना।
प्रणयः ,, प्रेम।
ग्राहः ३-१ १४३—पकड़नेवाला, घड़ियाल।
ग्रहः ,, तारा।
भवः ,, सत्ता, संसार, शंकर।
भावः ,, वस्तु, पदार्थ, क्रिया।
गृहम् ३-१-१४४—जो धान्य आदि ग्रहण करे, घर।
गृहाः ,, घर (बहु०)।
नर्तकः ३-१-१४५—नाचनेवाला।
नर्तकी ,, नाचनेवाली।
खनकः ,, खोदनेवाला।
खनकी ,, खोदनेवाली।
रजकः ,, धोबी।
रजकी, रजिका ,, धोबिन।
गाथकः ३-१-१४६—गानेवाला।
गायनः ३-१-१४७—गानेवाला।
गायनी ,, गानेवाली।
हायनः ३-१-१४८—धान (जो जल को छोड़ दे) वर्ष (जो सभी पदार्थों को छोड़ दे)।
प्रवकः ३-१-१४९—अच्छी तरह चलनेवाला।
सरकः ,, अच्छी तरह सरकनेवाला।
लवकः ३-१-१४९—अच्छी तरह काटनेवाला।
जीवकः ३-१ १५०—जीवित रहे।
नन्दकः ,, प्रसन्न रहे।
कुम्भकारः ३-२-१—कुम्हार, घड़ा बनानेवाला।
मांसशीला ,, जिस स्त्री को माँस की लत (व्यसन) पड़ गयी हो।
मांसकामा ,, माँस चाहनेवाली।
मांसभक्षा ,, माँस खानेवाली।
कल्याणचारा ,, सदाचारिणी, सच्चरित्रा।
सुखप्रतीक्षा ,, सुख की आशा-प्रतीक्षा करनेवाली।
बहुक्षमा ,, अधिक क्षमा करनेवाली।
स्वर्गह्वायः ३-२-२—स्वर्ग कहनेवाली, चाहनेवाली।
तन्तुवायः ,, सूत बुननेवाला, जुलाहा।
धान्यमायः ,, अन्न नापनेवाला।
गोदः ३-२-३—गाय देनेवाला।
पार्ष्णित्रम् ,, पीछे से रक्षा करनेवाला।
गोसन्दायः ,, गोदान (विधि पूर्वक) करनेवाला।
ब्रह्मज्यः ,, ब्राह्मण को कष्ट देनेवाला।
आह्वः ,, बुलानेवाला, नाम।
प्रह्वः ,, नम्र, विनीत।
द्विपः ३-२-४—दो (सूँड तथा मुँह) से पीनेवाला हाथी।
समस्थः ,, सामान्य स्थिति में रहनेवाला, सुखी प्रसन्न।
विषमस्थः ,, असामान्य स्थिति में रहनेवाला, दुःखी, विपन्न।
आखूत्थः ,, चूहों का निकलना, बढ़ना, उत्पन्न होना।
प्रष्ठो गौः ८-३-९२—आगे चलनेवाला बैल, उत्तम बैल।
प्रस्थः ,, दस छटांक का एक तोल, चोटी।
द्विष्ठः ८-३-९७—दो के साथ रहनेवाला।

त्रिष्ठः ,, तीन के साथ रहनेवाला।
तुन्दपरिमृगः ३ २-५—तोंद सहलानेवाला, आलसी।
शोकापनुदः ,, शोक को नष्ट करनेवाला।
तुन्दपरिमार्जः ,, तोंद को साफ करनेवाला।
शोकापनोदः ,, शोक को नष्ट करना।
मूलविभुजः ,, जड़ों को झुकानेवाला, रथ।
महीध्रः ,, पृथ्वी को धारण करनेवाला पर्वत।
कुध्रः ,, ,, ,, ,,
गिलः ,, निगलनेवाला, एक प्रकार की मछली या घड़ियाल।
सर्वंप्रदः ३-२-६—सब कुछ देनेवाला, उदार।
पथिप्रज्ञः ,, मार्ग निपुण।
गोसंप्रदाय ,, गोदान करनेवाला।
गोसंख्यः ३-२-७—गायों को गिननेवाला, चरवाहा।
सामगः ३ २-८—सामवेद का गान करनेवाला।
सामसंगायः ,, सामवेद का सम्यक् गान करनेवाला।
सामगी ,, सामवेद का गान करनेवाली।
सुरापी ,, शराब पीनेवाली
शीधुपी ,, शराब पीनेवाली।
क्षीरपा ,, दूध पीनेवाली।
सुरापा ,, शराब की रक्षा करनेवाली।
अंशहरः ३-२ ९—भाग लेनेवाला, हिस्सेदार।
मारहारः ,, बोझा ढोनेवाला।
शक्तिग्रहः ,, भाला लेने या धारण करनेवाला।
लाङ्गलग्रहः ,, हल लेनेवाला, हलवाहा।
सूत्रग्रहः ,, सूत पकड़नेवाला।
सूत्रग्राहः ,, सूत लेनेवाला।
कवचहरः ३-२-१०—कवच धारण करने योग्य कुमार।
पुष्पाहर ३-२-११—फूल लानेवाला।
मारहारः ,, बोझा लानेवाला।
पूजार्हा ३-२-१२—पूजा की योग्यता रखनेवाली।
स्तम्बेरमः ३ २-१३—हाथी (जो घास के समूहमें क्रीड़ा करे)।
कर्णेजपः ,, चुगलखोर (जो कान में फुस फुस करे)।
शम्भवः ३-२-१४—जैनियों के तीसरे अर्हत् का नाम।

शंवदः ३-२-१४—कल्याण कहनेवाला।
शंकरा ,, कल्याण करनेवाली एक परिव्राजिका।
खशयः ३-२-१५—आकाश में सोनेवाला।
पार्श्वशयः ,, करवट सोनेवाला।
पृष्ठशयः ,, पीठ के बल सोनेवाला।
उदरशयः ,, पेट के बल सोनेवाला।
उत्तानशयः ,, उतान सोनेवाला।
अवमूर्धशयः ,, मुँह को नीचे करके सोनेवाला।
गिरिशः, गिरिशयः ,, पर्वत पर सोनेवाला।
कुरुचरः ३-२ १६—कुरुजनपद में विचरण करनेवाला।
कुरुचरी ,, कुरु जनपद में विचरण करनेवाली।
भिक्षाचरः ३-२-१७—भिक्षा के लिए घूमनेवाला।
सेनाचरः ,, सेना में घूमनेवाला।
आदायचरः ,, लेकर चलनेवाला।
पुरस्सरः ३-२-१८—आगे जानेवाला, हरकारा।
अग्रतस्सरः ,, आगे चलनेवाला, नेता।
अग्रेसरः ,, आगे चलनेवाला, नेता।
पूर्वसरः ३-२-१९—सामने जानेवाला।
पूर्वसारः ,, पूर्व की ओर जानेवाला।
यशस्करी ३-२-२०—कीर्ति बढ़ानेवाली।
श्राद्धकरः ,, श्राद्ध करनेवाला।
वचनकरः ,, बात माननेवाला, आज्ञाकारी।
दिवाकरः ३-२-२१—दिन करनेवाला, सूर्य।
विभाकरः ,, प्रकाश करनेवाला, सूर्य।
भास्करः ,, प्रकाश करनेवाला, सूर्य।
निशाकरः ,, रात करनेवाला चद्रमा।
बहुकरः ,, बहुत करनेवाला, व्यस्त।
एककरः ,, एक ही काम करनेवाला।
द्विकरः ,, दो काम करनेवाला।
अहस्करः ,, दिन करनेवाला, सूर्य।
धनुष्करः ,, धनुष बनानेवाला।
अरुष्करः ,, घाव करनेवाला।
किंकरा ,, नौकरानी।
यत्करा ,, जो कुछ करनेवाली।
तत्करा ,, वह कहनेवाली।
किंकरी ,, नौकरानी।

कर्मकरः ३-२-२२—मजदूर।
कर्मकारः ,, काम करनेवाला, शिल्पी।
शब्दकारः ३-२-२३—शब्द करनेवाला।
स्तम्बकरिः ३-२-२४—भूसा पैदा करनेवाला, धान।
शकृत्करिः ,, मल त्याग करनेवाला, बछड़ा।
स्तम्बकारः ,, भूसा बनानेवाला।
शकृत्कारः ,, मल त्यागनेवाला।
दृतिहरिः ३-२-२५—मशक लेकर मागनेवाला, कुत्ता।
नाथहरिः ,, नाथ लेकर जानेवाला पशु।
दृतिहरः ,, मशक ले जानेवाला, भिस्ती।
नाथहरः ,, अपने स्वामी को ले जानेवाला।
फलेग्रहिः ३-२-२६—फल ग्रहण, धारण करनेवाला, वृक्ष।
आत्मम्भरिः ,, अपना ही भरण करनेवाला, स्वार्थी।
कुक्षिम्भरिः ,, अपना पेट भरनेवाला, पेटू, स्वार्थी।
जनमेजयः ३-२-२८, ६-३-६७—लोगों को भय से कँपानेवाला।
वातमजाः ,, ,, हवा के साथ भागने वाले, एक प्रकार के मृग।
शुनिन्धयः ६-३-६६— कुतिया का दूध पीनेवाला, पिल्ला।
तिलन्तुदः ,, तिल पेरनेवाला, तेली।
शर्द्धंजहाः ,, अपान वायु छोड़ने वाले, एक प्रकार के उड़द।
स्तनन्धयः ३-२-२९—स्तन पीनेपाला, बच्चा।
स्तनन्धयी ,, स्तन पीनेवाली, बच्ची।
नासिकन्धमः ,, नाक से फूकनेवाला।
नासिकन्धयः ,, नाक से पीनेवाला।
नाडिन्धमः ३-२-३०—नली से फूकनेवाला।
नाडिन्धयः ,, नली से पीनेवाला।
मुष्ठिन्धमः ,, मुट्ठी से फूकनेवाला।
मुष्टिन्धयः ,, मुट्ठी से पीनेवाला।
घटिन्धमः ,, घड़े से फूकनेवाला।
घटिन्धयः ,, घड़े से पीनेवाला।
कूलमुद्रुजः ३-२-३१—तट को तोड़नेवाला, रथ आदि।
कूलमुद्वहः ,, किनारे को बहानेवाला।
वहंलिहः ३-२-३२—कंधा चाटनेवाला, बैल।
अभ्रंलिहः ,, आकाश छूनेवाला, महल।

प्रस्थम्पचा ३-२-३३-दस छटाँक अन्न पकानेवाली पतीली।
खारिम्पचा ,, खारी (चारमन) पकानेवाली कड़ाही।
मितम्पचा ३-२-३४—थोड़ा पकानेवाली।
नखम्पचा ,, नाखून को जलानेवाली।
विधुन्तुदः ३-२-३५—चन्द्रमा को कष्ट देने-ग्रसनेवाला राहु।
अरुन्तुदः ,, मर्मस्थल पर आघात करनेवाला।
असूर्यंम्पश्याः ३-२-३६—सूर्य को न देखनेवाली, पर्दानशीन।
ललाटन्तपः ,, मस्तक तपानेवाला, बहुत तेज।
उग्रंपश्यः ३-२ ३७-भयानक दृश्य देखनेवाला।
इरम्मदः ,, पीने से प्रसन्न होनेवाली, अग्नि का एक नाम।
पाणिन्धमः ,, हाथ बजानेवाला, अँधेरा मार्ग।
प्रियम्वदः ३-२-३८—प्रिय बोलनेवाला।
वशंवदः ,, अधीनता स्वीकार करनेवाला, आज्ञाकारी।
मितङ्गमः ,, थोड़ा-परिमित चलनेवाला।
विहङ्गमः ,, आकाश में चलनेवाला, पक्षी।
विहङ्गः ,, आकाश में चलनेवाला, पक्षी।
भुजङ्गमः, भुजङ्गः ,, टेढ़ा चलनेवाला, साँप।
द्विषन्तपः ३-२-३९, ६-४-९४—शत्रु को कष्ट देनेवाला।
परन्तपः ,, ,, शत्रु को कष्ट देनेवाला।
द्विषत्तीतापः ,, ,, स्त्रीशत्रु को कष्ट देनेवाला।
वाचंयमः ३-२-३०, ६-४-६०—व्रत के कारण मौन रहनेवाला।
वाग्यामः ,, ,, शक्ति न रहने के कारण मौन रहनेवाला।
पुरन्दरः ३-२-४१—शत्रु-नगर को नष्ट करनेवाला; इन्द्र।
सर्वंसहः ,, सब कुछ सहनेवाला।
भगन्दरः ,, गुदा का फोड़ा।
सर्वंकषः ३-२-४२—सब कुछ नष्ट करनेवाला, दुष्ट।
कूलंकषा ,, तट को नष्ट करनेवाली, नदी।
अभ्रंकषो वायुः ३-२-४२—बादल को रगड़ने (छूने) वाली हवा।
करीषंकषा वात्या ,, गोबर को रगड़ने (उड़ाने) वाली आँधी।

मेघकरः ३-२-४३—बादल बनानेवाला ।
ऋतिंकरः ,, कष्ट देनेवाला ।
भयंकरः ,, भय देनेवाला ।
अभयंकरः ,, आश्रय देनेवाला ।

क्षेमंकरः, क्षेमकारः ३-२-४४—कल्याण करनेवाला मङ्गलप्रद ।
प्रियंकरः, प्रियकारः ,, भलाई करनेवाला ।
मद्रंकरः, मद्रकारः ,, हर्ष उत्पन्न करनेवाला ।

आशितम्भवः ३-२-४५—जिससे अतिथि का भोजन हो सके (भात) ।

विश्वम्भरः ३-२-४६—संसार का भरण पोषण करनेवाला, परमेश्वर ।
विश्वम्भरा ,, संसार का भरणपोषण करनेवाली, पृथ्वी ।
रथन्तरं साम ,, रथन्तर साम ।
पतिंवरा कन्या ,, पति का वरण करनेवाली कन्या ।
शत्रुञ्जयो हस्ती ,, शत्रु को जीतनेवाला हाथी ।
युगन्धरः पर्वतः ,, युगन्धर नाम का पर्वत अथवा गाड़ी का फड़ जिसमें जुआ बाँधा जाता है ।
शत्रुंसहः ,, शत्रु का सामना करनेवाला ।
शत्रुन्तपः ,, शत्रु को कष्ट देनेवाला ।
अरिन्दमः ,, शत्रु का दमन करनेवाला, शत्रु को जीतनेवाला ।

सुतङ्गमः ३-२-४७—पुत्र के पास जानेवाला, एक ऋषि का नाम ।

अन्तगः ३-२-४८—अन्त तक जानेवाला ।
सर्वत्रगः ,, सब जगह जानेवाला, परमेश्वर ।
पन्नगः ,, सर्प, जो लेटकर चले, अथवा जो पैर से न चले ।
उरगः सर्प, छाती-वक्षः स्थल से चलनेवाला ।
सुगः ,, जहाँ आसानी से जाया जा सके ।
दुर्गः ,, जहाँ कठिनता से जाया जा सके, (किला) ।
ग्रामगः ,, गाँव जानेवाला ।
विहगः ,, आकाश में जानेवाला ।

शत्रुहः ३-२-४९—शत्रु को मारे (आशीस ।
शत्रुघातः ,, शत्रु को मारनेवाला ।
दार्वाघाटः ,, कठफोड़ा पक्षी ।
चार्वाघाटः ,, सुन्दर प्रहार करनेवाला (एक पक्षी) ।
वर्णसङ्घाटः, वर्णसङ्घातः ,, वर्णमाला ।
पदसङ्घाटः, पदसङ्घातः ,, अलग-अलग पदों को एकत्र करनेवाला ।

क्लेशापहः पुत्रः ३-२-५०—कष्ट को नष्ट करनेवाला पुत्र ।
तमोऽपहः सूर्यः ,, अन्धकार को नष्ट करनेवाला सूर्य ।

कुमारघाती ३-२-५१—बालक को मारनेवाला ।
शीर्षघाती ,, सिर काटनेवाला ।

जायाघ्नो ना ३-२-५२—जिस पुरुष के शरीर में पत्नी को मारनेवाला तिल हो ।
पतिघ्नी स्त्री ,, पति को मारनेवाली स्त्री ।

जायाघ्नः तिलकालकः ३-२-५३—जिसतिल से पत्नी की मृत्यु सूचित होती हो ।
पतिघ्नी पाणिरेखा ,, हाथ की जिस रेखा से पति की मृत्यु सूचित होती हो ।
पित्तघ्नं घृतम् ,, पित्त को नष्ट करनेवाला, घृत ।
आखुघातः शूद्रः ,, चूहों को मारनेवाला शूद्र ।
चोरघातो, नगरघातो हस्ती ३-२-५३-चोर को मारनेवाला या नगर को नष्ट करनेवाला हाथी ।

हस्तिघ्नः ना ३-२-५४—हाथी को मारने वाला पुरुष ।
कपटघ्नःचोरः ,, किवाड़ तोड़ने वाला चोर ।

पाणिघः ३-२-५५—हाथ से मृदङ्ग आदि बजाने वाला ।
ताडघः ,, घन से प्रहार करने वाला लोहार ।
पाणिघातः ,, मुक्के से प्रहार करनेवाला ।
ताडघातः ,, घन से प्रहार करनेवाला ।
राजघः ,, राजा को मारनेवाला ।

आढ्यङ्करणम् ३-२-५६—धनी बनाने वाला, सम्पत्ति आदि ।

आढ्यम्भविष्णुः } ३-२-५७—धनी होनेवाला, जो पहिले
आढ्यम्भावुकः } धनी न था।

घृतस्पृक् ३-२-५८—घी छूने वाला।

मन्त्रस्पृक् ,, मन्त्र से छूने वाला।

सदृक्, सदृशः, सदृक्षः ३-२-५९, ६०—समान।

अन्यादृक्, अन्यादृशः, अन्यादृक्षः ,, दूसरी तरह का।

तादृक्षः ,, उस तरह का।

द्युसत् ३-२-६१—आकाश या स्वर्ग में बैठने वाला।

उपनिषत् ,, अध्यापक की उपस्थिति में बैठनेवाला।

अण्डसूः ,, अण्डा देनेवाला।

प्रसूः ,, पैदा करनेवाला।

मित्रद्विट् ,, मित्र से द्वेष करनेवाला।

प्रद्विट् ,, शत्रु, बैरी।

मित्रध्रुक् ,, विश्वासघाती, मित्र द्रोही।

प्रध्रुक् ,, प्रबलद्रोही, शत्रु।

गोधुक् ,, गाय दुहनेवाला।

प्रधुक् ,, उत्तम दुहनेवाला।

अश्वयुक् ,, घोड़े को जोतनेवाला, गाड़ी।

प्रयुक् ,, उत्तम जोतनेवाला।

वेदवित् ,, वेद जाननेवाला।

निवित् ,, प्रार्थना करनेवाला।

अग्रणीः ,, अगुआ।

ग्रामणीः ,, गाँव का मुखिया।

अंशभाक् ३-२-६२—भाग या हिस्सा देने या पानेवाला।

प्रभाक् ,, भाग पानेवाला।

आमात् ३-२-६८—कच्चा अन्न खानेवाला।

सस्यात् ,, अन्न खानेवाला।

अन्नादः ,, अन्न खानेवाला।

क्रव्यात् ३-२-६९—कच्चा मांस खानेवाला।

कामदुघा ३-२-७०—इच्छानुसार दूध देनेवाली, खूब दूध देनेवाली।

सुशर्मा ३-२-७५, ७-२-८—अच्छी तरह (पाप या अज्ञान को) नष्ट करनेवाला।

प्रातरित्वा ,, प्रातःकाल चलनेवाला।

विजावा ६-४-४१—बच्चा पैदा करनेवाला।

अवावा ६-४-४१—दूर करनेवाला।

रोट्, रेट् ,, कष्ट देने या मारनेवाला।

सुगण् ,, उत्तम गिननेवाला।

उखास्रत् ३-२-६—पात्र से गिरनेवाला।

पर्णध्वत् ,, पत्ते से गिरनेवाला।

वाहभ्रट् ,, सवारी से गिरनेवाला।

हे प्राण् ८-४-२०—हे साँस लेनेवाले या जीवित रहनेवाले।

मित्रशीः ,, मित्रों को उपदेश या शिक्षा देनेवाले।

आशीः ,, आशीर्वाद

गीः ,, वाणी।

पूः ,, नगर।

तनुच्छत् ६-४-९७—शरीर को ढाकनेवाला, वस्त्र।

प्रतान् ,, फैलानेवाला।

प्रशान् ,, शान्ति रखनेवाला।

अक्षद्यूः ,, जुआ खेलनेवाला।

जूः ,, ज्वरवाला, ज्वरित।

तूः ,, शीघ्रता करनेवाला।

स्रूः ,, जाने या सुखानेवाला।

जनौः ,, लोगों की रक्षा करनेवाला।

मूः ,, बाँधनेवाला।

सुमूः ,, अच्छी तरह बाँधनेवाला।

मूः ,, मूर्च्छित होनेवाला।

धूः ,, आघात या प्रहार करनेवाला।

अङ्गगत् ,, अङ्ग जनपद जानेवाला।

परीतत् ,, चारों ओर फैलानेवाला।

संयत् ,, अच्छी तरह रोकनेवाला।

सुनत् ,, अच्छी तरह प्रणाम करनेवाला, निर्धन।

अग्रेगूः ,, आगे जानेवाला।

अग्रेभ्रूः ,, आगे भ्रमण करनेवाला।

शंस्थः ३-२-७७—सुख से रहनेवाला।

शंस्थाः ,, सुख से रहनेवाले।

उष्णभोजी ३-२-७८—गर्म भोजन करनेवाला।

शीतभोजी ,, ठंढा भोजन करनेवाला।

ब्राह्मणानामन्त्रयिता ,, ब्राह्मणों को बुलानेवाला।

साधुदायी ३-२-७८—खूब देनेवाला, उदारता से देनेवाला।

ब्रह्मवादी ,, ब्रह्म अथवा वेद का वर्णन करनेवाला।

उष्ट्रक्रोशी ३-२-७९ - ऊँट की तरह बलबलानेवाला।

ध्वाङ्क्षरावी ,, कौए की तरह काँव-काँव करनेवाला।

अपूपानिव भक्षयति माषान् ,, पूए की तरह उड़द खाता है।

उष्ट्रः क्रोशति ,, ऊँट बल-बलाता है।

स्थण्डिलशायी ३-२-८०—व्रत के कारण नंगी पृथ्वी पर सोनेवाला।

क्षीरपायिण उशीनराः ३-२-८१—उशीनर के जन दूध पीने वाले होते हैं।

दर्शनीयमानी ३-२-८२—अपने आप को सुन्दर समझनेवाला।

पण्डितम्मन्यः ,, अपने आप को पण्डित समझनेवाला।

कालिम्मन्या ,, अपने आप को काली समझनेवाली।

दिवामन्या ,, अपने आप को दिन समझने वाली।

गाम्मन्यः ६-३-६८—अपने को बैल समझनेवाला।

स्त्रियम्मन्यः स्त्रीम्मन्यः ,, अपने को स्त्री समझनेवाला।

नरम्मन्यः ,, अपने को पुरुष समझनेवाला।

भुवम्मन्यः ,, अपने को पृथ्वी समझनेवाला।

श्रिमन्यं कुलम् ,, अपने को लक्ष्मी समझनेवाला कुल।

सोमयाजी ३-२-८५—जिसने सोमयाग किया हो।

अग्निष्टोमयाजी ,, जिसने अग्निष्टोम याग किया हो।

पितृव्यघाती ३-२-८६—जिसने चाचा को मार डाला हो।

ब्रह्महा ३-२-८७—जिसने ब्राह्मण को मार डाला हो।

भ्रूणहा, ,, जिसने गर्भस्थजीव को मार डाला हो।

वृत्रहा ,, जिसने वृत्र को मार डाला हो, इन्द्र।

सुकृत् ३-२-८९—जिसने अच्छी तरह काम किया हो।

कर्मकृत् ,, जिसने काम किया हो।

पापकृत् ,, जिसने पाप किया हो।

मन्त्रकृत् ३-३-८९—जिसने मन्त्र बनाया हो।

पुण्यकृत् ,, जिसने पुण्य किया हो।

शास्त्रकृत् ,, जिसने शास्त्र की रचना की हो।

भाष्यकृत् ,, जिसने भाष्य की रचना की हो।

सोमसुत् ३-२ ९०—जिसने सोमरस निचोड़ा हो।

अग्निचित् ३-२-९१—जिसने हवन की अग्नि की रचा की हो।

श्येनचित् ३-२-९२—जिसने अग्नि की वेदी को बाज के आकार की बनाया हो।

सोमविक्रयी ३-२-९३—सोमलता बेचनेवाला।

घृतविक्रयी ,, घी बेचने वाला।

पारदृश्वा ३-२-९४—जिसने दूसरा किनारा या अन्त देख लिया हो।

राजयुध्वा ३-२-९५—जिसने राजा से युद्ध कराया हो।

राजकृत्वा ,, जिसने राजा को बनाया हो।

सहयुध्वा ३-२-९६—जिसने साथ युद्ध कराया हो।

सहकृत्वा ,, जिसने किसी के साथ कोई काम किया हो।

सरसिजम् ३-२-९७—कमल (तालाब में उत्पन्न होने वाला)

मन्दुरजः ,, अस्तबल में उत्पन्न होनेवाला, बछड़ा।

संस्कारजः ,, संस्कार (अभ्यास) से उत्पन्न होनेवाला।

अदृष्टजः ,, अदृष्ट (पूर्व जन्म के कर्म) से उत्पन्न होने वाला।

प्रजा ३-२-९९—सन्तान या प्रजा।

पुमनुजा ३-२-१००—लड़के के बाद पैदा होने वाली लड़की।

अजः ३-२-१०१—न पैदा होनेवाला।

द्विजः ,, दो बार जन्म लेनेवाला (जन्म से, संकार से)

ब्राह्मणजः ,, ब्राह्मण से पैदा होनेवाला।

परिखा ,, चारों और खोदी गई, खाई।

स्नातं मया ३-२-१०२—मैंने स्नान कर लिया।

स्तुतस्त्वया विष्णुः ,, तुमने विष्णु की स्तुति करली।

विष्णुर्विश्वंकृतवान् ,, विष्णु ने विश्व की रचना की।

क्षीणवान् ८-२-४६—दुर्बल ।
क्षितःकामो मया ,, मैंने काम को नष्ट कर दिया ।
श्रितः, श्रितवान् ,, आश्रय लिया ।
भूतः भूतवान् ,, हुआ, हो गया ।
क्षुतः ,, शब्द किया ।
ऊर्णुतः ,, ढक दिया ।
नुतः ,, नमस्कार किया ।
वृतः ,, घिरा हुआ ।
शीर्णः ८-२-४२—फटा हुआ ।
छिन्नः ,, कटा या फटा हुआ ।
भिन्नः ,, टूटा हुआ ।
द्राणः ८-२-४३—टेढ़ा गया हुआ ।
स्त्यानः ,, एकत्र किया हुआ ।
ग्लानः ,, खिन्न दुखी ।
म्लानः ,, उदास, मुरझाया हुआ ।
लूनः ८-२-४४—काटा गया ।
जीनः ,, पुराना या वृद्ध ।
दूनः ८-२-४४—गया हुआ ।
गूनः ,, निगला हुआ ।
पूनः ,, नष्ट किया हुआ ।
पूतम् ,, पवित्र किया हुआ ।
सिनः ,, निगला हुआ ।
सिता पाशेन शूकरी ,, सूअर जाल में फँसी हुई है ।
सितो ग्रासो देवदत्तेन ,, देवदत्त ने ग्रास को निगल लिया है ।
भुग्नः ८-२-४५—टेढ़ा किया गया ।
उच्छूनः ,, फूला या बढ़ा हुआ ।
प्रहीणः ,, छोड़ा या त्यागा हुआ ।
सूनः, सूनवान् ,, पैदा किया गया ।
दूनः, दूनवान् ,, दुःखी किया गया ।
उड्डीनः ,, उड़ा हुआ ।
शीनम् ६-१-२४ ८-२-४७—जमा हुआ, घी ।
शीतम् ,, ठंडा जल ।
संश्यानो वृश्चिकः ,, सिकुड़ा हुआ, सर्दी से सिकुड़ी हुई विच्छू ।
प्रतिशीनः ६-१-२५—जमा हुआ ।

अभिश्यानम्, अभिशीनम् ६-१-२६—जमा हुआ ।
अवश्यानः, अवशीनः ,, जमा हुआ ।
समवश्यानः ,, जमा हुआ ।
समक्तः ८-१-४८।७-२-१५—मिला हुआ, सटा हुआ, संगत ।
उदक्तमुदकं कूपात् ,, कुएँ से निकाला हुआ जल ।
वृक्णः वृक्णवान् ,, काटा हुआ, काटा गया ।
परिस्कन्दः, परिष्कन्दः ८-३-७५—जमा या सूखा ।
द्यूनः ८-२-४९—एक खेल, जिसमें जीतने की इच्छा न हो ।
द्यूतम् ,, जुआ ।
निर्वाणः ८-२-५०—बुझा हुआ ।
निर्वातः ,, बन्द हो गई ।
शुष्कः ८-२-५१—सूखा ।
पक्वः ८-२-५२—पका ।
क्षामः ८-२-५३—सूखा, क्षीण ।
प्रस्तीमः, प्रस्तीतः ६-१-२३ ८-२-५४—इकट्ठा हुआ ।
स्त्यानः ,, इकट्ठा ।
फुल्लः, फुल्लवान् ८-२-५५—विकसित ।
क्षीवः ,, नशे में मतवाला ।
कृशः ,, दुर्बल ।
उल्लाघो नीरोगः ,, बीमारी से उठा हुआ, नीरोग ।
प्रफुल्लः ७-२-१६,७-४-७९—विकसित ।
प्रक्षीवितः ,, नशे में मतवाला ।
प्रकृशितः ,, अत्यन्त दुर्बल ।
प्रोल्लाघितः ,, अच्छी तरह नीरोग ।
नुन्नः नुत्तः ८-२-५६—हाँका गया ।
विन्नः, वित्तः ,, सोचा गया, विचारा गया ।
विदितः ,, जाना हुआ ।
विन्नः ,, स्थित ।
उन्नः, उत्तः ७-२-१४—आर्द्र, गीला ।
त्राणः, त्रातः ,, बचाया गया, रक्षा किया गया ।
घ्राणः, घ्रातः ७-२-१४—सूँघा हुआ ।
ह्रीणः, ह्रीतः ,, लज्जित ।
ध्यातः ८-२-५७—ध्यान किया गया ।
ख्यातः ,, प्रसिद्ध ।
पूर्तः ,, पूरा किया गया ।

मूर्त्तः ८-२-५७—मूर्च्छित ।
मत्तः ,, मतवाला ।
वित्तम् ८-२-५८—भोग किया गया, धन सम्पत्ति ।
वित्तः ,, प्रसिद्ध, ज्ञात ।
विन्नः ,, पाया गया ।
भित्तम् ८-२-५९—भाग, टुकड़ा ।
भिन्नम् ,, टूटा हुआ ।
ऋणम् ८-२-६०—कर्ज ।
ऋतम् ,, सत्य, उचित ।
स्फीतः ६-१-५२—विस्तृत, बढ़ा हुआ ।
निष्कुषितः ७-२-४७—फाड़ा या निकाला हुआ ।
उषितः ७-२-५२—बसा या रहा हुआ ।
क्षुधितः ,, भूखा ।
अञ्चितः ७-२-५३—पूजित ।
अक्तः ,, गया हुआ ।
लुभितः ७-२-५४—मोहित ।
लुब्धः ,, लालची ।
क्लिशितः, क्लिष्टः ७-२-५०—दुःखी ।
पवितः, पूतः ७-२-५१—पवित्र किया गया ।
शयितः, शयितवान् १-२-१९—सोया हुआ ।
शेश्यितः, शेश्यितवान् ,, अधिक काल तक सोया हुआ ।
प्रस्वेदितश्चैत्रः ७-२-१७—चैत्र को पसीना हो गया है ।
प्रस्वेदितं तेन ,, उसको पसीना हो गया है ।
स्विदितः ,, पसीना हो गया है ।
मेदितः, मेदितवान् ,, पिघल गया है ।
प्रक्ष्वेदितः प्रक्ष्वेदितवान् ,, स्नेह किया, छोड़ दिया ।
प्रधर्षितः, प्रधर्षितवान् ,, दबाया गया ।
धर्षितं तेन ,, उसने दबाया ।
प्रस्विन्नः ,, पसीना हो गया ।
प्रस्विन्नं तेन ,, उसे पसीना हो गया ।
मर्षितः, मर्षितवान् १-२-२०—सहा गया, सहन कर लिया ।
अपमृषितं वाक्यम् ,, अस्पष्ट वाक्य ।
द्युतितम्, द्योतितम् १-२-२१—चमकाया या जलाया गया ।
मुदितम्, मोदितम् ,, खुश या प्रसन्न किया गया ।

प्रद्युतितः, प्रद्योतितः १-२-२१—अच्छी तरह चमक गया ।
प्रमुदितः प्रमोदितः ,, अच्छी तरह प्रसन्न ।
विदितम् ,, जाना हुआ ।
रुचितं कार्षापणम् ,, चमकता हुआ कार्षापण ।
क्रुष्टम् ,, चिल्लाया, रोया ।
गुधितम् ,, लपेटा हुआ ।
भावितः, भावितवान् ,, होने के लिए प्रेरित ।
शूनः ६-४-५२—बढ़ा या फूला हुआ ।
दीप्तः ,, चमकाया या जलाया गया ।
गूढः ,, छिपा हुआ ।
वतः ,, सेवा किया गया या शब्द किया गया ।
ततः ,, विस्तृत फैलाया गया ।
पतितः ,, गिरा हुआ ।
दरिद्रितः ,, दरिद्र हुआ ।
क्षुब्धः ७-२-१८—मंथनदण्ड अथवा लप्सी या हलुआ ।
स्वान्तम् ,, अन्तःकरण, मन ।
ध्वान्तम् ,, अंधकार ।
लग्नम् ,, आसक्त, लीन ।
म्लिष्टम् ,, अस्पष्ट, अज्ञेय ।
विरिब्धः ,, स्वर ।
फाण्टम् ,, ताजे दूध से निकाला गया मक्खन, काढ़ा ।
बाढम् ,, अत्यधिक ।
क्षुभितम् ,, विचलित या व्यग्र किया गया ।
स्वनितम् ,, बजा, शब्द किया ।
ध्वनितम् ,, शब्द किया, बजा ।
लगितम् ,, मिल गया ।
म्लेच्छितम् ,, अस्पष्ट शब्द किया ।
विरेभितम् ,, शब्द किया ।
फणितम् ,, बिना प्रयत्न किया गया ।
वाहितम् ,, प्रयत्न किया गया ।
धृष्टः ७-२-११—ढीठ, विनीत, अशिष्ट ।
विशस्तः ,, ढीठ, विनीत, अशिष्ट ।
धर्षितः ,, दबाया गया ।
विशसितः ,, दबाया गया ।
धृष्टम्, धर्षितम् ,, दबाया गया ।

प्रधृष्टः, प्रधर्षितः ७-२-१९—ढीठ।
दृढः ७-२-२०—मोटा, बलवान्।
दृंहितः दृहितः „ बढ़ा हुआ।
परिवृढः ७-२-२१—स्वामी।
परिवृहितः, परिवृंहितः „ बढ़ा हुआ।
कष्टो मोहः ७-२-२२—भ्रम या अज्ञान दुःख का कारण है।
कष्टंशास्त्रम् „ शास्त्र कठिन होता है।
कषितम् „ घिसा हुआ।
घुष्टा ७-२-२३—बनाई गई।
घुषितम् „ स्पष्ट।
समर्णः, न्यर्णः, व्यर्णः ७-२-२४—पीड़ित, आहत।
अर्दितः „ दबाया गया।
अभ्यर्णम् ७-२-२५—आसन्न, समीपवर्ती।
अभ्यर्दितम् „ पीड़ित।
वृत्तं छन्दश्छात्रेण ७-२-२६—छात्र द्वारा छन्द रचा गया।
वर्तिता रज्जुः „ बटी गई रस्सी।
श्तम् ६-१-२७—पकी हुई खीर या हवि।
श्राणं श्रपितंवा „ पकी हुई कोई वस्तु।
दान्तः ७-२-२७—इन्द्रियों को दमन किये हुए।
शान्तः ७-२-२७—मन का शमन किये हुए।
पूर्णः „ भरा हुआ।
दस्तः „ नष्ट।
स्पष्टः „ साफ।
छन्नः „ छिपा या ढका हुआ।
ज्ञप्तः „ सूचित किया, जनाया।
दमितः „ दमन किया।
शमितः „ शान्त किया।
पूरितः „ भर दिया।
दासितः „ नष्ट कर दिया।
स्पाशितः „ साफ किया।
छादितः „ ढक दिया।
ज्ञापितः „ सूचित किया।
रुषितः, रुष्टः ७-२-२८—अप्रसन्न, क्रुद्ध।
आन्तः अमितः „ गया।
तूर्णः, त्वरितः „ शीघ्रता किया।
संघुष्टः, संघुषितः „ कहा।
आस्वान्तः, आस्वनितः ७-२-२८—शब्द किया।
हृष्टम्, हृषितम् ७-२-२९—रोंगटे खड़े हो गये।
हृष्टः, हृषितो मैत्रः „ मैत्र विस्मित हुआ या मारा गया।
अपचितः, अपचायितः ७-२-३७—भयभीत हुआ।
पीनम् ६-१-२८—मोटा।
पीनः, प्यानः „ बढ़ा हुआ या अत्यधिक।
प्रप्यानः „ बढ़ा हुआ।
आपीनोऽन्धुः „ बड़ा कुआँ।
आपीनमूधः „ बड़ा थन, भारीथन।
प्रह्लः ६-४-९५—प्रसन्न।
दितः ७-४-४०—कटा हुआ।
सितः „ नष्ट, अन्त किया हुआ।
मितः „ नपा हुआ।
स्थितः „ ठहरा हुआ।
शितः ७-४-४१—छिला हुआ।
शातः „ छिला हुआ।
छितः, छातः „ कटा हुआ।
संशितं व्रतम् „ पूर्ण किया गया व्रत।
संशितो ब्राह्मणः „ जिस ब्राह्मण ने व्रत पूरा कर लिया है।
अभिहितम् ७-४-४२—कहा।
निहितम् „ रक्खा हुआ।
दत्तः, दातः, प्रत्तः, अवत्तः,
नीत्तम्, सूत्तम् ७-४-४६, ४७—दिया गया।
धीतम् ६-३-१२४—पिया गया।
गीतम् „ गाया गया।
पीतम् „ पी लिया।
जातम् „ पैदा हुआ।
सातम् „ अलग कर दिया।
खातम् „ खोदा।
जग्धः २-४-३६—खाया।
प्रकृतं कटं सः „ उसने चटाई को बनाया।
प्रकृतः कटस्तेन २-४-३६—उससे चटाई बनायी गयी।
प्रक्षीणः सः „ वह दुर्बल हो गया।
क्षीणायुर्क्षितायुर्वाभव ६-४-६:—तुम मर जाओ।
क्षीणोऽयं तपस्वी क्षितो वा „ यह तपस्वी दुर्बल हो गया है।

निष्णातः शास्त्रेषु ८–३–८९—शास्त्रों में निपुण।
नदीष्णः ,, नदी स्नान में निपुण।

प्रतिष्णातम् ८–३–९०—शुद्ध सूत।
प्रतिस्नातम् ,, स्नान कर लिया।

कपिष्ठलः ८–३–९१—कपिष्ठल नाम का गोत्र।
कपिस्थलम् ,, बन्दरों का स्थान।

विष्ठलम् ८–३–९६—दूरवर्ती स्थान।
कुष्ठलम् ,, बुरा स्थान।
शमिष्ठलम् ,, काम करने का स्थान, शमी वृक्ष का स्थान।
परिष्ठलम् ,, निकटवर्ती स्थान।

गङ्गांगतः प्राप्तः ३ ४–७२—गङ्गा गया हुआ या पहुँचा हुआ।
म्लानः सः ,, वह उदास हो गया।
लक्ष्मीमाश्लिष्टो हरिः ,, विष्णु ने लक्ष्मी का आलिंगन किया।
शेषमधिशयितः ,, शेषनाग पर सोये।
वैकुण्ठमधिष्ठितः ,, वैकुण्ठ में रहे।
शिवमुपासितः ,, शिव की उपासना की।
हरिदिनमुपोषितः ,, एकादशी का व्रत किया।
राममनुजातः ,, राम के पीछे चले।
गरुडमारूढः ,, गरुड़ पर चढ़े।
विश्वमनुजीर्णः ,, संसार को नष्ट किया।
इदं मुकुन्दस्यासितम् ३–४–७६—यह मुकुन्द का आसन है।
इदं रमापतेर्यातम् ,, यह रमापति का जाना है।
एतदनन्तस्य भुक्तम् ,, यह अनन्त का भोजन है।
आसितो मुकुन्दः ,, मुकुन्द बैठ गये।
आसितं तेन ,, वह बैठा।
रमापतिरिदं यातः ,, यह रमापति गये।
तेनेदं यातम् ,, वह यह गया।
अनन्तेनेदं भुक्तम् ,, अनन्त ने यह भोजन किया।
क्ष्विण्णः ३–२–१८७—अस्पष्ट शब्द किया।
इद्धः ,, प्रदीप्त।

राज्ञां मत इष्टः ३–२–१८८—राजा चाहता है, आदर करता हैं।
बुद्धः ,, जाना गया।
विदितः ,, ज्ञात।
पूजितः, अर्चितः ,, पूजा गया।
शीलितः ,, आदर किया गया।
रक्षितः ,, बचाया गया।
क्षान्तः ,, क्षमा किया गया।
आक्रुष्टः ,, निन्दा किया गया।
जुष्टः ,, सेवित।

जल्पितम् ३-३-११४—कथन, कहना।
शयितम् ,, सोना, शयन करना।
हसितम् ३–३–११४—हँसना।
सुत्वा ३–२–१०४—जिसने सोमरस निचोड़ लिया हो।
यज्वा ,, जिसने यज्ञ कर लिया हो।
जरन्, जीर्णो, जीर्णवान् ३–२–१०५ - जो पुराना या वृद्ध हो गया हो।
तस्थिवांसम् ३–२–१०७ ठहरे हुए को।
अधिजग्मुषः ,, प्राप्त किये हुए का।
आदिवान् ७–२–६७—खाये हुए।
आरिवान् ,, गये हुए।
ददिवान् ,, दिए हुए।
जक्षिवान् ,, खाये हुए।
बभूवान् ,, उत्पन्न हुए।
निषेदुषीम् ३–२–१०८—बैठी हुई को।
अध्यूषुषः ,, ठहरे हुए का।
शुश्रुवान् ,, सुने हुए।
उपेयिवान् ३–२–१०९—गये हुए।
उपेयुषी ,, गयी हुई।
ईयिवान्, समेयिवान् ,, गये हुए।
अनूचानः ,, जिसने वेद का अध्ययन किया है
जग्मिवान्, जगन्वान् ७–२–६८—जो गया हुआ है।
जघ्निवान्, जघन्वान् ,, जिसने मारा है।
विविदिवान्, विविद्वान् ,, जिसने जाना है।
विविशिवान्, विविश्वान् ,, जिसने प्रवेश किया है
विविद्वान् ,, जिसने जाना है।

ददृशिवान्, ददृश्वान् ,, जिसने देखा है।
पचन्तं चैत्रं पश्य, पचमानं वा ३-२-१२४, ७-२-८२—
पकाते हुए चैत्र को देखो।
सन् ब्राह्मणः ,, ब्राह्मण है।
मा जीवन् यः परावज्ञादुःख-
दग्धोऽपि जीवति ,, जो दूसरों के अनादर के दुःख से जल-
कर भी जीता है उसे न जीना चाहिए।
हेपचन्, हेपचमान ३-२-१२६—हे पकानेवाले।
शयाना भुञ्जते यवनाः ३-२-१२६—यवन लोग सोते हुए
भोजन करते हैं।
अर्जयन्वसति ,, पैदा करता हुआ अर्थात्
पैदा करने के लिए
रहता है।
हरिं पश्यन् मुच्यते ,, भगवान् का दर्शन करके
मुक्त होता है।
प्रपीयमाणः सोमः ८-४-२९—पिया जाता हुआ सोम।
आसीनः ७-२-८३—बैठा हुआ।
विदन् विद्वान् ७-१-३६—ज्ञाता-जानकार।
विदुषी ,, जाननेवाली, पण्डिता।
करिष्यन्तं करिष्यमाणं वा पश्य ३-४-१४—करनेवाले को
देखो।
अर्जयिष्यन्वसति ,, पैदा करने की
इच्छा से रहता है।
करिष्यन् ,, करने की इच्छा
वाला।
पवमानः ३-२-१२८—पवित्र करनेवाली आग या हवा।
यजमानः ,, यज्ञ करनेवाला।
भोगं भुञ्जानः ३-२-१२९—जिसको सुख भोगने का अभ्यास
है।
कवचं बिभ्राणः ,, कवच धारण किया हुआ।
शत्रुं निघ्नानः ,, शत्रु वध करता हुआ।
अधीयन् ३-२-१३०—बिना कष्ट के अध्ययन करता हुआ।
धारयन् ,, अधिकार करता हुआ।
कृच्छ्रेणाधीते ,, कठिनता से या कष्ट से पढ़ता है।
धारयति ,, याद करता है, स्मरण करता है।
द्विषन् ३-२-१३१—शत्रु।

सर्वे सुन्वन्तः सर्वे यजमानाः सत्रिणः ३-२-१३२—
यज्ञ करनेवाले सब यजमान सोमरस निचोड़ते हैं।
अर्हन् ३-२-१३३—पूजनीय, आदरणीय।
कर्ता कटम् ३-२-१३४, १३५—चटाई बनानेवाला।
अलङ्करिष्णुः ३-२-१३६—अलंकृत करने में निपुण।
निराकरिष्णुः ,, अस्वीकार करने में निपुण।
प्रजनिष्णुः ,, उत्पन्न करने में निपुण।
उत्पचिष्णुः ,, पकाने की आदत वाला।
उत्पतिष्णुः ,, उड़ने की आदतवाला।
उन्मदिष्णुः ,, उन्मत्त होनेवाला।
रोचिष्णुः ,, चमकनेवाला।
अपत्रपिष्णुः ,, लज्जाशील।
वर्तिष्णुः ,, रहनेवाला।
वर्धिष्णुः ,, बढ़नेवाला।
सहिष्णुः ,, सहनशील।
चरिष्णुः ,, चलनेवाला।
वीरुधः पारयिष्णवः ३-२-१३७—सफलता देनेवाली लताएँ।
भविष्णुः ३-२-१३८—होनेवाला।
भ्राजिष्णुः ,, सदा चमकनेवाला।
क्षयिष्णुः ,, सदा नष्ट होनेवाला।
ग्लास्नुः ३-२-१३९—उदास रहनेवाला।
जिष्णुः ,, जीतनेवाला।
स्थास्नुः ,, ठहरनेवाला, स्थिर।
भूष्णुः ,, होनेवाला।
दङ्क्ष्णवः पशवः ,, काटनेवाले जानवर।
त्रस्नुः ३-२-१४० – भय से काँपनेवाला।
गृध्नुः ,, लालच करनेवाला।
धृष्णुः ,, साहस करनेवाला, ढीठ।
क्षिप्नुः ,, फेंकनेवाला।
शमिनितिरा, शमिनीतरा ३-२-१४१—अधिक शान्तिवाली।
शमी ,, शान्तिवाला।
क्षमी ,, चाहनेवाला।
दमी ,, दमन करनेवाला।
श्रमी ,, श्रम करनेवाला।
भ्रमी ,, भ्रमण करने-घूमने
वाला।

क्षमी ३-२-१४१—क्षमा करनेवाला।
क्लमी ,, थकनेवाला।
प्रमादी ,, असावधान रहनेवाला।
उन्मादी ,, उन्मत्त रहनेवाला।
सम्पर्की ३-२-१४२—मिलावट।
अनुरोधी ,, संकोच करनेवाला।
आयामी ,, विस्तार करनेवाला।
आयासी ,, परिश्रम करनेवाला।
परिसारी ,, चारों ओर बहनेवाला।
संसर्गी ,, सम्बन्ध रखनेवाला।
परिदेवी ,, विलाप करनेवाला।
संज्वारी ,, बहुत गर्म करनेवाला।
परिक्षेपी ,, चारों ओर घूमनेवाला।
परिराटी ,, जोर से चिल्लाने वाला।
संज्वारी ,, अधिक गर्म करने वाला।
परिक्षेपी ,, चारों ओर घूमने वाला।
परिराटी ,, अधिक चिल्लाने वाला।
परिवादी ,, बुरा भला कहने वाला, गाली देने वाला।
परिदाही ,, जलाने वाला।
परिमोही ,, मोहित करने वाला।
दोषी ,, दोष वाला।
द्वेषी ,, द्वेष या शत्रुता करने वाला।
द्रोही ,, द्रोह करने वाला।
दोही ,, दुहने वाला।
योगी ,, योग करने वाला, समाधि लगाने वाला।
आक्रीडी ,, खेलने वाला।
विवेकी ,, विचार करने वाला।
त्यागी ,, त्याग करने वाला।
रागी ,, प्रेम करने वाला।
भागी ,, भाग लेने वाला।
अतिचारी ,, उल्लंघन करने वाला।
अपचारी ,, अप्रसन्न करने वाला, दुःखी करने वाला।
आमोषी ,, चुराने वाला।

अभ्याघाती ३-२-१४२—आक्रमण करने वाला।
विकाषी ३-२ १४३—कष्ट देने वाला, प्रहार करने वाला।
विलासी ,, विलास करने वाला, खेलने वाला, चमकने वाला।
विकत्थी ,, डींग मारने वाला।
विस्रम्भी ,, विश्वास करने वाला।
अपलाषी ३-२-१४४- प्यासा।
विलाषी ,, अधिक चाहने वाला।
प्रलापी ३-२-१४५—बकवाद करने वाला।
प्रसारी ,, फैलने या बहने वाला।
प्रद्रावी ,, भागने वाला।
प्रमाथी ,, कष्ट देने वाला।
प्रवादी ,, ,,
प्रवासी ,, विदेश में रहने वाला।
निन्दकः ३-२-१४६--निन्दा करने वाला।
हिंसकः ,, हिंसा करने वाला।
क्लेशकः ,, कष्ट देने वाला।
खादकः ,, खाने वाला।
विनाशकः ,, नाश करने वाला।
परिक्षेपकः ,, चारों ओर बहने वाला।
परिराटकः ,, चिल्लाने वाला।
परिवादकः ,, गाली देने वाला, वादी।
व्याभाषकः ,, निन्दा करने वाला।
असूयकः ,, डाह करने वाला।
आदेवकः ३-२-१४७—खेलने या विलाप करने वाला।
आक्रोशकः ,, कोलाहल करने वाला।
देवयिता ,, खेलने वाला।
क्रोष्टा ,, चिल्लाने वाला, गीदड़।
चलनः ३-२-१४८—चलने वाला।
चोपनः ,, रेंगने वाला।
कम्पनः ,, कांपने वाला।
शब्दनः ,, शब्द करने वाला।
रवणः ,, शब्द करने वाला।
पठिता विद्याम् ,, विद्या पढ़ने वाला।
वर्तनः ३-२-१४९—होने या रहने वाला।
वर्धनः ,, बढ़ने वाला।

भविता ३–२–१४८—होने वाला ।
एधिता ,, बढ़ने वाला ।
वसिता वस्त्रम् ३–२–१४९—वस्त्र धारण करने वाला ।
जवनः ३–२–१५०—वेगवान्, तेज ।
चङ्क्रमणः ,, चारों ओर घूमने वाला ।
दन्द्रमणः ,, घूमने वाला ।
सरणः ,, बहने वाला ।
क्रोधनः ३–२–१५१—क्रोध करने वाला ।
रोषणः ,, क्रोध करने वाला ।
मण्डनः ,, सजाने वाला ।
भूषणः ,, सजाने वाला ।
क्नूयिता ३–२–१५२—चरमर शब्द करने वाला ।
क्ष्मायिता ,, काँपने वाला ।
सूदिता ३–२–१५३—मारने वाला ।
दीपिता ,, चमकाने वाला ।
दीक्षिता ,, दीक्षा या उपदेश देने वाला ।
कम्ना-कमना युवतिः ,, काम की इच्छा करने वाली युवती ।
कम्रा-कम्पना शाखाः ३–२–५३ – हिलने वाली डाली ।
लाषुकः ३–२–१५४—चमकने वाला ।
पातुकः ,, गिरने वाला ।
जल्पाकः ३–२–१५५—बातूनी ।
भिक्षाकः ,, भीख माँगने वाला ।
कुट्टाकः ,, काटने वाला ।
लुण्टाकः ,, लूटने या चुराने वाला ।
वराकः ,, बेचारा ।
वराकी ,, बेचारी ।
प्रजवी ३–२–१५६—वेगगामी दूत, हरकारा ।
जयी ३–२–१५७—जीतने वाला ।
दरी ,, आदर करने वाला ।
क्षयी ,, नष्ट करने या होने वाला ।
विश्रयी ,, ,,
अत्ययी ,, बढ़ जाने वाला, या नाश करने वाला ।
वमी ,, वमन करने वाला ।
अव्यथी ,, दुःखी न होने वाला ।
अभ्यमी ,, कष्ट न देने वाला ।
परिभवी ,, अपमानित करने वाला, गर्व तोड़ने वाला ।

प्रसवी ३–२–१५७—पैदा करने वाला ।
स्पृहयालुः ३–२–१५८—चाहने की प्रवृत्ति वाला ।
गृहयालुः ,, पकड़ने या ग्रहण करने की प्रवृत्ति वाला ।
पतयालुः ,, गिरने की प्रवृत्ति वाला ।
दयालुः ,, दया करने की प्रवृत्ति वाला ।
निद्रालुः ,, सोने की प्रवृत्ति वाला ।
तन्द्रालुः ,, आलस्य की प्रवृत्ति वाला ।
शयालुः ,, लेटने की प्रवृत्ति वाला ।
दारुः ३–२–१५९—दान देने वाला, उदार, दानी ।
धारुः ,, स्तनपान करने वाला ।
सेरुः ,, बाँधने वाला ।
शद्रुः ,, गिरने वाला ।
सद्रुः ,, बैठने या विश्राम करने वाला ।
सृमरः ३–२–१६०—जाने वाला, मृगविशेष ।
घस्मरः,अद्मरः ,, भुक्खड़, पेटू, अतिलोभी ।
भङ्गुरः ३–२–१६१—नाश होने वाला, टूटने वाला ।
भासुरः ,, चमकीला ।
मेदुरः ,, चिकना, मोटा, घना, पूर्ण, भरा हुआ ।
विदुरः ३–२–१६२—जानने वाला, ज्ञाता ।
भिदुरम् ,, टूटने वाला ।
छिदुरम् ,, कटने या टूटने वाला ।
इत्वरः ३–२–१६३—घूमने वाला, घुमक्कड़ ।
इत्वरी ,, घूमने वाली ।
नश्वरः ,, नष्ट होने वाला, अनित्य ।
जित्वरः ,, जीतने वाला, विजयी ।
सृत्वरः ,, जाने या बहने वाला ।
गत्वरो ३–२–१६४—चलनशील ।
जागरूकः ३–२–१६५ – सजग रहने वाला ।
यायजूकः ३–२–१६६—बारबार या अत्यधिक यज्ञ करने वाला ।
जञ्जपूकः ,, नित्य जप करने वाला ।
दन्दशूकः ,, सदा काटने वाला ।
नम्रः ३–२–१६७—कोमल, विनीत ।
कम्प्रः ,, काँपने या हिलने वाला ।
स्मेरः ,, मुस्कराने वाला ।

अजस्रम् ३-२-१६७—लगातार, निरन्तर।
कम्रः ,, मनोहर, सुन्दर।
हिंस्रः ,, मारने वाला, हिंसा करने वाला।
दीप्रः ,, चमकने वाला, चमकीला।
चिकीर्षुः ३-२-१६८—करने की इच्छा वाला।
आशंसुः ,, चाहने वाला।
भिक्षुः ,, भिक्षा माँगने वाला।
विन्दुः ३-२-१६९ – जानने वाला, बुद्धिमान्।
इच्छुः ,, चाहने वाला।
देवाञ्जिगाति सुम्नयुः ३-२-१७०—सुख चाहने वाला देवों की स्तुति करता है (ऋ०१-३-४)
पपिःसोमम् ३ -२-१७१—सोमरस पीने वाला।
ददिर्गाः ,, गाय देने वाला।
बभ्रिर्वज्रम् ,, वज्र धारण करने वाला।
जग्मिर्युवा ,, जाने वाला युवक (ऋ०२-२३-११)
जघ्निर्वृत्रममित्रियम् ,, वृत्र नामक शत्रु को मारने वाला (ऋ० २-६२-२)
जज्ञिः ,, उत्पन्न करने वाला।
दधिः ,, धारण करने वाला।
चक्रिः ,, करने वाला।
सस्त्रिः ,, चलने या बहने वाला।
जग्मिः ,, जाने वाला।
नेमिः ,, झुकने वाला, पहिये का घेरा।
स्वप्नक् ३-२-१७२—सोने वाला।
तृष्णक् ,, प्यास वाला, लोभी।
धृष्णक् ,, ढीठ, अविनीत।
शरारुः ३-२-१७३—हानिकारक, अनिष्ट कारक, दुष्ट।
वन्दारुः ,, प्रशंसा करनेवाला, भाट।
भीरुः, भीलुकः, भीरुकः ३-२-१७४—डरपोक, भालू, ,, बाघ, गीदड़।
स्थावरः ३-२-१७५—अचल, एक स्थान पर रहनेवाला।
ईश्वरः ,, शासन करनेवाला, भगवान्।
भास्वरः ,, चमकनेवाला।
पेस्वरः ,, चलनेवाला, नाशकारक।
कस्वरः ,, खुलनेवाला, विकसित होनेवाला।

यायावरः ३-२-१७६—घूमनेवाला, परिव्राजक।
विभ्राट् ३-२-१७७—चमकनेवाला।
भाः ,, चमक, प्रकाश।
धूः ,, हानि पहुँचानेवाला, भार, जुआ, धुरा
विद्युत् ,, चमकनेवाली, विजली।
ऊर्क् ,, ताकत, शक्ति।
पूः ,, भरनेवाला।
जूः ,, शीघ्र चलनेवाला।
ग्रावस्तुत् ,, सोम पीसनेवाली सील की स्तुति करनेवाला ऋत्विग्विशेष।
छित् ३-२-१७८—काटने या चुभानेवाला।
भित् ,, अलग करने या तोड़नेवाला।
वाक् ,, बोलनेवाली, वाणी।
प्राट् ,, पूछनेवाला।
आयतस्तूः ,, प्रशंसा करनेवाला।
कटप्रूः ,, चटाई लेकर घूमनेवाला, घूम-घूमकर काम करनेवाला।
श्रीः ,, विष्णु की सेवा करनेवाली, लक्ष्मी; धन
विद्युत् ,, चमकनेवाली, विजली।
जगत् ,, चलनेवाला, परिवर्तन शील, संसार।
जुहूः ,, हवन करने के लिए अग्नि में घी डालने वाला एक स्रुवा।
दद्रत् ,, डरनेवाला।
धीः ,, ध्यान करनेवाली, बुद्धि।
मित्रभूः ३-२-१७९—व्यक्ति विशेष का नाम।
प्रतिभूः ,, मध्यस्थ, जमानतदार।
विभुः ३-२-१८०—सर्व व्यापक, परमात्मा।
प्रभुः ,, स्वामी, मालिक, समर्थ।
संभुः ,, उत्पन्न करनेवाला।
मितद्रुः ,, परिमित दूरी तक रहने या जानेवाला, समुद्र।
शतद्रुः ,, सैकड़ों भागों से बहनेवाली नदी।
शम्भुः ,, कल्याण उत्पन्न करनेवाले, शंकर।
धात्री ३-२-१८१—पोषण करनेवाली, माता, धाय, आँवला पृथ्वी।
दात्रम् ३-२-१८२—हँसुआ, दाँती, काटनेवाला।

नेत्रम् ३–२–१८२—ले जानेवाला, आँख।
शस्त्रम् ७–२–९—आघात करनेवाला, हथियार।
योत्रम्, योक्त्रम् ,, जोता, रस्सी-जिससे बैल गाड़ी या हल में बाँधे जाते हैं।
स्तोत्रम् ,, प्रशंसा करनेवाला।
तोत्रम् ,, अंकुश, घोड़ा।
सेत्रम् ,, हड्डियों को बाँधने का धागा।
सेक्त्रम् ,, जल सींचने या छिड़कनेवाला पात्र, हजारा।
मेढ्रम् ,, मूत्रेन्द्रिय।
पत्रम् ,, सवारी, वाहन।
दंष्ट्रा ,, बड़ा दाँत।
नद्ध्री ,, बाँधनेवाली, नाधा।

पोत्रम् ३–२–१८३—सूअर का थूथन (नथना), हलका फार।
अरित्रम् ३–२–१८४—डाँड़ा।
लवित्रम् ,, हँसुआ।
धुवित्रम् ,, मृग चर्म का बना हुआ यज्ञाग्नि प्रज्वलित करनेवाला पंखा।
सवित्रम् ,, उत्पन्न करनेवाला।
खनित्रम् ,, फावड़ा, रम्भा।
सहित्रम् ,, सहनेवाला, शान्ति, धैर्य।
चरित्रम् ,, रहनसहन।
पवित्रम् ३–२–१८५—अनामिका में पहनीजानेवाली ताँबे या कुश की अँगूठी।
पवित्रम् ,, पवित्र करनेवाला वेदमंत्र, पवित्र करनेवाली आग।

इति पूर्वकृदन्तम्।

अथ उत्तरकृदन्तप्रकरणम्

दाशः ३–४–७३—जिसको दिया जाय, सेवक, मछुआ।
गोघ्नः ,, जिसके लिए गाय या बैल दिया जाय, अतिथि, पुरोहित, जामाता।
भीमः ३-४–७४—जिससे लोग डरें, भयानक।
भीष्मः ,, ,,
प्रस्कन्दनः ,, कूदने या आक्रमण करने वाला, शिव का एक नाम।
प्रक्षः ,, रक्षा करने वाला।
मूर्खः ,, बेवकूफ।
खलतिः ,, गंजा, खल्वाट।
तन्तुः ३–४–७५—सूत, ताँत, डोरा।
वर्त्म ,, मार्ग।
चर्म ,, चमड़ा।
कृष्णं द्रष्टुं याति, कृष्णंदर्शको याति ३–३–१०—कृष्ण को देखने के लिए जाता है।
इच्छति भोक्तुं वष्टि-
वाञ्छति वा ३–३–१५८—भोजन करना चाहता है।
शक्नोति भोक्तुम् ३–४–६५—भोजन कर सकता है।
अस्ति भवति विद्यते वा भोक्तुम् ,, वह भोजन करने के लिए है।
अलं भुक्त्वा ३–४–६६—भोजन मत करो।
पर्याप्तं भुङ्क्ते ,, पर्याप्त भोजन करता है।
कालः समयो वेला अनेहा वा भोक्तुम् ३-३-१६७—भोजन करने का समय है।
यागाय याति ३–३–११—वह यज्ञ करने के लिए जाता है।
काण्डलावो व्रजति ३–३–१२—लकड़ी काटने के लिए जाता है।
कम्बलदायो व्रजति ,, वह कम्बल देने के लिए जाता है।
पादः ३–३–१६—पैर, चरण।
रोगः ,, बीमारी।

वेशः ३-३-१६—द्वार, मकान ।
स्पर्शः ,, छूना ।
सारः ३-३-१७—तत्त्व, बल ।
अतिसारः ,, दस्त की बीमारी ।
विसारः ,, एक प्रकार की मछली ।
पाकः ३-३-१८—पकाना ।
स्फारः, स्फालः ६-१-४७—फड़कन, धड़कन ।
परीहारः ,, बचाव, छुटकारा ।
नीकाशः ६-३-१२३—सादृश्य, प्राकट्य ।
अनूकाशः ,, प्रतिबिम्ब ।
प्रकाशः ,, रोशनी ।
शमः ,, शान्ति ।
आचामः ,, आचमन ।
कामः ,, इच्छा ।
वामः ,, वायाँ, प्रतिकूल, सुन्दर ।
रागः ६-४ २७—रंग, प्रेम, रंगाई ।
रङ्गः ,, जहाँ अभिनय हो ।
प्रासः ,, अस्त्रविशेष ।
को भवता लाभो लब्धः ६-४-२७—तुमको क्या लाभ हुआ ।
स्यदः ६-४-२८—वेग, तेजी ।
स्यन्दः ,, वहाव ।
अवोदः ६-४-२९—छिड़काव, भिगाना ।
एधः ,, ईंधन ।
ओद्मः ,, वहाव, छिड़काव ।
प्रश्रथः ,, शिथिलता ।
हिमश्रथः ,, वर्फ का शिथिल होना या पिघलना ।
निचायः ३-३-२०—राशि ।
निष्पावः ,, ओसाई, अन्न को भूसे से अलग करने की क्रिया ।
कारः ,, कर, टैक्स ।
दाराः ,, पत्नी ।
जाराः ,, उपपति ।
उपाध्यायः ३-३-२१—अध्यापक ।
शारः ,, हवा, हरा रंग ।
नीशारः ,, छाया, आवरण, वस्त्र ।

संरावः ३-३-२२—शब्द ।
रवः ,, शब्द, ध्वनि ।
अभिनिष्टानो वर्णः ८-३-८६—विसर्जनीयवर्ण ।
अभिनिस्तनति मृदङ्गः ,, मृदङ्ग बजता है ।
संयावः ३-३-२३—पूआ, ठोकवा, एक प्रकार की मीठी रोटी ।
संद्रावः ,, भागना, पीछे हटना ।
संदावः ,, ,, ,,
श्रायः ३-३-२४—शरण का स्थान ।
नायः ,, साधन ।
भावः ,, स्थिति, दशा, पदार्थ ।
प्रश्रयः ,, सम्मान, आदर, विनय ।
प्रणयः ,, प्रेम ।
प्रभवः ,, उद्गम स्थान ।
विज्ञावः ३-३-२५—कफ ।
विश्रावः ,, वहाव, प्रसिद्ध ।
क्षवः ,, कफ ।
श्रवः ,, कान ।
अवनायः ३-३-२६—नीचे फेंकना ।
उन्नायः ,, ऊँचाई ।
उन्नय उत्प्रेक्षेति ,, उत्प्रेक्षा, कल्पना करना ।
प्रद्रावः ३-३-२७—भागना, पीछे हटना ।
प्रस्तावः ,, प्रारम्भ, अवसर ।
प्रस्रावः ,, बहना, टपकाना ।
द्रवः ,, भागना, टपकाना ।
स्तवः ,, स्तुति, प्रशंसा ।
स्रवः ,, बहना, टपकाना ।
निष्पावः ३-३-२८—ओसाया गया, भूसे से अलग किया अन्न ।
अभिलावः ,, लवाई ।
पवः ,, पछोरना, साफ करना ।
लवः ,, लवाई ।
उद्गारः ३-३-२९—चिल्लाना, कहना ।
निगारः ,, निगलना ।
गरः ,, निगलना ।

उत्कारः, निकारः ३-३-३०—अन्न का ओसाना, भूसे से अलग करना ।
भिक्षोत्करः ,, भिक्षा को राशि ।
पुष्पनिकरः ,, फूलों का ढेर ।
संस्तावः ३ ३-३१—यज्ञ का वह स्थान जहाँ छन्दोग बैठ कर मन्त्र पढ़ते हैं ।
संस्तवः ,, परिचय, स्तुति ।
प्रस्तारः ३-३-३२ —फैलाव, समतल भूमि ।
प्रस्तरः ,, बन्डल ।
विस्तारः ३-३-३३—लम्बाई चौड़ाई ।
तृणविस्तरः ,, घास का ढेर ।
ग्रन्थविस्तरः ,, पुस्तक का विशद वर्णन ।
विष्टारपंक्तिश्छन्दः ३-३-३४—विष्टारपंक्ति नाम का एक छन्द ।
उद्ग्राहः ३ ३-३५—उठाना, ऊपर उठाना ।
मल्लस्य संग्राहः ३-३-३६—पहलवान की पकड़ ।
द्रव्यस्य संग्रहः ,, द्रव्य का इकट्ठा करना, धन-संचय ।
परिणायेन शारान् हन्ति ३-३-३७-शतरंज की विशेष चाल से खेलने वाले को मारता (जीतता) है ।
एषोऽत्र न्यायः ,, यहाँ यह उचित, फैसला, निर्णय या तर्क है ।
परिणयः ,, विवाह ।
न्ययः ,, नाश (न्ययङ्गतः पापः)
तव पर्यायः ३-३-३८—तुम्हारी बारी ।
कालस्य पर्ययः ,, समय का अतिक्रमण, बिताना ।
तव विशायः ३-३-३९—तुम्हारी सोने की बारी ।
विशयः ,, सन्देह ।
संशयः ,, ,,
उपशयः ,, पास या बगल में सोना ।
पुष्पप्रचायः ३-३-४०—फूलों का चुनना ।
प्रचयः ,, एकत्र करना, चुनना ।
पुष्पप्रचयश्चौर्येण ,, चोर द्वारा फूलों का एकत्र करना ।
काशी निकायः ३ ३-४१—काशी में निवास ।
आकायमग्निं चिन्वीत ,, वह आकाय नामक अग्नि का चयन-स्थापना करता है ।

कायः ३-३-४१—शरीर ।
गोमयनिकायः ,, गोबर का ढेर ।
चयः ,, राशि, इकट्ठा करना ।
गोमयानां निकेचायः ,, गोबर का अनेक या बार बार ढेर ।
भिक्षुनिकायः ३-३-४२—भिखमंगों का समाज ।
सूकरनिचयः ,, सूअरों का झुंड ।
ज्ञानकर्मसमुच्चयः ,, एक साथ ज्ञान तथा कर्म के मार्ग पर चलना या समुन्नति ।
व्यावक्रोशी ३-३ ४३,७-३-६—आपस में या परस्पर गाली गलौज ।
व्यावहासी ,, ,, परिहास ।
सांराविणं वर्तते ३-३-४४—चारों ओर शब्द हो रहा है ।
अवग्राहस्ते भूयात्,
निग्राहस्ते भूयात् ३-३-४५—तुम्हारी हार हो जाय, तुम्हारा बन्धन हो जाय ।
अवग्रहः पदस्य ,, पैर का पकड़ना ।
निग्रहश्चोरस्य ,, चोर का बन्धन ।
पात्रप्रग्राहेण भिक्षुश्चरति ३-३-४६—हाथ में पात्र ले कर भिक्षु घूमता है ।
उत्तरः परिग्राहः ३-३-४७—यज्ञ की वेदी का उत्तरी घेरा ।
नीवाराः ३-३-४८—जंगली धान, तिन्नी, स्वयं उगने वाला धान ।
निवरा कन्या ,, कुमारी (क्वारी) लड़की ।
प्रवरा ,, श्रेष्ठ पतिवाली स्त्री ।
उच्छ्रायः ३-३-४९—ऊँचाई, उन्नति ।
उद्यावः ,, मिलावट ।
उत्पावः ,, पवित्र करने वाला (घी) ।
उद्द्रावः ,, भागना, पीछे हटना ।
पतनान्ताः—
समुच्छ्रयाः ,, उन्नति के अन्त में पतन होता है ।
आरावः, आरवः ३ ३-५०—शब्द-शोर गुल ।
आप्लावः, आप्लवः ,, बाढ़, स्नान ।
अवग्रहः अवग्राहः ३-३-५१—अवर्षण, सूखा ।
अवग्रहः पदस्य ,, पैर या चरण का पकड़ना ।

तुलाप्रग्राहेण चरति तुलाप्रग्रहेण वा ३-३-५२—तराजू की रस्सी पकड़कर घूमता है।
प्रग्रहः, प्रग्राहः ३-३-५३—रास, वह रस्सी जिससे घोड़े वगैरह गाड़ी में जोते जाते हैं।
प्रवरः, प्रवारः ३-३-५४—वस्त्र, चादर।
परिभवः ३-३-५५—अपमान, अनादर।
जयः ३-३-५६—जीत, विजय।
चयः ,, राशि, ढेर।
भयम् ,, डर।
वर्षम् ,, वर्षा।
करः ३-३-५७—विखेरना।
गरः ,, विष।
शरः ,, वाण।
यवः ,, जौ।
लवः ,, लवाई।
स्तवः ,, स्तुति, प्रशंसा।
पवः ,, ओसाना, अन्न को साफ करना।
विष्टरः ८-३-९३—वृत्त, आसन।
वाक्यस्य विस्तरः ,, वाक्य का विस्तार।
ग्रहः ३-३-५८—सूर्य के चारों ओर घूमने वाले तारे।
वरः ,, वरदान, आशीस।
दरः ,, गड्ढा, गुफा, फटन।
निश्चयः ,, निश्चय।
गमः ,, प्रस्थान, जाना।
वशः ,, अधीन, आज्ञाकारी।
रणः ,, युद्ध।
प्रस्थः ,, समतल भूमि, अन्न का एक प्राचीन तोल।
विघ्नः ,, बाधा, रुकावट।
चक्रम् ,, पहिया, एक अस्त्र।
चिक्लिदम् ,, आर्द्रता, नमी।
चक्नसः ,, बेईमानी, दुष्टता।
प्रघसः ३-३-५९, २-४-३८—पेटू, अधिक खाने वाला।
विघसः ,, ,, आधा चबाया हुआ ग्रास।
घासः ,, ,, घास।

न्यादः, निघसः ३-३-६०—भोजन करना, भोजन।
व्यधः ३-३-६१—घाव, चोट।
जपः ,, मन्त्र का बार बार उच्चारण।
आव्याधः ,, बेधना।
उपजापः ,, रहस्य प्रकट कर देना, चुगलखोरी।
स्वनः, स्वानः ३-३-६२—ध्वनि, शब्द।
हसः, हासः ,, हँसी।
प्रस्वानः ,, ध्वनि।
प्रहासः ,, हँसी।
संयमः, संयामः ३-३-६३—अनुशासन, रुकावट।
उपयमः, उपयामः ,, विवाह।
नियमः, नियामः ,, रोकने वाला विधान, कानून।
वियमः, वियामः ,, रोक, विपत्ति।
यमः, यामः ,, अनुशासन।
निगदः, निगादः ३-३-६४—पढ़ना, पाठ।
निनदः, निनादः ,, ध्वनि, शब्द।
निपठः, निपाठः ,, पढ़ना।
निस्वनः, निस्वानः ३-३-६४—शोर गुल, ध्वनि, कोलाहल।
निक्वणः, निक्वाणः ३-३-६५—वीणा का स्वर।
क्वणः, क्वाणः,
प्रक्वणः, प्रक्वाणः ,, ध्वनि, शब्द।
मूलकपणः ३-३-६६—मूली की अंटिया।
शाकपणः ,, साग की अंटिया।
पाणः ,, व्यापार।
धनमदः ३-३-६७—धन का घमंड।
उन्मादः ,, पागलपन।
संमादः ३-३-६८—असावधानी।
प्रमादः ,, भूल, गलती, असावधानी।
समजः ३-३-६९—पशुओं का झुंड।
उदजः ,, पशुओं का हाँकना।
समाजो—
ब्राह्मणानाम् ,, ब्राह्मणों का समूह।

उद्राजः क्षत्रियाणाम् ३-३-६९—क्षत्रियों का ले जाना।
अक्षस्य ग्लहः ३-३-७०—पासा फेंकना।
पादस्य ग्रहः ,, पैर का पकड़ना।
गवामुपसरः ३-३-७१—गायों का गर्भाधान।
निहवः ३-३-७२ – स्तुति, प्रार्थना।
अभिहवः ,, स्तुति, प्रार्थना।
उपहवः ,, निमंत्रण।
विहवः ,, बुलाना।
प्रह्वायः ,, बुलाना, सम्मन।
आहवः ३-३-७३—युद्ध।
आह्वायः ,, पुकारना, बुलावा।
आहावः ३-३-७४—कुएँ के पास पशुओं के पानी पीने के लिए नाँद।
हवः ३-३-७५—पुकारना।
वधेन दस्युम् ३-३-७६—डाकुओं का वध से।
घातः ,, प्रहार।
सैन्धवघनम्—सेंधानमक।
अभ्रघनः ३-३-७७—बादलों का समूह।
अन्तर्घनः, अन्तर्घणः ३-३-७८—बाहीक देश का एक नाम।
प्रघणः, प्रघाणः ३-३-७९—मकान के प्रधानद्वार के सामने की दालान, पोर्टिको।
उद्घनः ३-३-८०—ठीहा, वह लकड़ी जिस पर दूसरी लकड़ी रखकर बढ़ई छीलता है।
अपघनः ३-३-८१—शरीर का अंग, हाथ पैर आदि।
अपघातः ,, मारना, काटना, रोकना।
अयोघनः ३-३-८२—घन, हथौडा।
विघनः ,, मुँगरी, लकड़ी का हथौड़ा।
द्रुघनः, द्रुघणः ,, कुल्हाड़ी, वृक्ष काटने वाली।
स्तम्बघ्नः, स्तम्बघनः
स्तम्बघातः ३-३-८३—हँसुआ।
परिघः, पलिघः ३-३-८४, ८-२-२२—ज्योंड़ा, लोहे की गदा।
पल्यङ्कः, पर्यङ्कः ,, पलँग।

पर्वतोपघ्नः ३-३-८५—पहाड़ की ढाल।
सङ्घः ३-३-८६—समूह।
उद्घः ,, अच्छी तरह जानने वाला, सत्पुरुष, आदर्शपुरुष।
निघाः ३-३-८७—वृक्ष।
निमितम् ,, चारों ओर से नापा गया।
पक्त्रिमम् ३-३-८८—पका हुआ।
उप्त्रिमम् ,, बोया गया।
कृत्रिमम् ,, बनावटी।
वेपथुः ३-३-८९—कँपकँपी।
श्वयथुः ,, शोथ, फूलना।
यज्ञः ३-३-९०—यज्ञ।
याच्ञा ,, प्रार्थना, माँगना।
विश्नः ,, चमक, प्रकाश।
प्रश्नः ,, सवाल।
रक्ष्णः ,, रक्षा, बचाव।
स्वप्नः ३-३-९१—स्वप्न, सपना।
प्रधिः ३-३-९२—पहिए की परिधि, घेरा।
अन्तर्धिः ,, गायब होना, लोप होना।
उपाधिः ,, कपट, छल, धोखा, उपद्रव।
जलधिः ३-३-९३—समुद्र।
कृतिः ३-३ ९४—कार्य, रचना।
चितिः ,, एकत्र करना।
स्तुतिः ,, प्रशंसा।
स्फातिः ,, शोथ।
श्रुतिः ,, कान।
इष्टिः ,, यज्ञ, इच्छा।
स्तुतिः ,, प्रशंसा।
कीर्णिः ,, बिखेरना।
गीर्णिः ,, प्रशंसा।
लूनिः ,, काटना, लवाई।
धूनिः ,, क्षोभ।
पूनिः ,, नाश।
प्रह्लत्तिः ,, आनन्द, हर्ष।
चूर्तिः ,, जाना।
फुल्तिः ,, विकास, फूलना।

अपचितिः ३-३-९४—हानि, नाश, आदर प्रकट करना ।
सम्पत् ,, सम्पत्ति, सुख ।
विपत् ,, विपत्ति, दुःख ।
संपत्तिः ,, सम्पत्ति, सुख ।
विपत्तिः ,, विपत्ति, दुःख ।
प्रस्थितिः ३-३-९५—प्रस्थान, यात्रा ।
उपस्थितिः ,, विद्यमान होना ।
सङ्गीतिः ,, कई व्यक्तियों का एक साथ गाना बजाना ।
सम्पीतिः ,, एक साथ पीना ।
पक्तिः ,, पकाना ।
अवस्था ,, दशा
संस्था ,, सभा
ऊतिः ३-३-९७—रक्षण, रक्षा, खेलकूद ।
यूतिः ,, सम्मिलित होना ।
जूतिः ,, वेग, तीव्रता ।
सातिः ,, नाश ।
हेतिः ,, अस्त्र ।
कीर्तिः ,, यश ।
व्रज्या ३-३-९८—इधर उधर घूमना, भ्रमण करना ।
इज्या ,, यज्ञ, पूजा ।
समज्या ३-३-९९—सभा ।
निषद्या ,, गद्दी, बैठनें का स्थान, गद्देदार मचिया, कुर्सी ।
निपत्या ,, फिसलने वाली भूमि ।
मन्या ,, गर्दन का पिछला भाग ।
विद्या ,, विद्या ।
सुत्या ,, सोमरस का निचोड़ना, सोमयाग ।
शय्या ,, बिछौना, बिस्तर ।
भृत्या ,, मजदूरी ।
इत्या ,, पालकी ।
कृत्या, क्रिया, कृतिः ३-३-१००—काम, रचना ।
इच्छा ३-३-१०१—चाह, अभिलाषा, मनोरथ ।
परिचर्या ,, सेवा ।
परिसर्या ,, पर्यटन, परिभ्रमण ।

मृगया ३-३-१००—शिकार, आखेट ।
अटाट्या ,, धार्मिक विचार से इधर उधर भ्रमण करना ।
जागरा, जागर्या ,, जागरण ।
चिकीर्षा ३-३-१०२—करने की इच्छा ।
पुत्रकाम्या ,, पुत्र की कामना ।
ईहा ३-३-१०३—इच्छा ।
ऊहा ,, अनुमान, तर्क ।
भक्तिः ,, बड़ों के प्रति प्रेम ।
नीतिः ,, न्याय ।
आप्तिः ,, पाना, प्राप्ति ।
दीप्तिः ,, चमक, प्रकाश ।
निगृहीतिः ,, पकड़, रुकावट ।
निपठितिः ,, अध्ययन ।
जरा ३-३-१०४—बुढ़ापा ।
त्रपा ,, लज्जा ।
भिदा ,, फर्क, भेद ।
भित्तिः ,, दीवाल ।
छिदा ,, काटना ।
छित्तिः ,, सूराख ।
गुहा ,, गुफा ।
गूढिः ,, छिपाना ।
आरा ,, मोची का सूजा ।
हारा ,, एक प्रकार का अंगूर लाल, भूरा ।
कारा ,, जेल ।
तारा ,, नक्षत्र, पुतली ।
धारा ,, नदी का प्रवाह, वर्षा ।
आर्त्तिः ,, दुःख, कष्ट ।
रेखा ,, लकीर ।
लेखा ,, लिखना, हिसाब ।
चूडा ,, चोटी ।
धृतिः ,, धैर्य ।
मृजा ,, शुद्धि, सफाई ।
कृपा ,, दया ।
चिन्ता ३-३-१०५—विचार, सोच ।
पूजा ,, आदर, पूजा ।

कथा ३-३-१०५—कहानी।
कुम्बा ,, मोटा पेटी कोट, यज्ञमंडप का घेरा।
चर्चा ,, पाठ, पढ़ना, उच्चारण, बातचीत।
प्रदा ३-३-१०६—भेंट, उपहार।
उपदा ,, भेंट, नजराना।
श्रद्धा ,, भक्ति।
अन्तर्धा, अन्तर्धिः ,, छिपना, गायब होना, लोप होना।
कारणा ३-३-१०७—कराना।
हारणा ,, लिवा जाना।
आसना ,, बैठाना।
श्रन्थना ,, ढीला करना।
घट्टना ,, हिलाना, घिसना।
वन्दना ,, प्रार्थना, स्तुति।
वेदना ,, ज्ञान, अनुभव, पीड़ा।
अन्वेषणा ,, तलाशी, ढूंढना।
पर्येषणा, परीष्टिः ,, तहकीकात, छानबीन।
प्रच्छर्दिका ३-३-१०८—क्य, वमन।
प्रवाहिका ,, दस्त होना।
विचर्चिका ,, खुजली।
शिरोर्तिः ,, सिरदर्द।
आसिका ,, बैठना।
शायिका ,, लेटना, सोना।
पचिः, पचतिः ,, पच्धातु।
अकारः ,, 'अ' वर्ण।
ककारः ,, 'क्' वर्ण।
रेफः ,, 'र्' वर्ण।
मत्वर्थीयः ,, जिस प्रत्यय का अर्थ 'मतुप्' के समान हो।
आजिः ,, युद्ध।
आतिः ,, एक पक्षी।
वापिः ,, बावली।
वासिः ,, घर, मकान।
कृषिः ,, खेती।
गिरिः ,, पर्वत।

उद्दालपुष्पभञ्जिका ३-३-१०९—पूर्वी भारत का एक खेल, जिसमें लिसोड़े के फूल तोड़े या कुचले जाते थे।
वरणा ,, एक प्रकार का वृक्ष।
पूरिका ,, पूरी।
कां त्वं कारिं कारिकां क्रियां, कृत्यां,
कृतिं वा कार्षीः ३-३-११०—तुमने कौन सा काम किया।
गणिं गणिकां गणनां वा कार्षीः ,, तुमने क्या गिना।
पाचिं, पाचिकां पचां पक्तिम् ,, ,, तुमने क्या पकाया।
आसिका ३-३-१११—बैठना।
शायिका ,, सोना, लेटना।
अग्रगामिका ,, आगे जाना।
भवान् इक्षुभक्षिकामर्हति ,, तुम ईख चूसने के अधिकारी हो।
भवान् मे इक्षुभक्षिकां-
धारयति ,, आपको मुझे ईख चुसाना बाकी है।
इक्षुभक्षिका उदपादि ,, आपने ईख चूसने का अवसर दिया।
अजीवनिस्ते शठ भूयात् ३-३-११२—दुष्ट तुम्हारी मृत्यु हो जाय।
अप्रयाणिः ,, तुम्हारा न जाना हो।
राजभोजनाः शालयः ३-३-११३—राजा के भोजन योग्य धान।
हसितम्, हसनम् ३-३-११४, ११५—हँसना।
पयःपानं सुखम् ३-३-११६—दूध का पीना सुखद होता है।
गुरोःस्नापनं सुखम् ,, गुरु को स्नान कराने में सुख होता है।
प्रवयणम् २-४-५७—आगे बढ़ाने या ले जानेवाला, अंकुश, कोड़ा, छड़ी।
प्राजनम् ,,
इध्मप्रव्रश्चनः ३-३-११ --कुल्हाड़ी।
गोदोहनी ,, दुधहँण, दूध दुहने का पात्र।

अन्तर्हणनम् ८-४-२४—बीच में, मध्य में मारना।
अन्तर्हननः „ वाहीक देश का एक नाम।
अन्तर्घ्नन्ति „ मध्य में मारता है।
अन्तरघानि „ मध्य में मारा।
अन्तरयणम् ८-४-२५—अयनों के समीप सूर्य की स्थिति का समय।
अन्तरयनः „ अयनांशों के बीच का देश।
दन्तच्छदः ३-३-११८, ६-४ ९६—ओठ।
प्रच्छदः „ चादर।
समुपच्छादः „ अच्छी तरह ढकनेवाली चादर।
आकरः „ कान (खान)।
गोचरः ३-४ ११९—चरागाह।
संचरः „ रास्ता मार्ग।
वहः „ कन्धा।
व्रजः „ गोशाला।
व्यजः „ ताड़ का पंखा।
आपणः „ वाजार।
निगमः „ वेद, वाजार।
निकषः „ कसौटी।
अवतारः ३-३-१२०—घाट, वावली या तालाव में उतरने का मार्ग, ईश्वर का शरीर धारण करना।
अवस्तारः „ पर्दा।
रामः ३-३-१२१—परमेश्वर।
अपामार्गः „ चिचिढी।
विमार्गः „ झाड़ू।
अध्यायः ३-३-१२२—किसी पुस्तक का भाग।
न्यायः „ फैसला, निर्णय।
उद्यावः „ मिलावट।
संहारः „ नाश।
अवहारः „ युद्धवन्दी, सन्धि।
आधारः „ आश्रय, सहारा।
आवायः „ कपड़ा बुनने का स्थान।
घृतोदङ्कस् ३-३-१२३—चमड़े का कुप्पा, जिसमें घी रखा जाता है।

उदकोदञ्चनः ३-३-१३२—पानी खींचने की वाल्टी।
आनायः ३-३-१२४—जाल, जिसमें मछलियाँ पकड़ी जाती हैं।
आनयः „ लाना।
आखनः ३-३-१२५—फावड़ा।
आखानः-आखः-आखरः
आखनिकः-आखनिकवकः ३-३-१२५—फावड़ा।
दुष्करः कटो भवता ३-३-१२६—आपने कठिनता से चटाई बनाई।
ईषत्करः „ आपने सरलता से चटाई बनाई।
सुकरः „ आपने सुख से चटाई बनाई।
ईषन्निमयः „ थोड़े में बदला जाने वाला।
दुष्प्रमयः „ कठिनता से बदला जाने वाला।
सुविलयः „ आसानी से पिघलने वाला।
निमयः „ लेन देन।
मयः „ घोड़ा, ऊँट।
लयः „ नाश।
ईषत्प्रलम्भः ७-१-६७—थोड़े में पाया गया।
दुष्प्रलम्भः „ कठिनता से पाया गया।
सुप्रलम्भः „ आसानी से पाया गया।
उपालम्भः „ उलाहना।
ईषल्लभः „ थोड़ा लाभ।
लाभः „ फायदा, प्राप्ति।
सुलभम् ७-१-६८—सरलता से पाना।
दुर्लभम् „ कठिनता पाना।
सुप्रलम्भः „ सरलता से पाना।
अतिदुर्लम्भः „ बड़ी कठिनता से पाना।
दुराढ्यम्भवम् ३-३-१२७—कठिनता से धनी होना।
स्वाढ्यम्भवम् „ सरलता से धनी होना।
ईषदाढ्यङ्करः „ थोड़े में धनी बना देना।
दुराढ्यङ्करः „ कठिनता से धनी बना देना।

स्वाढ्यङ्करः ३-३-१२७—सरलता से धनी बनादेना।

आढ्येन सुभूयते ,, सरलता से धनी होता है।

ईषत्पानः सोमो भवता ३-३-१२८—आप सोम रस थोड़ा सा पी सकते हैं।

दुष्पानः ,, कठिनता से पी सकते हैं।

सुपानः ,, सरलता से पी सकते हैं।

दुःशासनः ,, जिसपर कठिनता से शासन किया जा सके, एक कौरव।

दुर्योधनः ,, जिससे कठिनता से युद्ध किया जा सके, कौरवों का राजा।

निष्पानम् ८-४-३५—पूर्णतया पी जाना।

सर्पिष्पानम् ,, घी का पीना।

निर्णयः ,, फैसला, व्यवस्था।

पुष्णाति ,, पुष्ट करता है, पालन करता है।

सुसर्पिष्केण ,, उत्तम घी वाले के द्वारा।

अवश्यङ्कारी ३-३-१७०—अवश्य किया जाने वाला।

शतन्दायी ,, सौ रुपये दिया जाने वाला।

अवश्यं हरिःसेव्यः ३-३-१७१—हरि की सेवा अवश्य करनी चाहिए।

शतं देयम् ,, सौ रुपय देने हैं।

भवतात् भूतिः ३-३-१७४—ऐश्वर्य हो।

यन्तिः ६-४-३९—रुकावट, बाधा, शासन।

वन्तिः ,, याचना, प्रार्थना।

रन्तिः ,, हर्ष।

तन्तिः ,, रस्सी, विस्तार।

सातिः, सतिः, सन्तिः ६-४-४५—अन्त, नाश, तीव्र वेदना।

देवा एनं देयासुर्देवदत्तः ,,

अलंदत्वा ३-४-१८—मत दो।

पीत्वा खलु ,, मत पीओ।

माकार्षीद् ,, मत करो, मत बनाओ।

अलङ्कारः ,, आभूषण।

अपमित्य अपमाय याचते ३-४-१९, ६-४-७०—

याचित्वा अपमयते ,, वह बदले में कोई वस्तु देकर माँगता है।

अप्राप्य नदीं पर्वतः ३-४-२०—नदी पहुँचने के पहिले पहाड़ हैं।

अतिक्रम्य पर्वतं स्थिता नदी ,, पहाड़ लाँघकर नदी स्थित है।

भुक्त्वा व्रजति ३-४-२१—खाकर जाता है।

स्नात्वा भुक्त्वा पीत्वा व्रजति ,, नहाकर खाकर पीकर जाता है।

विष्णुं नत्वा स्तौति ,, विष्णुको नमस्कार कर स्तुति करता है।

स्तुत्वा ,, दुःखी होकर, प्रशंसाकर।

सूत्वा ,, उत्पन्न करके।

धूत्वा ,, हिलाकर, कँपाकर।

स्कन्त्वा ६-४-३१—जाकर सूखकर।

स्यन्त्वा, स्यन्दित्वा ,,—टपकर, बहकर, कूदकर।

शयित्वा १-२-१८—सोकर।

कृत्वा ,, करके, बनाकर।

मृडित्वा १-२-७—प्रसन्न होकर, अनुकूल होकर।

क्लिशित्वा, क्लिष्ट्वा } ,, दुःखी होकर।

उदित्वा ,, कहकर।

उशित्वा ,, चाहकर, चमक कर।

रुदित्वा ,, रोकर।

विदित्वा ,, जानकर।

मुषित्वा ,, चुराकर।

गृहीत्वा ,, लेकर, ग्रहण कर।

श्रथित्वा, श्रन्थित्वा १-२-२३—ढीलाकर।

गुफित्वा, गुम्फित्वा ,, चारों ओर बाँधकर।

कोथित्वा ,, दुर्गन्धित होकर, कष्ट देकर।

रेफित्वा ,, गाली देकर, निन्दा कर।

वचित्वा, वञ्चित्वा १-२-२४—धोखा देकर, ठगकर, वचकर।

लुचित्वा, लुञ्चित्वा ,, तोड़कर।

ऋतित्वा, अर्तित्वा ,, साहस कर।

तृषित्वा, तर्षित्वा १-२-२५—प्यासा होकर, तृषार्त्त होकर ।
मृषित्वा, मर्षित्वा ,, छिड़ककर, सहकर ।
कृशित्वा, कर्शित्वा ,, पतला कोकर, कृश होकर ।
लिखित्वा, लेखित्वा ,, लिखकर ।
सेवित्वा ,, सेवाकर ।
वर्तित्वा ,, रह कर ।
एषित्वा ,, चाहकर, इच्छाकर ।
भुक्त्वा ,, खाकर ।
उषित्वा ,, रहकर ।
क्षुधित्वा, क्षोधित्वा ,, भूखा होकर, क्षुधित होकर ।
अञ्चित्वा ,, पूजाकर ।
अक्त्वा ,, जाकर ।
लुभित्वा, लोभित्वा ,, लोभित होकर, लालच कर ।
लुब्ध्वा ,, लालच कर ।
जरित्वा, जरीत्वा ७-२-५५—वृद्ध होकर, पुराना होकर
व्रश्चित्वा ,, काट कर ।
शमित्वा, शान्त्वा ७-२-५६—शान्तकर, अन्तकर, समाप्त कर ।
द्यूत्वा, देवित्वा ,, जुआ खेलकर ।
क्रान्त्वा, क्रन्त्वा, क्रमित्वा ६-४-१८—जाकर, चलकर ।
पवित्वा, पूत्वा ,, शुद्धकर ।
भक्त्वा, मङ्क्त्वा ६-४-३२—तोड़कर ।
रक्त्वा, रङ्क्त्वा ,, रँगकर, प्रसन्न होकर ।
नष्ट्वा, नंष्ट्वा, नशित्वा ,, नष्ट होकर ।
स्यन्जित्वा, अक्त्वा,
अङ्क्त्वा ,, पूजाकर, जाकर ।
खात्वा, खनित्वा ,, खोदकर ।
दित्वा ,, तोड़कर ।
सित्वा ,, नष्टकर, समाप्त कर ।
मित्वा ,, नापकर ।
स्थित्वा ,, ठहर कर ।
हित्वा ६-४-३२—धारणकर ।

हित्वा ७-४-४३—छोड़कर, त्यागकर ।
हात्वा ,, जाकर ।
जग्ध्वा ,, खाकर ।
प्रकृत्य ७-१-३७—अच्छी तरह करके ।
अकृत्वा ,, न करके ।
परमकृत्वा ,, अच्छी तरह करके ।
कोऽसिचत् ६-१ ८६—किसने सींचा ।
अधीत्य ,, पढ़कर ।
प्रेत्य ,, सदा के लिए जाकर, मरकर ।
आगत्य, आगम्य ६-४-३८—आकर ।
प्रणत्य, प्रणम्य ,, प्रणामकर ।
प्रहत्य ,, मारकर ।
प्रमत्य ,, मानकर, समझ कर ।
वितत्य ,, फैलाकर ।
विधाय ,, करके ।
प्रदाय ,, देकर ।
प्रखन्य ,, खोदकर ।
प्रस्थाय ,, प्रस्थानकर ।
प्रक्रम्य ,, चलकर ।
आपृच्छ्य ,, पूछकर ।
प्रदीव्य ,, जुआ खेलकर ।
प्रधाय ६-४-६९—पीकर ।
प्रगाय ,, गाकर ।
प्रपाय ,, पीकर ।
प्रहाय ,, छोड़कर ।
प्रसाय ,, समाप्तकर, अन्तकर ।
प्रमाय ,, नापकर ।
निमाय ,, बदलकर ।
उपदाय ,, भेंट देकर ।
विलाय, विलीय ,, छिपकर ।
उत्तार्य ,, उतारकर ।
विचार्य ,, विचारकर ।
विगणय्य ६-४-५६—गिनकर ।
प्रणमय्य ,, प्रणामकर ।
प्रवेभिद्य्य ,, बार बार तोड़कर ।
संप्रधार्य ,, निश्चय कर, जानकर ।

प्रापय्य, प्राप्य ६-४-५७—पहुँचाकर।
प्रक्षीय ६-४-५९—क्षीणहोकर, नष्ट होकर।
प्रवाय ६-१-४१—बुनकर।
प्रज्याय ६-१-४२—वृद्ध होकर।
उपव्याय ६-१- ३—ढककर।
परिवीय, परिव्याय ६-१-४४—चारों ओर से ढककर।
व्यादाय „ खोलकर, फैलाकर।
निमील्य „ आँख बन्दकर।
स्मारं स्मारं नमति शिवम् ३-४-२२—निरन्तर स्मरणकर शिव को नमस्कार करता है।
पायं पायम् „ पी पीकर।
भोजं भोजम् „ खा खाकर।
श्रावं श्रावम् „ सुन सुनकर।
गामंगामम्, गमंगमम् „ जा जाकर।
प्रलम्भं प्रलम्भम् „ पा पाकर।
जागरं जागरम् „ जाग जागकर।
यदयंभुङ्क्ते ततःपठति ३-४-२३—यह खाकर पढ़ता है।
यदयंभुक्त्वा व्रजति ततोऽधीते „ जब यह खाकर जाता है तब पढ़ता है।
अग्रेभोजंव्रजति, अग्रेभुक्त्वा ३-४-२४—पहिले भोजन कर जाता है।
पूर्वंभोगम्, पूर्वंभुक्त्वा „ पहिले भोजनकर।
अग्रेभोजंभोजं, व्रजति भुक्त्वा भुक्त्वा „ पहिले खाकर जाता है।
चौरङ्कारम् आक्रोशति ३-४-२५—चोर कह कर गाली देता हैं अर्थात् तुम चोर हो यह कहकर गाली देता है।
स्वादुङ्कारंभुङ्क्ते „ स्वादिष्ट बनाकर भोजन करता है।
सम्पन्नङ्कारम् „ मसाला डालकर।
लवणङ्कारम् „ नमक डालकर।
अन्यथाकारम् ३-४-२७—दूसरे प्रकार से।
एवङ्कारम् „ इस प्रकार से खाता है।
कथङ्कारम् „ किस प्रकार से।
इत्थङ्कारंभुङ्क्ते „ इस प्रकार से।

शिरोऽन्यथाकृत्वा भुङ्क्ते ३-४-२७—वह सिर को दूसरी ओर करके खाता है।
यथाकारमहंभोक्ष्ये तथाकारं भोक्ष्ये किं तवानेन ३-४-२८—मैं जिस प्रकार से भोजन करूँगा उस प्रकार से करूँगा, इसमें तुम्हारा क्या?
कन्यादर्शं वरयति३-४-२९—कन्या देख कर चुनता है।
ब्राह्मणवेदं भोजयति „ ब्राह्मण जानकर भोजन कराता है।
यावद्वेदं भुङ्क्ते ३-४-३०—वह जितना पाता है खाता है।
यावज्जीवमधीते „ वह जब तक जीता है पढ़ता है।
चर्मपूरं स्तृणाति ३-४-३१—चमड़े को ढाकने भर फैलाता है।
उदरपूरं भुङ्क्ते „ पेट भर भोजन करता है।
गोष्पदं प्रवृष्टो देवः ३-४-३२—गाय के खुर से बने गड्ढे भर पानी बरसा।
मूषिकाबिलप्रम् „ चूहे की बिल भरने भर पानी बरसा।
चेलक्नोपं वृष्टोदेवः, वस्त्रक्नोपम्, वसनक्नोपम् ३-४-३३—कपड़ा भिगाने भर पानी बरसा।
निमूलकाषं कषति ३-४-३४—जड़ छोड़कर घिसता है।
समूलकाषम् „ जड़ समेत घिसता है।
शुष्कपेषं पिनष्टि ३-४-३५—सूखा पीसता है।
चूर्णपेषम् „ पीसकर चूर्ण कर देता है।
रूक्षपेषम् „ पीसकर रूखा कर देता है।
समूलघातं हन्ति ३-४-३६—जड़ समेत मारता (नष्ट करता) है।
अकृतकारं करोति „ पहिले न किये गये काम को करता है।
जीवग्राहंगृह्णाति „ जीवित पकड़ता है।
पादघातं हन्ति ३-३-३७—पैर से मारता है।
उदपेषं पिनष्टि „ जल डालकर पीसता है।

हस्तवर्तं वर्तयति ३–४–३९—हाथ से गोली बनाता है।

करवर्तम् „ हाथ से गोली बनाता है।

हस्तग्राहं गृह्णाति,

करग्राहम्, पाणिग्राम् „ हाथ पकड़ता है।

स्वपोषं पुष्णाति, धनपोषम् ३–३–४०—धन से पालन-पोषण करता है।

गोपोषम् „ गाय से पालन पोषण करता है।

चक्रबन्धं बध्नाति ३–४–४१—पहिये में बाँधता है।

क्रौञ्चबन्धं बद्धः ३–४–४२—क्रौञ्च गाँठ से बँधा है।

मयूरिकाबन्धम् „ मयूर गाँठ से बँधा है।

अट्टालिकाबन्धम् „ अट्टालिका गाँठ से बँधा है।

जीवनाशं नश्यति ३–४–४३—जीवन नष्ट होता है। मर जाता है।

